दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :48
प्रतापगढ़ | शुक्रवार ,20 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

संसद परिसर में कांग्रेस-भाजपा आमने सामने, हुयी जबरदस्त धक्का-मुक्की

▸▸ कांग्रेस-भाजपा सांसदों ने लगाया एक दूसरे पर हमला करने का अरोप

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में आज भी भारी हंगामा हुआ और लोकसभा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले संसद परिसर में सत्तारुढ़ एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने एक दूसरे पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गये। इस बारे में प्रताप चंद्र सारंगी ने कहा, ÷राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे ऊपर गिर गया जिसके बाद मैं नीचे गिर गया।%% घायल सांसद को सुरक्षाकर्मी व्हील चेयर पर बैठा कर ले गये। वहीं राहुल गांधी ने अपनी सफाई देते हुए कहा, ÷मैं संसद के प्रवेश द्वार से अंदर जाने की कोशिश कर रहा था, तो भाजपा सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे...मुझे धमका रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संसद का प्रवेश द्वार है और हमारा अंदर जाने का अधिकार है...मुख्य मुद्दा यह है कि वे संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं।जहां तक भाजपा सांसदों के प्रदर्शन की बात है तो आपको बता दें कि संसद परिसर में बड़ी संख्या में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की। अब ये संविधान के रक्षक बनने का एक पाखंड रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आजीवन बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया...अगर किसी ने संविधान को जीवंत रूप में भारत में लागू किया है, तो वो प्रधानमंत्री मोदी हैं। वहीं भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, ÷इतिहास गवाह है कि किस तरह से नेहरू गांधी परिवार ने बाबा साहब अंबेडकर जी का अपमान भी किया और राजनीति से बाहर करने का षड्यंत्र रचा तथा उनको राजनीति छोड़ने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि तीन-तीन पीढ़ियों- पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने बाबा साहब अंबेडकर जी को भारत रत्न नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज ऐसी कौन-सी मजबूरी आ गई कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को बाबा साहब अंबेडकर जी की फोटो लेकर घूमना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो गांधी परिवार उनकी तरफ देखता नहीं था, अपमान करता था आज जब उनका चेहरा बेनकाब हुआ तो कांग्रेस की मजबूरी बन गई कि बाबा साहब अंबेडकर जी की फोटो लेकर निकलने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश से मांफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने संविधान की हत्या बार-बार क्यों की?वहीं, दूसरी ओर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में ढ्ढष्ठढ्ढ गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर में बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा के पास विरोध मार्च निकाला। इंडिया गठबंधन के सांसदों ने राज्यसभा में बाबासाहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी और इस्तीफे की मांग करते हुए मकर द्वार तक मार्च किया। विपक्षी गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार की दीवार पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ÷उन्होंने (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) संसद में जिस तरह से बाबा साहेब का अपमान किया है उसको देखते हुए इन पर कौन भरोसा करेगा? उन्होंने कहा कि ये कहते हैं कि ये आरक्षण को खत्म नहीं करना चाहते, संविधान को नहीं बदलना चाहते लेकिन वह संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के बारे में ऐसा कह रहे हैं।

कुलगाम मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर सहित पांच आतंकी ढेर

▸▸ सुरक्षाबल के दो जवान घायल

कुलगाम, (हि.स.)। कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर सहित हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्देर में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर भारी फायरिंग की। जिसके जवाब में सुरक्षाबल के जवानों ने फायरिंग की। इस फायरिंग में पांच आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में हिज्बुल मुजाहिदीन का स्वयंभू कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ नाली भी शामिल है, जो दक्षिण कश्मीर के क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों और कई अपराधों में शामिल था। इस ऑपरेशन में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है। यह सभी स्थानीय निवासी हैं। इलाके में सुरक्षाबल के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से सुरक्षा कारणों से मुठभेड़ स्थल के करीब न जाने का अनुरोध किया है।

दक्षिण कश्मीर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) जाविद इकबाल मट्टू ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि दो सैनिक घायल हुए हैं और उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

संसद परिसर में धक्का-मुक्की का मामला पहुंचा थाने

● पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर लगा रहे आरोप
● राहुल गांधी पर जानलेवा हमले का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। महिला सांसदों सहित कांग्रेस सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के खिलाफ शिकायत करने के लिए संसद मार्ग पुलिस स्टेशन पहुंचा। संसद मार्ग थाने में शिकायत देने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि हम रोज प्रदर्शन करते थे लेकिन आज जब अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहा तो उन्होंने (बीजेपी सांसद) मकर द्वार बंद कर दिया। वे डंडे लेकर आए थे। उन्होंने खड़गे जी को धक्का दिया।कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम उनके (भाजपा) जाल में नहीं फंसने वाले हैं। अब देश के सामने एक ही सवाल है कि देश के गृह मंत्री महान अंबेडकर जी के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं? आप हमें गिरफ्तार कर सकते हैं। आप हमारे खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सकते हैं लेकिन हम बार-बार यही सवाल पूछेंगे और यही मांग करेंगे कि अमित शाह इस्तीफा दें और माफी मांगें। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि दरअसल, भाजपा सांसदों ने सदन में जाते समय राहुल गांधी को रोका। उन्होंने जानबूझकर राहुल गांधी को रोका, उन्होंने विपक्ष के नेता का रास्ता रोका। हमने पहले ही स्पीकर को शिकायत दे दी है।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि राहुल गांधी बीआर अंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे को बोलते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है जा रहा है उसको पूरा रास्ता है। इन्होंने पहली बार प्रदर्शन किया और सबको रोक दिया धक्का मुक्की और गुंडागर्दी की। अमित शाह को बचाने के लिए ये साजिश हुई है... इनसे हमने पूछा अगर आप अंबेडकर जी को चाहते हैं तो जय भीम बोलें। इनके मुंह से जय भीम का नारा क्यों नहीं निकल सकता?... मैं भाजपा सांसदों को चुनौती देती हूं यहां खड़े होकर जय भीम बोलें।

भाजपा सांसदों ने हमें संसद भवन में जाने से रोका, धमकाया -राहुल

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के धक्का-मुक्की के आरोपों को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सत्तापक्ष के सदस्यों ने विपक्षी सांसदों को संसद भवन में जाने से रोका और धमकी दी।उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे।''राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी नेताओं के साथ धक्का-मुक्की की गई, लेकिन इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है।''

अमित शाह की खाल बचाने के लिए भैया के खिलाफ साजिश रची गई-प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा के इन आरोपों को %गृह मंत्री अमित शाह को बचाने की साजिश% बताया कि उनके भाई और पार्टी नेता राहुल गांधी ने एक भाजपा सांसद को धक्का दिया। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों पर शांतिपूर्वक विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों को संसद में प्रवेश करने से रोकने के लिए ÷गुंडागर्दी÷ में शामिल होने का भी आरोप लगाया। बीआर अंबेडकर के कथित अपमान को लेकर संसद परिसर में विपक्ष और एनडीए सांसदों के बीच झड़प में बीजेपी सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। भाजपा ने राहुल गांधी पर 69 वर्षीय सारंगी को धक्का देने का आरोप लगाया, जिसे कांग्रेस नेता ने खारिज कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी बीआर अंबेडकर की तस्वीर लेकर और जय भीम का नारा लगाते हुए शांतिपूर्वक संसद के अंदर जा रहे थे लेकिन उन्हें ऐसा करने से रोक दिया गया। संसद परिसर में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हम इतने दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और लोगों के प्रवेश के लिए हमेशा जगह है। रोजाना सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो रहा है. आज, पहली बार, उन्होंने (भाजपा सांसदों) विरोध किया और सभी को रोका और फिर धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी में शामिल हो गए। अब अमित शाह की खाल बचाने के लिए उन्होंने ये साजिश शुरू कर दी है कि %भैया% ने किसी को धक्का दिया है।प्रियंका ने कहा कि मेरी आंखों के सामने ही खड़गे जी को धक्का लगा और वो जमीन पर गिर पड़े. फिर उन्होंने एक सीपीआई (एम) सांसद को धक्का दिया जो खड़गे जी पर गिर पड़े. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे लगा कि इससे उनका पैर टूट गया होगा क्योंकि उनके चेहरे से लग रहा था कि उन्हें चोट लगी है।

संसद में हुई धक्का-मुक्की में मेरे घुटनों में लगी चोट-मल्लिकार्जुन खरगे

नई दिल्ली, (हि.स.)। संसद परिसर में गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान हुई धक्का-मुक्की के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी चोटिल हो गए। इस मामले में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है।इस पत्र में खरगे ने आरोप लगाया है कि उन्हें भाजपा सांसदों ने धक्का दिया और ज़मीन पर बैठने के लिए मजबूर किया। इसकी वजह से उनके घुटनों में चोट आई है, जिनका पहले ही ऑपरेशन हो चुका है।खरगे ने कहा कि इसके बाद कांग्रेस के सांसद मेरे लिए एक कुर्सी लेकर आए और मुझे उस पर बैठाया गया। बड़ी मुश्किल से और अपने सहयोगियों मदद से मैं लंगड़ाते हुए सुबह 11 बजे सदन (राज्यसभा) में पहुंचा। उल्लेखनीय है कि 82 वर्षीय खरगे का जून 2017 में दिल्ली के एम्स में बाएं घुटने का ऑपरेशन हुआ था।

सांसद जियाउर रहमान बर्क पर बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

▸▸ सम्भल में बिजली चोरी करने वालों की खैर नहीं
▸▸ सबके घर में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर

सम्भल, एजेंसिया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ दीपा सराय इलाके में उनके आवास पर बिजली चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया है। सांसद के खिलाफ बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया। बिजली विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है, ÷विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त उपभोक्ता के मीटर की जांच करने पर यह स्पष्ट हो गया है कि मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की गई है।÷ हम आपको बता दें कि बिजली विभाग ने इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच बृहस्पतिवार सुबह सांसद बर्क के आवास पर निरीक्षण शुरू किया था। बर्क के परिजनों पर बिजली विभाग के कर्मचारियों को धमकाने का आरोप भी लगा है। इस बारे में बिजली विभाग ने खुद जानकारी दी है। पीसी लग जायेगी।हम आपको यह भी बता दें कि इस समय बिजली विभाग पूरे संभल में बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है और लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं और जहां जहां बिजली के खंभे नहीं हैं वहां खंभे भी लगाये जा रहे हैं और पक्के कनेक्शन दिये जा रहे हैं। बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई के दौरान कुछ लोग झड़प भी कर रहे हैं इसलिए सुरक्षा बलों की अच्छी खासी तैनाती की गयी है।हम आपको बता दें कि बर्क उन लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने 24 नवंबर को हुई हिंसा के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि शहर के कोट गर्वी इलाके में अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई झड़प में चार स्थानीय लोगों की मौत हो गई थी। बर्क ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की भी मांग की है। बर्क पर 24 नवंबर को लोगों को भड़काने का आरोप है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा का कारण उनका भड़काऊ भाषण था। हालांकि रिट याचिका में सांसद ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा है कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। उनके वकील के अनुसार, वह घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे, फिर भी उन्हें प्राथमिकी में आरोपी बनाया गया है।

असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में आठ जिहादी गिरफ्तार

गुवाहाटी, (हि.स.)। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। ऑपरेशन %प्रगति% के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है।गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन प्रगति तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश किया गया है।

महिला सांसद ने राहुल पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

▸▸ राज्यसभा अध्यक्ष धनखड़ के पास रोती हुई आईं फांगनोन कोन्याक

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। नागालैंड से भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ राज्यसभा सभापति के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन पर संसद के बाहर भाजपा और कांग्रेस के एक साथ विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके बहुत करीब खड़े होकर उनके साथ दुर्व्यवहार करने और असुविधा पैदा करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा की राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी करीब आए। मुझे यह पसंद नहीं आया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए...मैंने सभापति से भी शिकायत की है।राज्यसभा में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने आज भाजपा के दो सांसदों को धक्का दिया, जो अब अस्पताल में भर्ती हैं। राहुल गांधी के व्यवहार के लिए पूरी कांग्रेस को संसद और देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। संसद कोई कुश्ती का मैदान नहीं है। राहुल ने जिस तरह से 2 सांसदों को मारा है, अगर हम भी वैसे ही हाथ उठाते तो क्या होता। हमारे पास संख्या बल ज्यादा है। रिजिजू ने कहा कि जिस प्रकार श्रीमान राहुल गांधी ने दो सांसदों को मारा है, हमारे सांसदों में बहुत आक्रोश है। हम लोग भी अगर हाथ उठाते तो क्या हाल होता? हमारे पास संख्या (बल) है, हम डरपोक नहीं हैं। यदि हमारे लोग भी राहुल गांधी की तरह हाथ उठाने लग जाएंगे तो लोकतंत्र कैसे चलेगा? इसलिए पूरी कांग्रेस पार्टी को सदन से ही नहीं, बल्कि पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के साथ कोहरे की मार, एक्यूआई 448 पार

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण के साथ अब कोहरे की समस्या भी देखने को मिल रही है। गुरुवार को प्रदूषण की स्थिति और भी चिंताजनक हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 448 रिकॉर्ड किया गया, जो कि %अति गंभीर% श्रेणी में आता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। विशेषकर सांस के तकलीफ वाले मरीजों और छोटे बच्चों के लिए।प्रदूषण के साथ-साथ दिल्ली में धुंध भी छाई रही। मौसम विज्ञान विभाग ने 19 और 20 दिसंबर के लिए धुंध का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही शनिवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के मुताबिक आज दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।दिल्ली एनसीआर के विभिन्न शहरों में भी प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा है। गुरुग्राम में एक्यूआई 370, गाजियाबाद में 386, ग्रेटर नोएडा में 351 और नोएडा में 366 दर्ज किया गया। दिल्ली के तकरीबन सभी सेंटर्स पर एक्यूआई 400 के पार रहा। आईटीओ में यह 474, चांदनी चौक में 386, इंडिया गेट में 456,पटपड़गंज में 446,मंदिर मार्ग में 441, लोधी रोड में 394, आनंद विहार में 478, विवेक विहार में 476, नेहरू नगर में 485,अशोक विहार में 474, नॉर्थ कैंपस डीयू में 450, मथुरा रोड में 467, शादीपुर में 439, अलीपुर में 450 एक्यूआई दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि 0-50 के बीच एक्यूआई अच्छा माना जाता है, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401-500 गंभीर होता है।

केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत कार्यवाही पर रोक

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के अग्रवाल समाज के मतदाताओं के %नाम कटवाने% का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक बढ़ी दी है। जस्टिस ह्रषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। इस मामले में केजरीवाल और आतिशी ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-सीधे हमारे पास आएं प्रदर्शनकारी

▸▸ डल्लेवाल की सेहत पर सख्त

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिकित्सा जांच नहीं कराने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। पंजाब के अधिकारियों के माध्यम से किसान नेता द्वारा मुद्दे के समाधान की इच्छा जताए जाने के बाद न्यायालय ने कहा कि डल्लेवाल के ठीक होने पर अदालत उनसे बात करेगी। कोई भी किसानों को विरोध प्रदर्शन से डिगाने की कोशिश नहीं कर रहा है, केवल उनके नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि डल्लेवाल को कम से कम एक सप्ताह तक इलाज कराने के लिए राजी करें और अन्य लोग प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन (सिद्धूपुर) के प्रवक्ता गुरदीप सिंह चहल ने कहा कि गुरुवार को डल्लेवाल की तबीयत खराब होने पर भी वह लगभग 10 मिनट तक बेहोश रहे, सरकार के सूत्रों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राज्य पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। हालाँकि, यह कोई नई बात नहीं है। पंजाब पुलिस के अधिकारी सीमा पर आंदोलनकारी किसानों के संपर्क में हैं। लेकिन डल्लेवाल दृढ़ हैं। वह कोई चिकित्सीय सहायता नहीं लेना चाहता। काफी समझाने के बाद वह कुछ दिन पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराने के लिए सहमत हुए थे।सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब सरकार ने स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला को खनौरी बॉर्डर पर जाकर डल्लेवाल को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि, हमें उम्मीद नहीं है कि बहुत कुछ बदलने वाला है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश राज्य को बल प्रयोग न करने का निर्देश देने के बारे में है। अब हम बल प्रयोग नहीं कर सकते. हम जो कुछ कर सकते हैं वह है राजी करना। लेकिन हम जानते हैं कि हमारे प्रयास पहले ही सफल नहीं हुए हैं।

इंसेक्ट फ्री महाकुम्भ के लिए वेक्टर कंट्रोल यूनिट तैनात

महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को मच्छर और मक्खियों से मिलेगी निजात

24 घंटे अलर्ट रहेगी स्वास्थ्य विभाग की वेक्टर कंट्रोल यूनिट

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ को स्वस्थ और स्वच्छ महाकुम्भ बनाने के लिए बेहद खास इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेला क्षेत्र को इंसेक्ट फ्री (मच्छर-मक्खी मुक्त) रखने के लिए वेक्टर कंट्रोल यूनिट को तैनात किया गया है। वेक्टर कंट्रोल यूनिट वेल प्लान्ड तरीके से महाकुम्भ नगर के चप्पे-चप्पे को इंसेक्ट फ्री बनाने का काम करेगी, जिससे श्रद्धालुओं को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से छुटकारा दिलाया जा सकेगा, जो मच्छरों के काटने से होती हैं। इसके साथ ही, मक्खियों के कारण होने वाली अनहाईजीनिक समस्याओं और बीमारियों से भी निजात मिल सकेगी।

महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को देखते हुए योगी सरकार कई अहम पहल कर रही है। वेक्टर कंट्रोल यूनिट का गठन इसी का एक उदाहरण है। वेक्टर कंट्रोल यूनिट के द्वारा मेले में व्यापक स्तर पर सैनिटाइजेशन किए जाने की तैयारी है। महाकुम्भ के नोडल जॉइंट डायरेक्टर (वेक्टर कंट्रोल) डॉ वीपी सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान चप्पे-चप्पे पर कीटनाशक का छिड़काव किए जाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र को 5 जोन में बांटा गया है। हर जोन में 5 सेक्टर हैं। कुल मिलाकर हमारे पास 25 सेक्टर हैं। प्रत्येक सेक्टर का इंचार्ज असिस्टेंट मलेरिया ऑफिसर (एएमओ) होगा। सभी सेक्टर्स में कुल मिलाकर 35 सैनिटेशन सर्किल हैं। प्रत्येक सर्किल में हमारे मलेरिया इंस्पेक्टर रहेंगे जो मौके पर रहकर वर्कर्स के माध्यम से स्प्रे गतिविधियों को संचालित कराएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक जोन में एक सब स्टोर है, जहां पर तीन दिन का स्टॉक होगा और यहां से अलग-अलग सर्किल को कीटनाशक उपलब्ध होता रहेगा। इसके अतिरिक्त डिस्ट्रिब्यूशन के लिए 25 मैजिक गाड़ियां हायर की गई हैं।

हर सेक्टर में एक गाड़ी रहेगी, जिसका उद्देश्य कीटनाशक पहुंचाने के साथ ही मेला क्षेत्र में मुआयना करने का होगा। इस गाड़ी में दो वर्कर और एक सुपरवाइजर रहेंगे। यही टीम

➪पहली बार सभी पार्किंग स्थलों में भी किया जाएगा सेनिटाइजेशन

इस बार पहली बार मेला क्षेत्र में पार्किंग स्थलों में भी छिड़काव करेगी। सरकार ने इस बार पार्किंग स्थलों में भी शौचालय वगैरह की सुविधा प्रदान की है। इसलिए इन स्थानों पर कीटनाशक का छिड़काव महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हम अपने स्टाफ को मोबिलिटी प्रदान कर रहे हैं।

वेक्टर कंट्रोल के असिस्टेंट नोडल और डीएमओ डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि मेला की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के निर्देश पर इस बार हमने इमरजेंसी प्लान भी तैयार किया है।

इसके लिए हमने 45 वर्कर्स की टीम तैयार की है जो 15-15 वर्कर्स के रूप में प्रत्येक शिफ्ट में अलग-अलग जोन में मौजूद रहेंगे। यह स्टोर के काम में लगेंगे, लेकिन इमरजेंसी की स्थिति में बाकी टीमों को डिस्टर्ब किए बिना इन्हें एक्टिव कर दिया जाएगा और ये मौके पर जाकर स्थिति को काबू करने का प्रयास करेंगे। इन सभी

900 डेली वेजेस वर्कर्स करेंगे काम

उन्होंने बताया कि वेक्टर कंट्रोल का जोन सेक्टर 2 में स्थापित किया गया है। इस क्षेत्र में जो कर्मचारी बाहर से आ रहे हैं उनको वहां रुकवाया जा रहा है। जब उनके टेंट की व्यवस्था उनके क्षेत्र में हो जाएगी तब उन्हें वहां शिफ्ट किया जाएगा। अभी करीब 100 डेली वर्कर्स काम कर रहे हैं। जल्द ही यह संख्या 150 हो जाएगी, जबकि एक जनवरी से 550 वर्कर्स और 11 जनवरी से लगभग 900 डेली वेजेस वर्कर्स पूरे मेला के दौरान अलग-अलग सेक्टर में काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि अलग-अलग जनपदों से लगभग 250 पर्मानेंट स्टाफ मांगा गया है। यह डेली वेजेस वर्कर्स का सुपरविजन करेंगे। 45 मलेरिया इंस्पेक्टर, 28 असिस्टेंट मलेरिया इंस्पेक्टर, 5 डिस्ट्रिक्ट मलेरिया ऑफिसर, 80 सुपरवाइजर, 70 ट्रेन्ड फील्ड वर्कर्स की मांग की गई है।

वर्कर्स को पहली बार मिलेगी रहने और खाने की सुविधा

प्रयागराज। डॉ आनंद कुमार सिंह के अनुसार महाकुम्भ में छिड़काव और फॉगिंग करने वाले इन कर्मियों के लिए इस बार विशेष प्रबंध किए गए हैं। इन्हें पहली बार रहने और खाने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। यह व्यवस्था यहां महाकुम्भ नगर में काम करने वाले हर दैनिक भोगी कर्मचारी को उपलब्ध होगी। इसका उद्देश्य यही है कि जरूरत पड़ने पर वर्कर्स उपलब्ध रहें और दूसरा उन्हें प्रतिदिन आने-जाने की जद्दोजहद से बचाना है। मेले में उनकी मौजूदगी श्रद्धालुओं को सुरक्षा का अहसास कराएगी।

वर्कर्स को इमरजेंसी में मशीनें संचालित करने की खास ट्रेनिंग दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि कुम्भ की एक किमी. की पेरीफेरी में 150 वर्कर्स काम करेंगे। हमारी प्लानिंग के अनुसार मेला क्षेत्र के एक किमी. के दायरे में जहां आबादी है वहां भी छिड़काव कराया जा रहा है, क्योंकि अमूमन मच्छर एक से दो किमी. तक उड़कर आ जाता है। पेरीफेरी के सात जोन बनाए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर इन वर्कर्स को भी मेला क्षेत्र में बुलाया जा सकता है। पेरीफेरी क्षेत्र में 15 नवंबर से स्प्रे और एंटी लार्वा के छिड़काव का कार्य जारी है।

कृषि और दुग्ध उत्पादन में नवाचार पर केंद्रित दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का समापन

प्रयागराज। प्रयागराज मेम सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंस एंड रूरल डेवलपमेंट द्वारा दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रार्थना से हुई, जिसमें उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वागत समारोह में डॉ. डी. स्वरूप ने मुख्य वक्ताओं डॉ. अमित कुमार मौर्य और डॉ. डॉखम जेम्स सिंह, सहायक प्रोफेसर, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद का स्वागत किया।

मशरूम उत्पादन पर व्याख्यान

पहले दिन के सत्र में, डॉ. अमित कुमार मौर्य ने ÷मशरूम उत्पादन की नवीनतम तकनीक और रखरखाव÷ विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने किसानों और शोधार्थियों को मशरूम उत्पादन की उन्नत और सरल तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि मशरूम उत्पादन के लिए जलवायु नियंत्रित कमरे, सिंचाई के सरल उपकरण और साफ-सफाई के उपाय अपनाकर किसान अपनी उपज को बढ़ा सकते हैं। वर्टिकल फार्मिंग और बेहतर बीज (स्पॉन) के उपयोग से कम जगह में अधिक उत्पादन करना संभव है।

डॉ. मौर्य ने यह भी बताया कि छोटे किसानों के लिए ये तकनीकें किफायती और लाभदायक हैं। इनसे फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है, उत्पादन रोगमुक्त रहता है, और बाजार में मशरूम की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलती है। उन्होंने प्रतिभागियों को सस्ती तकनीकों का उपयोग कर अपनी आय बढ़ाने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला।

स्वच्छ दूध उत्पादन पर व्याख्यान

दूसरे दिन के सत्र में डॉ. डॉखम जेम्स सिंह ने ÷पशुओं में स्वच्छ दूध उत्पादन और दुहने के सही तरीके÷ विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि दूध कैल्शियम और फॉस्फोरस का प्रमुख स्रोत है, जो मजबूत हड्डियों और दांतों के विकास में सहायक है। इसके नियमित सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डी टूटने के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने स्वच्छ दूध उत्पादन के लिए आवश्यक सावधानियों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दूध दुहने की प्रक्रिया साफ-सुथरे, सूखे हाथों और सही तकनीकों के साथ की जानी चाहिए। दुहने की शुरुआत पिछली थनों से की जानी चाहिए, ताकि दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्वच्छता और आधुनिक उपकरणों के उपयोग को दुग्ध उत्पादन में सफलता का मुख्य कारक बताया। दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन डॉ. हेमलता पंत ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। उन्होंने वक्ताओं और प्रतिभागियों को उनके सक्रिय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों, शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को नई तकनीकों और ज्ञान को साझा करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया।

अमित शाह के बयान के विरोध में सपाई हुए हमलावर

बोले डॉ अम्बेडकर पीडीए के भगवान, नहीं सहेंगे बाबा साहब का अपमान

प्रयागराज। राज्य सभा में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अमितशाह द्वारा भारत रत्न, बाबा साहब अम्बेडकर पर दिए गए बयान की सपा नेताओं ने निंदा करते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सपा कार्यालय में बैठक कर जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने संयुक्त रूप से कहा है कि भाजपा संविधान के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है और अब तो संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहब अम्बेडकर के बारे में देश के गृहमंत्री द्वारा आपत्ति जनक एवं अपमान जनक बयान देकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा दलितों, पिछड़ों का सम्मान करना नहीं जानती है।

सपा नेताओं ने बाबा साहब को पीडीए का भगवान बताते हुए कहा कि अमित शाह को देश के सामने माफ़ी मांगनी चाहिए

सपा कार्यकर्ताओं ने अंदावा चौराहे पर आशुतोष तिवारी एवं मुलायम यादव के नेतृत्व में अमित शाह के पुतले भी फूंके और आशीष पाल एडवोकेट के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा।

बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, दान बहादुर मधुर, बेला सिंह यादव, आर एन यादव, बच्चा यादव, सचिन श्रीवास्तव, अमिताभ, शांति प्रकाश पटेल, अंशू पाल आदि मौजूद रहे।

मानक के विपरीत हो रहे शंकर लाल भार्गव रोड के कार्य को कराया बंद

साढ़े 6 करोड़ की सड़क निर्माण में घोटाला

प्रयागराज। शंकर लाल भार्गव पुलिस बूथ चौराहे से विश्वकर्मा मंदिर तक पटरी में बिना जी एस बी गिट्टी के इंटरलॉकिंग ठेकेदार द्वारा बिछाई जा रही थी जिससे नाराज भाजपा पार्षद किरन जायसवाल, रुद्रसेन जायसवाल, मुकेश लारा और लोगों ने कल कार्य बंद करा दिया था। आज पी डी ए के अधिकारियों की भ्रटाचार पर आंख मूंद लेने से इस स्थान को छोड़ ठेकेदार ने राम जानकी मंदिर के पास फिर बिना गिट्टी के मलवा डाल कर इंटरलॉकिंग लगाना शुरू कर दिया। जिससे आक्रोशित लोगों ने पार्षद किरन जायसवाल और रुद्र सेन जायसवाल, मुकेश लारा को फोन कर कार्य स्थल पर बुलाया। मौके पर किरन जायसवाल ने पी डी ए के अधिशासी अभियंता को फोन कर आने को कहा लेकिन व्यस्तता बता कर केवल उनकी बात सुनी। पार्षद ने बताया बीच बीच में अधूरी नाली को कंपलीट कर कट स्टोन जो पास है उसे लगाया जाए पानी निकलने के लिए समुचित व्यवस्था हो सके। इसके साथ ही पटरी में गिट्टी बिछा कर इंटरलॉकिंग बिछाई जाएं रोड की नाली भी बीच बीच में अधूरी छोड़ दी गई है और इंटरलॉकिंग भी काफी गैप में लग रहा था। पार्षदों ने कहा कि 6 करोड़ की लागत से बनने वाली रोड को पी डी ए के अभियंता कुंभ के बजट का बंदर बांट करने में लगे है। आज पुनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके पोर्टल और ई मेल के माध्यम से शिकायत की गई है और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

विद्यालय में बच्चों को बांटी मूंगफली और गुड़ की पट्टी

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। उच्च प्राथमिक विद्यालय देवापुर नवीन मे गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग के आदेशानुसार बच्चों को मोमफली और गुड की बनी चिक्की वितरित की गयी। स्कली बच्चे चिक्की बड़े ही चाव से खाते दिखे। प्रधानाध्यापक् अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि इसके साथ ही बच्चों को गर्म पका भोजन भी दिया गया। इस मौके पर विम्बेश त्रिपाठी, दिवाकर देव शुक्ल, पिंटू यादव, राजेंद्री आदि मौजूद रहे।

पुस्तकें और कपड़े फेंकें नहीं उसे दान करें -चेयरमैन

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। बेकार हो चुकी कोई भी वस्तु न फेंकें उसे नगर पंचायत में बने बूथ को दान करें ताकि वह किसी जरूरतमंद के काम आ सके। यह बातें नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी ने आरआरआर बूथ का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहीं।

चेयरमैन शोएब अंसारी ने कहा कि नई या पुरानी पुस्तकें, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, खिलौने, कपड़े, जूते, चप्पल आदि वस्तुएं नगर पंचायत परिसर में बने बूथ में दान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत परिसर में पर्यावरण संरक्षण के तहत जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने के लिए आरआरआर (रियोज, रियोज, रिसायकल) केन्द्र पर दान करें। इस अवसर पर जमील अहमद, कुल्लू, भारत यादव, रुखसान आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

प्रभात पांडेय को मोमबत्ती जलाकर दी विनम्र श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भाजपा के कुशासन के विरोध में कल 18 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने लखनऊ में विधानसभा का बृहद घेराव किया। उसी दौरान एक दुःखद घटना हो गई। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय का पुलिसिया उत्पीड़न से दम घुटने के कारण मृत्यु हो गई। कांग्रेस पार्टी स्व0 प्रभात कुमार पाण्डेय का बलिदान बेकार नहीं जाने देगी। आज महानगर कांग्रेस के कैंप कार्यालय नैनी में महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में शोकसभा एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

वहीं दूसरी दुखद घटना प्रयागराज में हुई जहां महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महानगर सचिव पण्डित वीरेंद्र शर्मा का हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया। इनके आत्मा की शांति के लिए नैनी के कैंप कार्यालय में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। इसमें प्रमुख रूप से प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, नयन कुशवाहा, जितेंद्र तिवारी, विवेक पांडे, राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, विनय पांडेय, प्रवीण सिंह भोले, अजेंद्र गौड़, जमाल अख्तर, शिव शंकर मिश्रा, राजेंद्र श्रीवास्तव, मुन्ना जाफरी, प्रदीप वर्मा,सरफराज खान,रवि तिवारी, प्रांजल केसरवानी, अभिषेक शर्मा, शहजाद उल हक, प्रियम मिश्रा, ऋषभ शुक्ला आदि रहे।

जगत तारन में 15 दिवसीय एड आन कोर्स का समापन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने गुरुवार को कॉमर्स हॉल में एंटरप्रेन्योरशिप एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग विषय पर 15 दिवसीय एड ऑन / सर्टिफिकेट कोर्स का समापन कार्यक्रम आयोजित किया। समापन कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष, विभाग समन्वयक डॉ. संगीता अग्रवाल और कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अर्पिता घोष ने मुख्य अतिथि सीए ममता गुप्ता को पौधा और उपहार देके किया।

कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अर्पिता घोष ने पूरे 15 दिन के कोर्स का विवरण विस्तृत रूप से सबके सामने प्रस्तुत किया। उसके पश्चात प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने एड ऑन कोर्स को सराहा तथा विभाग और छात्राओं को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि सीए ममता गुप्ता ने छात्राओं को जॉब तथा उद्योग क्षेत्र के विभिन्न अनिवार्य तथ्यों से अवगत कराया उसके पश्चात पंजीकृत छात्राओं को सर्टिफिकेट और कोर्स में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को उपहार देके सबको शुभकामनाएं दी। एड ऑन कोर्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया सिंह पुत्री सुनील कुमार सिंह, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से सौम्या अग्रहरि पुत्री पवन कुमार अग्रहरि तथा नैन्सी गुप्ता पुत्री रवि शंकर गुप्ता और तृतीय स्थान कृति शुक्ला पुत्री नारायण धर शुक्ला ने प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ. आयुषी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सभी फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य सुमित शर्मा ने किया।

परेड ब्वॉयज और नाइट राइडर्स क्वार्टर फाइनल में

प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता

प्रयागराज। संगम सिटी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में परेड ब्वॉयज और नाइट राइडर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर गुरुवार को खेले गये पहले मैच में परेड ब्वॉयज ने एटीके जूनियर को 2-0 से हराया। विजेता टीम के लिए अमन और संजीव सिंह ने गोल किये। अमन को जोंटी यादव ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।दूसरे मैच में नाइट राइडर्स ने ऑल स्टार क्लब को टाईब्रेकर में 2-0 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर रहीं। नाइट राइडर्स के प्रदीप और ऑल स्टार के अंश ने गोल किया। मैच के निर्णय के लिए टाइब्रेकर हुआ जिसमें नाइटराइडर्स के प्रदीप और अखिलेश ने गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। पराजित टीम कोई गोल न कर सकी। अंश को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह के अनुसार शनिवार को पहला क्वार्टर फाइनल एमीगोज व एयू ब्वॉयज के बीच दोपहर ढाई बजे से और दूसरा क्वार्टर फाइनल इलाहाबाद स्पोर्टिंग अकादमी व टी. टैबलेट क्लब के बीच अपरान्ह साढ़े तीन बजे से खेला जायेगा।

हर दुकान दस्तक अभियान में 800 किग्रा प्लास्टिक जब्त, 25000 का जुर्माना

प्रयागराज। कल व्यापार मंडल के साथ बैठक के बाद नगर निगम प्रयागराज जोन 2 के जोनल अधिकारी श्याम कुमार सिंह के नेतृत्व में आज कोठापर्चा से लोकनाथ चौक तक हर दुकान दस्तक अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान खोया मंडी के नीलम ट्रेड्स पर छापा मारकर 504 किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किया गया और 25000 का चालान किया गया। इसके साथ ही अभियान के दौरान सभी दुकानों पर सामने कूड़ेदान रखवाए गए।

इस दौरान एसएफआई श्रीमती पूजा सिंह जी व एसएफआई सुनील प्रसाद, आईईसी टीम श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट के साथियों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

आईईसी एक्सपर्ट कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि यह अभियान शहर के अलग अलग हिस्सों में महाकुंभ को स्वच्छ सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे है।

मृत कांग्रेसजनों के प्रति शोक

प्रयागराज। जिला तथा शहर के प्रमुख कांग्रेसजनों की एक शोक सभा यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में सिविल लाइंस में हुई। शोक सभा में कहा गया कि लखनऊ में बुधवार को गोरखपुर के प्रभात पांडेय के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस बर्बरता से हुई दुखद मृत्यु ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। कहा गया कि यह हृदय विदारक घटना भाजपा की दमनकारी नीतियों का नतीजा हैं । शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध को पुलिस बर्बरता के जरिये दबाना बेहद शर्मनाकऔर लोकतंत्र में पूरी तरह अस्वीकार है। भाजपा सरकार की क्रूरता की सीमा का कोई अंत नहीं है। असहमति की आवाज़ को कुचलने के लिए हिंसा का सहारा लेना इस शासन की लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति घोर अपेक्षा को दर्शाता है।

कांग्रेसजनों ने मृतक के परिजनों को संवेदनायें व्यक्त की। यह भी कहा कि उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। हम उनके लिए न्याय की लड़ाई लड़ते रहेंगे। घटना की न्यायिक जांच और दोषीजनों के खिलाफ़ कार्यवाही की मांग की है। एक अन्य प्रस्ताव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं इलाहाबाद लोकसभा के पूर्व पार्टी उम्मीदवार दादा दल बहादुर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि वे जुझारू, ईमानदार और समर्पित नेता थे। सोंराव से पूर्व प्रत्याशी मनोज पासी के पिता शिवमूर्ति पासी तथा शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव पं वीरेंद्र शर्मा के भी निधन पर गहरा दुख जताया। कांग्रेसजनों ने दिवगंत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुद तिवारी, राज्य कार्यसमिति के सदस्य फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, खुशनवेदा फारूखी, अजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबू, अरशद अली, इंद्रेश मिश्रा, अरूण चौरसिया, विजय यादव, राकेश पटेल, सरताज़ मोहम्मद, कामेश्वर सोनकर, केशव पासी, कैलाश निषाद आदि मौजूद थे।

झूठा राग अलाप रहा विपक्ष- महानगर अध्यक्ष

प्रयागराज। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन को झूठा बताते हुए भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि विपक्ष झूठा राग अलाप कर देश को गुमराह करने का षडयंत्र रच रहा है। उन्होंने कहा कि असली तथ्य तो यह है कि कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान किया है जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पूरी भाजपा ने बाबा साहब को सम्मान दिया है। विपक्ष चाहे जितना प्रयास कर ले देश की जनता काल नेमियों के चाल में नहीं फंसेगी।

गंगा डिग्री कॉलेज की जीत में रामानंद चमके

प्रयागराज। रामानंद यादव के बहुमुखी खेल (32 रन एवं तीन विकेट) से गंगा डिग्री कॉलेज ने भवम क्लब को 39 रन से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। देव स्पोर्ट्स अकादमी मैदान गोहरी, न्यू शांतिपुरम में गुरुवार को खेले गए मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 30 ओवर में छह विकेट पर 214

(दिलीप कुमार 46, अंकित कुमार 41 नाबाद, विवेक सिंह राणा 35, रामानंद यादव 32, दीपांशु केसरी 2/47, शिवांश पांडेय 1/35) बनाए। जवाब में भवम क्लब की टीम 29.4 ओवर में 175 रन (रोशन कुशवाहा 39, सचिन पटेल 37, अभ्युदय प्रताप सिंह 36, रामानंद यादव 3/36, अजय कुमार, विवेक सिंह राणा, अंकित कुमार, अंशु केसरी, हिमांशु और अनुराग एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

भवंस मेहता विद्याश्रम में शिशिरोत्सव के अंतर्गत छठवें दिन सितार, कथक नृत्य, भजन और लोकगीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में आयोजित शिशिरोत्सव के छठवें दिन कला और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। इस दिन सितार, कथक नृत्य, भजन और लोकगीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संदीप सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि नागा लक्ष्मी राव के मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सितार वादन से शुरू हुई। सितार वादक समर्थ राज ने अपनी मधुर वादन से दर्शकों को मोहित कर दिया। उनकी वादन की गहराई और भावना ने दर्शकों को अपनी सीट से उठकर खड़े होकर सम्मानित करने पर मजबूर कर दिया। समर्थ राज की वादन को सुनकर दर्शकों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि ष्उनकी वादन में अद्वितीयता है जो दर्शकों को मोहित कर देती है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कथक नृत्यांगना श्रीमती अंकिता मौर्य ने अपने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी नृत्य की गहराई को देखकर दर्शकों ने ताली बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंकिता मौर्य की नृत्य को देखकर दर्शकों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि उनकी नृत्य में जादू है जो दर्शकों को ताली बजाने में मजबूर कर देती है। इसके अलावा, भजन गायक अभिलाषा भारद्वाज ने अपनी भक्तिभाव से भरी आवाज में भजन प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। अभिलाषा भारद्वाज के भजन को सुनकर दर्शकों ने उनकी प्रशंसा की।उनकी भजन की गहराई और भावना ने दर्शकों को अपनी सीट से उठकर ताली बजाते हुए उनकी कला का सम्मान किया। अंत में, लोक गीत गायक मंजू नारायण एवं उनके ग्रुप द्वारा लोकगीत प्रस्तुत की गई जिससे क्षेत्रीय एवं व्यावहारिक भाषा द्वारा कला एवं संस्कृति का अनोखा संगम दिखा। श्री मती मंजू नारायण एवं उनके ग्रुप की लोकगीत को सुनकर दर्शकों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि ष्उनकी लोकगीत में ऊर्जा और मिठास कूट कूट कर भरी है जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।कार्यक्रम के अंत में समस्त कलाकारों को उनकी बेहतरीन प्रस्तुति के कारण विद्याश्रम के शिक्षक मोहित त्रिपाठी, सौरभ, सीता यादव, खुशबू गुप्ता, भावना पांडेय एवं ईशा केसरवानी ने साल भेंटकर उनकी कला का सम्मान किया। इन्फोसिस फाउंडेशन की संयुक्त निदेशक नागा लक्ष्मी राव, निदेशक संदीप सक्सेना, सोनी सक्सेना, गोबिंद कुलकर्णी एवं विजय पारीजा ने आज की बेहतरीन प्रस्तुति के लिए सभी कलाकारों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में होने वाले अन्य कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दी।

आज की बेहतरीन प्रस्तुति को देखने एवं सुनने के लिए भरवारी एवं आस पास के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान ऑडिटोरियम दर्शकों से खचाखच भरा था। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने आए हुए समस्त गणमान्य लोगों,समस्त दर्शकों,पत्रकार बंधुओं एवं कलाकारों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने एवं सफल बनाने में निरंतर सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कल समदिवशीय कार्यक्रम के अंतिम दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम देखने एवं सुनने के लिए आमंत्रित किया।

जिला जज ने एडीजे डीएम एसपी के साथ जेल का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। जिला जज अनुपम कुमार ने एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पूर्णिमा प्रांजल डीएम मधुसूदन हुल्गी, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ बुधवार को जेल का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जेल में साफ सफाई आदि व्यवस्था सही मिली,जेल के अन्दर कोई भी प्रतिबंधित वस्तु नहीं मिली,निरीक्षण के बाद सभी ने पौधारोपण भी किया।

डीएम मधुसूदन हुल्गी व जिला जज अनुपम कुमार ने जिला कारागार में बंदियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना,साफसफाई देखकर डीएम और जिला जज बहुत खुश हुए निरीक्षण के बाद डीएम व जिला जज ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान सीएमओ व समाज कल्याण अधिकारी, एएसपी राजेश कुमार सिंह भी मौजूद रहें।

कस्तूरबा गाँधी कन्या इण्टर कालेज भरवारी में बालिकाओं के अधिकर एवं शिक्षा के अधिकर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रस्तावित एक्शन प्लान के तहत एवं जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी तहसील चायल में बालिकाओं के अधिकार एवं शिक्षा के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त साक्षरता कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता में की गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी द्वारा उपस्थित बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में एवं उनकी शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी साथ ही वैवाहिक विवादों और अन्य कानूनी व्यवस्थाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सब इंस्पेक्टर विंध्यवासिनी द्वारा उपस्थित बच्चों को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, महिला हेल्प लाइन नंबर, एवं अन्य कानूनी जानकारियां विस्तार से प्रदान की गयी। वन स्टॉप सेंटर शशी त्रिपाठी द्वारा बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला हेल्प लाइन नंबर एवं उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्णिमा प्रांजल, तहसीलदार, सचिव, तहसील सेवा समिति पुष्पेंद्र गौतम, बाल कल्याण समिति, कौशाम्बी, सदस्य, विंदेश्वरी प्रसाद, सब इंस्पेक्टर, थाना कोखराज, विन्ध्वासिनी, लेखपाल, सुमित केशरवानी, राजस्व निरीक्षक, सुरेंद्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर, प्रबंधक, शशी त्रिपाठी, पी0एल0वी0 कृष्णा कपूर, प्रधानाचार्य नीलम भारती, सहायक अध्यापिका कल्पना, अंजू व अन्य अध्यापकगण व बच्चे उपस्थित रहें।

भरवारी में पहला वेस्ट टू वंडर पार्क बनकर हो रहा तैयार

● नगर वासियों के लिए बना आकर्षण का केंद्र, निस्पप्रयोग वस्तुओं से हुआ निर्माण

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर स्थित पालिका स्टेडियम में राज्य वित्त व नगर निधि से लगभग सात लाख रुपए की लागत से वेस्ट टू वंडर पार्क बनेगा स्वच्छता का प्रतीक नगर पालिका में स्वच्छ भारत मिशन के तहत वॉर्ड 24 शहीद गुलाब सेन नगर में पालिका स्टेडियम परिसर को वेस्ट टू वंडर पार्क में बदला गया है, इसमें प्लास्टिक बोतलें और पुराने टायरों का उपयोग कर कलाकृतियाँ बनाई गई हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत पालिका स्टेडियम को वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया है, पार्क में अपशिष्ट उत्पादों का उपयोग किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को घर में बेकार पड़ी प्लास्टिक की बोतल सहित कई अन्य प्रकार के सामान का अपने घर में सही उपयोग कर प्लास्टिक कचरे को कम करना है। गाड़ियों के पुराने पड़े टायरों का प्रयोग करके विशालकाय तोप ,घड़ी और टैडी वियर की कलाकृतियां बनाई गई हैं। खाली पड़ी प्लास्टिक बोतलें और अन्य बेकार पड़ी वस्तुओं का सही उपयोग करते हुए पार्क को कई कलाकृतियों से सजाया है। पार्क का नजारा एकदम बदल गया है। सुबह-शाम पार्क में टहलने वाले लोगों की निगाहें भी कलाकृतियों की ओर बरबस आकर्षित हो रहीं हैं। नगर अध्यक्ष कविता पासी ने बताया कि सभी लोग इस तरह बेकार पड़ी वस्तुओं का सही इस्तेमाल करते हैं, तो निश्चित ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि साफ-सफाई में लोग भी अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, तभी स्वच्छता की रैंकिंग में नंबर वन का खिताब हासिल किया जा सकेगा।

अध्यक्ष ने रैन बसेरा का किया आकस्मिक निरीक्षण

भरवारी, कौशाम्बी। पुलिस चौकी के बगल स्थित पानी टंकी परिसर में बने रैन बसेरा का बृहस्पतिवार की दोपहर नगर अध्यक्ष कविता पासी, ईओ रामसिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया और रजाई, गड्डे, कंबल सहित अलाव की व्यवस्था देखी और निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही माफ नहीं की जाएगी। इस दौरान लेखा लिपिक बबलू गौतम, एडवोकेट आशीष पासी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

बच्चों में खोज व शोध की प्रवृत्ति जागृत होना आवश्यक- जिलाधिकारी

▸▸ समाज के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच करें विकसित

▸▸ जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा-निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा डायट मैदान, मंझनपुर में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने ट्रैफिक सेफ्टी, ड्राइविंग लाइसेंस स्कैनर, वूमेन सेफ्टी डिवाइस, स्मार्ट ब्रिज फॉर रेलवे, मिट्टी कूलर, साल्ट वाटर कार, शू फॉर ब्लाइंड, स्मार्ट कैप आदि वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किये।

प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में खोज व शोध की प्रवृत्ति जागृत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है, समाज के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच व तकनीक की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को एक मंच प्राप्त होता है, जहां वह अपने वैज्ञानिक जिज्ञासा को उजागर करते हैं। बच्चों में विज्ञान के क्षेत्र एवं अध्ययन में रुचि उत्पन्न होती है एवं उनके अंदर सीखने की चेष्टा जागृत होती है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य को बताते हुए जिला समन्वयक विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता, कल्पनाशीलता, उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्य-कलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन मंडल स्तर पर किया गया। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के रूप मे क्रमशः रु0- 5000, रु0-3000, रु0-2000 एवं 2 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के लिए रु0-1000 (प्रत्येक को) साथ ही सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंडलीय प्रदर्शनी के लिए बाल चयन-सतीश विश्वकर्मा-रामधनी मौर्य इंटर कॉलेज, लक्ष्मी मिश्रा-बीएनएपी इंटर कॉलेज गंगा पारी का पूरा, राहुल-आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल, सुषमा-पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज देरखरपुर, राज पांडेय-धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कंवार, सृष्टि-आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज चरवा, रोहित कुमार-महगांव इंटर कॉलेज महगांव, प्रशांत सिंह-यू0 एस0 इंटर कॉलेज सिराथू, दीपक विश्वकर्मा-तिलक इंटर कॉलेज कनेरी, रितेश-(श्री हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी), संध्या पांडेय-श्री देव शरण इंटर कॉलेज देवरा, पूर्णिमा राजपूत-दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज अजुहा, निखिल-श्री जगत नारायण करवरिया इंटर कॉलेज नारा, नजमीन- गंगा वैली पब्लिक स्कूल काजीपुर एवं अर्चना-बीएनएपी इंटर कॉलेज गंगा पारी का पूरा का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानंद यादव ने भी अपने विचार व्यक्त कियें। प्रधानाचार्य राजू यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज देवखरपुर, विपिन कुमार, नितिन, डा0 शिवाकांत पाठक, मोहम्मद शाहिद अली आदि शिक्षक उपस्थित रहें। समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों और अतिथियों का आभार प्रकट किया।

संदिग्ध दशा में घर में मिला महिला का शव, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। महेवाघाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव में बृहस्पतिवार की सुबह अपने ही घर में एक महिला का शव संदिग्ध दशा में बरामद हुआ है। घर के परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने फैरी तौर पर जांच पड़ताल करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मायके पक्ष को जानकारी मिलने पर ससुरालयों पर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव निवासी हेमा देवी पत्नी मनोज कुमार (28) का शव अपने ही घर में संदिग्ध दशा में पड़ा हुआ मिला है। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया वही मृतका के मांयके पक्ष के लोगों को जब इस बात की जानकारी हुई तो थाना महेआ घाट में लिखित तहरीर देकर ससुरालयों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने फैरी तौर पर घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला की मौत सीढ़ी से उतरते वक्त पैर फिसलने से हुई है बहरहाल मायके पक्ष से महिला की हत्या किए जाने की तहरीर प्राप्त हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत अधिकारियों के व्यवहार तथा आचरण को बदलने एवं टीम भावना साथ कार्य करने के सम्बन्ध में किया गया प्रशिक्षित

▸▸ टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के लक्ष्य किये जा सकतें हैं पूर्ण-जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम नीति आयोग के अन्तर्गत चल रहें विकसित कौशाम्बी अभियान में समस्त जिलास्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की क्षमतावर्धन तथा व्यवहार एंव आचरण को बदलने के सम्बन्ध में उदयन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया किया गया।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित कौशाम्बी अभियान के इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेंगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के टारगेट पूर्ण किये जा सकतें हैं। जनपद में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसे हम सही न कर पायें, इसीलिए सभी को टीमभावना के साथ ही कार्य करने की आवश्यकता हैं।

उन्होंने विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 12-12 ग्रुप की 07 टीमों जिसमें-दोआबा ग्रुप, जागृति ग्रुप, कौशाम्बी विकास ग्रुप, प्रेरणा ग्रुप, इन्द्रधनुषग्रुप, कौशाम्बी शाइनग्रुप एवं एकता ग्रुप को कार्यशाला को पूरे मनोयोग से सुनकर व सीखकर कौशाम्बी को विकसित कौशाम्बी बनाने का संकल्प लेकर कार्य करना हैं।

कार्यशाला में नीति आयोग डेवलपमेन्ट पार्टनर एम0एस0सी0 टीम के सलाहकार गौरव द्विवेदी द्वारा समस्त अधिकारियों को समय प्रबन्धन, लीडरशिप, रिफ्लेक्शन तथा व्यवहार एंव आचरण को बदलने के विभिन्न आयामों से जोड़ने का प्रयास किया गया। एकल एवं समूह कार्य से किस तरह गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावशाली परिणाम प्राप्त किये जा सकतें हैं, नेतृत्व की क्षमता से कैसे समस्याओं से समाधान की ओर बढ़ा जा सकता हैं, किस प्रकार चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकता है, अपेक्षाओं का प्रबन्धन कैसे किया जाय, पद के प्रति निष्ठावन कैसे रहा जाय एवं किस तरह अधिकतम से अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया जाय आदि विषयों पर समस्त अधिकारियों को जोड़ने का प्रयास के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि जिलाधिकारी की पहल पर चल रहें विकसित कौशाम्बी अभियान में सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत अपनी ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनायेंगे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी प्रतिभागियों से यह अनुरोध किया गया कि सत्र के दौरान की गई गतिविधियों का वे अपने दैनिक जीवन में उपयोग करते हुए अपनी गुणवत्ता सुधारने तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, डीसी मनरेगा मनोज कुमार, पीडीडीआरडीए नीरज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

प्राथमिक शिक्षक संघ सरसवाँ ने शिक्षक समस्याओं के निस्तारण हेतु बीईओ को सौंपा ज्ञापन

लोकत्रि ब्यूरो

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सरसवाँ के ब्लॉक अध्यक्ष विनय सिंह के नेतृत्व में बीआरसी सरसवाँ में शिक्षकों की आवश्यक बैठक कर शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे चयन वेतनमान की पत्रावलियों को लम्बे समय से लम्बित रखना, कुछ विद्यालयों की रसोइयों का मानदेय का अनियमित होना आदि के त्वरित निस्तारण हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवाँ को ज्ञापन सौंपा गया। सरसवाँ के मंत्री आलोक सोनी ने बताया कि नवम्बर 2023 का एम डी एम कन्वर्जन का भुगतान बीआरसी से बिल न जाने के कारण नहीं किया गया है। इसका भुगतान शीघ्र किया जाना चाहिए। अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कुछ नकारात्मक लोग अकारण ही बैठे रहते है और कार्यालय व शिक्षकों की गोपनीय सूचनाओं को यहां-वहां प्रचारित और प्रसारित कर विभाग की छवि को धूमिल कर रहे हैं। यदि खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवाँ द्वारा ऐसे नकारात्मक लोगों पर लगाम न कसी गई तो प्राथमिक शिक्षक संघ अभियान चलाकर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करवाएगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा। इस बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, राकेश सिंह,लालमणि,पंकज सिंह,अजीत सिंह,राजकिशोर, सुशील शुक्ल,योगेश,श्रीलाल प्रजापति आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने फैमिली कोर्ट, अधिवक्ता चैम्बर, 50 सैया की क्रिटिकल केयर ब्लॉक व जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पाये जाने पर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज फैमिली कोर्ट, अधिवक्ता कोर्ट रूम, 50 सैया की क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर का निरीक्षण किया गया। अधिवक्ता चैम्बर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 02 नग परिवार न्यायालय एवं अधिवक्ता चैम्बर के हो रहें निर्माण कार्य को देखा, जिसकी धीमी प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट प्रयागराज परियोजना के प्रबन्धक राजेश कुमार शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाय। संयुक्त जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 50 सैया क्रिटिकल केयर ब्लॉक के हो रहें निर्माण कार्य को देखा, जिसकी धीमी प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था सी0एन0डी0एस0 के परियोजना प्रबन्धक सर्वेश कुमार को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्रिटिकल केयर यूनिट के चारो तरफ बाउण्ड्रीवाल के लिए भूमि का चिन्हांकन करते हुए बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जाय। साथ ही उन्होंने संयुक्त जिला चिकित्सालय के पार्ट-बी में चल रहें निर्माण कार्य को 15 जनवरी तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

डॉ0 बच्चाबाबू वर्मा के संगीत नाटक अकादमी का सदस्य चयनित होने पर जतायी गयी खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज के संगीत शिक्षक डॉ. बच्चाबाबू वर्मा को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में सदस्य नामित करने पर यहां गुरूवार को साहित्यकारों व कलाकारों मे खुशी का माहौल दिखा। शिक्षक डॉ. बच्चाबाबू वर्मा को शासन ने गायन के क्षेत्र में नाटक अकादमी की सामान्य परिषद का सदस्य नामित किया है। प्रदेश के संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी की ओर से जारी विज्ञप्ति में डॉ. बच्चाबाबू को तीन वर्ष के लिए अकादमी का सदस्य बनाया गया है। संगीत गायन में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. बच्चाबाबू वर्मा की उपलब्धि पर यहां खुशी जतायी गयी है। प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अनुज नागेन्द्र, आचार्य अनीस देहाती, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, अतुल विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह गुडडू, नामवर सिंह यादव, हरिकिशन दीवाना, परवाना प्रतापगढ़ी आदि ने डॉ. बच्चाबाबू वर्मा के चयन को संगीत एवं गायन तथा कला के क्षेत्र में जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

वारण्टी गिरफ्तार, गया जेल

लीलापुर प्रतापगढ़। मुकदमे में वांछित आरोपी वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जेठवारा के उपनिरीक्षक अरुण मौर्या ने मय हमराह हेड कांस्टेबल दुर्गविजय द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित वारण्टी के दौरान, वाद सं0 2181/24 अ0सं0 68/2014 धारा 379/511/186/332 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से संबंधित अभियुक्त अशोक कुमार मिश्र पुत्र स्व0 राम लखन मिश्र उम्र 47 वर्ष ग्राम सरियापुर थाना जेठवारा को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

किशोरी का अपहरण, मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे अनिरूद्ध गोविंदपुर निवासी नंदलाल सरोज की पत्नी कुसुम देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी चौदह वर्षीया बेटी को बीती सत्रह दिसंबर को अज्ञात आरोपी बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता का कहना है कि किशोरी घर से अपने साथ पन्द्रह हजार रूपये भी उठा ले गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही किशोरी का पता लगाया जाएगा।

कार्यकर्ता की मौत पर युवा इंकाईयों ने जताया दुःख, मुआवजे की मांग

लालगंज, प्रतापगढ़। लखनऊ में कांग्रेस के विधानसभा घेराव प्रदर्शन को लेकर पार्टी कार्यकर्ता की मौत पर यहां युवा कांग्रेसियों ने गुरूवार को शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने गोरखपुर युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात पाण्डेय के निधन पर दुख जताते हुए सरकार से मृतक आश्रित परिवार को एक करोड़ रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के रामपुर खास इकाई अध्यक्ष अभिनव शुक्ल व संचालन सोशल मीडिया प्रभारी सिंटू मिश्र ने किया। इस मौके पर चंदन पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, वीरेन्द्र निर्मल, लवलेश पटेल, प्रिंस द्विवेदी, आशुतोष पाण्डेय, फरहान रजा, लकी सिंह आदि रहे।

मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत स्कूल में बालिकाओं को किया जागरूक

दिलीपपुर-प्रतापगढ़। शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी प्रदान करने के लिए दिलीपपुर थाना पुलिस प्रशासन स्कूल और कालेजों में जाकर बालिकाओं को जागरूक करने का काम कर रहा है। इसी कड़ी में दिलीपपुर थाने की महिला दरोगा सारिका ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम रतनमई में जाकर बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान गुड टच बैड टच के प्रति जानकारी प्रदान की। साथ ही आवश्यक हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1090,1076, 1098, 112-108 -102 के बारे में भी विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इन नंबरों को बालिकाओं को नोट भी कराया।

रोजगार हेतु आईटीआई में कैम्पस इन्टरव्यू का आयोजन 23 दिसम्बर को

प्रतापगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बताया है कि सुब्रोस लिमिटेड एवं लावा इन्टरनेशनल लिमिटेड कैम्पस इन्टरव्यू हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ के परिसर में दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को आ रही है। कैम्पस इन्टरव्यू में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को हाईस्कूल एवं आईटीआई (फिटर, इलेक्ट्रीसियन, वायरमैन, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, पेन्टर जनरल, टर्नर, मोटर मैकेनिक, टैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, मशिनिष्ट, वेल्डर) विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है। कम्पनी में सभी व्यवसाय के प्रशिक्षित युवा (उम्र सीमा 28 वर्ष से कम) भाग लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं, कम्पनी 11500 रूपये प्रतिमाह भुगतान करेगी। इसके अतिरिक्त उपस्थिति पुरस्कार, चिकित्सा व सब्सिडाइड खाना, इन्श्योरेन्स आदि सुविधा कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिये संस्थान के कैम्पस सेल में सत्येन्द्र मौर्य कैम्पस प्रभारी एवं अशोक कुमार सहायक से सम्पर्क करें।

पुलिस ने 2 वारण्टी को किया गिरफ्तार

लीलापुर,प्रतापगढ़। अन्तर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा अधि से संबंधित वारण्टी गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा वांछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 संदीप कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0नं0- 1615ध्22 धारा 12 घरेलू हिंसा अधि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त उमेश पाल पुत्र शिवराम पाल निवासी ग्राम सोनावा थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को ग्राम सोनावा से गिरफ्तार किया गया ।अभियान के क्रम में थाना जेठवारा के उ0नि0 अरुण मौर्या मय हमराह हे0का0 दुर्गविजय द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित वारण्टी के दौरान, वाद सं0 2181ध्24 अ0सं0 68ध्2014 धारा 379ध्511ध्186ध्332 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त अशोक कुमार मिश्र पुत्र स्व0 राम लखन मिश्र उम्र 47 वर्ष ग्राम सरियापुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

भाजपा की प्रेमलता सिंह दूसरी बार चुनी गईं नगर पालिका अध्यक्ष

▶▶अपने प्रतिद्वंद्वी सपा प्रत्याशी को 7473 मतों से दी शिकस्त

● जीत की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। शहर में नगर पालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा की प्रेमलता सिंह दूसरी बार अध्यक्ष चुनी गई। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह राय साहब को 7476 मतों से शिकस्त दी है। निर्दलीय प्रत्याशी रवि गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी के विजयी होने की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं भाजपा प्रत्याशी के सदर मोड़ स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की।जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार की मौजूदगी में गुरुवार सुबह राजकीय इंटर कालेज में नगर पालिका परिषद

बेल्हा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव की मतगणना शुरू हुई। इसमें पहले राउंड से ही भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह ने बढ़त बना ली। इस दौरान कुल पांच राउंड की मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। इसमें प्रेम लता सिंह को कुल 17733 मत मिले जबकि सपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह राय साहब को 10257 मत मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रवि गुप्ता 4354 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। अन्य प्रत्याशियों में से केवल दो प्रत्याशी ही हजार मत का आंकड़ा पार कर सके। शेष चार प्रत्याशी हजार मत भी नहीं प्राप्त कर सके।

चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही खुशी से झूम उठे कार्यकर्ता

राजकीय इंटर कालेज में दोपहर बाद पांचवें राउंड की मतगणना पूरी होने एवं भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह के विजयी होने की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ता, समर्थन खुशी से झूम उठे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह के सदर मोड़ स्थित आवास पर समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल ताशे की धुन पर थिरकते नजर आए।

शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई मतगणना

जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की ओर से नगर पालिका परिषद उपचुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किया गया था। 22 टेबल पर मतगणना के लिए 100 मतदानकर्मियों की तैनाती की गई थी। प्रत्येक टेबल पर चार कार्मिक तैनात थे। मतगणना प्रक्रिया पांच राउंड में सम्पन्न हुई। प्रत्येक राउंड के बाद रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) की ओर से मतों की घोषणा की गई। वहीं शांति व्यवस्था के मद्देनजर मतगणना परिसर में पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार के साथ एएसपी, सीओ, शहर कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

पहले ही राउंड में बनाई 11 सौ मतों की बढ़त

राजकीय इंटर कालेज में नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव की मतगणना में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता सिंह ने पहले राउंड में ही 11 सौ मतों की बढ़त बना ली। इसके बाद मतगणना के साथ उनका मत प्रतिशत लगातार बढ़ता गया। दूसरे राउंड में 2436 मत, तीसरे राउंड में 4407 चौथे राउंड में 5815 व पांचवें अंतिम राउंड में 7473 भारी मत के अंतराल से जीत दर्ज की।

किसको कितने मत मिले

प्रेमलता सिंह भाजपा 17733 मुहिब्बुल आरफीन एआईएमआईएम 1414 राज कुमार सिंह राय साहब सपा 10257 तौसीफ़ रजा निर्दलीय 234 मु जाहिद निर्दलीय 18 रवि उर्फ रवि गुप्ता निर्दलीय 4354 रवीन्द्र कुमार निर्दलीय 121 हरिश्चंद्र निर्दलीय 1294 हिमायत उल्ला निर्दलीय 408 नोटा-95 मत निरस्त मत - 817
कुल मत पड़े - 36745

साहसिक मुठभेड़ में अर्न्तजनपदीय बदमाश गोली से हुआ घायल

▶▶साठ हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात बरामद करने में भी मिली खाकी को सफलता

▶▶घायल बदमाश का पुलिस अभिरक्षा में जारी है इलाज, दो भेजे गये जेल

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने साहसिक मुठभेड़ में अर्न्तजनपदीय बदमाश समेत तीन को धर दबोचा। एसपी डॉ. अनिल कुमार के द्वारा संचालित अपराध नियंत्रण अभियान के तहत लालगंज पुलिस को बुधवार की रात बडी सफलता हाथ लगी है। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर व लालगंज कोतवाल नीरज यादव ने भारी फोर्स तथा स्पेशल टीम के साथ बदमाशों से लोहा लिया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव फोर्स के साथ केशवपुर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग अभियान में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर भी स्पेशल टीम प्रभारी जयचंद्र भारती के साथ शामिल थे। इस बीच कोतवाली के सराय रायजू लोनी नदी से पहले एक भटठे के समीप बाइक सवार

तीन लोग पुलिस को दिखे। पुलिस ने बाइक को रोकने का इशारा किया तब बदमाश भारी पुलिस जमावडा देख बाइक मोडकर भागने लगे। बदमाश हथियारों से लैस थे। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूर पर बदमाश बाइक छोडकर भागने लगे।

पुलिस ने लोनी नदी के कछार व जंगलों की तरफ बदमाशों को घेरने का प्रयास किया। इस पर बदमाश पुलिस को गाली देते हुए जानलेवा धमकी के साथ फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जबाबी फायरिंग की। फायरिंग मे एक बदमाश को पैर के नीचे घुटने मे गोली लग गयी। तब तक पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को कब्जे मे ले लिया। बदमाशों के पास से चोरी की बंदूक व चोरी गये काफी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात, बर्तन व नकदी हाथ लगा। पकडे गये आरोपी की पहचान पडोसी जिले अमेठी के संग्रामपुर थाना के कालिकन निवासी शशिकान्त विश्वकर्मा उर्फ शशिप्रकाश 28 पुत्र ओंकारनाथ व अमेठी के ही संग्रामपुर थाना के सगरापुर निवासी गुरूदीन वर्मा 33 पुत्र विश्वनाथ वर्मा एवं सांगीपुर थाना के शाहबरी निवासी बबलू गौतम 28 पुत्र शंकर गौतम के रूप में हुई।

इनमें पुलिस की जबाबी फायरिंग में शशिकांत विश्वकर्मा उर्फ शशिप्रकाश के पैर के घुटने मे गोली लगी है। बदमाशों के पास से एक तमंचा, चोरी की लाइसेंसी बदूंक, ढाई दर्जन जिंदा कारतूस व साठ हजार की

नकदी व चोरी के सोने चांदी के जेवरात एवं बर्तन बरामद हुये। अर्न्तजनपदीय बदमाश शशिकांत विश्वकर्मा की पुलिस ने हकीकत खंगाली तो उस पर प्रतापगढ़ तथा अमेठी जिले के विभिन्न थानों में चोरी, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट जैसे दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मुदकमें दर्ज मिले। पुलिस ने घायल बदमाश शशिकांत विश्वकर्मा उर्फ शशिप्रकाश को अभिरक्षा में लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसका जिला अस्तपाल में पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक लाइसेंसी बंदूक जिले के अन्तू थाना निवासी बृजेश सिंह की है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट व आयुध अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वही बदमाशो से बरामद बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस की इस बड़ी कामयाबी पर एसपी डॉ. अनिल कुमार ने मातहतों के साहसिक सफलता को सराहा है। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा है कि अपराध में संलिप्त अपराधियों को दबोचकर इन्हें शासन के जीरो टालरेंस नीति के तहत जेल भेजने का अभियान कडाई से जारी दिखेगा। वही गुरूवार को इलाके मे भी दिन भर पुलिस मुठभेड़ मे अर्न्तजनपदीय बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर लोगों में पुलिसिया कार्रवाई की सराहना भी होती दिखी।

भगवान की कथा समर्पण भाव से सुनना चाहिए-शिवम जी महराज



लालगंज, प्रतापगढ़। अठेहा बाजार में श्रीबालाजी धाम मंदिर के स्थापना दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। स्थापना दिवस में भगवान की कथा का भी श्रद्धालुओ ने आनन्द उठाया। कथाव्यास श्री वृंदावन धाम के शिवम जी महराज ने कहा कि भगवान की कथा समर्पण भाव से सुनना चाहिए। उन्होने कहा कि मनुष्य को अपने आचरण में श्रीराम कथा के सार को निरूपित करना चाहिए। कार्यक्रम में सुनील मिश्र, जगप्रवेश मिश्र, रमेश सोनी, कपिल दुबे, रवि, अनुराग व अमन आदि मौजूद रहे।

डॉ. आम्बेडकर के अपमान के लिए क्षमायाचना के साथ फौरन इस्तीफा दें गृहमंत्री- प्रमोद तिवारी

▶▶राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मोदी सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को चोट पहुंचाने को लेकर किया तगड़ा हमला

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अपमान को लेकर उनसे फौरन देश से सार्वजनिक तौर पर क्षमायाचना और त्याग पत्र की मांग की है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में डॉ. आम्बेडकर के प्रति पूर्वाग्रह एवं अपमान का पूरी तरह से अनैतिक प्रदर्शन किया है। उन्होनें



कहा कि गृह मंत्री का भाषण संसद की कार्रवाई के रिकार्ड पर है ऐसे में देश जानना चाहेगा कि डॉ. आम्बेडकर के प्रति अपमान प्रदर्शित करने के बावजूद गृह मंत्री अभी तक अपने पद पर कैसे बनें हुए हैं। उन्होने पीएम पर निशाना साधा कि वह संवैधानिक संस्थाओ को लगातार कमजोर बना रहे हैं। उन्होने कहा कि संविधान और इसके निर्माताओं के अपमान पर विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार हर जगह तथा हर फोरम पर भय व दहशत का माहौल बनाया करती है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों मे विश्वास नही रह गया है। उन्होने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा संसद मे भी अंदर तथा बाहर संसदीय परम्पराओं व स्वस्थ लोकतंत्र पर आघात पहुंचाने से बाज नही आ रही है। उन्होनें कहा कि भाजपा का चार सौ पार के संसद में बहुमत लेने का एजेण्डा भी वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पर्दाफाश हो उठा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा संविधान संशोधन के जरिए अपने खतरनाक मंसूबे के तहत वन नेशन वन इलेक्शन की जगह वन नेशन वन लीडर का रख रही है। उन्होने कहा कि संसद के किसी भी सदन में संविधान संशोधन के लिए बहुमत न होने के बावजूद उसका यह शिगूफा देश की जनता का मुददो से ध्यान हटाने का गैरजिम्मेदाराना पन है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा सिर्फ नेहरू फोबिया के अवसाद में राष्ट्रीय हितों के प्रति बेपरवाह बने हुए है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार में चौपट हो रही अर्थव्यवस्था के चलते डॉलर के मुकाबले रूपये का रोज कमजोर पड़ना आम आदमी पर मंहगाई की तेज मार साबित हो रही है। यूपी में धार्मिक स्थलों के सर्वे को लेकर प्रतिक्रिया में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि वह केन्द्र स्तर पर एक अलग मंत्रालय का सृजन करे। उन्होने कहा कि देश भर में देखभाल के अभाव में मंदिरो और मस्जिदो तथा गुरूद्वारों को चिन्हित कर सरकार ऐसे मंत्रालय के जरिए सरकारी खर्च पर इनके संरक्षण व रखरखाव का दायित्व निभाये। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

विद्या ज्ञान में चिल्डेऊन पैराडाइज के आठ मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम, खुशी

लालगंज प्रतापगढ। विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा में लालगंज स्थित चिल्डेन पैराडाइज स्कूल के आठ छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। प्रतिभाओं के चयन पर गुरूवार को विद्यालय में खुशी का माहौल दिखा। विद्यार्थियों के चयन पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श मिश्रा ने चयनितछात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इनमें मेधावी कृतिका तिवारी, अनन्या पटेल, अलीशा खान, रौनक करधन, मानवेंद्र पांण्डेय, असद अहमद ,शिवन्या त्रिपाठी, प्रियांशी द्विवेदी को सम्मान दिया गया। वहीं सफल विद्यार्थियों के चयन पर प्रधानाचार्य आदर्श मिश्रा ने विद्यालय के शिक्षक जनक शुक्ला एवं अनिषेक मिश्रा को भी सराहनीय शैक्षिक योगदान के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। समारोह का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य भरत भूषण ओझा ने किया। इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, अनूप मिश्रा, संजीव पाण्डेय, सरिता पाण्डेय, प्रतिभा द्विवेदी, ज्योति शुक्ला, दिव्या सिंह, संगीता सिंह, शिवम पाण्डेये, हर्षित सिंह, अर्पित गुप्ता आदि मौजूद रहे। छात्रों के चयन पर विद्यालय के प्रबंधक विकास मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

आज पुल का लोकार्पण करेंगी विधायक मोना

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार को पुल समेत क्षेत्र में विकास योजनाओं की सौगात सौंपेगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना दिन मे बारह बजे मादामई में लोनी नदी के पुनरोद्धार कार्य का शुभारंभ करेंगी। वही वह पौने एक बजे कौड़ियाडीह में लोनी नदी पर नवनिर्मित पुल का लोकार्पण करेंगी। दिन में ढाई बजे विधायक मोना हिसामपुर में लोगों से मुलाकात करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

संभल में साथी अधिवक्ता की हत्या समेत उत्पीड़न पर गरजे वकील, किया विरोध प्रदर्शन

● लालगंज तहसील गेट पर वकीलों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जताया आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। संभल जिले में साथी अधिवक्ता की हत्या को लेकर गुरूवार को यहां वकीलो ने विरोध प्रदर्शन किया। साथी अधिवक्ता सत्यपाल नेटा की संभल मे गोली मारकर हुई हत्या को लेकर वकीलो ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नेशनल हाइवे से लगे

तहसील गेट पर जमकर नारेबाजी की। वहीं वकीलों के विरोध प्रदर्शन में गाजियाबाद तथा प्रयागराज में साथियों के उत्पीड़न के साथ जिले के उदयपुर एसओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी विरोध का कडा तेवर दिखा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल एवं उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने तहसील परिसर में पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का आक्रोश नेशनल हाइवे से लगे तहसील के मुख्य गेट पर भी देखा गया। आम सभा में आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संभल के बहजोई थाना क्षेत्र में अधिवक्ता सत्यपाल नेटा की बदमाशो ने गोली मारकर बर्बर हत्या कर दी। उन्होने कहा कि प्रयागराज में अधिवक्ता अखिलेश शुक्ल गुडडू व संभल में अधिवक्ता की इस नृशंस हत्या ने कानून व्यवस्था के हालात पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सभा का संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। सभा को राममोहन सिंह, विकास मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, संतोष पाण्डेय, अजय शुक्ल गुडडू, शैलेन्द्र मिश्र ने संबोधित करते हुए उदयपुर एसओ की मनमानी के साथ गाजियाबाद के साथियों के उत्पीडन पर संघर्ष में तेजी का ऐलान किया। इस मौके पर टीपी यादव, विपिन शुक्ल, श्रीश पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, सिंटू मिश्र, दिनेश मिश्र, शेष तिवारी, तपन पाण्डेय, लाल अंकित प्रताप सिंह, शिवरंजन यादव, विनय शुक्ल, गिरिजाकांत द्विवेदी, नीरज सिंह, शैलेन्द्र सिंह बघेल, धीरेन्द्र मिश्र, प्रमोद सिंह, प्रवीण यादव, लाल विनोद प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

संक्षिप्त खबरें

भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री द्वारा किए गए टिप्पणी से आक्रोशित सपाईयों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

कौशाम्बी। डॉ0 भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री द्वारा किए गए टिप्पणी से नाराज सपाइयों ने मुख्यालय स्थित डायट मैदान में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम कौशांबी को सौंपा है।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव ने दिए गए ज्ञापन के हवाले से बताया कि 17 दिसंबर को राज्यसभा में संविधान की चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा पीडीए समाज के महानायक डॉ भीमराव अंबेडकर का नाम लेकर टिप्पणी किया, जिससे अंबेडकर को मानने वाले लोगों को गहरा आघात लगा है। गुरुवार को मुख्यालय स्थित डायट मैदान में दर्जनों सपाइयों ने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक प्रबुद्ध सिंह को सौंपते हुए गृहमंत्री से माफी मांगने व इस्तीफे की मांग की है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव के साथ पप्पू यादव, ऊधौश्याम यादव, मुजाहिद हुसैन जेके यादव, राजू सिंह, विक्रम सिंह, अरुण चौधरी सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहें।

दबंग कुनबे ने हैण्डपंप से पानी भरने के विवाद में दम्पति को पीटा

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के हिंगवाही मजरा सैयद सरावां गांव में गुरुवार की सुबह दबंग ने परिवार संग हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में दम्पति को लाठी- डंडे से पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा थानाक्षेत्र के हिंगवाही मजरा सैयद सरावां गांव की बिट्टन देवी पत्नी करनसिंह के अनुसार गुरुवार की सुबह वह हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान पड़ोसी अपने परिवार के साथ हैंडपंप पर पानी भरने के लिए पहुंच गया।वह पहले पानी भरने को लेकर उसकी बाल्टी को फेंक दिया। साथ ही उसके साथ विवाद कर गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने लाठी- डंडे से उसकी पिटाई करना शुरु कर दिया। उसको बचाने पहुंचे पति करन को भी उन्होंने पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

साहब ग्रामसभा की भूमि पर दबंग कर रहे अवैध कब्जा, शिकायत

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने ग्रामसभा की नवीन परती के नाम सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा कर टीन शेड वगैरह डाल लिया है , गांव के एक व्यक्ति ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर ग्रामसभा की भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के एमावारी निवासी अनीस अहमद पुत्र स्व मो हनीफने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में नवीन परती के नाम सुरक्षित भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर टीन शेड डाल लिया गया है , विरोध करने पर दबंग झगड़े पर आमादा हो जाते है। अनीस अहमद ने नवीन परती की भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है।

युवक ने दिव्यांग किशोरी के साथ बाग में किया दुराचार, शिकायत

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव में बुधवार को शाम खेत की ओर शौच के लिए गयी। किशोरी के साथ एक युवक ने दुराचार किया। शोर मचाने पर उसने किशोरी की पिटाई भी की।साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई।पीड़ित ने मां के साथ थाने जाकर युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि बुधवार की शाम उसकी 14 वर्षीय पुत्री शौच के लिए खेत की ओर गयी थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का एक युवक वहां पहुंचा और उसको पास के महुआ की बाग में घसीट ले गया। किशोरी को पटक कर उसके साथ जबरन दुराचार किया।शोर मचाने पर उसने किशोरी की पिटाई कर दी और साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को रोते हुए आपबीती सुनायी। उसकी आपबीती सुनकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने मां के साथ थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

काट डाले आठ महुआ के हरे पेड़, मुकदमा दर्ज

चायल, कौशाम्बी। तहसील के चौराडीह गांव में वन विभाग की बगैर अनुमति के महुआ के आठ पेड़ काटने पर पुलिस ने बीट इंचार्ज की तहरीर पर लकड़ी माफ़ियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। तहसील क्षेत्र में अधिकतर रात में चोरी से पेड़ों का कटान किया जाता है। चायल बीट इंचार्ज ठाकुरदीन ने बताया कि बुधवार की रात एक बजे मुखबिर से सूचना मिली की चौराडीह गांव के दक्षिण स्थित बाग में हरे पेड़ो का कटान किया जा रहा है। उन्होंने हथिया प्रभारी के साथ मौके पर जाकर देखा तो आठ हरे महुआ के पेड़ो को कटान किया गया था। ग्रामीणों से पूछताछ में बाग मालिक अमन तिवारी का नाम प्रकाश में आया। अमन तिवारी ने बताया कि निमिया सैयद सरांवा निवासी देलेश पुत्र रामचंद्र और संतलाल पुत्र लल्लू ने बीस मजदूरों के साथ आठ हरे महुआ के पेड़ो को कटवा कर उठवा ले गए हैं। मामले में बीट इंचार्ज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

आत्म निर्भर बनाने में विशेष योगदान देने वाली महिला पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

कौशाम्बी। पुलिस कार्यालय के दुर्गा भाभी सभागार में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5 अभियान वर्ष 2024 में शासन के निर्देशों के अनुरूप महिला बीट प्रणाली के अंतर्गत सरकारी कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का अपने बीट क्षेत्र में प्रचार- प्रसार करते हुए महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक करने व आत्म निर्भर बनाने में विशेष योगदान देने वाली महिला पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहें।

अजुहा सभासद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस प्रत्याशी को 56 मतों से हराया

▶▶ पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सिराथू तहसील में सम्पन्न हुई मतगणना

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं आठ में रिक्त हुए सभासद पद के उपचुनाव में मंगलवार को मतदान प्रक्रिया के बाद गुरुवार की सुबह सिराथू तहसील में पुलिस की कड़ी निगरानी में हुई मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। सुबह 08:00 से शुरू हुई मतगणना की प्रक्रिया दो घंटे में समाप्त हो गई। जिसमें तीन प्रत्याशियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी दिनेश बाजपेई को 268 मत प्राप्त हुए , वही कांग्रेस प्रत्याशी विवेक अग्रहरि को 212 व निर्दलीय प्रत्याशी मो जिशान को 165 मत प्राप्त हुए, 43 मत अवैध पाए गए। इस तरह से भाजपा प्रत्याशी दिनेश बाजपेई ने कांग्रेस प्रत्याशी विवेक अग्रहरि को 56 मतों से हराकर वार्ड नं आठ के सभासद चुने गए । मतगणना के दौरान तहसील सभागार को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मतगणना की पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है यहां पुलिस बल के साथ पीएससी जवान भी तैनात किए गए थे । मतगणना सम्पन्न होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने निर्वाचित सभासद को जीत का प्रमाणपत्र दिया। भाजपा प्रत्याशी की जीत की खबर पर अजुहा चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा, करन सिंह रावत सहित मौजूद दर्जनों भाजपाइयों ने माला पहनाकर नवनिर्वाचित सभासद को जीत की बधाई देते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी के विवाद के आपसी सहमति से कराया सुलह समझौता

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी श्यामा नारायण यादव, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल नीतू यादव के माध्यम से काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग के दौरान 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनो

एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे ।परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

खलिहान की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को खाली कराने की मांग एसडीएम से

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने खलिहान के नाम सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा कर टीन शेड वगैरह डाल लिया है, गांव के एक व्यक्ति ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर खलिहान की भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के कूरामुरीदन गांव के समी उल्ला पुत्र हबीब उल्ला ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में खलिहान के नाम सुरक्षित भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर टीन शेड डाल लिया गया है , विरोध करने पर झगड़े पर आमादा हो जाते है। समी उल्ला ने खलिहान की भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है।

बौद्ध सर्किट की सड़क को फोरलेन किए जाने की मांग

▶▶ सदर विधायक ने सदन में उठाया मुद्दा

▶▶ तीन साल पहले सरकार ने सड़क निर्माण की दी थी स्वीकृति

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सूबे में चल रहे विधानसभा सत्र में सदर विधायक ने कौशांबी बौद्ध सर्किट के लिए फोरलेन की मांग की है, इससे पहले भी वह बौद्ध सर्किट को प्रयागराज समेत अन्य जिलों से जुड़ने के लिए फोरलेन की मांग कर चुके है ,दरअसल मौजूदा समय बौद्ध सर्किट को जाने वाली सड़क खस्ताहाल है गड्ढा युक्त इस सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आएदिन हादसे का शिकार होना पड़ रहा है। बता दे कि लखनऊ में चल रहे विधानसभा सत्र में सदर विधायक इंद्रजीत सरोज अपने पुराने रुख पर नजर आए जिले की अव्यवस्था को लेकर जैसे वह पहले अपनी आवाज बुलंद रखते रहे ठीक वैसे ही इस सत्र में भी उनके बुलंद आवाज का शोर सदन में गूंजता रहा, सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने बौद्ध सर्किट को प्रयागराज से जोड़ने वाली सड़क को फोरलेन किए जाने की पुरजोर मांग उठाई है। उन्होंने सदन में कहा कि अब से तीन साल पहले मौजूदा सरकार ने प्रयागराज से कौशांबी बौद्ध सर्किट को फोरलेन से जोड़ने की स्वीकृति दी थी परंतु तीन साल का लम्हा गुजरने के बाद भी फोरलेन सड़क का कार्य नहीं हुआ है जबकि मौजूदा समय की सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है , उन्होंने सदन में पुरजोर तरीके से प्रयागराज को बौद्ध सर्किट से जोड़ने वाली सड़क को फोरलेन किए जाने की मांग की है।

▶▶ आश्रम पद्धति विद्यालय में शिक्षकों की कमी, सदन में उठा मुद्दा

कौशाम्बी। सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में अध्यापकों की कमी का मुद्दा जोरदार उठाया है, उन्होंने सदन में कहा कि इन विद्यालयों में प्रवक्ता एवं एलटी ग्रेड शिक्षकों की कमी होने के कारण छात्रों का अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है जिसके चलते इन विद्यालयो में छात्रों की संख्या निरंतर घटती जा रही है वर्तमान में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की स्थिति अत्यंत चिंता जनक है जिससे छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो रहा है। ऐसे में इन विद्यालयो में शिक्षकों की कमी दूर की जानी बेहद आवश्यक है।

पड़ोसन ने गाली-गलौच का विरोध करने पर महिला को पीटा

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के मलाक नागर गांव की राजकुमारी पत्नी रामसिंह के मुताबिक उसकी बड़ी पुत्री आरती दो दिन पहले मायके आई थी। बुधवार की शाम वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसन वहां पहुंची और पुराने विवाद को लेकर अनायास उसके साथ गाली- गलौज करने लगी। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। चीख पुकार सुन लोगों को आता देख वह उसके पति को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए वहां से चली गई।घायल महिला ने मां के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

बरेली में लेखपाल की हत्या पर आक्रोशित संघ

● सिराथू में लेखपाल संघ ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील कार्यालय में लेखपालों ने बरेली में हुई लेखपाल मनीष कश्यप की निर्मम हत्या और लेखपालों के साथ बढ़ती हिंसा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की संवेदनहीनता की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह को सौंपा गया।

लेखपाल संघ सिराथू के तहसील अध्यक्ष सुनील द्विवेदी ने संघ के साथियों के साथ गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन एसडीएम सिराथू को सौंपा है ।इस दौरान तहसील अध्यक्ष सुनील द्विवेदी ने कहा कि 27 नवंबर को लेखपाल मनीष कश्यप के अपहरण और गायब होने की सूचना पुलिस और अधिकारियों को दी गई, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रशासन की उदासीनता के चलते उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले में प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में लेखपालों ने दोषियों की गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। तहसील मंत्री कमल सिंह ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन की संवेदनहीनता एवं हीलाहवाली के चलते लेखपालों में आक्रोश है। अन्य लेखपालों ने संबोधन में हत्या में शामिल सभी दोषियों की गिरफ्तारी एवं कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने मृतक की माता और पत्नी बच्चों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। लेखपालों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। इस दौरान अध्यक्ष सुनील द्विवेदी के साथ मंत्री कमल सिंह , रवि विश्वकर्मा , वहाज खान , जीत लाल , सुनील श्रीवास्तव , दिलीप कुमार , लवलेश कुमार , मुकेश पटेल सहित अन्य लेखपाल व तहसील कर्मी उपस्थित रहे।

कार सवार बदमाशों ने वार्ड ब्वाय को मारी गोली, हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार स्थित मधुबन कालोनी के समीप कार सवार बदमाशों ने वार्ड ब्वाय को गोली मार दी। गोली सिर को छूते हुए निकल गई। गोली लगते ही वार्ड ब्वाय जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। स्थानीय लोगों ने भागकर उसे उठाया और इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई। मां की तहरीर पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

नगर पंचायत चायल आजाद नगर निवासी सागर रैदास पुत्र रामचंद्र रैदास तिल्हापुर मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में वार्ड ब्वाय है। बुधवार रात वह अस्पताल के समीप मधुबन में घूमने के लिए जा रहा था। इसी दौरान कार सवार बदमाश वहां पहुंचे। आरोप है कि बदमाश सागर से विवाद करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने सागर पर फायर झोंक दिया। गोली सागर के सिर को छूते हुए निकल गई। गोली लगते ही युवक जमीन पर गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

फायर की आवाज सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने घायल को उठाकर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। खोखा बरामद कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। घायल की मां लालती देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर शिवचरन राम का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

कौशाम्बी में बड़े स्तर पर पत्रकार सम्मेलन कराने की बनी रणनीति

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पत्रकारों की एक बैठक भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले बुधवार को आयोजित हुई जहां पत्रकारिता के विषय पर पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया बैठक में सर्वसम्मत से तय हुआ है कि भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले एक बड़े स्तर पर कौशांबी में सम्मेलन कराया जाए समस्त पत्रकारों ने इस बात का समर्थन किया इसके लिए जनवरी महीने का समय निर्धारित किया गया है बैठक के दौरान पत्रकारिता के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई इस मौके पर पत्रकारों ने खबर कवरेज करने के दौरान आने वाली तमाम समस्याओं की चर्चा की और बताया कि सत्य खबर प्रकाशन करने में तमाम दिक्कतों से जूझना पड़ता है। पत्रकारिता का रास्ता बड़ा कठिन हो गया है। इस मौके पर सुशील केसरवानी, सुबोध केसरवानी, गणेश साहू, सुशील मिश्रा, अरविंद कुमार, राजू सक्सेना, विष्णु सोनी, धर्मेंद्र सोनकर, मुन्ना सिंह यादव, उत्तम कुमार मिश्रा, शैलेंद्र कुमार मौर्य, पुष्पेंद्र कुमार तिवारी, नेता अजीत कुशवाहा, रजनीश कुमार, शमसुल हसन, अशोक कुमार मौर्य सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहें।

किसान कल्याण सभागार में सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। किसान कल्याण सभागार मंझनपुर में इफ्को द्वारा सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा-वैज्ञानिक डॉ0 मनोज कुमार सिंह, जिला प्रबंधक पीसीएफ नीतेश कुमार, अपर जिला सहकारी अधिकारी आलोक कुमार सिंह उपस्थित रहे। इफ्को क्षेत्र प्रबंधक योगेंद्र पाल सिंह ने इफ्को नैनो यूरिया प्लस,नैनो डी ए पी के बारे में विस्तार से प्रयोग विधि की संपूर्ण जानकारी दी। अंकित कुमार एजीटी ने इफ्को के उत्पाद सागरिका,जैव उर्वरक,जल विलय उर्वरक एवं बेंटोनाइट सल्फर की प्रयोग विधि और उससे होने वाले लाभ के बारे मे जानकारी दी, इफ्को एम सी से नीरज कुमार सिंह के द्वारा रबी फसलों में लगने वाले खरपतवार,कीट एवं बीमारी के प्रबंध हेतु इफ्को के फसल सुरक्षा रसायनों के बारे मे जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ0 मनोज कुमार सिंह ने अत्यधिक रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से होने वाली हानि के बारे में बताया एवं संतुलित मात्र में उर्वरक प्रयोग पर बल दिया।नैनो उर्वरक के प्रयोग विधि पर जानकारी देते हुए कहा कि नैनो उर्वरक पर्यावरण प्रदूषित नही करते।इससे रासायनिक अवशेषों में कमी आती है। इससे किसानों की खेती से आय मे वृद्धि होती है,इससे फसलें स्वस्थ रहती हैं और गिरने से बचती हैं।नैनो उर्वरक, पोषक तत्वों को धीमी गति से छोड़ते हैं।कार्यक्रम के अंत में इफ्को क्षेत्र प्रबंधक ने बिक्री केंद्र प्रभारियों से शत प्रतिशत पॉस मशीन से बिक्री करने एवं इफ्को के उत्पादों के मार्जिन एवं इनसेंटिव के बारे में अवगत कराया जिससे अपना व्यावसाय बढ़ा सकते है। इस कार्यक्रम में इफ्को एसएफए आशीष कुमार पटेल सहित 45 बिक्री केंद्र प्रभारियो ने प्रतिभाग किया।

65 स्थानों पर दबिश देकर 16 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज के निर्देशों में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी वसमस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना स्तर परगठित टीमों द्वारा 65 स्थानों पर दबिस दी गयी। जहां से 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 226 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी तथा मौके से कुल 8.6 कुंतल लहन नष्ट कराया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित थाने पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सम्पादकीय

कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक

साल 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीडऩ् रोकने का अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया। लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा दिशा-निर्देशों से जाहिर होता है।कार्य स्थलों पर यौन उत्पीडऩ् रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने 27 साल पहले जारी किए थे। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश जारी किए, जिन्हें %विशाखा गाइडलाइन्स' के रूप में जाना जाता है। उन दिशा-निर्देशों की भावना के मुताबिक कानून बनाने में 15 साल लग गए। इस बीच कई सरकारें आई और गई। 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने यह अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया, लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देशों से जाहिर होता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने निर्देश दिया है कि पॉश कानून को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाए।अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर 2024 तक हर जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। यह अधिकारी 31 जनवरी 2025 तक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे पॉश अधिनियम की धारा 26 के तहत सार्वजनिक और निजी संगठनों का सर्वेक्षण करें और मार्च 2025 तक रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, कानून बनने के 11 साल बाद भी ये सारे कदम नहीं उठाए गए हैं।ताजा निर्देश एक याचिका पर आया, जिसमें गुजारिश की गई है कि कोर्ट केंद्र और राज्य सरकारों से पूछे कि क्या सभी मंत्रालयों और विभागों में यौन उत्पीडऩ् के आरोपों की जांच की समिति का गठन हो गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस कानून को पूरे देश में लागू किया जाना है। कोर्ट तीन महीने के भीतर सर्वेक्षण करने और 31 मार्च 2025 तक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दे रहा है। पॉश अधिनियम की धारा 26 में प्रावधान है कि कोई विभाग, मंत्रालय या निजी संगठन अपने यहां जांच समिति का गठन नहीं करता है, तो उस पर 50,000 रु. तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मगर ऐसी समितियां आज तक बनी ही नहीं हैं। यह देश में कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक है।

कुछ भी कहो, सरकारी तंत्र में नही घटा भ्रष्टाचार

अशोक मधुप

केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारे कितना ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करें किंतु सच्चाई इसके वितरीत है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। शायद ही कोई विभाग ऐसा होगा जहां बिना रिश्वत दिए काम हो जाए।सब जगह हालत बहुत खराब है।गैर भाजपा राज्यों की तरह भाजपा शासित राज्यों में भी प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचर का बोलबाला है। सरकारें मौन हैं।देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है।एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप- तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई।जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है।सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय कंपनियों के काम जान बूझ कर रोके जाते हैं और रिश्वत लेने के बाद ही फाइल को मंजूरी दी जाती है। सीसीटीवी कैमरों लगाने से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है। सर्वे में दावा किया गया है कि सीसीटीवी से दूर, बंद दरवाजों के पीछे रिश्वत दी जाती है।रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि सरकारी ई-प्रोक्योरमेंट मार्केटप्लेस जैसी पहल भ्रष्टाचार को कम करने के लिए अच्छे कदम हैं, लेकिन सरकारी विभागों में रिश्वत लेने के रास्ते खुले हुए हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर डेलायट इंडिया के पार्टनर आकाश शर्मा ने कहना है कि बहुत सी कंपनियों को लगता है कि नीतियों और प्रक्रिया के मामलों में थोड़ा पैसा देते रहने नियम कानून के मोर्चे पर कड़ी जांच पड़ताल और जुर्माने से बच जाएंगे। सर्वे में 18,000 कारोबारियों के जवाब को शामिल किया गया है। सर्वे देश के 159 जिलों में हुआ है।व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मो ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, मेट्रोलॉजी, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई। सरकारी विभागों को घूस देने वाले कारोबारियों का प्रतिशत इस प्रकार है।

कानूनी, माप तौल, खाद्य, दवा और स्वास्थ्य विभाग- 75,लेबर और पीएफ विभाग- 69,संपत्ति और भूमि पंजीकरण ङ्क 68,जीएसटी अधिकारी- 62,प्रदूषण विभाग- 59,नगर निगम- 57,इनकम टैक्स- 47,अग्नि शमन- 45,पुलिस- 43,परिवहन- 42,बिजली- 41,आबकारी- 38।ये आंकड़े कुछ भी हों, सच्चाई इससे भी बदतर है। ये बड़े स्तर की बात है।स्थानीय स्तर पर तो हालत इससे भी खराब है।भाजपा शासित प्रदेश वाले राज्यों में तो सपा ल्रबसपा शासन काल में जहां गलत काम एक हजार रूपये में हो जाता था, अब भाजपा शासन में गलत काम तो होता ही नही ,सही काम कराने के भी एक हजार की जगह बीस हजार रूपये दिए जाते हैं।बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन करिये। ये बहुत छोटा काम है, किंतु बिजली इंस्पैक्टर को रिश्वत दिए कनेक्शन स्वीकृत नही होगा।बिजली की फीटिंग किसी से भी कराएं किंतु बिजली विभाग के अधिकृत ठेकेदार से बिजली फीटिंग का प्रमाणापत्र लेना होता है। यही ठेकेदार बिजली इंस्पैक्टर का भाग भी आपसे ले लेता है। रजिस्ट्रार आफिस में धड़ल्ले से बैनामे की राशि का दो प्रतिशत वसूला जाता है। यह राशि अधिकारी सीधे नही लेते ।

बैनामा लिखने वाला कातिब लेता है। शाम को बैठकर आराम से दिन भर का लेन ल्रदेन हो जाता है।एनओसी देने वाले विभागों की तो हालत और भी खराब है। फायर विभाग के अधिकारियों ने तो अपने ठेकेदार रख लिए हैं। अग्नि सुरक्षा का सारा काम ये ही कराते हैं।इसके बाद भी एनओसी साइन करने के लिए लाखों रूपया वसूला जाता है। और तो और अग्निशमन अधिकारी एनओसी देने से पहले फायर उपकरण अपने चहेते ठेकेदार से सप्लाई कराते हैं। स्थानीय निकाय में निर्माण कार्यो में 45 से 55 प्रतिशत सरे आम कमीशन लिया जा रहा है।केंद्र और प्रदेश सरकार के आदेश हैं कि सरकारी खरीद जेम पार्टल से हो।इसका भी रास्ता निकल गया। कंपनी के एजेंट अधिकारियों से मिलते हैं। कमीशन तै होता है। अधिकारी अपना जैम पोर्टल का पासवर्डकंपनी के एजेंट को बता देते हैं। एजेंट पासवर्ड लेकर जैम पार्टल से ही अपनी फर्म से खरीदारी करता है। सामान के रेट में अधिकारियों का कमीशन जुड़ जाता है।सब वैसे ही चल रहा है। कहीं कुछ नही बदला। सरकार भ्रष्टाचार रोकने को आदेश बाद में करती है । अधिकारी और सप्लायर रास्ता पहले निकाल लेतें हैं। उत्तर प्रदेश में आदेश हो गए कि सामन प्रदेश स्तर से खरीदा जाएगा। अब काम और भी सरल हो गया। पहले जिलों में अधिकारियों से संपर्क कर माल सप्लाई होता था। अब अकेले प्रदेश स्तर में ही जुगाड़ करना पड़ता है।

इसी का कारण है कि जिलों के अस्पतालों में वितरण के लिए वे दवाई आती हैं, जिनकी एक्सपायर डेट नजदीक होती है। दवा आने के साथ ही आदेश आते हैं कि दवा की एक्सपायर डेट नजदीक है।जल्दी बांटकर दवा खत्म करो।सरकारी अस्पतालों में मरीजों को घटिया क्वालिटी के भेजन वितरण की शिकायत आम बात हैं किंतु कुछ होता नहीं।लेखक एक दिन दूधिए से बात कर रहा था।लेखक ने दूधिए से पूछा कि किसी को कुछ देना तो नही पड़ता। उसने कहा कि तीन इंस्पैक्टर हैं। दो प्रतिमाह 1500ल्र 1500 रूपये लेते हैं। और तीसरा दो हजार। मैंने पूछा कितने दूधिए हैं। उसनें कहा कि बिजनौर जैसे छोटे शहर में तीन हजार दूधिए दूध सप्लाई करते हैं।पास्पोर्ट के आवेदन के वेरीफिकेशन के लिए पुलिस और एलआइयू में जाकर देखिए।ऐसे ही पुलिस में चरित्र की जांच के लिए जाइए। बिना लिए ल्रदिए कुछ नही होगा।भ्रषटाचार की इससे बड़ी सीमा क्या होगी, कि अधिकारियों ने राइफल एसोसिएशन के नाम पर शास्त्रों के लांइसैंस बनाने पर 10 से 30 हजार रूपये तक कुछ जगह वसूलने शुरू कर दिए।शस्त्र नवीनीकरण पर तो शुल्क एसोसिएशन शुल्क लंबे समय से लिया जा रहा है । इस एसोसिएशन में जमा धन का न कोई हिसाब है न ही कोई आडिट। ऐसे ही जनपद के नाम पर कल्याण समिति बना ली ।हैसियत और वारिसैन बनवाने आने वालों से बड़ी रकम वसूलनी शुरू कर दी।ये रकम अधिकारियों के ऐशल्र और आराम पर खर्च होने लगी।अधिकारियों की कोठी में थोक में एयर कंडीशन लगने लगे। कोठियों की राजाओं जैसी सजावट होने लगी। अलगल्र अलग जगह अलग ल्रअलग तरह के रास्ते निकाल लिए।पुराने लोग कहते हैं कि भ्रष्टाचर ऊपर से नीचे जाता है, किंतु अब ऐसा नही है। अब ऊपर की न शिकायते मिलती हैं न चर्चाएं किंतु नीचे तो सब और लूट के द्वार खुलें हैं। कहीं भी जाइए।**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

सरोकार

अमित शाह द्वारा कांग्रेस को दिखाएं आईने को तोड़ मरोड़ कर पेश करने का झूठ पकड़ा गया

अशोक भाटिया

कांग्रेस पार्टी और उसके कुछ नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुछ वीडियो क्लिप साझा करने पर बुधवार को ङ्क से नोटिस मिला। विपक्षी सूत्रों ने कहा कि ङ्क (पहले ञ्2द्बह्लह्लद्गह्म्) की चिट्ठी में गृह मंत्रालय (रूद्ध) के साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से मिले नोटिस का हवाला दिया गया है । इसमें उनके द्वारा शेयर की गई सामग्री को भारत के कानून का कथित तौर पर उल्लंघन करने वाला करार देते हुए हटाने को कहा गया है। एक्स ने नोटिस जारी तब किया, जब भाजपा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस राज्यसभा में बीआर आंबेडकर के बारे में अमित शाह के भाषण के संपादित वीडियो शेयर कर रही है। सूत्रों ने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुरोध पर कांग्रेस के हैंडल को नोटिस जारी किया गया था। कांग्रेस द्वारा अमित शाह के भाषण की एक क्लिप साझा करने के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था, जिसमें उन पर भारतीय संविधान के निर्माता बीआर अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया गया था। भाजपा ने जवाबी हमला किया, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आरोपों का जवाब देने के लिए कदम उठाया उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा संविधान को बदलने का इरादा रखती है, उन्होंने अमित शाह से माफी की मांग की थी । मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी अमित शाह से माफी की मांग की थी।भाजपा और अमित शाह ने कांग्रेस के आरोपों का कड़ा विरोध किया, जिसमें वीडियो क्लिप में हेराफेरी का आरोप लगाया गया। गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि भाजपा सभी कानूनी विकल्पों की जांच करेगी। संसद के अंदर और बाहर जो भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, सभी संभावनाओं पर विचार किया जाएगा।कांग्रेस ने अपनी पुरानी चालें चलीं और गलत तथ्य पेश करके समाज को गुमराह करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वह ऐसी पार्टी से आते हैं जो कभी आंबेडकर का अपमान नहीं करेगी। गौरतलब है कि राज्यसभा में एक दिन पहले मंगलवार (17 दिसंबर) को संविधान पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने भीम राव अंबेडकर को लेकर बयान दिया था , जिसे लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा मचा रखा है। बुधवार को संसद के अंदर से लेकर बाहर तक विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान

संविधान निर्माता बाबा साहेब का अपमान किया है।वहीं अब अमित शाह की अंबेडकर संबंधी टिप्पणी पर विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री मोदी एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस को जमकर घेरा। साथ ही कहा कि अमित शाह ने राज्यसभा में अंबेडकर का अपमान करने के कांग्रेस पार्टी के काले इतिहास को उजागर किया है।अंबेडकर को लेकर कांग्रेस के हंगामे पर प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि अगर कांग्रेस और उसका सड़ा हुआ इकोसिस्टम यह सोचता है कि उनके दुर्भावनापूर्ण झूठ उनके कई वर्षों के कुकर्मों, खासकर डॉ। अंबेडकर के प्रति उनके अपमान को छिपा सकते हैं, तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं! भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ। अंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी/एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है।भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ अंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी/एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर अंबेडकर को भारत रत्न देने से इनकार करने और संसद के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र को जगह न देने का आरोप लगाया।

अमित शाह ने कांग्रेस के बारे में बोलते हुए कहा था कि वह बार बार संविधान का हवाला देती है पहले वह खुद्कों आईने में देखे । कांग्रेस ने संविधान में बोलने की आजादी कम करने का संशोधन किया, मौलिक अधिकारों में कटौती का संशोधन किया, चुनाव हारने की आशंका के कारण विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाने का संशोधन किया, अपनी कुर्सी बचाने के लिए प्रधानमंत्री के कामों की न्यायिक जांच पर रोक लगाने का संशोधन किया, जबकि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ÷एक देश एक टैक्स÷ के लिए संविधान में संशोधन किया, पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए संशोधन किया, गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संशोधन किया। अमित शाह ने कहा कि ये सारे उदाहरण देखने के बाद कोई भी समझ सकता है कि संविधान को लेकर कांग्रेस की मंशा और नरेन्द्र मोदी की नीयत में क्या फर्क है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस अपनी पुरानी मानसिकता से उबर नहीं पाई है, आज भी वो सामान नागरिक संहिता का विरोध कर रही है लेकिन भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से कॉमन सिविल कोड सभी राज्यों में लाएगी।ये अमित शाह का कांग्रेस पर अब तक का सबसे करारा हमला था क्योंकि भाजपा इन्हीं तीन बातों के आधार पर अपने आप को कांग्रेस से अलग बताती है। अमित शाह ने दूसरा काम ये किया कि उदाहरण देकर, तुलना करके ये बताया कि कांग्रेस ने जब जब संविधान में संशोधन किए तो उसका उद्देश्य कुर्सी बचाना था और जब जब मोदी सरकार ने संशोधन किए तो मकसद गरीबों और पिछड़ों को ज्यादा अधिकार देने का था। अमित शाह ने जो उदाहरण दिए, उन्हें समझने की जरूरत है। अमित शाह ने गिनाया कि कांग्रेस ने संविधान में जो संशोधन किए, वो अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगाने के लिए थे, आम नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनने के लिए थे। अमित शाह की ये बात सही है और इमरजेंसी के काले दिन इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं।संविधान को लेकर भाजपा पर तीन तरह के आरोप लगाए जाते हैं। अमित शाह ने इन तीनों का जवाब दिया। एक तो राहुल गांधी बार बार संविधान की कॉपी लहराकर कहते हैं कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है, आरक्षण को खत्म करना चाहती है। अमित शाह ने एक के बाद एक कई उदाहरण गिनाए, बताया कि मोदी सरकार ने पिछड़ों और गरीबों को अधिकार देने के लिए संविधान में कैसे बदलाव किया। दूसरा आरोप ये लगता है कि भाजपा वोट बैंक की राजनीति करती है, मुसलमानों को परेशान करती है। इसके जवाब में अमित शाह ने शाह बानो केस और तीन तलाक कानून का उदाहरण दिया। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने मुस्लिम महिलाओं का हक़ छीना और भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं को उनका हक़ दिलाया, तीन तलाक से मुक्ति दिलाई।तीसरा आरोप भाजपा पर ये लगाया जाता है कि वो श्वङ्क्रूमें गड़बड़ी करके चुनाव जीतती है। इसका भी अमित शाह ने स्पष्ट जवाब दिया। अमित शाह ने उदाहरण देकर पूछा, एक ही दिन में दो राज्यों के चुनाव के नतीजे आए, महाराष्ट्र में श्वङ्क्रू खराब और झारखंड में श्वङ्क्रू अच्छी कैसे हो सकती है? हालांकि अमित शाह के जवाब के बाद भी विपक्ष के नेता ये मुद्दा छोड़ेगें नहीं क्योंकि मंगलवार को ही उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस की सरकार को श्वङ्क्रू की सरकार कह दिया।इन सब आरोप प्रत्यारोप के बाद कांग्रेस को पहले अपना चेहरा आईने में देखना चाहिए ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

समसामायिक

विपक्षी एलायंस को जिंदा रखने राहुल को डिस्क्रेडिट करो

हरिशंकर व्यास

यदि राहुल गांधी राजनीति से रिटायर हो जाएं, विदेश जा कर बस जाएं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी चैन की वह सांस लेंगे, जिसकी हम-आप कल्पना नहीं कर सकते हैं। इसलिए मोदीजी के भारत को आज चाहिए राहुल व सोनिया गांधी की कुरबानी। इसलिए क्योंकि राहुल को मोदी, अडानी न खरीद सकते हैं और न बोलने से रोक सकते हैं। जबकि सोनिया गांधी इसलिए समस्या हैं क्योंकि वह पुत्रमोह में हैं और इसके चलते वे उनसे कांग्रेस की कमान नहीं लेती हैं तो जिद्दी राहुल को बोलने से रोक भी नहीं सकतीं !यही वह सत्व-तत्व है, जिस पर यह राजनीति है, प्रायोजित मीडिया से हल्ला है कि %इंडिया' ब्लॉक की लीडरशीप के लायक कांग्रेस नहीं है। इसलिए ममता बनर्जी %इंडिया' ब्लॉक की नेता बने। नैरेटिव बनाया जा रहा है कि कांग्रेस को लेकर परस्पेशन डाउन है तो विपक्ष के एलायंस को बचना है तो किसी दूसरी पार्टी का नेता %इंडिया' ब्लॉक की लीडरशीप संभाले। जाहिर है राहुल गांधी को डिस्क्रेडिट करो, उसे हाशिए में रखो ताकि विपक्षी एलायंस जिंदा रह सके !इस तरह की राजनीति को मैं जनता पार्टी याकि मोरारजी देसाई, चरण सिंह, मधु लिमये, राजानारायण के समय से देखता आ रहा हूं। धीरूभाई अंबानी के दिनों में वीपी सिंह, देवीलाल, शरद यादव के राज में थी। अंबानी के समय %चांदी की जूतियों' का जुमला था। लेकिन तब और अब का फर्क यह है कि इन दिनों सेठ ही सरकार है और %नोटों से भरे कंटेनरों' से चुनाव जैसे जुमले हैं। इतिहास की कथाओं, दंतकथाओं का यह सत्य है, जो दिल्ली में मुगल दरबार और अंग्रेजों से नेहरू के समय तक भारत के धनपति या जगत सेठ नजराना पेश कर सकते थे लेकिन वे शासन चलाने की औकात नहीं रखते थे। अंग्रेजों ने लूटा लेकिन देशी सेठों के भ्रष्टाचार पर मोहर नहीं लगाई। टाटा-बिड़ला, अपनी उद्यमशीलता में बने थे और इनकी कंपनियां अंग्रेज कंपनियों से कंपीट करते हुए थीं। बिड़ला में हिम्मत थी जो गांधी को अपने घर में ठहराते थे। उन्हें चंदा देते थे !क्या आज किसी भारतीय सेठ की हिम्मत है जो सरकार के नंबर एक विरोधी राहुल गांधी को बुलाए, ठहराए। वह पहले नरेंद्र मोदी से मिल कर अनुमति लेगा। तब शादी में आमंत्रित करने की हिम्मत कर सकेगा।जाहिर है राहुल गांधी की वह निडरता व फकीरी है जो अपने हाल में राजनीति करते हुए है। भले पार्टी भूखे मरे या कड़की में रहे! ईमानदारी से सोचें, पिछले दस वर्षो की राजनीति तथा मोदी-अडानी के वर्चस्व में विपक्षी नेताओं के व्यवहार का लब्बोलुआब निकालें तो क्या निकलेगा? क्या यह नहीं कि सरकार का विरोध तो राहुल गांधी से ही है। यदि मोदी ने सत्ता का पहाड़ अपनी ऊंगली पर उठाया हुआ है तो राहुल गांधी की ऊंगली पर विपक्ष का पहाड़ है। राहुल गांधी ही वह बला हैं, जिससे राफेल से अडानी तक का मसला घर-घर पहुंचा है। और यह इसी सप्ताह भाजपा के फ्रांसीसी मीडिया समूह %मीडिया पार्ट' के हवाले आरोप से मालूम हुआ कि यह वेबसाइट राफेल के पीछे अभी भी पड़ी हुई है। भाजपा ने इसके हवाले जो आरोप लगाए उन पर %मीडिया पार्ट' ने उलटे यह बयान दिया है कि भाजपा झूठ बोल रही है। उसके दावे गलत हैं तथा अब यह एक स्थापित तथ्य है कि मोदी सरकार 36 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद संबंधी भ्रष्टाचार के मामले को हर कीमत पर दफन करने की कोशिश कर रही है। फ्रांसीसी न्यायिक जांच में बाधक रही है। मतलब यह कि फ्रांस में मामला खत्म नहीं, बल्कि घसीटते हुए अभी भी जिंदा है।ये सारे बवाल खत्म हो जाएं बशर्ते राहुल गांधी राजनीति छोड़ दें। राहुल की आवाज मौन हो जाए।मुझे नहीं लगता ममता बनर्जी या शरद पवार या एक्सवाईजेड दूसरा कोई नेता %इंडिया' ब्लॉक का चेयरमेन बना तो राहुल गांधी का बोलना बंद होगा। मगर हां, यह संभव है कि ममता बनर्जी की अध्यक्षता में अखिलेश, लालू यादव, शरद पवार सब मिल कर कोलकाता या मुंबई में अपने मंच पर गौतम अडानी का अभिनंदन समारोह करें। विपक्ष नरेंद्र मोदी से अपील करे कि भारत की वैश्विक ख्याति में योगदान के लिए गौतम अडानी को उन्हें भारत रत्न देना चाहिए।

राशिफल

मेष	आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्य योजना में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा परिणाम मिलेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा, फिलहाल आपकी इनकम पहले जैसी ही रहेगी । नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।
वृष	आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है।आज ऑफिस में अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा। आज अति आत्मविश्वास के वजाय सोच समझ कर कार्यो को शुरू करें।आज आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे, परिवार के सभी सदस्य मिल-जुल कर गेम्स खेलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, साथ ही खर्चा भी कम रहेगा।
मिथुन	आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज पारिवारिक संपत्ति सम्बन्धी समस्या सुलझ सकता है, जिसमें वरिष्ठ सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। आज स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आज खर्चों की अधिकता की वजह से कुछ उलझन में रहेंगे। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें।
कर्क	आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर आज आप ध्यान देंगे। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है।
सिंह	आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप तथा मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आपको अच्छा फील होगा।
कन्या	आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है।आज इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर किसी प्रकार का महत्वपूर्ण निर्णय न ले। माता-पिता बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की यात्रा करते समय सावधानी बरते।
तुला	आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज ना करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।
वश्चिक	आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में रहेगा।आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के लिए ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे।
धनु	आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके लिए दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति बनी रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। अगर कोर्ट में प्रॉपर्टी संबंधित मुकदमा चल रहा है तो आज उसका फैसला आपके पक्ष में आएगा।
मकर	आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे।आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।
कुम्भ	आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा। नए कार्य की शुरुआत करने में किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।
मीन	आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आज व्यापार में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। किसी विपरीत परिस्थिति में घबराने के वजय उसका समाधान ढूंढने का प्रयास करेगे तो सब ठीक हो जायेगा।

पहला प्यार

बहुत मशहूर था किस्सा हमारा
बहुत ही प्यार था गहरा हमारा
बिछड़कर वो भी रोये हम भी रोये
तभी से तल्ख़ है लहज़ा हमारा
जहां जाना है पहुंचेंगे वहां पर
ज़माने, लाख कर पहरा हमारा
किनारे जिसके मिलते थे कभी हम
गया है सूख वो! दरिया हमारा
न जानें याद क्यों आने लगा है
कभी जो प्यार था पहला हमारा।

दिव्या सिंह सिसोदिया
लखनऊ

चिलबिला हनुमान मंदिर पर दुल्हन और दहेज फिल्म की हुई शूटिंग

▶▶काजल राघवानी सहित भोजपुरी के कई कलाकारों का रहा जमावड़ा

▶▶अतिथियों व फिल्मी कलाकारों का समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। चिलबिला हनुमान मंदिर पर चल रही दुल्हन और दहेज की शूटिंग का उद्घाटन अखिल भारतीय पंचायत परिषद के अध्यक्ष नीतीश कुमार द्विवेदी, हरिओम शुक्ला पी आर ओ राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय योगी सेना, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने संयुक्त रूप से किया।इस फिल्म की मुख्य एक्टर काजल राघवानी, मनोज टाइगर, आनंद ओझा आदि हैं। फिल्म के डायरेक्टर मृदुल ठाकुर, निर्माता संदीप सिंह है।समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी अतिथियों व फिल्म के कलाकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह फिल्म दुल्हन और दहेज एक पारिवारिक फिल्म है। इस फिल्म में दहेज की प्रथा को दूर करने का संदेश दिया गया है।उद्घाटन के मुख्य अतिथि पंचायत परिषद के अध्यक्ष नितिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि निर्देशक मृदुल ठाकुर ने भोजपुरी में 50 फिल्में बनाकर एक बड़ा मुकाम भोजपुरी सिनेमा में हासिल किया है। उनकी ज्यादातर फिल्मों में काजल राघवानी ने अभिनय करके फिल्मों को ऊंचाइयां प्रदान की है। यह फिल्म भी सुपरहिट होकर समाज में संदेश देगी।सभी अतिथियों का आभार जताते हुए निर्देशक मृदुल ठाकुर ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चार फिल्में बनाई जा चुकी है। पांचवी फिल्म की शूटिंग आज प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर फिल्म की शूटिंग देखने के लिए हजारों की भीड़ मंदिर परिसर में उपस्थित रही।

फिल्मी कलाकारों में संतोष श्रीवास्तव, प्रेम दुबे, ललित उपाध्याय, शनि महाराज, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, रिंतू पांडे, निशा तिवारी, संगीता राय, कौशल शर्मा, सुजीत सार्थक, सनी शर्मा, पारुल, प्रिया, आदर्श यादव और बाल कलाकार बेबी लाडो, गुड़िया पांडे, रागनी संध्या आदि रहे

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

बिहार प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र अन्तर्गत माली का पुरवा पेट्रोल टंकी के पास एक नवनिर्माणाधीन घर में फांसी के फंदे से लटकते युवक का शव होने की खबर से हड़कम्प मच गया।मामले की जानकारी होते ही सैकड़ों की संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच गये।इस दौरान घटना की सूचना पर डायल 112 व बाघराय थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार समेत उपनिरीक्षक जिलेदार पाल मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंच गए।फांसी के फंदे से लटके मृतक युवक के शव की पहचान आशीष जायसवाल उर्फ आशिक पुत्र बरल सेठ निवासी बाघराय सुंदरगंज बाजार के रूप में की गयी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा आदि वैधानिक प्रक्रिया के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगों की मानें तो अभी हाल ही में उक्त मृत युवक की शादी हुई थी।पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक बीमारी से परेशान था,जिसका भी इलाज चल रहा था।ऐसी घटना का तनिक भी अनुमान किसी को नही था।

मान्धाता के प्राथमिक विद्यालयो का डायट प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया परीक्षण

▶▶शिक्षक ही समाज की दशा एवं दिशा करता है तय-प्रभाकर यादव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। निपुण मिशन के अंतर्गत महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के आदेशानुसार पूरे प्रदेश मे कक्षा एक व दो के छात्रों की शिक्षा के गुणवत्ता का परीक्षण डायट के प्रशिक्षुओं द्वारा किया जा रहा है। उसी क्रम में उप शिक्षा निदेशक /डायट प्राचार्य के निर्देश पर डायट की प्रशिक्षुओं द्वारा प्रतापगढ़ मे भी निपुण लक्ष्य ऐप पर एसेसमेंट का कार्य आज दूसरे दिन भी तीन टीम बनाकर छह प्रशिक्षुओ कु साक्षी मौर्या. पूनम यादव. उत्कर्षनी. पूजा पाल मधू. मधुबाला द्वारा प्राथमिक विद्यालय हर्षपुर प्राथमिक विद्यालय सरायमुरार सिंह, प्राथमिक विद्यालय खजोहरी, प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर. प्राथमिक विद्यालय पर्वत पुर, प्राथमिक विद्यालय खुर्दहा वि क्षे मान्धाता के प्रा वि विश्वनाथगंज के छात्र /छात्राओं का मोबाइल से निपुण ऐप पर एक एक छात्रों का एसेसमेंट /परीक्षण किया। सभी बच्चे सहित सभी विद्यालय निपुण पाये गये। प्रशिक्षुओ के निष्पक्षता तथा कर्तव्य निष्ठा से प्रभावित होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी मान्धाता प्रभाकर यादव ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन और प्रोत्साहित किया। साथ ही निपुण विद्यालयों के सभी शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की दशा और दिशा तय करते हैं। सरकार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर ही पूरे विकास क्षेत्र को निपुण ब्लाक बनाने का लक्ष्य पूरा कर देश और प्रदेश मे विकास क्षेत्र मान बढाने में सफल होगे। साथ ही भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करगे। एसेसमेंट /परीक्षण के दौरान डायट के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार यादव ने भ्रमण के दौरान निपुण विद्यालयो के शिक्षकों को मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया और कहा कि डायट पर सभी निपुण विद्यालयो के शिक्षकों और ए आर पी को सामूहिक रूप से सम्मानित करके प्रशस्ति पत्र डायट प्राचार्य /उपनिदेशक द्वारा दिया जायेगा। इस दौरान एस आर जी आशुतोष निर्मल राजेश प्रताप सिंह ए.आर.पी रिजवान ए आर पी वीरेन्द्र कुमार ए आर पी सत्यजीत सिंह ए.आर.पी कौशल प्रताप सिंह ए.आर.पी और विभाग के अधिकारी भी भ्रमण पर रहे।

राष्ट्रीय जूनियर लॉन्ग जंप में बेल्हा के लाल ने जीता रजत

अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज में हुआ सम्मान भुवनेश्वर में आयोजित हुई थी राष्ट्रीय जूनियर नेशनल प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है समय पर उन्हें तराशने की और मंच मिलने की। ऐसे ही जिले के खिलाड़ी मो. तौसीफ हैं। जिन्होंने अपनी काबिलियत के बूते उड़ीसा के भुवनेश्वर में हुई जूनियर अंडर 20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर समूचे जनपद को गौरवान्वित किया है। पदक जीतकर आने पर गुरुवार को अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक वजीर हसन ने कहा कि तौसीफ ने जिस तरीके से आर्थिक तंगी से जूझते हुए मेडल जीतकर देश और जिले का सम्मान बढ़ाया है उससे खिलाड़ियों को सीख लेनी चाहिए। समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता ने कहा कि तौसीफ पिछले चार सालों से स्टेडियम में एथलीट के कोच शोभनाथ यादव से प्रशिक्षण ले रहे हैं। शोभनाथ ने बताया कि तौसीफ ने हाल ही में सात, आठ दिसंबर को भुनेश्वर में हुई राष्ट्रीय लॉन्ग जंप चैंपियनशिप में 7.39 मीटर की छलांग लगाई और रजत पदक जीता। इसके पहले महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी कांस्य पदक जीत चुका है। तौसीफ रानीगंज के गनईडीह का रहने वाला है। महावीर इंटर कालेज में क्लास ग्यारह का छात्र है। पिता मो. शफीक ड्राइवर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर तिवारी ने की। संचालन फहीमुद्दीन ने किया। प्रिंसिपल आजाद अहमद ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विजय, राजकुमार, जैनुल, दिलगीर, शादाब और मनोज शर्मा समेत कई टीचर मौजूद थे।

युवक को पीटने एवं बाइक तोड़ने में सात नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के काजीपुर कुसेमर गांव निवासी सूर्या प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 16 दिसम्बर को शाम करीब छह बजे कुसेमर बाजार गया था। उसी समय पड़ोसी गांव मीरापुर के कुछ लोग पहुंचे और उसे लाठी से पीटने लगे। उसकी चीख सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई अरविन्द सिंह को भी पीटा और उसकी बाइक तोड़ दी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीड़ित सूर्या प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने संदीप कुमार द्विवेदी, अजय कुमार द्विवेदी, विपिन कुमार द्विवेदी, ज्ञानेश चन्द्र द्विवेदी निवासी मीरापुर को नामजद करते हुए तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जाड़े के मौसम में बढ़ीं त्वचा की बीमारियां, बरतें सावधानियां

▶▶एलर्जी के कारण सूखी होकर फटने लगती है स्किन

▶▶ओपीडी में पचास प्रतिशत आते हैं स्किन के रोगी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जाड़े में स्किन सूखी हो जाती है जिससे उसके फटने के संभावना बढ़ जाती है। इस मौसम में बदन पर लाल और काले रंग के चकत्ते हो जाते हैं। जिसमें खुजली होती है। ऐसा अंदरूनी एलर्जी के कारण भी होता है। जिसका समय पर इलाज न करने पर बीमारी बढ़ सकती है। इस समय राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इस तरह के स्किन के रोगियों की भरमार हो गई है। जिसमें खुजली के रोगी अधिक हैं। जाड़े में अमूमन लोगों की स्किन ड्राई होती हैं। हालांकि डाक्टरों का दावा है कि सभी के साथ ऐसा नहीं होता है। जिनकी स्किन ड्राई होती हैं उन्हें जाड़े के मौसम में चर्म रोगी होने की संभावना बढ़ जाती है।

जो काफी तकलीफ देती हैं। ओपीडी में इन दिनों आने वाले मरीजों में खासकर छोटे बच्चे इस बीमारी से ज्यादा प्रभावित हैं। जो जन्म से ड्राई स्किन से प्रभावित रहते हैं।

यह सूखापन अंदरूनी एलर्जी की वजह से होता है। इन सब बीमारियों में घरेलू नुस्खे अपनाने की बजाय डाक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

▶▶नीम करती है नुकसान

जो लोग खुजली इत्यादि होने पर नीम की छाल या पत्ती का इस्तेमाल करते हैं उन्हें सावधान और जागरूक रहने की जरूरत है। क्योंकि नीम फायदे की जगह नुकसान करती है। डाक्टरों की राय में नीम के इस्तेमाल से त्वचा के वे बैक्टीरिया मर जाते हैं जो लाभदायक होते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल मरीज को नहीं करना चाहिए।

▶▶कठोर साबुन का उपयोग न करें

स्किन रोगियों को कड़े यानी हार्ड साबुन के इस्तेमाल से बचना चाहिए। इनकी रगड़ से सूखी स्किन के छिलने की संभावना रहती है द्य

▶▶जाड़े भर त्वचा को नम रखें

जिनकी त्वचा सूखी है वे उसे नम बनाए रखें। इसके लिए नारियल का तेल भी फायदेमंद है। इसके अलावा तमाम तरह के बॉडी लोशन मार्केट में हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल डाक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

क्या कहते हैं डाक्टर

जाड़े में स्किन सूखी हो जाती है। खुजली की बीमारी बढ़ जाती है।नीम इत्यादि के इस्तेमाल से मरीज को बचना चाहिए। बॉडी लोशन और दवा का इस्तेमाल डाक्टर के सलाह से करना चाहिए। वरना हानिकारक हो सकता है। सफेद रंग के साबुन का उपयोग करना चाहिए।

डॉ. आरजू मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर
स्किन रोग विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज

रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।आज रोडवेज कार्यालय के परिसर में रोडवेज कर्मचारी संघ परिषदके प्रांतीय अध्यक्ष क्षेत्रीय मंत्री सुरेश पांडे की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने रोडवेज के निजीकरण के विरोध एवं संविदा कर्मचारियों को बाहर करके ठेकेदारी प्रथा को लागू करने के साथ अपनी अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश पांडे ने कहा कि यदि हमारी मांगों को सरकार नहीं मानती तो मजबूरन हम अपने सैकड़ो कर्मचारियों साथियों के साथ 7 जनवरी 25 को क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज के कार्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इसके बाद जिलाधिकारी, एआरएम प्रतापगढ़ एवं क्षेत्रीय सचिव को ज्ञापन सोपा गया। अध्यक्षता सुरेश पांडे एवं संचालन शिवाकांत मिश्राने किया। इस दौरान धरने में सुरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष राज कर्मचारी संयुक्त परिषद रामेश्वर शर्मा दिनेश प्रजापति शाखा मंत्री लालगंज रवि मिश्रा मनोज शुक्ला रामदीन पटेल रत्नाकर त्रिपाठीआदि रहे ।

मौत को दावत दे रहा एन एच पर लगा विद्युत ट्रांसफार्मर

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के बाघराय सुंदरगंज बाजार में स्थित बड़ौदा यूपी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बिल्कुल सामने से बाघराय बाजार से होकर गुजर रहे एन एच (नेशनल हाईवे)राम वन गमन मार्ग पर ही विद्युत ट्रांसफार्मर बिना प्लिंथ के व आबादी के बीचोबीच ही रखा हुआ है,जो लगातार खतरे को दावत दे रहा है। इसके बाबत विद्युत विभाग व एन एच विभाग दोनों ही अपनी जवाबदेही से कतराते दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे में यदि कभी भी दुर्भाग्य वश कोई अप्रिय घटना होती है,तो इसका कौन जिम्मेदार होगा।जबकि विद्युत विभाग के दिशा निर्देशानुसार सामान्य विद्युत ट्रांसफार्मर आबादी से दूर ही स्थापित किया जाता है, यहां पर तो यह बड़ा ट्रांसफार्मर है। बड़े ट्रांसफार्मर के लिए लगभग साढ़े तीन फीट का ईंट के बने प्लिंथ की आवश्यकता होती है,और इसी प्लिंथ पर आबादी से दूर ऊंचाई पर कंटीले तार आदि की बाड़ लगाकर सुरक्षित करते हुए स्थापित किया जाता है,जिससे कि जानवरों व इंसानों को किसी भी प्रकार से होने वाली क्षति से बचाया जा सके।इन सब के बावजूद यह ट्रांसफार्मर बाजार के बीचोबीच एन एच की सड़क पर रखा हुआ है। जबकि यह बाघराय बाजार का भीड़भाड़ वाला इलाका है व बैंक होने की वजह से भी यहां पर दिन भर लोगों की भारी भीड़ होती है।

इससे सट कर बाघराय सुंदरगंज में साप्ताहिक बाजार भी लगती है,जिसमें हजारों की संख्या में भीड़ होती है। ऐसी स्थिति में कभी भी किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि जब इस संबंध में पावर हाउस बाघराय के स्थानीय विद्युत कर्मियों से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि जब यह ट्रांसफार्मर यहां रखा गया था,उस समय यह रास्ता एन एच का हिस्सा नहीं था। तब यह सड़क से काफी दूरी पर था लेकिन अब यह एन एच में होने की वजह से इसको यहां से हटाकर अन्य किसी सुरक्षित जगह पर स्थानांतरित करने की जिम्मेदारी एन एच कॉन्ट्रैक्टर की है।यहां बताते चलें कि मिली जानकारी के अनुसार बाघराय बाजार से होकर गुजरने वाले एन एच राम वन गमन मार्ग की कॉन्ट्रैक्टर जिया खान हैं,जिनसे संपर्क सूत्र के अभाव में संपर्क नहीं स्थापित हो पाया। बावजूद इसके यह तो निश्चित है कि यह जनहित का कार्य है,जिसे उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लेकर सही जगह शिफ्ट करवाना चाहिए।

वृद्धाश्रम में मनाया बच्चे का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। जब भी अवसर मिले तो उनकी सेवा जरूर करनी चाहिए।उक्त बातें अंतू क्षेत्र के सेतापुर के रहने वाले अनुराग सिंह ने गुरुवार को अपने पांच वर्षीय बेटे विराट के जन्मदिन के अवसर पर वृद्धाश्रम में कहीं।आश्रम में बेटे संग उन्होंने वृद्धजनों को खाना खिलाने के साथ ही उन्हें खाने पीने की वस्तुएं देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वृद्धाश्रम के मैनेजर अंबिका प्रसाद ने बताया कि लोग बुजुर्गों की सेवा के लिए आश्रम आते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।इस मौके पर सम्राट सिंह,शिवांग,एंजेल,अनामिका, दीपिका सिंह,माधुरी सिंह,अरविंद आदि उपस्थित रहे।

फार्मर रजिस्ट्री न हुई तो सम्मान निधि पर लगेगा ग्रहण लाभार्थी किसानों के लिए पंजीकरण होगा अनिवार्य

लोकमित्र ब्यूरो

जेठवारा-प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले किसानों के लिये अब फार्मर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। फार्मर रजिस्ट्रेशन न करने वालो की जनवरी माह में आने वाली किसान सम्मान निधि की अगली क़िस्त पर ग्रहण लग सकता है। विभाग द्वारा इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रो के किसानों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब हो कि जिले में किसान सम्मान निधि योजना के तहत करीब 5,38 लाख किसान पंजीकृत हैं। फार्मर रजिस्ट्री न कराने की दशा में किसान जनवरी माह में मिलने वाली योजना की अगली क़िस्त से वंचित हो सकते हैं। एग्रिस्टैक योजना के तहत किसानों का पंजीकरण जरूरी किया गया है। यह सुविधा किसान सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है। विभाग द्वारा किसानों को जगह जगह जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री न करा पाने वाले किसानों की सम्मान निधि की अगली क़िस्त रोकने के साथ ही विभाग की ओर से किसानों को मिलने वाली सारी सुविधाओ खाद बीज कृषि यंत्र पर मिलने वाले अनुदान दुर्घटना बीमा योजना पट्टा अनुदान सहित अन्य योजनाओं से वंचित कर दिया जायेगा। जिले में किसानों को जागरूक करने में शिविर लगाकर कृषि राजस्व पंचायत उद्यान के साथ अन्य विभागों के कर्मचारी भी लगाए गए है। इस सिलसिले में उप कृषि निदेशक विनोद यादव बताते है कि फार्मर रजिस्ट्री न करने वाले किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली क़िस्त रोकी जा सकती है। गांव में लगने वाले शिविर में किसान फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण जरूर करावें। किसानों और उनके खेतों की जानकारी रखने के लिए कृषि विभाग फार्मर रजिस्ट्री करवा रहा है। इसके तहत खसरा खतौनी को आधार कार्ड से लिंक किया जा रहा है। खसरा खतौनी, आधार और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर से ही फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है।

चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई से हडकंप, किसानों ने जतायी नाराजगी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रशासन द्वारा चारागाह की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को खाली करवाये जाने के फरमान पर हडकंप का माहौल दिखा है। लालगंज तहसील के सांगीपुर ब्लाक के रांकी गांव में ऊसर तथा चारागाह की जमीन पर तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जे को खाली कराए जाने की मुहिम शुरू की है। हालांकि किसानों का कहना है कि बीते 1976 में भूमिहीन किसानों को इन जमीनों पर पटटा दिया गया था। किसानों के मुताबिक वह पिछले पचास वर्षो से आवंटित जमीन पर जुताई बुआई के जरिए जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। बुधवार की शाम एसडीएम तथा तहसीलदार समेत राजस्व एवं पुलिस अमला रांकी गांव पहुंचा और किसानों को सरकारी जमीन पर अपने कब्जे को खाली करने का फरमान सुनाया। गुरूवार को नाराज किसानों ने परिवार सहित खेतों पर पहुंचकर पटटे की नकल के साथ धरने पर बैठ गये। किसानों ने प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर आक्रोश दिखा। किसानों का यह भी आरोप है कि फसल के समय राजस्व महकमा उनसे पैसे की भी मांग किया करता है। किसानों की मांग है कि उन्हें कब्जे की जमीन के एवज में प्रशासन कहीं और पटटा दे अन्यथा वह खेत खाली नही करेंगे। विरोध जताने वाले पटटेदार बलवन्त, रंजना, सरजू देवी, फूलचंद्र, शिवप्रताप, शीतलादीन आदि का कहना है कि प्रशासन उन्हें परेशान कर रहा है। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार का कहना है कि गांव में सैकड़ों बीघा चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत हुई है। तहसीलदार के मुताबिक अवैध कब्जो को पहले भी खाली कराया गया था। इसके बावजूद फिर कब्जे की शिकायत पर सरकारी जमीन से अवैध कब्जे को हटवाया जा रहा है। तहसीलदार ने पटटे की कार्रवाई को भी फर्जी करार दिया है। वहीं उप जिलाधिकारी नैंनसी सिंह का कहना है कि चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जांच की जा रही है। सरकारी जमीन की सुरक्षा को लेकर सभी पहलुओं की जांच पड़ताल कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेसियों ने पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। गत दिवस लखनऊ में विधान सभा घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस की मारपीट से घायल उ0प्र0 युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय की दुःखद मृत्यु पर आज पूर्वान्ह 1.00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इन्दिरा भवन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धाञ्जलि सभा में उनकी तश्वीर पर माल्यार्पण करके दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके पश्चात आयोजित शोक सभा में कांग्रेसजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस साथी की शहादत को बेकार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने कहा कि उ0प्र0 सरकार गुंडई पर आमादा है, इसकी हर चाल का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार पीड़ित के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दे और घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे, अन्यथा उसको न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। शोक संवेदना में नगर अध्यक्ष इरफान अली, निवर्तमान उपाध्यक्ष डा0वी0के0 सिंह, निवर्तमान कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, राम रतन तिवारी, उपाध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद, जिला सचिव बी पी त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता मकरंद शुक्ला, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, चंद्रनाथ शुक्ला, सलमान खान, संजय इस्तियाक, सुधीर तिवारी,महेंद्र मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, श्याम शंकर तिवारी, बेलाल अहमद, मो इदरीशी,सुरेश मिश्रा, रामू पाण्डेय, अब्दुल रहमान,अवध राज यादव,राम धन यादव,मतीन आदि उपस्थित रहे।

प्रेमलता सिंह ने रामानुज आश्रम में रामानुजदासी से प्राप्त किया था आशीर्वाद

▶▶ यह जीत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा के विचारों की जीत है - प्रेमलता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के उप चुनाव में जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी प्रेमलता सिंह ने रामानुज आश्रम में नारायणी रामानुजदासी दासी से चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया था। इस अवसर पर इं पूजा पांडे एवं प्रमिला शुक्ला भी उपस्थिति रहीं। इस चुनाव में पूर्व मंत्री मोती सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व विधायक धीरज ओझा, भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, राजेश सिंह, गिरधारी सिंह तथा स्वर्गीय हरि प्रताप सिंह के पुत्र विशाल सिंह ने अथक परिश्रम किया। प्रेमलता सिंह ने कहा कि यह उनकी जीत नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा के विचारों व सिद्धांतों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की जीत है। कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करके विरोधियों द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों का पुरजोर ढंग से खंडन किया और उनके पति के द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा की। जनता ने उन्हें अपना प्यार, विश्वास और आशीर्वचन प्रदान किया। इसके लिए वह सदैव ऋणी रहेंगी। उनका उद्देश्य सबका साथ सबका विकास होगा।

चाकू लेकर पहुंचा पति, ग्रामीणों ने पकड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। पति-पत्नी के बीच पांच वर्षों से विवाद चलने के कारण विवाहिता मायके में रह रही है। पति चाकू लेकर पहुंचा और गांव के किनारे खड़े होकर चाकू लहराता रहा। पत्नी उधर से गुजरी तो उसने धमकाया। ग्रामीणों ने देखा तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। कुंडा के चौंसा इलाके की एक युवती की शादी कांटेजोत महेशगंज के युवक के साथ करीब पांच वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद हो गया, फिर मामला बिगड़ गया तो युवती मायके में रहने लगी। दो वर्ष पहले विवाहिता ने मामले को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया। गुरुवार को दोपहर में युवती का पति चाकू लेकर गांव के बाहर पहुंचा और वहीं से चाकू लहराने लगा। इसी बीच किसी काम से युवती उधर से गुजरी तो वह उसे चाकू दिखाकर धमकाने लगा। यह देख आसपास के लोगों ने युवक को दौड़ाकर पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। दरोगा गिरीशधर दुबे ने कहा कि युवक से कोतवाली में पूछताछ की जा रही है अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

पिलर लगाने के विवाद में युवक को पीटा, तीन पर केस

कुंडा प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बुधवार को वह अपने खेत में मवेशियों की सुरक्षा के लिए तार बांधने के लिए पिलर लगा रहा था। तभी कमलेश कुमार विवाद करने लगा। विरोध करने परिजनों के साथ मिलकर आरोपी ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल विनोद की तहरीर पर कमलेश पटेल उसके पिता छेदीलाल और उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ दीप नारायण ने कहा कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आईपीएस जसबीर सिंह की सेवा समाप्त होने पर अधिवक्ताओं ने राजा भइया का जताया आभार

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय और वैभव पांडेय के नेतृत्व में सभी अधिवक्ताओं का मुंह मीठा करा कर प्रतापगढ़ में पुलिस अधीक्षक रह चुके जसबीर सिंह की सेवा समाप्त होने पर खुशी जाहिर किया। बता दें कि 1997 में तत्कालीन एसपी जसवीर सिंह प्रतापगढ़ रहने के दौरान अधिवक्ताओं का घोर उत्पीड़न किया था। अधिकांश यादव बिरादरी के अधिवक्ताओं के साथ अन्याय किया था। जिसको लेकर जिले के तमाम जातिगत राजनीति करने वाले नेताओं ने अधिवक्ताओं के पक्ष में कोई सहायता या मदद के रूप में कोई काम नहीं किया।उस मुश्किल समय में कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न के मुहिम में सबसे आगे खड़े हो गए।जिससे खुन्नस खाकर जसवीर सिंह ने राजा भइया के विरुद्ध

तमाम फर्जी कार्रवाई करने का प्रयास किया था ,परंतु जसवीर सिंह निलम्बित रहे और अब सेवा से बर्खास्त कर दिए गए।

अधिवक्ताओं ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है किंतु पराजित नहीं, गलत करने वाला कितना भी क्यों न बड़ा हो उसे सजा जरूर मिलती है। अधिवक्ताओं ने जसवीर सिंह की निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक में राजा भइया के सहयोग व अधिवक्ताओं के मदद करने हेतु आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पाण्डेय,अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव,महामंत्री घनश्याम शुक्ला,उपेंद्र मिश्रा, अधिवक्ता वैभव पाण्डेय, अधिवक्ता राजदीप पाण्डेय,अधिवक्ता लालजयराम सिंह, अधिवक्ता शीतला प्रसाद यादव,अधिवक्ता मनीष मिश्रा अधिवक्ता रजनीश शुक्ल, अधिवक्ता वीरू तिवारी , अधिवक्ता बी एन शुक्ला,आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

बच्चों को स्वच्छता के प्रति करें जागरूक

▶▶ ग्रीन आर्मी के कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और बचपन से ही उन्हें संस्कारी बनाएं। वह जंगल मोहाल ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रीन आर्मी के कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा कि विगत दिनों राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद कराया गया था। उनके ज़ज्बे को देखकर अत्यंत खुशी हो रही है। खुशी इस बात की है कि आपने अपने आप को खोजा है, अपने आप में यह पहचाना है कि आज मैं क्या हूं जबकि इससे पहले लोग यही सोचते थे कि पति जो करें वही करना चाहिए और हमें वही करना पड़ता था क्योंकि आय का कोई साधन नहीं था। आत्मनिर्भरता न होने की वजह से हिम्मत नहीं होती थी। श्रीमती पटेल ने कहा कि वह स्वयं महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, उन्हें शिक्षित करने तथा उनके घर को नशा मुक्त कराने की दिशा में पिछले 40 वर्ष से कार्य कर रही हैं। इसलिए बहुत ही नजदीक से इन महिलाओं सुना है, देखा तथा

अनुभव किया है। इसी वजह से जब भी अवसर मिला तो इस पर अवश्य मंथन किया कि महिलाएं आत्मनिर्भर कैसे बनें, इस दिशा में प्रयास किया क्योंकि महिलाओं के पास महीने में हजार रुपया भी आता है तो उनकी हिम्मत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में मैंने मंत्री पद का दायित्व संभाला और सखी मदद नियम शुरू किया। 8-10 महिलाएं इकट्ठी होती थीं। उन महिलाओं को इतना कार्य सिखाया कि पुरुष जाकर कहने लगे कि मैडम आप यह क्या कर रही हैं। घर पर इनको बहुत काम होता है। उनके द्वारा उन्हे यह बताया गया कि महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में ले आयें इनकी बातो को सुनें तथा अपनी पत्नी का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि जब बच्चों की पढ़ाई की बात की जाती तो लोग कहते कि उनके पास पैसे नहीं हैं। मैंने उन सभी से कहा कि अपनी गंदी आदतें नशा करना आदि छोड़कर परिवार की देखभाल व उनके शिक्षा पर ध्यान दें।

महामहिम ने बताया कि आज ग्रीन आर्मी फाउंडेशन की महिलाओं का अभिनंदन करने आई हूं क्योंकि इन्हीं लोगों ने पुरुषों को नशे से मुक्त कराने का प्रयास किया ताकि बच्चों की पढ़ाई हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इनके प्रयास में सहयोगी बनें और कहीं नशीला पदार्थ बन रहा है या बिक रहा है तो उसे बंद कराएं। उन्होंने बच्चों विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि जब किसी कार्य का संकल्प लिया जाता है तो मंजिल प्राप्त ही होती है। उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ने के लिए दूर तक जाने का प्रयास करती हैं परन्तु पिछड़े क्षेत्रो में आगे जाने के साधन नही होते, ही ऐसी छात्राओं को आगे बढ़ाने व सहायता देने के लिए ग्रीन आर्मी फाउंडेशन व होप संस्था बालिकाओं को साइकिल मुहैया कराने के लिए कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता के बाद ही अन्यत्र जगह भी यह बताया जाएगा कि मीरजापुर एक उदाहरण है जहां पर बेटियां दूर साइकिल से जाकर अपनी शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़ी महिलाएं गांव में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें जो महिलाएं ग्रीन आर्मी संस्था में ईमानदारी व मेहनत के साथ कार्य करना चाहती हैं, उन्हें इस संस्था से जोड़ें। उन्होंने कहा कि संस्था की महिलाएं पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए विश्वसनीयता बनाए रखें ताकि आने वाले समय में पूरा मीरजापुर टीबी मुक्त व नशामुक्त का उदाहरण बन सके। राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं के लिए एक हजार साड़ी व स्कूल जाने वाली छात्राओं को 20 साइकिल का वितरण करने के साथ ही मझवां विकास खण्ड के ग्राम जमुआ नरायनपुर निवासी शहीद चन्द्र प्रकाश पटेल की धर्मपत्नी व बच्चें को प्रमाण पत्र व शाल भेंटकर सम्मानित किया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा अन्न प्राशन वितरण व गोद भराई वितरण सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., उप पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, केशव जालान व ग्रीम आर्मी व होप फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया।

रंजिश में वृद्धा को पीटा

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली के बहरिया रहवई गांव निवासी प्यारे लाल की 65 वर्षीय पत्नी चम्पा देवी को आपसी रंजिश के चलते पड़ोस के ही लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हरदोई के बेलीगंज निवासी राजू शुक्ला का 14 वर्षीय बेटा विकास शुक्ला अपने परिवार के साथ कुंडा इलाके में कहीं आया था। उसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

पति सहित चार लोगों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरैली मखदूमपुर गांव निवासी मनीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 2017 को अर्जुन सरोज निवासी चकेंड़ी (भिटा) के साथ हुई। आरोप है कि शादी में उसके पिता ने पांच लाख रुपये नकद, बाइक जेवरात समेत अन्य सामान दिया था। फिर भी शादी के बाद से ही उसका पति दहेज में दो लाख रुपये नकद, कार लाने का दबाव बनाने लगा। मनीता का आरोप है कि 17 दिसंबर को पति, सास-ससुर, ननद व अन्य परिवार के लोगों ने उसके जेवरात छीनकर एवं मारपीट करके घर से भगा दिया। पति ने दूसरी शादी करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता मनीता की तहरीर पर पुलिस ने पति अर्जुन, सास, ससुर, ननद आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रुपये नहीं लौटाने एवं धमकाने के आरोप मे दो नामजद

कुंडा प्रतापगढ़। नगर पंचायत के रानी माहेश्वरी नगर निवासी मो.अकरम ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि मो. आजम से एक प्लॉट 11 जून 2010 को चार लाख रुपये में खरीदा। इसका बैनामा बाद में करने की बात कर 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर दिया। आरोप है कि अब वह बैनामा करने से मुकर रहा है और रुपये भी वापस नहीं दे रहा है। रुपये वापस करने या बैनामा करने की बात पर वह अब जानलेवा धमकी दे रहा है। पीड़ित मो. अकरम की तहरीर पर पुलिस ने मो. आजम निवासी रानी माहेश्वरी नगर कुंडा और मो. अकमल निवासी सिविल लाइंस प्रयागराज के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सीएचसी सांगीपुर में महिला डॉक्टर की कमी महिलाओं और लड़कियों को हो रही दिक्कत

लोकमित्र ब्यूरो

सांगीपुर (प्रतापगढ़)- सांगीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) में महिला डॉक्टर की कमी के कारण क्षेत्र की महिलाओं और लड़कियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिले में महिला डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर महिला मरीजों को अपनी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि समय-समय पर इस मुद्दे को उठाते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस समाधान सामने नहीं आ सका है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर आनंद त्रिपाठी ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए बताया कि अस्पताल में महिला डॉक्टर की नियुक्ति न होने के कारण महिला मरीजों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कई बार शासन और संबंधित अधिकारियों से इस विषय में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक सीएचसी में महिला डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हो पाई है।महिलाओं और लड़कियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं से जुड़े मामलों में, जहां महिला डॉक्टर का होना जरूरी होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि महिला डॉक्टर की नियुक्ति जल्द नहीं की जाती तो समस्याएं और बढ़ सकती हैं।इस स्थिति को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी सक्रिय हो गए हैं और वे इस समस्या के समाधान की दिशा में प्रयासरत हैं। स्थानीय लोग उम्मीद करते हैं कि शासन इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र ध्यान देगा और सीएचसी में महिला डॉक्टर की नियुक्ति सुनिश्चित करेगा ताकि महिलाओं और लड़कियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

सड़क हादसों में दो घायल, गंभीर

कुंडा प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के पुरनेमऊ गांव निवासी शंकर लाल का 23 वर्षीय बेटा दीन दयाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली के बानेमऊ गांव निवासी दुखी प्रसाद का 41 वर्षीय बेटा राज बहादुर बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को स्वरुपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–प्रतापगढ़।

निविदा सं0 : 25/ग्रा0अ0वि0/निविदा/पत्रा0सं0–118/2024–25 दिनांक 04–12–2024

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–प्रतापगढ़ मे निम्न कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो हेतु निविदा डाल सकते है। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए0बी0सी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0बी0के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

क्रिटिकल गैप्स योजनान्तर्गत

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (जीएसटी रहित)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि (वर्षा ऋतु सहित)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	प्रतापगढ़	ग्राम पंचायत रामनगर के नाले पर पुलिया निर्माण	7.00	14000.00	Rs. 800.00	03 माह	विकास भवन प्रतापगढ़	ऐलनगंज प्रयागराज	कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़
2	प्रतापगढ़	रामनगर की पुलिया से चिरकुटी शेखपुर पक्की सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य	4.94	8500.00	Rs. 800.00	03 माह	विकास भवन प्रतापगढ़	ऐलनगंज प्रयागराज	कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 02.01.2025
2. निविदा बिक्री प्रारम्भ की तिथि/समय :–02.01.2025 को कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–प्रतापगढ़ पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक।
3. निविदा बिक्री के लिये अन्तिम तिथि/समयः–03.01.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–प्रतापगढ़ अपरान्ह 04:00 बजे तक।
4. निविदा जमा की अन्तिम तिथि/समयः–06.01.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थानः–06.01.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–प्रतापगढ़।
6. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात् अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–प्रतापगढ़ से सम्पर्क करें।

नोट– सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व डाक्यूमेन्ट को भली भांति पढ़ लें।

(सुजीत कुमार राय)
अधिशाषी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रतापगढ़।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-224064 Date-17/12/2024

कार्यालय ग्राम पंचायत गहिरी विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत में कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 20.12.2024 से 25.12.2024 को सीलबन्द निविदा दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25.12.2024 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। फर्मों का जी0एस0टी0 नं0 होना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षारी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	श्रम	सामग्री	योग
1	बासूपुर सम्पर्क मार्ग से लल्लन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	16444	263024	279468

श्रीमती पूनम सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गहिरी
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

विकास मिश्रा
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गहिरी
विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

मैरिज हॉल के सेप्टी टैंक में घुसा विषखोपड़ा, मचा हड़कंप

सुवंशा (प्रतापगढ़)। नगर पंचायत सुवंशा बाजार स्थित कृष्णा मैरिज हॉल में सेप्टीटैंक की सफाई के लिए बुधवार शाम एक कर्मचारी पहुंचा तो उसमें एक विषखोपड़ा दिखाई दिया। इससे वह डर गया। लोगों को बताया तो हडकम्प मच गया। नगर पंचायत सुवंशा अंतर्गत सुवंशा बाजार निवासी शारदा प्रसाद तिवारी का लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर कृष्णा मैरिज हाल है। सेप्टीटैंक में सफाई के दौरान विषखोपड़ा दिखाई दिया जिससे सफाई करने गया युवक घबड़ा गया और तत्काल हॉल के मालिक को सूचना दी। बृहस्पतिवार को वन विभाग को सूचना दी गई परंतु कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे वहां जाने से सभी लोग डरने लगे। देखते ही देखते लोगों की भीड़ बढ़ गई। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसको बाहर निकाला तो वह मर चुका था।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 1683/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन लछिमन आदि बनाम हामिद अली आदि
बनाम
1. अब्बास अली 2. अख्तर अली सुतगण वारिस अली 3. ताजुद्दीन 4. नसीरूद्दीन 5. सिराजुद्दीन सुतगण जमालुद्दीन 6. जावेद अहमद सुत कमालुद्दीन 7. जमीलउद्दीन सुत आशिक अली 8. खुर्शीद अली सुत हनीफ अली 9. अमर बहादुर 10. अखिलेश कुमार 11. माताफेर 12. रामफेर 13. शेर बहादुर सुतगण मुरली 14. श्रीमती रीता विधवा राज बहादुर समस्त निवासीगण ग्राम कोपा प0त0 पट्टी पोस्ट गौरामाफी जनपद प्रतापगढ़ 15. लकी सुत राज बहादुर ना0 संरक्षिका माता स्वयं रीता देवी
तारीख पेशी 16.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फ्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 374/2019
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन देवतादीन बनाम नइकी आदि
बनाम
1. श्रीमती नइकी पत्नी भगौती प्रसाद 2. कल्लू सुत भगवानदीन 3. उमेश सुत राम आसरे 4. रामसिंह सुत रजई 5. भुल्ले सुत रजई 6. रजई सुत बीपत समस्त निवासी ग्राम आमापुर बेर्रा प0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 28.02.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 28.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फ्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय रानीगंज प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी202202570504255
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन साधना सिंह आदि बनाम अमरपाल सिंह आदि
बनाम
1. अमरपाल सिंह 2. नागेन्द्र बहादुर सिंह सुतगण रूद्रपाल सिंह 3. स्वतन्त्र प्रताप सिंह 4. वीरेन्द्र प्रताप सिंह 5. अरबिन्द प्रताप सिंह 6. उदय प्रताप सिंह सुतणण रमाशंकर सिंह 7. राजकुमार सिंह 8. अनिल सिंह 9. संजय सिंह सुतगण हरिपाल सिंह 10. नगर पंचायत अध्यक्ष सुवन्सा रानीगंज प्रतापगढ़ समस्त निवासीगण ग्राम सुवंसा पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फ्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

बच्चों को स्वच्छता के प्रति करें जागरूक

ग्रीन आर्मी के कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और बचपन से ही उन्हें संस्कारी बनाएं। वह जंगल मोहाल ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रीन आर्मी के कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा कि विगत दिनों राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद कराया गया था। उनके ज़ज्बे को देखकर अत्यंत खुशी हो रही है। खुशी इस बात की है कि आपने अपने आप को खोजा है, अपने आप में यह पहचाना है कि आज मैं क्या हूं जबकि इससे पहले लोग यही सोचते थे कि पति जो करें वही करना चाहिए और हमें वही करना पड़ता था क्योंकि आय का कोई साधन नहीं था। आत्मनिर्भरता न होने की वजह से हिम्मत नहीं होती थी। श्रीमती पटेल ने कहा कि वह स्वयं महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, उन्हें शिक्षित करने तथा उनके घर को नशा मुक्त कराने की दिशा में पिछले 40 वर्ष से कार्य कर रही हैं। इसलिए बहुत ही नजदीक से इन महिलाओं सुना है, देखा तथा अनुभव किया है। इसी वजह से जब

भी अवसर मिला तो इस पर अवश्य मंथन किया कि महिलाएं आत्मनिर्भर कैसे बनें, इस दिशा में प्रयास किया क्योंकि महिलाओं के पास महीने में हजार रुपया भी आता है तो उनकी हिम्मत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में मैंने मंत्री पद का दायित्व संभाला और सखी मदद नियम शुरू किया। 8-10 महिलाएं इकट्ठी होती थीं। उन महिलाओं को इतना कार्य सिखाया कि पुरुष जाकर कहने लगे कि मैडम आप यह क्या कर रही हैं। घर पर इनको बहुत काम होता है। उनके द्वारा उन्हे यह बताया गया कि महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में ले आयें इनकी बातो को सुनें तथा अपनी पत्नी का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि जब बच्चों की पढ़ाई की बात की जाती तो लोग कहते कि उनके पास पैसे नहीं हैं। मैंने उन सभी से कहा कि अपनी गंदी आदतें नशा करना आदि छोड़कर परिवार की देखभाल व उनके शिक्षा पर ध्यान दें। महामहिम ने बताया कि आज ग्रीन आर्मी फाउंडेशन की महिलाओं का अभिनंदन करने आई हूं क्योंकि इन्हीं लोगों ने पुरुषों को नशे से मुक्त कराने का प्रयास किया ताकि बच्चों की पढ़ाई हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इनके प्रयास में सहयोगी बनें और कहीं नशीला पदार्थ बन रहा है या बिक रहा है तो उसे बंद कराएं। उन्होंने बच्चों विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि जब किसी कार्य का संकल्प लिया जाता है तो मंजिल प्राप्त ही होती है। उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ने के लिए दूर तक जाने का प्रयास करती हैं परन्तु पिछड़े क्षेत्रो में आगे जाने के साधन नही होते, ही ऐसी छात्राओं को आगे बढ़ाने व सहायता देने के लिए ग्रीन आर्मी फाउंडेशन व होप संस्था बालिकाओं को साइकिल मुहैया कराने के लिए कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता के बाद ही अन्यत्र जगह भी यह बताया जाएगा कि मीरजापुर एक उदाहरण है जहां पर बेटियां दूर साइकिल से जाकर अपनी शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़ी महिलाएं गांव में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें जो महिलाएं ग्रीन आर्मी संस्था में ईमानदारी व मेहनत के साथ कार्य करना चाहती हैं, उन्हें इस संस्था से जोड़ें। उन्होंने कहा कि संस्था की महिलाएं पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए विश्वसनीयता बनाए रखें ताकि आने वाले समय में पूरा मीरजापुर टीबी मुक्त व नशामुक्त का उदाहरण बन सके। राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं के लिए एक हजार साड़ी व स्कूल जाने वाली छात्राओं को 20 साइकिल का वितरण करने के साथ ही मझवां विकास खण्ड के ग्राम जमुआ नरायनपुर निवासी शहीद चन्द्र प्रकाश पटेल की धर्मपत्नी व बच्चें को प्रमाण पत्र व शाल भेंटकर सम्मानित किया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा अन्न प्राशन वितरण व गोद भराई वितरण सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., उप पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, केशव जालान व ग्रीम आर्मी व होप फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया।

महाकुंभ में शामिल होने के लिए आम जनमानस से की अपील

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- महाकुंभ 2025 प्रयागराज के दृष्टिगत सुशासन सप्ताह के दौरान गुरुवार को नगर पालिका परिषद कर्वी परिसर से लेकर धनुष चौराहा तक रोड शो-रैली का आयोजन किया गया। रैली को जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने कलश पूजन करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में आगामी 13 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक 'दिव्य भव्य डिजिटल महाकुंभ- 2025' का आयोजन प्रयागराज में किया जा रहा है। रैली के माध्यम से जनपद के सभी लोगों से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक लोग महाकुंभ प्रयागराज पहुंचकर स्नान करें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मुख्य स्नान पर्व 13 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा को, 14 जनवरी मकर संक्रांति को, 29 जनवरी मौनी अमावस्या को, 2 फरवरी बसंत पंचमी को, 12 फरवरी माघी पूर्णिमा को व 26 फरवरी महाशिवरात्रि को पर्व पड़ रहा है। बताया कि धर्मनगरी चित्रकूट से मां मंदाकिनी का जल कलश के माध्यम से महाकुंभ प्रयागराज में भेजा जा रहा है, जो प्रयागराज में समाहित होगा। जिसका विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया है। कहा कि चित्रकूट भगवान श्रीराम की तपोस्थली है। महाकुंभ प्रयागराज से श्रद्धालु स्नान करके काफी संख्या में चित्रकूट भी आएंगे। जिसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, रेन बसेरा आदि सुविधाओं की भी व्यवस्था कराई गई है ताकि धर्मनगरी चित्रकूट आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई समस्या न हो।गुरुवार को निकाले गए रोड शो-रैली में राजकीय बालिका इंटर कॉलिज कर्वी की छात्राएं, गोपाल हिंदी संस्कृत पाठशाला रसिन के वेदाचार्य, पीआरडी जवान, युवक/महिला मंगल दल के सदस्य, स्पोर्ट्स पर्सन के छात्र-छात्राएं, कामधेनु गौ माता द्वितीय मुखारबिंदु चित्रकूट धाम परिक्रमा मार्ग के गोपाल दास महराज के साथ अन्य साधु संतों ने हिस्सा लिया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, अग्रणि जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, आरआई राहुल पांडेय सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं आम जनमानस मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने की पूर्वांचल विकास निधि के कार्यों की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मण्डलायुक्त डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी. की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में पूर्वांचल विकास निधि जिलांश अंतर्गत जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मीरजापुर का प्रस्ताव अभी प्राप्त नहीं हुआ है, सोनभद्र का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है एवं भदोही का आंशिक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है,

जिन जनपदो से अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया गया है तत्काल जनप्रतिनिधियों सम्पर्क कर उपलब्ध

कराए जाने का निर्देश दिए गए। गत वर्ष 2022-23 व 2023-24 कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तीनों जनपदों में कुछ कार्य पूर्ण हो गए हैं कुछ कार्य प्रगति पर हैं तथा जो कार्य पूर्ण हो गए हैं किंतु गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर कराए गए कार्यों की टीम गठित कर मुख्य विकास अधिकारी को जांच करने का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो संबंधित से नियमानुसार 10 प्रतिशत धनराशि की वसूली की जाए। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, भदोही शिवाकांत द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत, पटल सहायक सूर्य प्रकाश तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लीनेस क्लब ने आयोजित किया पुरस्कार वितरण समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती ..... इन पंक्तियों से अपना संबोधन प्रारम्भ कर सदस्यों में उत्साह भरते हुए लीनेस क्लब की मल्टीपल अध्यक्ष मीनू मिश्रा ने कहा कि चूंकि हम सभी अपनी व्यस्त दिनचर्या में से सामाजिक गतिविधियों के समय निकालते हैं इसलिए एक एक क्षण सार्थक हो, यह हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए उन्होंने कहा कि पुरस्कार मिलना किसी की उपलब्धि हो सकती है और होती भी है किन्तु ऐसे आयोजन इसलिए कोई संगठन करता है कि कुछ के प्रयास को हम

सम्मान देते हैं साथ ही अधिक लोगों के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा होती है। उन्होंने यह भी कहा चूंकि संगठनों में सभी कार्य सामूहिकता से होते हैं इसलिए हर सदस्य को यह मानकर चलना चाहिए कि हर पुरस्कार में उसका भी योगदान है। पुरस्कार वितरण के पूर्व संगठन की गतिविधियों पर चर्चा हुई आगे की योजनाएं बनीं तथा क्लब के विस्तार की रणनीति बनायी गयी। पूरे वर्ष भर की गतिविधियों का लेखा जोखा रीता पांडेय ने जबकि वित्तीय लेखा जोखा श्रीमती माया मिश्रा ने प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर प्ले वे स्कूल सहित अन्य विद्यालयों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोहा।

पुरस्कारों की कड़ी में दुर्गेश नंदिनी ने बेस्ट क्लब प्रेसिडेंट तथा डा. आशा राय ने बेस्ट सेक्रेटरी का पुरस्कार जीता। इसी क्रम में अन्य श्रेणियों के भी पुरस्कार दिए गए। निर्णायक मंडल में डा. शीला सिंह, डा. स्नेहलता द्विवेदी और इं. नेहा रहीं। कार्यक्रम का संयोजन साधना तिवारी ने जबकि मंच संचालन रीना जायसवाल ने किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी

ई-टेण्डरिंग (अल्प कालीन निविदा सूचना)

पत्रांक : / /2024-25 दिनांक :

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में **क्लास ए, बी, सी एवं डी में भवन श्रेणी** के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2 आमंत्रित निविदा की सूचना

क्र.स.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (भवन कार्य)	कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता के खण्ड का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	कौशाम्बी	कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, म्योहर में विविध उपयोग एवं डाइनिंग हाल हेतु डबल स्टोरी भवन का निर्माण	32.85	3.29	500+ 300/- stationery charge+GST	3 माह	A,B,C,D	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी	अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज	मुख्य अभियन्ता, प्रयागराज क्षेत्र, लो0नि0वि0, प्रयागराज
2	कौशाम्बी	प्राइमरी स्कूल, गौसपुर टिकरी, कौशाम्बी (एन.एच.-731ए, राम वनगमन मार्ग के चै0-84+560) के बाउण्ड्री वाल व गेट आदि के पुनर्निर्माण का कार्य	13.97	1.40	500+ 75/- stationery charge+GST	3 माह	A,B,C,D			
3	कौशाम्बी	प्राइमरी स्कूल, कोंडर, कौशाम्बी (एन.एच.-731ए, राम वनगमन मार्ग के चै0-82+040) के बाउण्ड्री वाल व गेट आदि के पुनर्निर्माण का कार्य	14.03	1.40	500+ 75/- stationery charge+GST	3 माह	A,B,C,D			
4	कौशाम्बी	प्राइमरी स्कूल, सरसवां, कौशाम्बी (एन.एच.-731ए, राम वनगमन मार्ग के चै0-91+640) के बाउण्ड्री वाल व गेट आदि के पुनःनिर्माण का कार्य	31.11	3.11	500+ 300/- stationery charge+GST	3 माह	A,B,C,D			

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम-7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 22.12.2024 से 28.12.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 28.12.2024 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 28.12.2024 को अपराह्न 03:30 बजे खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् "E-1" शीट डाउनलोड कर http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी।

7 इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई-1 डाउनलोड कर ई-टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखो के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन-रिसपान्सिव समझा जायेगा।

8 इच्छुक निविदादाता के पास भवन निर्माण से सम्बन्धित कार्य का अनुभव एवं आवश्यकतानुसार मशीनरी उपलब्ध होना चाहिए।

(डी0सी0 भास्कर/राकेश कुमार)
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

(हरवंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

www.upgov.nic,in
R.O.No.-224314 Date-18/12/2024

कार्यालय ग्राम पंचायत धवाड़ा विकास खण्ड सरसवां, कौशाम्बी

पत्रांक : /मनरेगा/निविदा/2024-25 दिनांक 19.12.2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्र वित्त योजनांतर्गत ग्राम पंचायत धवाड़ा में कराए जाने वाले निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में पंजीकृत व जी0एस0टी0एन0 नंबर उपलब्ध वाली फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। यह दरे वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ही प्रभावी होंगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 20.12.2024 से 26.12.2024 तक प्राप्त एवं जमा की जा सकती है। निविदा दिनांक 27.12.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	निविदा मूल्य
1	ग्राम पंचायत धवाड़ा में मॉडल उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य	6.83 लाख	1000

श्रीमती मीरा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धवाड़ा
विकास खण्ड सरसवां, कौशाम्बी

चंद्र प्रकाश पांडे
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत धवाड़ा
विकास खण्ड सरसवां, कौशाम्बी

चकबंदी प्रक्रिया में रखा जाएगा किसान हितों का ख्याल- राजेश

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- राम वन पथ गमन के लिए जमीन लेने से प्रभावित हो रहे कौडर गांव और पहाड़ी गांव में चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान कौडर गांव के लोगों ने चकबंदी न कराने की गुहार लगाई।अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने गुरुवार को सदर तहसील के कौडर और पहाड़ी बुजुर्ग में चौपाल लगाकर किसानों की चकबंदी सम्बन्धी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि चकबंदी किसान हित के उद्देश्य से की जाती है। जिससे अलग-अलग टुकड़ों में बंटी किसानों की जमीनों को एक स्थान पर दिया जा सके। साथ ही अवैध कब्जों से जमीन को मुक्त कराया जा सके। इस दौरान गांव के किसान रमाशंकर पाण्डेय, रमेश रैकवार, विश्वनाथ, शिवसागर आदि ने बताया कि कौडर गांव की जमीन डिफेंस कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है। इसके अलावा राम वन पथ गमन मार्ग के निर्माण के लिए भी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। ऐसे में इन दोनों परियोजनाओं में गांव की पूरी जमीन में से तीन चौथाई भाग अधिग्रहित कर लिया गया है और अब एक चौथाई भाग ही किसानों के पास बचा है। ऐसे में परिवार के पालन-पोषण के लिए किसानों को खेती के लिए इस जमीन को चकबंदी से मुक्त कर दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार पहाड़ी बुजुर्ग के किसानों ने भी बताया कि लगभग 30 प्रतिशत जमीन अधिग्रहण में जा चुकी है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने शेष बची जमीन पर चकबंदी प्रक्रिया को अमल में लाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कौडर गांव के मामले में किसानों को बताया कि चकबंदी अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत कार्यवाही के लिए चकबंदी आयुक्त को सूचित किया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा को भी वह अपनी रिपोर्ट देंगे। गौरतलब है कि बीते बुधवार को कौडर गांव के दर्जनों किसानों ने जिला मुख्यालय आकर प्रदर्शन किया था। साथ ही गांव में चकबंदी प्रक्रिया रोकने की मांग की थी। जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने गांव में चौपाल लगाई।

प्रांत अधिवेशन के लिए विद्यार्थी परिषद ने किया पोस्टर का विमोचन

चित्रकूट ब्यूरो- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 64वें प्रांतीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन गुरुवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में किया गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी के प्रांत मंत्री शिवराज बुंदेला ने बताया कि अभाविप कानपुर प्रांत का 64वाँ प्रांत अधिवेशन 23 से 25 दिसंबर तक झांसी के पैरामेडिकल कॉलिज में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें कानपुर प्रांत के शिक्षक व छात्र-छात्राओं शामिल होंगे। बताया कि इस अधिवेशन में छात्र हित के मुद्दों पर मंथन होगा। महारानी लक्ष्मी बाई की कर्मभूमि व राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली पर आयोजित होने वाला यह 64वाँ प्रांतीय अधिवेशन होगा। जिसमें कानपुर प्रांत के करीब 1500 कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस प्रांतीय अधिवेशन में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर मंथन होगा। इस अधिवेशन में पोस्टर का विमोचन गुरुवार को जिले के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, चित्रकूट इंटर कॉलिज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में किया गया। जिसमें विद्यालयों के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री रामजी, जिला सहसंयोजक कमल रंजन, नगर सहमंत्री दुर्गेश, विपिन सहित अध्यापक, अध्यापिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहे।

जिला जज ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया जिला कारागार का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों ने गुरुवार को जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) हाई सिक्योरिटी, हाता नंबर तीन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे निरुद्ध कैदियों के कक्ष का निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए कैदियों के बच्चों को चॉकलेट भी बांटी। कहा कि कारागार में निरुद्ध बालिकाओं की परीक्षा होने पर समय सारिणी के मुताबिक उन्हें परीक्षा में जाने दिया जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल गया प्रसाद निषाद से कहा कि जिन कैदियों के पास सरकारी वकील नहीं है उनका प्रार्थना पत्र भिजवाएं। इसके बाद उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण किया एवं कैदियों से उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बन्धितों को समय पर कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहने के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों ने हाई सिक्योरिटी में कैदियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही पाकशाला का निरीक्षण किया। जहां मीनू के अनुसार भोजन बनते हुए पाया गया। जिला जज व जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन व नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए।

इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। साथ ही ठंड के दृष्टिगत कैदियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, सीजीएम राजेंद्र प्रसाद भारती, जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1869382 एवं इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1447322 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र खो गया है।

शशिकांत
पुत्र अरुणेश प्रताप
ग्राम कल्याणपुर, सोराँव,
प्रयागराज।

बक्सर की टीम ने कानपुर को 53 रनों से हराया

चित्रकूट ब्यूरो- चित्रकूट स्पोर्ट क्लब एवं दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय खेल प्रांगण में आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप के पूल बी के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार की बक्सर ने उत्तर प्रदेश की कानपुर की टीम को 53 से हराकर सेमीफाइनल प्रवेश किया।मैच का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतना के जिला सेवा प्रमुख सुशील मिश्रा एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ अजय चौरे ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

एनटीपीसी में हमेशा खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं: मनदीप सिंह छाबड़ा

एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित इंट्रा रीजन स्पोर्ट्स मीट 2024 के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार में 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इंट्रा रीजन स्पोर्ट्स मीट 2024 के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। इस टूर्नामेंट में एनटीपीसी की 10 टीमें विंध्याचल, सिंगरौली, मेजा, फरीदाबाद, रीहंद, दादरी, झज्जर, औरैया, टांडा और ऊंचाहार भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में सभी टीमों के कप्तान ने मशाल लेकर स्टेडियम परिसर में दौड़ लगाई, इसके बाद परियोजना प्रमुख ने बड़ी मशाल जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि सभी मुकाबले एनटीपीसी ऊंचाहार के स्टेडियम में खेले जाएंगे।उद्घाटन समारोह में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। इस अवसर पर एनटीपीसी का ध्वज फहराया गया, जिसके बाद सभी 10 टीमों ने भव्य परेड में भाग लिया। खिलाड़ियों और अधिकारियों के जोश और उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बनाया तथा इस आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें आवासीय परिसर के स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।उद्घाटन मैच ऊंचाहार और सिंगरौली टीम के बीच खेला गया, जिसमें ऊंचाहार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पूरे स्टेडियम में दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन मैच के साथ ही एनटीपीसी रिंहद और दादरी के बीच दूसरा मैच खेला गया जिसने दर्शकों को बहुत ही रोमांचित किया।इस अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख, मनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा ''हम एनटीपीसी में हमेशा खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंट्रा रीजन स्पोर्ट्स मीट 2024 न केवल कर्मचारियों के बीच खेल कौशल को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन मंच है, बल्कि यह टीम भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ाने का भी माध्यम है। मैं सभी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं और खिलाड़ियों से उम्मीद करता हूं कि वे खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।'' यह आयोजन एनटीपीसी के कर्मचारियों के बीच सामूहिकता, स्वास्थ्य और खेल के प्रति जुनून को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 23 दिसंबर को होने वाले समापन समारोह में विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शहीदी दिवस पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। महान स्वतंत्रता सेनानी, अमर शहीद अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह व पं.राम प्रसाद विस्मिल जी के शहीदी दिवस पर कांग्रेस कार्यालय पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने तीनों शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरान्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस की मारपीट से घायल उ.प्र.युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय की दुःखद मृत्यु पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसभा का आयोजन का आयोजन किया गया, साथ ही डा.भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा से शहीद चौक, निकट डिग्री कालेज चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला गया। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर निहत्थे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग किया, जिसकी वजह से एक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता की जान चली गई, कार्यकर्ता की की मौत से पूरे देश के कांग्रेसजनों में आक्रोश है। इस अवसर पर राजकुमार दीक्षित, महेश प्रसाद शर्मा, अजीत सिंह, सुन्दर लाल निर्मल, शिवानंद मौर्या, सूर्यकुमार बाजपेई, आशीष द्विवेदी, अनवार खान, अम्बरीश बाजपेई, श्रीमती शैलजा सिंह, आयुष द्विवेदी, घनश्याम शुक्ला, अभय सिंह, मनोज त्रिवेदी, सै.अरशद, अंकुर सिंह चौधरी, प्रमोद बाजपेई, सुनील कुमार, अमित मिश्रा, दिनेश त्रिवेदी, स्वेता सिंह, साक्षी पाठक, आरती देवी, प्रतिभा पाण्डेय, सोनू खान, मीशम नकवी, अविनाश बाजपेई, पवन त्रिवेदी, आशीष द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

घूसखोरी में पकड़े गए राजू सोनी लेखपाल के घर पहुंची एंटी करप्शन टीम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लखनऊ से आई एंटी करप्शन टीम के लालगंज के महेश नगर मोहल्ले में छापामारी करने से हड़कंप मच गया। टीम के प्रभारी निरीक्षक उदय राज मिश्रा ने बताया कि महेश नगर निवासी राजू सोनी लेखपाल एक लाख रुपए नगद घूस लेते पकड़े गए थे जिसके चलते उनकी संपत्ति की जांच के लिए उनके घर पर छापा मारा गया है। राजू सोनी लखनऊ सदर तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने विभूति खंड में निर्माण कार्य कर रही एक प्राइवेट कंपनी के अधिकारी से पैमाइश व रिपोर्ट के बाबत 8 लाख रुपए बतौर रिश्वत मांगे थे जिसमें कंपनी के अधिकारियों ने एंटी करप्शन टीम से मिलकर लेखपाल को नगद पैसे देकर रंगे हाथों पकड़वा दिया था। मामले में विभूति खंड थाने में ही मुकदमा भी दर्ज हुआहै। लेखपाल बीते शुक्रवार को पकड़ा गया था। वर्तमान में जेल में बंद है। हालांकि छापामारी के दौरान राजू सोनी लेखपाल के घर में केवल उनका एक छोटा भतीजा ही मौजूद था। एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने मोहल्ले वालों की गवाही में घर की तलाशी ली लेकिन किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। मौके पर लालगंज कोतवाली की उपनिरीक्षक अर्चना यादव और सिपाही नीतू भी मौजूद रहे। घटना के समय राजू लेखपाल का भाई संजू सोनी अपनी पत्नी के साथ दवा लेने डॉक्टर के यहां गया हुआ था। राजू अपनी पत्नी के साथ लखनऊ में ही रहता है। एंटी करप्शन टीम में इंस्पेक्टर सहित एस आई अनुणेश गुप्ता और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने रायबरेली में किडनी और कैंसर रोग विशेषज्ञ सेवाओं का किया शुभारंभ

गंभीर बीमारियों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) जीवनरक्षक इलाज

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने रायबरेली में देवती बीके हॉस्पिटल और वात्सल्य नर्सिंग होम के सहयोग से विशेष ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया। यह सेवाएँ रायबरेली और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं।ओपीडी सेवाओं का उद्घाटन मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के प्रिंसिपल कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट मेडिसिन, डॉ. अभिजीत कुमार और सीनियर कंसल्टेंट - मेडिकल एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी, डॉ. दीपंकर भट्टाचार्य की उपस्थिति में हुआ।डॉ. अभिजीत कुमार हर महीने के तीसरे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक देवती बीके हॉस्पिटल, रायबरेली में प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं, डॉ. दीपंकर भट्टाचार्य हर महीने के तीसरे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वात्सल्य नर्सिंग होम, रायबरेली में परामर्श देंगे।डॉ. अभिजीत कुमार ने इस अवसर पर कहा, ष्किडनी फेलियर या क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) एक ऐसी बीमारी है, जिसमें समय के साथ किडनियाँ खून से विषैले पदार्थों और अपशिष्ट को फिल्टर करने में सक्षम नहीं रह जाती हैं। हालाँकि यह बीमारी पूरी तरह ठीक नहीं होती, लेकिन समय पर पहचान और शुरुआती इलाज से बीमारी की गति को धीमा किया जा सकता है। शराब का अधिक सेवन, गंभीर डिहाइड्रेशन, असंतुलित आहार और दर्द निवारक दवाओं का बिना निगरानी के उपयोग जैसे कारणों से किडनी रोग के मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को इस बारे में जागरूक होने की जरूरत है और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए ताकि किडनी की समस्याओं से बचा जा सके।डॉ. दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, ब्लड कैंसर जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा को अब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी और कई मामलों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के जरिए पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। इन रोगों के लक्षणों की जानकारी के अभाव में अक्सर गलत जाँच और पहचान देर से होती है। एक साधारण ब्लड टेस्ट (कंप्लीट ब्लड काउंट) और एक बेहतर पेरिफेरल स्मियर जाँच से सही निदान की ओर पहला कदम बढ़ाया जा सकता है।हेमेटोलॉजी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में हुई प्रगति के चलते, बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) आज गंभीर बीमारियों के लिए जीवनरक्षक इलाज बनकर उभरा है।इस ओपीडी सेवा के शुभारंभ का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना और उन मरीजों की परेशानी को कम करना है, जिन्हें अब तक विशेष इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। विश्वस्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराते हुए मैक्स हॉस्पिटल लोगों को समय पर इलाज कराने और गंभीर बीमारियों का बेहतर इलाज पाने के लिए सशक्त बना है।

शहर के देवानंदपुर में 59 बीघा तालाब की जमीन हुई कब्जा मुक्त

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश में अवैध कब्जेदारों के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा एवं तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन में बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब 59 बीघा जमीन जिसकी कीमत 40 करोड़ के लगभग कि राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है, नगर पालिका व राजस्व टीम ने संयुक्त रूप से पूरी जमीन की नाप कर अवैध कब्जेदारों से मुक्त करा दिया तथा पूरी जमीन नगर पालिका को हैंडोवर भी कर दी गई।इस मौके पर नायब तहसीलदार रमाशंकर मिश्रा, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, लेखपाल रविकान्त त्रिपाठी, अंजनी मिश्रा, उमेश दीक्षित एवं नगर पालिका से राजस्व निरीक्षक गौरव शुक्ला समेत पूरी टीम मौजूद रही।

लालगंज क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न,तौधकपुर ग्राम पंचायत में 12 वर्ष से एक ही सेक्रेटरी की नियुक्ति पर उठे सवाल

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। क्षेत्र पंचायत की बैठक लालगंज ब्लाक सभागार में विभिन्न मुद्दों के साथ हंगामेदार रही। बैठक में ज्यादातर विभागों के अधिकारी व कर्मचारी नदारत रहे।तीन वर्ष बीतने के बाद भी अब तक क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक का भत्ता क्षेत्र पंचायत सदस्यो ना मिलना भी प्रमुख मुद्दा रहा।वही तौधकपुर गांव में 12 वर्षों से एक ही पंचायत सचिव के तैनाती पर भी सवाल उठे और 5 वर्षों से तौधकपुर गांव का पंचायत भवन और शौचालय न खुलने की शिकायत प्रमुख से की गई ।बैठक में प्रमुख रूप से पेंशन, पेयजल ,आवास के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख शिवानी सिंह की अध्यक्षता में शुरू की गई। वही खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने एजेंडा पढ़कर बताया कि वित्तीय वर्ष 23- 24 में 2 करोड़ 70 लख रुपए के कार्य कराए गए ।वहीं वित्तीय वर्ष 24 -25 में नवंबर तक 2 करोड़ 40 लाख के विभिन्न कार्य नाली, खड़ंजा ,सीसी रोड, इंटरलॉकिंग के माध्यम से खर्च किए गए हैं और अब तक एक करोड़ 9 लख रुपए लगभग बचा हुआ है जो आज बैठक में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से प्रस्ताव लेकर नए कार्य अभिलंब शुरू कराए जाएंगे। वही बेहटा कलां के क्षेत्र पंचायत सदस्य अनन्त विजय सिंह ने कहा कि साढ़े तीन वर्ष बीतने के बाद भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मीटिंग का भत्ता नहीं मिल पाया है जिस पर खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने अविलंब खाते में भेजने की बात कही। बैठक में समस्त सभी प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गांव में आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए पुरजोर आवाज उठाई जिस पर खंड विकास अधिकारी ने आवारा पशुओं को टीम लगाकर पकड़वाकर गौशालाओं पर भेजने की बात कहीं। बैठक में विधायक प्रतिनिधि दिव्यांबर सिंह बाबा राजा ने कहा कि सभी लोगों के नए प्रस्ताव लेकर कार्य कराए जाएंगे । इस मौके पर प्रधान संजय बाजपेई, अनिल मिश्रा, संजय सिंह ,वीरेंद्र सिंह ,राजेश सिंह, दुखी लाल, रामसुंदर यादव, चमन यादव, राम अनुग्रह सिंह, घनश्याम सिंह मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने मध्य रात्रि में रैन बसेरों का किया निरीक्षण

रैन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न होः डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुपर मार्केट एवं जिला अस्पताल में स्थापित रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरों के संचालकों को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरों में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

देश को दिशा देने वाले महापुरुष डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान उनके द्वारा निर्मित संविधान का अपमान है: रज्जू खान

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफ्ताब अहमद रज्जू खान एडवोकेट ने कहा कि देश की संसद के राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार से बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के नाम का मुख वाचन कर अपने हृदय की उनके प्रति कुंठा प्रदर्शित किया। उनका अमर्यादित व्यवहार अशोभनीय है। देश को नई दिशा देने वाले महापुरुष डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान उनके द्वारा निर्मित संविधान का अपमान है।समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल,भीम आर्मी सहित बहुत से राजनैतिक दलों ने अमित शाह के आचरण पर विरोध जताया है। परंतु सबसे अधिक बाबा साहेब के नाम पर राजनीति करने वाली बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो बहन सुश्री मायावती ने चुप्पी साध रखी है। यदि अबतक भाजपा नेता को छोड़कर किसी राजनैतिक दल के नेता ने कुछ कहा होता तो वे आसमान सर पर उठा चुकी होतीं। वह समय दूर नहीं कि वे विपक्षी दलों पर निशाना साधने के लिए शीघ्र ही नये तेवर और नये हथकंडे अपनाते हुए इसका ठीकरा फोड़ती दिखाई देंगी।

वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में आज दिनांक 19.12.2024 को वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली भी उपस्थित रही। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की। दौरान निरीक्षण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजन आवास की पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। पाकशाला में पर्याप्त साफ सफाई न पाए जाने पर अधीक्षक वृद्ध आश्रम को उचित साफसफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जजध्सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर प्रत्येक वृद्धजन से अलग-अलग उनकी समस्याओं के बाबत पूछा गया।वृद्धजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उक्त अवसर पर वृद्धजनों को नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के सम्बन्ध मे भी जानकारी प्रदान की गई। उक्त शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम धनंजय सिंह को वृद्धजनों के उक्त कार्डो को अद्यतन किये जाने व बनवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त शिविर में स्वयं सेवक पूनम सिंह व पवन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

शत्रुघ्न वर्मा के अवधी कहानी संग्रह ''सुखिया'' का हुआ विमोचन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। गुरुवार को शहर के एक स्थानीय होटल में शत्रुघ्न वर्मा के अवधी कहानी संग्रह ''सुखिया'' का विमोचन किया गया। कैनवास क्लब के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्य प्रसाद शर्मा शिनसिहरश् ने सरस्वती आराधना से प्रारम्भ किया। कार्यक्रम में अजीत कुमार मेहरोत्रा अध्यक्ष सेवा निवृत्त बैंकर्स समिति तथा अध्यक्षता देवी दास साहित्य कार चित्रकार ने किया। विशिष्ठ अतिथि डॉ संतलाल ने मनुष्य को माता-पिता गुरु के अतिरिक्त जन्म ग्राम का कर्तव्य को पुस्तक सुखिया पूरा करने का प्रयास शत्रुघ्न लाल वर्मा ने किया है। शत्रुघ्न की रचित पुस्तक में पूरी अवधी भाषा में उकेरा गया है।कार्यक्रम में साहित्य जगत से सूर्य प्रसाद शर्मा , दुर्गा शंकर वर्मा, राजेन्द्र वर्मा ृराजृ कृष्ण कुमार अवस्थी,श्रीधर सिंह,देवी बक्श सिंह, निर्मल प्रकाश श्रीवास्तव, डाक्टर रूवी शर्मा, राजू वर्मा हिन्दी भाषा पर विचार रक्खे मंच का संचालन राजवंत सिंह पटेल ने किया। कार्यक्रम में आलोक वर्मा, खुशी राम चौधरी, गया प्रसाद शुक्ल, धनंजय पाण्डे, वासुदेव मिश्र, जितेंद्र सिंह,रमेश चंद्र, लाल चन्द कनौजिया, अर्चना, सीमा देवी, अनुराग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

डायट प्रशिक्षुओं ने किया निपुण सर्वे

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। निपुण सर्वे आकलन के चतुर्थ दिवस में 18 विकास क्षेत्र हेतु आवंटित 67 विद्यालयों में डायट की 43 टीमों द्वारा कक्षा एक एवं कक्षा दो के बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता की जांच निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से की गई। आकलन में आ रही समस्याओं को डायट के कंट्रोल रूम द्वारा स्टेट टीम से बात करते हुए समाधान किया गया। चतुर्थ दिवस के सर्वे में जिओ फेंसिंग से संबंधित समस्या कम से कम देखने को मिली। निपुण सर्वे आकलन के नोडल अभिवेक श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि सर्वे के पांचवे दिन में 48 विद्यालयों में 25 टीम द्वारा आकलन किया जाएगा। सर्वे होने वाले विद्यालयों में कंट्रोल रूम द्वारा वीडियो कॉल कर के फील्ड इन्वेस्टिगेटर की उपस्थिति के साथ साथ छात्रों की उपस्थिति को भी देखा गया। अधिकांश विद्यालय में कक्षा 1 एवं कक्षा 2 में उपस्थिति प्रतिशत शत प्रतिशत रहा।

प्रावि नीबी विकास क्षेत्र सरेनी में फील्ड इन्वेस्टिगेटर नेहा वर्मा व मुस्कान ने कुल 8 बच्चों का सर्वे किया। रोहनिया विकास क्षेत्र के प्रावि छिपिया में में फील्ड इन्वेस्टिगेटर पूनम साहू व वर्षा यादव ने कुल 20 बच्चों का सर्वे किया। चतुर्थ दिवस सर्वे की समाप्ति तक समस्त टीमों द्वारा शत प्रतिशत सर्वे पूर्ण कर लिया गया।

दो दिवसीय स्वागत समारोह गूंज का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। आर0के0 ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, नैनी, प्रयागराज के प्रांगण में नवागन्तुक छात्र-छात्राओं हेतु 02 दिवसीय स्वागत समारोह ''गूंज'' का शुभारम्भ गुरुवार को संयुक्त रूप से आर0 के0 कालेज आफ फार्मेसी, आर0के0 स्कूल आफ नर्सिंग एवं प्रयाग विधि महाविद्यालय द्वारा किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज एवं पूर्व सचिव सी.बी.एस.ई. बोर्ड नई दिल्ली अनुराग त्रिपाठी रहे एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य माधव ज्ञान केन्द्र नैनी के डॉ0 विन्यवासिनी त्रिपाठी एवं डॉ0 आलोक मुखर्जी विभागाध्यक्ष फार्मेसी, यूनाईटेड कालेज आफ फार्मेसी नैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अनुराग त्रिपाठी ने मां सरस्वती की पूजा एवं माल्यार्पण वेद पाठी ब्रात्मणों द्वारा सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार के साथ किया। संस्थागत छात्रों ने समूह नृत्य के माध्यम से सरस्वती वन्दना एवं विभिन्न प्रकार के गीत, गजल तथा विभिन्न विषयों पर नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया। इसके

पश्चात् चेयरमैन डॉ. आशुतोष त्रिपाठी एवं प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्रों के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक संदेश दिया उन्होंने बताया कि आप उम्र के जिस पड़ाव पर आज हैं यह आपके जीवन का स्वर्णिम काल होता है यहीं से आप अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते हैं आपकी शिक्षा मात्र डिग्री लेने तक ही सीमित नही होनी चाहिए बल्कि आपका एक ऐसा लक्ष्य होना चाहिए जिसकी प्राप्ति के लिये आप अपना सब कुछ समर्पित कर दें किताबी ज्ञान के अलावा आपको खोजी प्रवृत्ति के होना चाहिए हमेशा किसी न किसी आविष्कार की कल्पना करते हुये उसे मूर्त रूप देना आपका लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माधव ज्ञान केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ0 विन्यवासिनी त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को सीख देते हुए कहा कि भारत देश का इतिहास गौरवमयी रहा है यहां पर स्वामी विवेकानन्द जैसे विद्वानो ने जन्म लिया है जिन्होने शिकागो सम्मेलन अमेरिका में भारत के मस्तक को ऊंचा रखा। छात्रों को उनकी जीवनी जरूर पढ़नी चाहिए और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिएकार्यक्रम की अगली कड़ी में नर्सिंग छात्र-छात्राओं हेतु लैम्प लाईटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डॉ. अरुण कुमार जी एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश चन्द्र पाण्डेय जी एवं शांति विलास हॉस्पिटल के निदेशक एवं प्रख्यात ई0एन0टी0 सर्जन डॉ0 अजय शुक्ला जी तथा डॉ. पंकज पाण्डेय उप चिकित्सा शिक्षा अधिकारी प्रयागराज नें नर्सिंग छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार रहने की शपथ दिलाई। उन्होने ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ के बिना कोई भी हॉस्पिटल प्रगति नही कर सकता। नर्सिंग स्टाफ मरीजों की चिकित्सीय सेवा के साथ-साथ भावनात्मक रूप से जुड़ी रहती हैं जिसका परिणाम यह होता है कि मरीज जल्द ही स्वस्थ होने लगता है।

अंत में संस्था के चेयरमैन डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी ने समस्त नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कांग्रेस नेता की मौत पर शोक सभा

प्रयागराज। लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। ब्रस्पतिवार को जीरो रोड स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने युवा कांग्रेस नेता प्रभात की मौत पर नाराजगी जताते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। पार्टी के जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये दिये जाने की मांग की।

श्रद्धांजलि देने वालों में मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, हरिकेश त्रिपाठी, फुजैल हाश्मी, मो0 हसीन, दीपचंद्र शर्मा, शकील अहमद, लाल सिंह पटेल समेत आदि लोग मौजूद रहे।

साहित्यकार राकेश कुमार वर्मा की पुण्यतिथि पर पुस्तकालयों में रखी गई उनकी पुस्तक काल चक्र

नैनी(प्रयागराज)। वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय राकेश कुमार वर्मा नूतन की चौथी पुण्यतिथि पर हाल ही में उनके द्वारा लिखित साहित्यिक समग्र संकलन कालचक्र = एक प्रारब्ध को साहित्यिक प्रेमियों की विशेष अभिरुचि मिल रही है चालीस वर्ष पूर्व समसामयिक विषयों एवं तत्कालीन समाज का परिदृश्य दिखाती यह पुस्तक न सिर्फ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बल्कि देश और विदेश में भी काफी पसंद की जा रही है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की केंद्रीय लाइब्रेरी में यह पुस्तक पंजीकृत की गई है साथ ही संगठक कॉलेज सीएमपी डिग्री कॉलेज तथा संस्थाओं जिनमें मुख्य रूप से राजकीय



संग्रहालय ,हिंदुस्तानी अकादमी ,भारती भवन, हिंदी साहित्य सम्मेलन ,खत्री पाठशाला ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के साथ-साथ मध्य प्रदेश, पुणे ,दिल्ली और महाराष्ट्र के अलग-अलग छह विश्वविद्यालय ने इस साहित्यिक पुस्तक को अपने पुस्तकालय में जगह दी है। प्रियांशु श्रीवास्तव एवं डॉ आकांक्षा पाल द्वारा संपादित यह पुस्तक श्रीलंका के हिंदी भाषी विश्वविद्यालय के राजभाषा विभाग में भी जगह पाने में सफल हुई है। लेखक के विचारों एवं संकल्प को साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं के हित में एवं हिंदी साहित्य को नई दिशा देने के प्रयोग हेतु यह पुस्तक विभिन्न विश्वविद्यालय कॉलेज सहित साहित्यिक संस्थाओं में विशेष भूमिका निभा रही है।

लेखक की चौथी पुण्यतिथि पर देश के जाने-माने साहित्यकार एवं पत्रकार तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव को स्वर्गीय राकेश कुमार वर्मा नूतन स्मृति सम्मान देकर सम्मानित भी किया गया।

भाजपा प्रदेश मंत्री के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों ने दी बधाई

प्रयागराज। भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी के जन्मदिवस पर भाजपा प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। दारागंज स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने अनामिका चौधरी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि अनामिका चौधरी भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं की प्रेरणा स्रोत रही हैं। मातृ शक्ति के रूप में उन्होंने संगठन और समाज सेवा की मिसाल पेश की है। देवेश सिंह, संजय श्रीवास्तव, मनोज कुशवाहा, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, शिवा त्रिपाठी, संजय सिंह, निर्दोष सिंह गोलू आदि कार्यकताओं ने बधाई दी।

निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने 201 युवाओं को दिया रोजगार

रोजगार मेले में बेरोजगार युवाओं की जुटी भारी भीड़

➪कालेज के प्रिंसिपल ने सफल युवाओं को दी शुभकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। देश में बेरोजगारी एक अहम मुद्दा है। बेरोजगार युवाओं की फौज को नौकरी को लेकर कितनी अपेक्षा है, यह अक्सर होने वाले बयानों और प्रदर्शन से साफ पता चलता है। उच्च डिग्री धारक बच्चों के लिए यदि कोई निजी कम्पनी भी आगे आती है तो वहां हुजूम उमड़ पड़ता है।माण्डा क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री पॉलीटेक्निक कॉलेज में लगे रोजगार मेले में बेरोजगारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मांडा के लालबहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक कालेज व आईटीआई मांडा के साझा प्रयास से सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज के संयोजन मे पालीटेक्निक कॉलेज मांडा में आयोजित रोजगार मेले में दस कम्पनियों ने 201 बेरोजगार छात्रों का चयन किया है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज के प्रतिनिधि विश्व मोहन द्विवेदी के पर्वेक्षण में गुरुवार को लगे रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि अखिलेश सिंह के प्रतिनिधि शेखर सिंह मौजूद रहे। रोजगार मेले में कुल 477 छात्र पंजीकृत किए गए थे, जिनमें 201 छात्रों का योग्यता के आधार पर चयन किया गया है।

मौजूद कंपनियों में सत्या माइको कैपिटल लिमिटेड, डस्की स्टैलिन,प्रा लि., डिलोन कंसल्टेंट प्रा लि., पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि., जी 4 यस सिक्योर साल्यूसन इंडिया लिमिटेड, महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस, स्प्रेक्टम टैलेंट मैनेजमेंट लिमिटेड, मेराकी वेंटर्स,, ग्रोफास्ट एग्रीटेक प्रा लि., गुडविल इंडिया मैनेजमेंट आफ कंपनी के प्रतिनिधियों ने चयन प्रक्रिया पूरी की है।

रोजगार मेले मेले में आये सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों व छात्रों के प्रति कालेज के प्रधानाचार्य रजनीश उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आईटीआई कॉलेज मांडा से रामबाबू, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज से विश्व मोहन द्विवेदी, सर्फराज सिंह, शिवशंकर मौजूद रहे।

पांच दर्जन गांवों में पांच से छह घंटे ही बिजली आपूर्ति

लेड़ियारी के फीडर से 15 दिन से दिन-रात की जा रही अनियमित कटौती

लेड़ियारी(प्रयागराज)। कड़ाके की ठंड में अगर बिजली की कटौती हो तो स्थिति और खराब हो जाती है । इन दिनों क्षेत्र में यही हो रहा है । सुबह दोपहर व रात में हो रही बिजली की अघोषित कटौती उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। बिजली कटौती से लोगों को पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं दूसरी तरफ बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में व्यवधान खड़ा हो रहा है। लेड़ियारी उपखंड के लेड़ियारी फीटर से जुड़े पांच दर्जन गांवों में विगत एक पखवाड़े से पांच से छह घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है । इससे लोगों को दिनचर्या प्रभावित हो गई है । लोगों कहना है कि गर्मी में तो व्यापक पैमाने पर कटौती की जाती है । लेकिन ठंड के मौसम में जब एसी , कूलर नहीं चलता फिर भी पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है ।

बिजली पर्याप्त मात्रा में न मिलने के कारण लघु उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं । जबकि सुबह छात्र पढ़ने उठने के पूर्व बिजली आपूर्ति ठप होने से दिक्कत उठानी पड़ है। अधिकारी लगातार फाल्ट का बहाना बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं । जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है । बताते हैं कि ज्यादातर फीडरों में निजी कर्मचारियों की आपूर्ति की जिम्मेदारी दी गई है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय होने के नाते ऐसे कर्मचारी लगातार मनमानी कर रहे हैं।

लेड़ियारी से पांच दर्जन गांवों में आपूर्ति

लेड़ियारी उपकेंद्र से किहुंनी खुर्द , किहुंनी कला, पवांरी, देवरी , कैथवल , धोबहट , डीही खुर्द, कोलसरा , पथरपुर , देईबांध , रतेवरा , करपिया , बड़ोखरा, खिवली , नीबी , बहरैचा , चैलारी , गोदहा , सेमरी जिरौहा, जमुआ, जमसोत , बरहा , कदौली आदि फीडर से जुड़े गांवों में भी पर्याप्त आपूर्ति न होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बिजली आने और जाने का कोई रोस्टर निर्धारित नहीं है । शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

आशीष कुमार मिश्रा लेड़ियारी

रात के समय बिजली कटौती से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को समस्या हो रही है। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

विष्णु प्रताप सिंह लेड़ियारी

बिजली की अघोषित कटौती के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। बिजली न रहने के कारण पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है।

शंकर दयाल तिवारी ग्राम प्रधान बहरैचा

पुराने जर्जर तारों की वजह से लगातार फाल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। जबकि छह माह पूर्व कार्य कराया गया था। लेकिन कुछ तार बदले के कारण दिक्कत हो रही है।

सरकारी योजना के तहत जर्जर तारों को बदलने का काम कराया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को पर्याप्त आपूर्ति हो सकेगी।

मार्कंडेय यादव अवर अभियंता

चोरों ने फिर मंदिर को बनाया निशाना

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। ठंड का सीजन शुरू होते ही चोर भी सक्रिय हो गए हैं। चोर अब मंदिरों में भी चोरी करने से परहेज नहीं करते हैं।

थाना क्षेत्र के बकचूंदा गांव में एक बार फिर चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए मंदिर में लगे घंटा को पार कर दिया।बता दें कि बकचूंदा गांव के शायर माता मंदिर से चोरों ने बीती रात घंटा सहित कई सामान चुरा ले गए। पूर्व भी उक्त गांव के मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरों ने साउंड बाक्स सहित आदि सामान चुरा ले गए थे। शिकायत के बावजूद चोर, पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

स्कूल में विभागीय गाइड लाइन की हुई अनदेखी

बच्चों से काम कराए जाने का हुआ वीडियो वायरल

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। मेजा में परिषदीय स्कूल में नौनिहालों से काम कराए जा रहे हैं। एक स्कूल में साफ सफाई व फावड़े से इंट सहित मिट्टी खुदाई का कार्य बच्चों द्वारा कराए जाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

मेजा तहसील क्षेत्र के मेजा खास प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार की सुबह स्कूल के शिक्षकों द्वारा नौनिहालों से ईंट हटवाने एवं फावड़े से मिट्टी खुदाई एवं समतलीकरण कराया जा रहा था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल वीडियो जांच का विषय है। बताया गया कि इसे देखकर अभिभावक परेशान नजर आए और कुछ लोग स्कूल पहुंच गए। वायरल वीडियो में साफ-साफ देखा जा रहा है कि नौनिहाल विद्यालय परिसर में कार्य करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ नौनिहालों के हाथ में फावड़ा भी देखा जा रहा है। इतना ही नहीं वीडियो बनाने वाले शख्स को मना किए जाने की बात भी सुनाई दे रही है। मेजा ब्लॉक के स्कूलों में इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं।

वहीं इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो वह बार बार फोन काट देते रहे।

पिकअप की टक्कर से घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

लेड़ियारी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र में सोमवार 16 दिसंबर को पिकअप के टक्कर से घायल हुए छात्र की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोमवार को चोट लगने से स्वजनों ने आनन-फानन में एक निजी अस्पताल प्रयागराज ले गए जहां हालत गंभीर बनी हुई थी । सूचना पर पुलिस पहुंचकर वाहन अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम देईबांध अपने नाना मिरू डीनर के यहां रविवार को घुमने अपने भाई बहन मां के साथ आया हुआ था। वहीं सड़क पार करते समय लेड़ियारी की ओर से तेज रफ्तार से पिकअप जा रही थी कि टक्कर लग जाने पर गिर खून से लथपथ हो गया।कोरांव थाना क्षेत्र के बिरहा निवासी दस वर्षिय गोलू पुत्र स्व ,संत लाल अपने नाना के यहां रविवार को

टहलने के लिए आया हुआ था। सुबह धान के खेत में बिनिया बिनने के बाद सड़क पार कर आ रहा था उसी दौरान रतेवरा की ओर जा रही पिकअप से टक्कर लग गया।

बताया जाता है कि गोलू प्राथमिक विद्यालय सागर का पूरा गांव में कक्षा पांच का छात्र है। इसके पिता एक पखवाड़े पूर्व ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। तो मां उर्मिला देवी अपने मायके अपने बच्चों के साथ राह फेरने के लिए आई थी। दो भाई एक बहन है । सबसे बड़े भाई धीरज कुमार, दूसरे नंबर का गोलू और एक दो वर्ष की लड़की है । शव देईबांध पहुंचते ही स्वजनों का रो - रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

इस संबंध में थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि अभी तक कोई परिजन प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा ।

कांग्रेसी नेताओं ने मोमबत्ती जलाकर दो दिवंगत नेताओं दी श्रद्धांजलि

नैनी(प्रयागराज)। भाजपा के कुशासन के विरोध में 18 दिसंबर 2024 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने लखनऊ में विधानसभा का घेराव किया, उसी दौरान एक दुःखद घटना हो गई,उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय का पुलिसिया उत्पीड़न से दम घुटने के कारण मृत्यु हो गई द्य यूथ कांग्रेस पार्टी के नेता स्व0 प्रभात कुमार पाण्डेय का बलिदान बेकार नहीं जाने देगी, महानगर कांग्रेस के कैंप कार्यालय नैनी में महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रयागराज में हुई जहां महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महानगर सचिव पण्डित वीरेंद्र शर्मा का हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया इनके आत्मा की शांति के लिए नैनी के कैंप कार्यालय में मोमबत्ती जलाकर शोक सभा कर यूथ कांग्रेस नेता प्रभात पाण्डेय, शहर कांग्रेस के निवर्तमान

शहर सचिव पंडित विरेंद्र शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई।शोक सभा कार्यक्रम में सभा में पूर्व राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र तिवारी शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के निवर्तमान शहर उपाध्यक्ष भोले सिंह, निवर्तमान शहर उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, निवर्तमान शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, निवर्तमान शहर महासचिव अजेंद्र गौड,राकेश श्रीवास्तव, निवर्तमान शहर महासचिव अंजुम नाज निवर्तमान शहर सचिव जमाल अख्तर,राजेंद्र श्रीवास्तव, शिव शंकर मिश्रा, शंकर प्रसाद मिश्र,निवर्तमान वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा,मुन्ना जाफरी,काजी जावेद आलम,नागेन्द्र मिश्रा, शाहिद उर्फ बल्लू,नागेश भारतीय, राजू भारतीय,यूथ कांग्रेस के प्रांजल केसरवानी, सौरभ पांडे, रवि तिवारी,अभिषेक शर्मा माला,सरफराज खान, शहजाद उल हक, प्रियम मिश्रा ऋषभ शुक्ला सहित कई नेता शामिल रहे।

प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी ने ऊर्जा निगम का किया निरीक्षण

विभिन्न विंग की जांच कर दिए कई दिशा निर्देश

➪पर्यावरण के नजरिए से अधिकारी ने किया पौधरोपण

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एस. सी. शुक्ला ने बुधवार मेजा थर्मल पावर स्टेशन का दौरा किया। निगम की विभिन्न व्यवस्थाओं का देर शाम तक निरीक्षण कर उन्होंने कुछ दिशा निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने यहाँ की ग्रीन वेल्ट के लिए किए गए पौधरोपण और उसके विकास को सराहा। उंन्होने यहाँ पौधरोपण भी किया है।

क्षेत्रीय अधिकारी शुक्ल के द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एएक्यूएमएस स्टेशनों, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, ईएसपी, ऐश डाइक क्षेत्र, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन प्लांट, कोल क्रशर एरिया, कोल हैंडलिंग प्लांट के वैगन टिप्पर एरिया, कंट्रोल रूम, डस्ट सप्रेशन सिस्टम जैसे ड्राई फॉग डस्ट सप्रेशन सिस्टम (डीएफडीएस), कोल प्री वेटिंग सिस्टम आदि का जायजा एमयूएनपीएल के अधिकारियों के साथ लिया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी ने एमयूएनपीएल द्वारा किए गए ग्रीन बेल्ट विकास का दौरा किया।

सभी अधिकारियों ने 1 हेक्टेयर भूमि में फैले मियावाकी वृक्षारोपण स्थल का भी दौरा किया, जिसमें 30000 नग पेड़ रोपित हैं। श्री शुक्ला ने इतने कम समय में पौधरोपण वृद्धि के साथ-साथ मियावाकी वृक्षारोपण की गुणवत्ता की प्रशंसा की। एस.सी. शुक्ला क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एमयूएनपीएल परिसर में मेजा थर्मल पावर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान अजीत बसक, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), चंदर शेखर महाप्रबंधक (परियोजना), पीके साबत, महाप्रबंधक (सी एंड एम), विवेक चंद्रा, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख और अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

सीता राम का मिलन आत्मा परमात्मा का मिलन है- विनोदानंद सरस्वती

नैनी(प्रयागराज)। श्रमिक बस्ती स्थित मानस पार्क में चल रहे पांच दिवसीय सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन मे मानस मर्मज्ञ कथा व्यास दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने सीता राम विवाह का अत्यंत सुंदर चित्रण किया। उन्होंने कहा कि सीता और राम का मिलन वास्तव में आत्मा और परमात्मा का मिलन है। यदि मनुष्य अपने मन के घोड़े की लगाम राम जी को दे दे, अपने अहंकार को राम जी के चरणों में समर्पित कर दे और निष्काम भक्ति करे तो उसके जीवन में एक दिन वशिष्ठ जैसा गुरु आएगा और जीवात्मा की चुनरी परमात्मा के पीतांबर से बांध देगा और मिलन की भांवर होने लगेगी।

प्रसाद को परिभाषित करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जो जीवन के अवसाद का नाश कर दे, उसे प्रसाद कहते हैं। क्षेत्र के प्रतिष्ठित कथा वाचक विनोद मालवीय जी ने

महाराज प्रताप भानु की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य को आसक्ति के अतिरेक से बचना चाहिए। आसक्ति के अतिरेक के कारण ही राजा प्रताप भानु अपने साथियों से विलग हो गए और कपटी मुनि के जाल में फंस गए। कथा में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, राजकुमार त्रिपाठी, अनिल विश्वकर्मा, आर के शुक्ला, अमरीश जी, आर डी पांडेय, अतुल सिंह, हरिशंकर मिश्रा, लक्ष्मीकांत तिवारी, पप्पू मिश्रा, रमेश नेगी, डॉ संगम लाल विश्वकर्मा, ज्ञानेश्वर शुक्ला, अल्का विश्वकर्मा, नीलम सिंह, सीमा त्रिपाठी, शालिनी त्रिपाठी, जितेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, आकाश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

23 दिसंबर से होगी परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा

लेड़ियारी (प्रयागराज)। परिषदीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक की शैक्षिक सत्र 2024-25 की अर्धवार्षिक परीक्षा 23 से 28 दिसंबर तक होगी । इसके लिए समय सारणी घोषित की गई है । परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएगी । प्रथम पाली सुबह 9ः30 बजे से 11ः30 बजे तक तथा दूसरी पाली में परीक्षा 12ः30 से 2ः30 बजे तक होगी ।शैक्षिक 2024-25 में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों की कक्षा एक से आठवीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के समय सारणी की जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में आगामी 23 दिसंबर को प्रथम पाली में कक्षा एक से पांचवीं तक की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा तथा कक्षा छह से आठ तक के छात्र - छात्राओं की बेसिक क्राफ्ट कला , कृषि विज्ञान एवं गृह शिल्प की परीक्षा होगी । दूसरी पाली में कक्षा छह से आठ तक की खेल व शारीरिक शिक्षा की परीक्षा होगी । इसी प्रकार 24 दिसंबर को कक्षा दो व तीन की गणित , कक्षा चार से छठ तक की हिंदी , कक्षा सात और आठ की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी । दूसरी पाली में कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों की संस्कृत व उर्दू विषय की परीक्षा होगी । 26 दिसंबर की प्रथम पाली में कक्षा तीन की हिंदी व कक्षा चार से आठ तक सामाजिक विषय तथा दूसरी पाली में कक्षा दो से आठवीं तक के अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी । 27 दिसंबर को प्रथम पाली में कक्षा दो हिंदी , कक्षा तीन के छात्रों की सामाजिक विषय व कक्षा चार से आठवीं तक गणित विषय की परीक्षा होगी । दूसरी पाली में कक्षा तीन से आठवीं तक की कला एवं संगीत की परीक्षा कराई जाएगी । 28 दिसंबर को प्रथम पाली में तीन से पांचवी तक के कार्य अनुभव और नैतिक शिक्षा कक्षा कक्षा छह की विज्ञान विषय कक्षा सात व आठ का हिंदी विषय की परीक्षा होगी ।

संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की के चलते भाजपा सांसद घायल

राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर के मुद्दे पर संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की तक हो गई। इसमें भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी और वहां से खून निकलने लगा। जिसके चलते उन्हें तत्काल एबुंलेंस से अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उलझ पड़े। राहुल गांधी ने संसद भवन में प्रवेश करने के चलते एक सांसद को धक्का दे दिया, वे आगे खड़े प्रताप चंद्र सारंगी के ऊपर गिरे, जिससे सारंगी चोटिल हो गई।व्हील चेयर पर बैठकर एबुंलेंस तक जाते हुए सारंगी ने कहा, ÷मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, राहुल गांधी आए और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गया, जिससे मैं भी गिर पड़ा।

स्वयं राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि वे संसद भवन के भीतर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा ÷मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। ये संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है।

÷बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने फरूखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे प्रताप चंद्र सारंगी पर गिरे थे। मुकेश राजपूत को अचेतावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है।राज्यसभा में नागालैंड से भाजपा सदस्य एस फान्गनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी के धक्का मुक्की करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उनके बहुत करीब आ गए थे। इस पर सभापति ने कहा कि वे उनसे मिलने भी आई थी और वे इस विषय को देख रहे हैं। इस मुद्दे को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और नेता सदन जेपी नड्डा ने भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि हमारे दो सांसद घायल हुए हैं और एक को अस्पताल जाना पड़ा है। राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों पर आरोप लगाए।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सांसद अराजकता पैदा करने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निशाना बनाने और उन पर हमला करने के इरादे से पहुंचे। जैसे ही वह अंदर घुसे भाजपा सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया।

खड़गे पर यह खुला हमला भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है।इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में आज संसदीय दल की बैठक हुई। बाद में आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति से लेकर संसद के मकर द्वार तक मार्च निकाला। उन्होंने हाथ में पोस्टर पकड़े हुए थे और जय भीम के नारे लगा रहे थे।इसी बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि उन्होंने राज्यसभा की कार्यवाही में अमित शाह के बयान को पढ़कर सुनाया जिसमें वे कह रहे हैं, ÷मान्यवर, अभी एक फैशन हो गया है- %अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों में स्वर्ग मिल जाता।÷ श्रीनेत ने कहा कि ये शब्द गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सदन में कहे हैं। इस वक्तव्य को किसी प्रकार से तोड़ा- मरोड़ा नहीं गया है। इस वक्तव्य का साक्ष्य राज्य सभा की वेबसाइट पर है। अमित शाह को इस अक्षम्य अपराध के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

गुरदासपुर की सीमावर्ती पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला

खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली हमले की जिम्मेदारी

चंडीगढ़, (हि.स.)। पंजाब के जिला गुरदासपुर की एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया गया है। बीते 26 दिन में यह छठी घटना है। बुधवार की रात हुए इस हमले की जिम्मेदारी गुरुवार को खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है।

इससे पूर्व भी गुरदासपुर व अमृतसर में ग्रेनेड हमले व धमाके की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस इस मामले में चुप है।जानकारी के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते कलानौर कस्बे की बख्शीवाल चौकी पर बीती रात ग्रेनेड फेंका गया। इस धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह ग्रेनेड ऑटो में सवार व्यक्ति ने फेंका है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। गुरुवार को दिन में बख्शीवाल चौकी में आलाधिकारी पहुंचे, लेकिन किसी ने भी हमले को लेकर अधिकारिक बयान नहीं दिया।इस बीच खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने इस धमाके की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि जत्थेदार भाई रणजीत सिंह जम्मू के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। भाई जसविंद्र सिंह बागी उर्फ मनु अगवान की देखरेख में यह ऑपरेशन चलाया गया है। पोस्ट में लिखा है कि पंजाब के युवाओं का शिकार खेलने वाले पुलिस अधिकारी सिखों के बारे में अपशब्द बोलते हैं, उन्हें इसका जवाब मिलता रहेगा। पंजाब को बर्बाद करने का प्रयास किया जा रहा है। यह पोस्ट जारी करने वाले ने अपना नाम खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का फतेह सिंह बागी बताया है।उल्लेखनीय है कि पंजाब में बीते 26 दिन में यह छठा हमला है, जिसमें खालिस्तानी समर्थक आतंकी संगठन पांच धमाके करने में कामयाब रहा है। वहीं पुलिस एक बम बरामद करने में सफल रही है, जिसे अजनाला थाने से बरामद किया गया था।

एक्स से ट्वीट हटाने के लिए कहने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस ने आज केंद्र की भाजपा-नीत सरकार की निंदा करते हुए कहा कि उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में दिए गए उस विवादित भाषण को हटाने के लिए कहा है, जिसमें उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का ÷अपमान÷ किया था।कांग्रेस की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि पार्टी के नेताओं, कई सांसदों, पार्टी के आधिकारिक हैंडल सहित उन्हें 'एक्स' से एक ई-मेल मिला, जिसमें कहा गया था कि भारत सरकार ने शाह के भाषण को हटाने के लिए कहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि 'एक्स' ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की भावना से इसे हटाने से इनकार कर दिया था।उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अगर अमित शाह को लगता है कि उनके भाषण में कुछ भी गलत नहीं है, तो उनके मंत्रालय ने 'एक्स' से इसे हटाने के लिए क्यों कहा। उन्होंने दावा किया कि यह मूल भाषण था और इसे संपादित या विकृत नहीं किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने राज्यसभा की वेबसाइट पर उपलब्ध उनके भाषण का 34-पृष्ठ का वह असंपादित पाठ भी दिखाया, जिसमें आंबेडकर पर अमित शाह की वह टिप्पणी है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह देश को संविधान देने वाले डॉ आंबेडकर के प्रति पूरी तरह से अपमानजनक और असम्मानजनक है।श्रीनेत ने भाजपा और उसके 'एक्स' हैंडलर्स की भी निंदा की, जिन्होंने शाह द्वारा डॉ. आंबेडकर के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेताओं द्वारा डॉ. आंबेडकर की तस्वीरें लेकर प्रदर्शन करने की तस्वीर को विकृत किया।

उन्होंने बताया कि भाजपा के 'एक्स' हैंडल पर डॉ. आंबेडकर की तस्वीर को जॉर्ज सोरोस की तस्वीर से बदल दिया गया, जिन्हें भाजपा राष्ट्रविरोधी कहती है। अपनी पार्टी की मांग दोहराते हुए कि शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए और अपना इस्तीफा देना चाहिए, सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की इस तरह की दबावपूर्ण रणनीति से डरने या झुकने वाली नहीं है।

पाकिस्तान में कटासराज दर्शन के लिए रवाना हुआ 72 श्रद्धालुओं का जत्था

चंडीगढ़, (हि.स.)। भारतीय श्रद्धालुओं का एक जत्था गुरुवार को अमृतसर स्थित अटारी-बाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान में कटासराज दर्शन के लिए रवाना हुआ। देशभर से 72 श्रद्धालु इस बार पाकिस्तान यात्रा पर गए हैं।गुरुवार को देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए श्रद्धालु अमृतसर के दुर्गियाना तीर्थ पर इकठ्ठा हुए, जहां प्रधान लक्ष्मीकांता चावला के नेतृत्व में उन्हें पाकिस्तान की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया। यह जत्था 25 दिसंबर को भारत वापस लौटेगा।इस दौरान दुर्गियाना तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री लक्ष्मी कांता चावला ने कहा कि टाटा नगर से शिव परिवार ग्रुप आज कटासराज की यात्रा के लिए पाकिस्तान रवाना हो रहा है। 72 हिंदू श्रद्धालु जो भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हैं, वे पाकिस्तान स्थित अपने गुरुधामों के दर्शनों के लिए जा रहे हैं।

नीलकमल नाव हादसा मामले में नौसेना के विरुद्ध मामला दर्ज, दो लापता की तलाश जारी

मुंबई, (हि.स.)। मुंबई के पास नीलकमल नाव हादसा मामले में इस घटना में बचाये गए यात्री नथाराम चौधरी की शिकायत पर गुरुवार को कोलाबा पुलिस स्टेशन में नौसेना की गश्ती स्पीड बोट के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नौसेना आज सुबह हादसाग्रस्त नांव को टोइंग कर समुद्र के किनारे लायी और उसकी छानबीन कर रही है। साथ ही नौसेना, तटरक्षक दल और बचाव दल की टीमें इस हादसे में लापता हुए दो लोगों की सुबह से समुद्र में तलाश कर रही हैं।यह जानकारी कोलाबा पुलिस ने दी।इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, 101 लोगों को बचाया गया है। इसमें जर्मनी के दो विदेशी यात्री भी शामिल थे। मृतकों में 7 पुरुष, 4 महिलाएं, 2 बच्चे शामिल हैं। इनकी पहचान महेंद्र सिंह शेखावत , प्रवीण शर्मा , मंगेश, मोहम्मद रेहान कुरेशी, राकेश नानाजी अहिरे, सफियाना पठान, माही पावरा, अक्षता राकेश अहिरे , मिठू राकेश अहिरे , दीपक वी. के रूप में की गई है। जबकि तीन शवों की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी

थी। इस घटना में बचाए गए दो लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस हादसे में राकेश नाना अहिरे के परिवार के तीन लोगों मौत हो गई है। वे नासिक जिले के पिंपलगांव, बसवंत के निवासी थे। अहिरे परिवार पर्यटन के लिए मुंबई आया था।बुधवार को गेटवे आफ इंडिया से करीब सवा तीन बजे एलीफेंटा पर्यटन स्थल की ओर जा रही नीलकमल नामक नाव उरन कारंजा के पास नौसेना की एक स्पीडबोट से टकरा कर हादसाग्रस्त हो गई थी। नौसेना के स्पीडबोट पर कुछ छह लोग सवार थे। इनमें तीन की मौत हो गई है, जबकि एक की हालत नाजुक बताई जा रही है और दो का इलाज जारी है। नौसेना ने बताया कि स्पीडबोट में नया इंजन लगाया गया था, जिसका परीक्षण किया जा रहा था और अचानक इंजन में खराबी आ जाने से स्पीडबोट बेकाबू हो गई थी।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दिए जाने की भी घोषणा की है। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना में मृतकों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक मदद की घोषणा की है। खबर लिखे जाने तक समुद्र में दो लापता लोगों की तलाश जारी है।

बांसुरी स्वराज ने कहा- कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र के खिलाफ

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि संसद में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने आज एक बयान में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही लोकतंत्र की हत्या की है।स्वराज ने 1975 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सत्तर के दशक में कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। अब कांग्रेस संविधान को लहराकर पाखंड रच रही है। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया है। उसके लिए कांग्रेस और उसके नेताओं को देश से माफी मांगनी चाहिए।

यूएस फेड के फैसले से बिगड़ा ग्लोबल मार्केट का मूड, दुनिया के ज्यादातर बाजार में दबाव का माहौल

नई दिल्ली,(हि.स.)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने के बाद की गई कमेंट्री से दुनिया के ज्यादा स्टॉक मार्केट में गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में आज चौतरफा दबाव बना हुआ है।अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान किया। इस बार उम्मीद के मुताबिक ही ब्याज दर में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद अमेरिका में ब्याज दर घट कर 4.25 प्रतिशत से लेकर 4.50 प्रतिशत के दायरे में आ गई है। ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान करते हुए यूएस फेड

अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने साफ कर दिया कि 2025 में केवल दो बार ही ब्याज दरों में कटौती की जाएगी, क्योंकि महंगाई फिर से बड़ी चुनौती बन सकती है।

उन्होंने साफ किया कि ब्याज दरों में की गई कटौती के बाद यूएस फेड को महंगाई के आंकड़ों के प्रति सतर्क रहना होगा। यूएस फेड के इस फैसले के बाद 10 सालों की अमेरिकी यील्ड 4.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि डॉलर इंडेक्स नवंबर 2022 के बाद के सबसे ऊंचे स्तर 108.25 तक पहुंच गया है।अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा 2025 में ब्याज दरों में कटौती करने के संबंध में की गई कमेंट्री के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा। इस निराशा की वजह से डाउ जॉन्स 1,100 अंक लुढ़क गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 178.45 अंक यानी 2.95 प्रतिशत टूट कर 5,872.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 658.90 अंक यानी 3.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,450.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,383.60 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए।

एफटीएसई इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 8,199.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.26 प्रतिशत उछल कर 7,384.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 20,242.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ।एशियाई बाजार में भी आज कमजोरी नजर आ रही है। एशिया के सभी 9 बाजारों में आज बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

एनसीपी भी दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेगी, प्रफुल्ल पटेल करेंगे विचार-विमर्श

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) भी दिल्ली में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली एनसीपी के नेता आज नार्थ एवेन्यू स्थित अपने राष्ट्रीय कार्यालय में दिल्ली के प्रमुख पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करेंगे। एनसीपी विधि प्रकोष्ठ के नेता तेज सिंह वरुण ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आज अपराह्न तीन बजे राष्ट्रीय कार्यालय (79-81 नार्थ एवेन्यू) में एनसीपी के व्यवस्था परिवर्तन कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व केंद्रीयमंत्री और राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल संबोधित करेंगे। इस मौके पर महाराष्ट्र के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। वरुण ने कहा कि सम्मेलन के बाद प्रफुल्ल पटेल दिल्ली इकाई के पदाधिकारियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं से उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करेंगे।

अमित शाह के बयान पर चर्चा की मांग को लेकर लेकर राज्यसभा में हंगामा

नई दिल्ली, (हि.स.)। बाबा साहेब आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिपण्णी के मुद्दे पर आज राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही दोपहर को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सभापति जगदीप धनकड़ ने सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू की, वैसे ही विपक्षी नेताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर चर्चा कराने की मांग की।

इस बीच सदस्य घनश्याम तिवारी के जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ संबंधित मंत्रियों ने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखे।सभापति ने बताया कि आज उन्हें विपक्ष की तरफ से नियम 267 के तहत चार नोटिस प्राप्त हुए हैं। इनमें तीन नोटिस अमित शाह के बयान पर चर्चा के लिए हैं और एक किसानों की मांग को लेकर है। उन्होंने इन सभी नोटिस को अस्वीकार कर दिया। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। शोर के बीच सभापति ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सदस्य सभा को चलने नहीं देना चाहते। ये लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

हंगामे के बीच उन्होंने सभा को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।उल्लेखनीय है कि बुधवार को भी गृहमंत्री के खिलाफ विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने गृहमंत्री अमित शाह से राज्े यसभा में दिए भाषण पर माफी मांगने की मांग की। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही को स्े थगित कर दिया गया।

एनआईए ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तीन अलग-अलग जगहों पर की छापेमारी

बीजापुर, (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तीन अलग-अलग जगहों पर गुरुवार सुबह एनआईए ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि एनआईए को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों का नक्सलियों से संबंध है। एनआईए की टीम आज सुबह साढ़े 5 बजे जिले के भैरमगढ़, आवापल्ली और तर्रेम पहुंचकर कुछ लोगों के घरों में छापा मारा है, उनसे पूछताछ किया जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।इससे पहले एनआईए की टीम ने नक्सल मामले में ही बीजापुर जिले से नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को पकड़ा था। उनसे पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। संभवत ⁻ उसी के आधार पर आज छापा मारा गया है। यह माना जा रहा है कि कार्रवाई केंद्र सरकार के नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए तय की गई समय सीमा मार्च 2026 का हिस्सा है।उल्लेखनीय है कि एनआईए की टीम ने सप्ताहभर पहले सुकमा जिले में भी छापा मारा था। इसके अलावा सुकमा से लगे पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरि में भी छापेमार कार्रवाई की गई थी। वहीं नक्सल मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

रणदीप सुरजेवाला ने गृहमंत्री की टिप्पणी पर राज्यसभा को दिया नोटिस

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने राज्यसभा को नियम 267 के तहत नोटिस दिया है। उन्होंने नोटिस में सूचीबद्ध कार्य के निलंबन का आग्रह करते हुए गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर चर्चा कराने की मांग की है।सुरजेवाला ने कहा है, ÷भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर चर्चा में भाग लेते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। ऐसी टिप्पणियां कीं, जिनसे स्पष्ट रूप से बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान का उपहास किया गया। यह न केवल बाबा साहेब का, बल्कि भारत के अनुसूचित जाति, वंचित, गरीब और आकांक्षी वर्गों की पूरी बिरादरी का अपमान है।

अमित शाह को छोड़ देनी चाहिए राजनीति : लालू यादव

पटना ,(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नसीहत दी कि वो राजनीति छोड़ दें।मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर से नफरत है। हम उनके इस पागलपन की निंदा करते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर महान शख्सियत हैं। उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए।इससे पहले बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अमित शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वह हमारी प्रेरणा के केंद्र है। हम बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अमित शाह के बयान की मैं निंदा करता हूं। ये उनकी संविधान विरोधी सोच को दिखाता है।कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने गुरुवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए अमित शाह से माफी की मांग की है।मंगलवार को राज्यसभा में संविधान के 75 साल पूरे होने पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन बन गया है। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। सौ बार और नाम लीजिए, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि आपके मन में उनके लिए क्या भावना है?अमित शाह के इस बयान को लेकर बुधवार को सदन में हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस पार्टी सहित तमाम विपक्ष के नेताओं ने अमित शाह पर बीआर अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए माफी की मांग की है।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने दिया लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस सांसद बी. मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह के संविधान दिवस के दौरान बाबा साहेब आंबेडकर के बारे में दिए गए बयान पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने नोटिस में कहा कि 17 दिसंबर को संविधान दिवस के दौरान संसद में गृहमंत्री ने अपने संबोधन में डॉ. बी.आर. का अपमान करने वाली टिप्पणी की। आंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख वास्तुकार हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। ऐसी टिप्पणी न केवल डॉ. आंबेडकर की विरासत को कमजोर करती है, बल्कि न्याय, समानता और सामाजिक सद्भाव के आदर्शों को भी धूमिल करती है।टैगोर ने कहा कि वरिष्ठ मंत्री की इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी बेहद अनुचित है। गृहमंत्री की टिप्पणी संविधान में निहित मूल्यों का सीधा अपमान है। कैबिनेट के किसी भी सदस्य के लिए समानता, न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के सिद्धांतों को कमतर करना अस्वीकार्य है। उन्होंने मांग की है कि गृहमंत्री को तुरंत सदन में इस टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही टिप्पणी की गंभीरता को देखते हुए गृहमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।कांग्रेस सांसद टैगोर ने कहा कि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। यह हमारे लोकतंत्र, संविधान के प्रति सम्मान और डॉ. आंबेडकर की विरासत से जुड़ा है। आंबेडकर का दृष्टिकोण न्याय और समानता की खोज में देश का मार्गदर्शन करता रहता है। उन्होंने नोटिस में लोकसभा अध्यक्ष से स्थगन प्रस्ताव पर तत्काल चर्चा की अनुमति देने का आग्रह किया है।

प्रमोद तिवारी ने शाह से देश से सार्वजनिक तौर पर क्षमायाचना और त्याग पत्र की मांग की

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अपमान को लेकर उनसे फौरन देश से सार्वजनिक तौर पर क्षमायाचना और त्याग पत्र की मांग की है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में डॉ. आम्बेडकर के प्रति पूर्वाग्रह एवं अपमान का पूरी तरह से अनैतिक प्रदर्शन किया है। उन्होनें कहा कि गृह मंत्री का भाषण संसद की कार्रवाई के रिकार्ड पर है ऐसे में देश जानना चाहेगा कि डॉ. आम्बेडकर के प्रति अपमान प्रदर्शित करने के बावजूद गृह मंत्री अभी तक अपने पद पर कैसे बनें हुए हैं। उन्होने पीएम पर निशाना साधा कि वह संवैधानिक संस्थाओ को लगातार कमजोर बना रहे हैं। उन्होने कहा कि संविधान और इसके निर्माताओं के अपमान पर विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार हर जगह तथा हर फोरम पर भय व दहशत का माहौल बनाया करती है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों मे विश्वास नही रह गया है। उन्होने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा संसद मे भी अंदर तथा बाहर संसदीय परम्पराओं व स्वस्थ लोकतंत्र पर आघात पहुंचाने से बाज नही आ रही है। उन्होनें कहा कि भाजपा का चार सौ पार के संसद में बहुमत लेने का एजेण्डा भी वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पर्दाफाश हो उठा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा संविधान संशोधन के जरिए अपने खतरनाक मंसूबे के तहत वन नेशन वन इलेक्शन की जगह वन नेशन वन लीडर का रख रही है। उन्होने कहा कि संसद के किसी भी सदन में संविधान संशोधन के लिए बहुमत न होने के बावजूद उसका यह शिगूफा देश की जनता का मुददो से ध्यान हटाने का गैरजिम्मेदाराना पन है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा सिर्फनेहरू फोबिया के अवसाद में राष्ट्रीय हितों के प्रति बेपरवाह बने हुए है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार में चौपट हो रही अर्थव्यवस्था के चलते डॉलर के मुकाबले रूपये का रोज कमजोर पड़ना आम आदमी पर मंहगाई की तेज मार साबित हो रही है।

सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं अटल जीः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ, प्रदर्शनी का किया उद्घाटन व अवलोकन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। बलरामपुर व लखनऊ से अटल जी ने संसद में उत्तर प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत मां के महान सपूत, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पीएम मोदी की प्रेरणा से आज से पूरे देश-प्रदेश में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ हो रहा है। अटल जी की पैतृक जन्मभूमि उत्तर प्रदेश है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में भी उत्तर प्रदेश को ही चुना। बलरामपुर व लखनऊ से कई बार उन्होंने संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने देश को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया। अटल जी कवि, पत्रकार, साहित्यकार व राजनेता थे। वे समन्वय के साथ सबको लेकर चलने का सामर्थ्य रखते थे। वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे। अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन बिना किसी कलंक के रहा।

सीएम योगी ने कहा कि आज से हर जनपद में कार्यक्रम प्रारंभ हुए है, जो सप्ताह भर (25 दिसंबर) चलेंगे। स्कूली बच्चों के लिए सुशासन पर निबंध लेखन, उच्च शिक्षा स्तर पर भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिता, ग्रामीण क्षेत्र में संगोष्ठी के आयोजन हो रहे हैं। इसके साथ ही पूरे वर्ष भर भी आयोजन होंगे। विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। इस दिन शाम को अटल जी की कविताओं पर आधारित काव्य संध्या भी हर जनपद, स्कूलों-कॉलेजों में होगी। इसमें नवोदित कवियों को मंच प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की सेवाएं व कृतित्व देशवासियों के लिए प्रेरणा है। सुशासन सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के हर स्कूल-कॉलेज, संस्थान में इससे संबंधित कार्यक्रम होंगे। श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों से प्रेरणा हम सभी का मार्गदर्शन होगा। अटल जी ने सुशासन के जिन लक्ष्यों को देखा और सोचा था, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश इसे प्रभावी ढंग से लागू भी कर रहा है। यह लक्ष्य प्रदेश भी प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक चलेगा सुशासन सप्ता

भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी को बचा लियाः पल्लवी

लखनऊ। अपना दल कमेरावादी की नेता और सिराथू सीट से सपा विधायक पल्लवी पटेल ने एक बार फिर सदन में अपनी बात रखने का मौका न देने पर नाराजगी जताई है। उनका आरोप है, सदन में असंवैधानिक तरीके से उनकी आवाज दबा दी गई वो भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना चाहती थीं। सपा विधायक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट लिखकर निशाना साधा और कहा कि श्एक बार फिर पिछडे वर्ग की महिला विधायक की भाजपा के भ्रष्टचार के खिलाफआवाज सदन में असंवैधानिक रूप से दबाई गई।उत्तर प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारीनदोनों को बचा लिया इसके लिये सीएम योगीआदित्यनाथ अवश्य ही गर्व कर सकते है, जय भ्रष्टचार की। पल्लवी पटेल ने प्राविधिक संस्थानों में नियमों के विरुद्ध पदोन्नति का आरोप लगाया है। मुद्दे को वो सोमवार को भी सदन में उठाना चाहती थी लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया, जिसके बाद वो विधानसभा परिसर में ही धरने पर बैठ गई थी लेकिन देर रात को संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना पहुंचे और उन्होंने आश्वास देकर उनका धरना खत्म कराया और कहा उन्हें बात रखने का मौका दिया जाएगा।

तीन दिवसीय 'स्पेशल खादी प्रदर्शनी' का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ/हापुड़। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार ने हापुड़ के पिलखुवा स्थित रामलीला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय स्पेशल खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अम्बा ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा वितरित 50 न्यू मॉडल चरखे (एन.एम.सी) का वितरण और चौधरी चरण सिंह बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र पंजोखरा द्वारा कारीगरों के लिए आयोजित खादी स्पिनिंग रिफ्रेशर कोर्स का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केवीआईसी मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूज्य बापू की विरासत खादी आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बन गई है।

खादी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया है और करोड़ों कारीगरों को सम्मानजनक आजीविका प्रदान की है। प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को नया जीवन और नई ऊर्जा मिली है, जिससे यह एक वैश्विक पहचान के साथ-साथ युवाओं की पहली पसंद भी बन गई है। अध्यक्ष केवीआईसी मनोज कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि तीन दिवसीय स्पेशल खादी प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग संस्थाओं के उत्पादों को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके माध्यम से कारीगरों को विपणन का नया मंच उपलब्ध होगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कारीगरों के कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित व्यापक सशक्तिकरण अभियान के अनुरूप है। इस अवसर पर, अध्यक्ष केवीआईसी ने कारीगरों से संवाद किया, उनके अनुभव सुने और उन्हें केवीआईसी की योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि आज जिन खादी कारीगरों को एन.एम.सी. चरखा प्रदान किया जा रहा है वो 'चरखा क्रांति' के सहभागी बन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के सहयात्री बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में खादी कारीगरों की आय 4 रुपये प्रति लच्छा से बढ़ाकर 12.50 रुपये प्रति लच्छा की गयी है। 10 वर्षों में खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 213 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'खादी क्रांति' ने देश के कारीगरों के जीवन में बड़े परिवर्तन का रोडमैप तैयार किया है।

विद्यार्थियों ने कला, संस्कृति और समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन किया

लखनऊ। महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, मोतीनगर, लखनऊ में 19 दिसंबर 2024 को एनुवल फन्कशन का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय अशोक कुमार अग्रवाल जी (सदस्य, विधान परिषद) द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग और सचिव सुधीर हलवासिया ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने नृत्य, गीत और नाटकों के माध्यम से कला और संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने अपनी सुमधुर आवाज से सभी का मन मोह लिया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान में त्यौहारों की महत्ता को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। के.जी. और प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने 'विभिन्नता में एकता' पर नृत्य कर भारतीय संस्कृति की विविधता और सौहार्द्र का संदेश दिया।

प्रदेश को एक और मेडिकल कॉलेज का तोहफा

- वाराणसी का पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल बनेगा मेडिकल कॉलेज
- इलाज के साथ होगी मेडिकल की पढ़ाई भी
- कॉलेज परिसर में बनेंगे तीन ब्लॉक दमानी ग्रुप से हुआ करार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में इलाज के साथ मेडिकल की पढ़ाई को और रफ्तार मिलेगी। प्रदेश को एक और मेडिकल कॉलेज का तोहफा मिला है। वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी।

एनेक्सी भवन के चतुर्थ तल स्थित सभागार में डिप्टी सीएम ने बताया कि मरीजों को आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इसका दोहारा फायदा है। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है। साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी कराई जा रही है।

430 बेड होंगे कॉलेज में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को उच्चीकृत करते हुए वहां 430 बेड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। एमबीबीएस की पढ़ाई भी होगी। पैरामेडिकल कोर्स भी चालू किए जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

मेडिकल कॉलेज के तीन ब्लॉक के निर्माण में दमानी ग्रुप सहयोग करेगा। इसके लिए गुरुवार को कंपनी के अधिकारियों के साथ करार किया गया। एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एकेडमिक एवं हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। समय पर निर्माण कार्य हो पूरा डिप्टी सीएम ने कहा कि तय समय में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूरा कराए जाये। एमबीबीएस की पढ़ाई समय सीमा पर शुरू कराई जाएगी। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कॉलेज निर्माण आदि की प्रक्रिया को रफ्तार देने के लिए डॉ. आरबी कमल को नोडल प्रिंसिपल नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह एवं दमानी ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

समझौता ज्ञापन कार्यक्रम से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान तथा सांस्कृतिक संबंध सुदृढ़ होंगेः जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं मणिपुर, बिहार तथा छत्तीसगढ़ के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयवीर सिंह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने समझौता ज्ञापन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की गरिमामय उपस्थिति रही।

संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर में आयोजित इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का यह मंत्र देश की सांस्कृतिक विविधता एवं विरासत को एक सूत्र में पिरोने का अवसर देता है। हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर इस प्रकार के सांस्कृतिक संगठनों के आयोजन के माध्यम से उजागर होती है। यह समझौता ज्ञापन देशवासियों के बीच एकता और अखण्डता की भावना को मजबूत करेगा। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश के कलाकार दूसरे राज्यों में जाकर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही दूसरे राज्यों के कलाकार उत्तर प्रदेश आकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। विदेशी कलाकार उत्तर प्रदेश की धरती पर अपनी लोक कलाओं को विविध आयामों को प्रदर्शित करेंगे। भारत विविध संस्कृतियों का संगम है। इसके माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को सुदृढ़ करना है।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें थांग टा नृत्य, थौगल जागोइ नृत्य, झिझिया नृत्य, जट जटिन सामा नृत्य तथा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। समझौता ज्ञापन कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि विविधताओं में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के बहुमुखी प्रतिभा ने भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाईः उच्च शिक्षा मंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत रत्न स्व0 अटल जी ने अपने जीवनकाल में राष्ट्र का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। वह पहले ऐसे विदेश मंत्री थे, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्र के विकास के लिए जो कार्य किए, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

पर्यटन मंत्री भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत को जिन ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया था, उसे देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पूरा कर रही है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। श्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। केन्द्र व राज्य सरकार भारत को वर्ष 2047 तक पुनः विश्व गुरु का सम्मान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। देश को सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आजादी के शताब्दी वर्ष तक भारत दुनिया का विकसित राष्ट्र बनेगा।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर सुशासन सप्ताह (19-25 दिसंबर, 2024) का शुभारंभ आज संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने अटल जी के चरणों में नमन करते हुए उनके महान व्यक्तित्व और आदर्शों का स्मरण किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन प्रेरणा और सेवा का प्रतीक है। वे एक कुशल राजनेता, संवेदनशील कवि, प्रखर विचारक और उत्कृष्ट वक्ता थे। उनके अद्वितीय व्यक्तित्व ने भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अटल जी ने सुशासन का एक ऐसा मानक स्थापित किया, जो आज भी प्रेरणादायक है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में अटल जी के विचारों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान प्रदेशभर में सुशासन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।

यात्री सुविधाओं का रखा जाय पूरा ध्यानः दयाशंकर

- परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में हुई महाकुम्भ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रदेश में सुगम एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था हेतु परिवहन निगम, मुख्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की वार्षिक जयंती के अवसर पर सुशासन के दृष्टिगत फेशलेस सेवाओं का तथा परिवहन निगम की ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा कराया जाने की तैयारियों हेतु निर्देशित किये।परिवहन मंत्री ने निर्देश दिया कि महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत परिवहन निगम की बसें परिवहन निगम के बस स्टैण्ड से संचालित करायी जायें। बस स्टेशन एवं बसों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था तथा स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपदों में प्राइवेट बसों के सचांलन के लिए महाकुम्भ के दृष्टिगत एक अस्थायी बस स्टैण्ड की स्थापना करायी जाए, जहॉ पर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए सभी तरह की व्यवस्थायें यथा- पेयजल, शौचालय, डारमेटरी की व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।

पंचायतीराज मंत्री ने 43 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट योजना का किया विमोचन

- अनियमित मौसम, बदलते वर्षा पैटर्न और बढ़ते तापमान के प्रभावों से जूझ रहा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रः राजभर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह ने आज 43 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट कार्ययोजना और उत्तर प्रदेश की लगभग 58,000 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट ग्राम पंचायत कार्य योजना विकास हेतु फ्रेमवर्क और मानक संचालन प्रक्रिया का विमोचन लखनऊ स्थित ताज होटल में किया गया। साथ ही, अयोध्या के लिए सिटी क्लाइमेट एक्शन प्लान भी औपचारिक रूप से विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि यह विमोचन सतत और क्लाइमेट स्मार्ट उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने नीति में जलवायु लचीलापन और कार्यवाही को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि संतुलित विकास और पर्यावरणीय सामंजस्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश को क्लाइमेट स्मार्ट बनाने में अपना योगदान देने के लिए आह्वान किया और पंचायती राज विभाग की पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।श्री राजभर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन सुदूर चुनौती नही है, बल्कि यह हमारे सामने है और हमारे समुदायों, पारीस्थितिकी तंत्र तथा जीवन शैली को प्रभावित कर रहा है। उत्तर प्रदेश विशाल जनसंख्या और विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाला प्रदेश है। हमारे सामने विशिष्ट चुनौतियां भी हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र अनियमित मौसम, बदलते वर्षा पैटर्न और बढ़ते तापमान के प्रभावों से जूझ रहा है। इसका सीधा प्रभाव कृषि, जलसंसाधनों एवं जन स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यह योजना ग्राम पंचायतों के लिए स्थानीय स्तर पर जलवायु कार्यवाही को आगे बढ़ाने और सतत ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावशाली साधन है। यह ग्राम पंचायत संस्थाओं, समुदायों और संबंधित विभागों को संवेदनशीलताओं का आकलन करने, स्थानीय जलवायु जोखिमों की पहचान करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन व शमन के लिए उपयुक्त समाधान विकिसित करने में सहायक सिद्ध होगी।मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों पर त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा यह पहली ऐसी पहल है, जो ग्रामीण स्तर पर जलवायु कार्यवाही को मजबूत करेगी। एसओपी ग्रामीण उत्तर प्रदेश में क्लाइमेट स्मार्ट पहल के बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो राज्य के सतत भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

अमित शाह वापस लें बयान, वरना कांग्रेस जैसा होगा भाजपा का हाल, अब मायावती ने संभाला मोर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह के भाषण के एक हिस्से पर मचे बवाल के बीच मायावती ने भी मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने होम मिनिस्टर अमित शाह को माफी मांगने और अपने शब्दों को वापस लेने की नसीहत दी है। मायावती ने गुरुवार को लखनऊ में कहा कि यदि अमित शाह ने माफी नहीं मांगी तो फिर दलित समाज भूल नहीं सकेगा। यही नहीं उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अमित शाह के बयान से पूरे देश के दलितों में गुस्सा है। वह उन्हें भगवान की मानते हैं। ऐसे में अमित शाह के बयान का बड़ा असर हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि माफी न मांगने पर भाजपा का हाल भी कांग्रेस जैसा हो सकता है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा, अमित शाह के बयान से बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायियों में जबरदस्त गुस्सा व्याप्त है। अमित शाह को अपने कहे शब्दों को वापस ले लेना चाहिए और पश्चाताप भी करना चाहिए। ऐसा नहीं किया तो फिर आंबेडकर के अनुयायी कभी इसे भूला नहीं पाएंगे और माफ नहीं कर सकेंगे। यह ऐसा ही होगा, जैसे कांग्रेस के तमाम पापों को आज भी बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायी भुला नहीं सकेंगे। कांग्रेस कितने ही रंग और ढंग बदल ले, लेकिन लोग उस पर भरोसा नहीं कर सके हैं। मायावती ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने बाबासाहेब के देहांत के बाद उनके नाम को और संविधान निर्माण में रहे उनके योगदान को मिटाने की भी पूरी-पूरी कोशिश की है। यह पार्टी अपने मकसद में कामयाब हो जाती, लेकिन मान्यवर कांशीराम के आगे आने से ऐसा नहीं हो सका। यही नहीं इस मिशन को मंजिल तक पहुंचाने के लिए मुझे भी अपनी जिंदगी समर्पित करनी पड़ी। लेकिन आज अलग-अलग पार्टियां तमाम हथकंडे अपनाकर उनकी विरासत को खत्म करना चाहती हैं।'

उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार 4 बार यूपी में रही और लखनऊ एवं नोएडा में हमने उनके नाम पर कई भव्य स्मारक बनाए। उनके नाम पर हमने किए जिले भी बनाए, लेकिन समाजवादी पार्टी ने नामों को बदल दिया। मायावती ने कहा कि दलित समाज के तमाम संतों, गुरुओं को बसपा ने हमेशा सम्मान दिया है। अब कांग्रेस और भाजपा आदि की नींद उड़ी हुई है।

मायावती ने कहा कि भाजपा जैसे दल तो अब मजबूर होकर कुछ कदम उठा रहे हैं। अब कांग्रेस भी दलित वर्ग को लुभाने के लिए किस्म-किस्म के हथकंडे अपना रही है। अब कांग्रेस भी यही कोशिश कर रही है कि अमित शाह के बयान के आधार पर वोट बटोर लिए जाएं।

संक्षिप्त खबरें

काकोरी के अमर शहीदों की स्मृति में निकली साइकिल यात्रा

लखनऊ। काकोरी एक्शन के अमर शहीदों की स्मृति में गुरुवार को सुभाष चौक से काकोरी शहीद स्मारक तक साइकिल यात्रा निकाली गई। उत्तर प्रदेश क्रांतिकारी परिषद की ओर से अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां व राजेन्द्र लाहड़ी जी के बलिदान दिवस पर निकली यात्रा को प्रोफेसर नलिन रंजन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काकोरी कांड के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकली साइकिल यात्रा सुबह सुभाष चौक से चलकर कैसरबाग बस अड्डा, अमीनाबाद, रकाबगंज, मेडिकल कॉलेज चौराहा, बालागंज दुबग्गा होते हुए काकोरी शहीद स्मारक पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गयी। साइकिल यात्रा मार्ग में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक 'और करो तुम जय जयकार का प्रदर्शन किया गया। यात्रा के समापन पर काव्यगोष्ठी हुई। साइकिल यात्रा में शशांक शेखर सिंह, अनूप मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, अभिनीत जैन, कृष्णानन्द राय, सोनल ठाकुर, श्रीपाल, अरविन्द पति त्रिपाठी समेत अन्य लोग शामिल हुए।

जोनल एक और तीन के जोनल अधिकारी बदले

लखनऊ। नगर निगम के जोन एक और तीन में नए जोनल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा दो कर अधीक्षकों के जोन में फेरबदल किया गया है। जोन एक में जोनल अधिकारी के तौर पर तैनात कर अधीक्षक अमर जीत यादव को अब जोन तीन का जोनल अधिकारी बनाया गया है। उनके स्थान पर जोन चार के कर निर्धारण अधिकारी राजेश कुमार को जोन एक का जोनल अधिकारी बनाया गया है। नगर आयुक्त के अनुसार जोन तीन के जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री के व्यक्तिगत कारणों से लंबे अवकाश और स्टेशन छोड़ने के कारण ही यह बदलाव किया गया है। इनके अलावा जोन चार में तैनात कर अधीक्षक विजय शंकर को जोन छह में तैनात किया गया है। जोन तीन में तैनात कर अधीक्षक बनारसी को जोन चार में भेजा गया है।

सैन्यकर्मी के मकान का ताला तोड़ कर चुराए जेवर

लखनऊ। आशियाना सेक्टर-के में सैन्यकर्मी के मकान का ताला तोड़ कर चोर लाखों के गहने और 50 हजार रुपये चुरा ले गए। पीड़ित ने आशियाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-के निवासी सिपाही विवेक कुमार कानपुर में तैनात हैं। आशियाना सेक्टर एम स्थित घर में अमित की मां रहती है। अमित के मुताबिक कुछ दिनों से मां की तबीयत ठीक नहीं थी। जिसके चलते वह अमित के परिवार के पास आ गई थीं। 16 दिसंबर को सेक्टर-एम स्थित घर पहुंचने पर सिपाही को ताला टूटा मिला। पीड़ित के मुताबिक 50 हजार रुपये के साथ जेवर चोरी हुए हैं। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्याक्ष ने गौशाला का किया निरीक्षण

लखनऊ। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गोसेवा आयोग के प्रदेश व्यापी निरीक्षण अभियान के क्रम में आज गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता द्वारा गोपेश्वर गौशाला, मलिहाबाद, लखनऊ का भ्रमण किया गया। अध्यक्ष ने गोपूजन कर गोवंश को गुड़ व हरा चारा खिलाया तथा गौशाला संचालक श्री उमाकान्त गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि लखनऊ में गो आधारित प्राकृतिक कृषि एवं पंचगव्य उत्पाद के प्रशिक्षण हेतु केन्द्र के रूप में उक्त गौशाला में कार्य किया जा सकता है। गौशाला में सभी गोवंश स्वस्थ पाये गये एवं चारा, पानी इत्यादि की व्यवस्था है। गौशाला में गोपालकों एवं गो आधारित कृषि कर रहे किसानों को भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। श्याम बिहारी गुप्ता अध्यक्ष की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय गोवंश संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी, जिसमें माननीय द्वारा निर्देशित किया गया कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में आने वाली समस्याओं का ससमय निराकरण करते हुए गोवंश को संरक्षित किया जाय। मुख्यमंत्री के निर्देश परगोसेवा आयोग द्वारा प्रदेश व्यापी निरीक्षण अभियान के कम में आज गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष, जसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह द्वारा सिद्धपूरा गौशाला. निकट न्यू जेल कैम्पस, मोहनलालगंज, लखनऊ का निरीक्षण किया गया। गौशाला के संचालक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गौशाला में बैल संचालित इलेक्ट्रिक जेनरेटर मशीन द्वारा बैलों को ट्रेडमील पर चलाकर विद्युत उत्पादन प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा बायो गैस का भी उत्पादन किया जा रहा है जिसे संस्था में रहने वाले लोग खाना पकाने में उपयोग कर रहे हैं। उपाध्यक्ष द्वारा संस्था में किये जा रहे गो आधारित श्री लेयर फर्मिंग की सराहना की। संस्था में गिर, साहीवाल एवं राठी इत्यादि नस्ल के गोवंश का भी संरक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में उपाध्यक्ष द्वारा वृहद गो संरक्षण केन्द्र, गौरा, मोहनलालगंज लखनऊ का निरीक्षण किया गया। उक्त गो संरक्षण केन्द्र में गोवंश हेतु उचित चारे की व्यवस्था, पीने हेतु साफ पानी आदि की व्यवस्था दुरूस्त पायी गयी। अतुल सिंह उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय गोवंश संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी, जिसमें निर्देशित किया गया कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में आने वाली समस्याओं का ससमय निराकरण करते हुए गोवंश को संरक्षित किया जाय। यह जानकारी नोडल अधिकारी डा अनुराग श्रीवास्तव ने दी।

आईएमए अध्यक्ष पद पर डॉ. सरिता ने शपथ ली

लखनऊ। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लखनऊ शाखा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि ऐरा मेडिकल कॉलेज के कुलपति डॉ. अब्बास अली मेहंदी, विशिष्ट अतिथि आईएमए पूर्व अध्यक्ष डॉ. रुखसाना खान व डॉ. राकेश सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। डॉ. विनीता मित्तल, डॉ. संजय सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत व आभार जताया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष चुनी गईं डॉ. सरिता सिंह ने कहा कि आईएमए लखनऊ शाखा को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया जाएगा। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष डॉ. सरिता सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. अमित कुमार अग्रवाल व डॉ. एम. अलीम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह, सचिव डॉ. संजय सक्सेना, सह सचिव डॉ. रितु सक्सेना, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. सुमित सेठ व डॉ. श्वेता श्रीवास्तव आदि सदस्य शामिल रहे।

नगर के बाहरी क्षेत्रों में पांच स्थानों पर बनेंगे शौचालय

लखनऊ। महाकुंभ के चलते लखनऊ आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए नगर के बाहरी क्षेत्रों में पांच स्थानों पर शौचालय का निर्माण होगा। इसके अलावा सड़कों की पेटिंग,पटरियों सहित नालियों आदि का निर्माण कार्य कराया जाएगा। नगर निगम यह कार्य 12 करोड़ रुपये में कराएगा। नगर निगम का सिविल अभियंत्रण विभाग सुल्तानपुर रोड पर अहमामऊ चौराहे पर, हैदरगंज वार्ड तृतीय के अंतर्गत पारा तिकानिया के पास, हैदरगंज द्वितीय वार्ड के अंतर्गत बुद्धेश्वर चौराहा के पास, कल्याण सिंह वार्ड के अंतर्गत मोहान रोड मुख्य मार्ग एवं आगरा एक्सप्रेस वे के मिलान बिंदु पर और रायबरेली रोड पर पीजीआई गेट के पास शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक शौचालय निर्माण की लागत 24 लाख रुपये आएगी, जो कि थ्री सीटर महिला, थ्री सीटर पुरुष, वन सीटर दिव्यांग होगा। प्रत्येक में यूरिनल और दो-दो वॉशरूम की सुविधा भी होगी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के अनुसार प्रयागराज में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं में से भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या भी जाएंगे। यह लखनऊ भी आएंगे। उन्हें यहां आने पर कोई असुविधा न हो, इसलिए नगर के बाहरी क्षेत्रों में पांच स्थानों पर सार्वजिनक शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा सुल्तानपुर रोड पर प्राथमिक विद्यालय अहमामऊ से शिमला रिजार्ट तक नाला निर्माण किया जाएगा। यह यू टाइप ड्रेन कवर होगा, जिससे कि गंदगी सड़कों पर न आए। इसके निर्माण में लगभग 40 लाख रुपये की लागत आएगी। साथ ही बेलदारी लेन मे लोक भवन से मंदिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, जानकीपुरम के अंतर्गत कॉलेज चौराहा से टेढ़ी पुलिया तक सड़क एवं साइड पटरी निर्माण एवं पेंटिंग आदि का कार्य, अयोध्या मार्ग से एमजी ग्राउंड होते हुए मंत्री आवास रोड तक सुधार कार्य, चौक चौराहा के अंतर्गत चरक चौराहा एवं नींबू पार्क(हैरिटेज जोन) तक मार्ग का सुंदरीकरण, सुधार आदि के कार्य कराए जाएंगे।

झारखंड के ठग लखनऊ में गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ पुलिस की साइबर क्राइम सेल और पीजीआई थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में झारखंड के तीनपहाड़ से जुड़े गिरोह के दो शातिर अंतरराज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक नाबालिग को पुलिस संरक्षण में लिया गया है।

शिकायतकर्ता कर्नल संतोष कुमार मिश्रा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और साउथ सिटी के बीच लगी सब्जी मंडी से अपना आईफोन 13 प्रो मैक्स चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। फोन में मौजूद डाटा का उपयोग कर ठगों ने 5.5 लाख रुपये की साइबर ठगी की थी। साइबर क्राइम सेल को इसके अलावा भी कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें भीड़भाड़ वाले बाजारों और मंडियों से मोबाइल चोरी कर सिम कार्ड से जुड़े बैंक खातों और डिजिटल वॉलेट का उपयोग कर ठगी की गई थी। तकनीकी विश्लेषण और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ठगों को 18 दिसंबर 2024 को उतरेठिया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। इनके पास से सात चोरी किए गए मोबाइल फोन और छह सिम कार्ड बरामद किए गए।

पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनमें गोविंदा कुमार महतो (32) निवासी नीचे टोला, तीनपहाड़, जिला साहेबगंज, झारखंड, दूसरा आरोपी सूरज नोनिया (25) निवासी बाबूपुर, तीनपहाड़, जिला साहेबगंज, झारखंड और तीसरा आरोपी जो अभी नाबालिग बताया जा रहा है। जिसकी उम्र 15 वर्ष बताई जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे बड़े शहरों की भीड़भाड़ वाले बाजारों, सब्जी और फूल मंडियों से फोन चोरी करते थे। चोरी के बाद फोन का लॉक तोड़कर सिम कार्ड से जुड़े बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ठगी करते थे। इसके बाद चोरी के फोन बेचकर ठगी की रकम आपस में बांट लेते थे।

एसीपी मोहसिन खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत

लखनऊ। एसीपी मोहसिन खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने फिलहाल मोहसिन खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बता दें कि हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आईआईटी कानपुर की छात्रा के यौन शोषण मामले में फंसे मोहसिन खान पर दर्ज मुकदमे में अग्रिम कार्रवाई और विवेचना पर रोक लगाई है। एसीपी मोहसिन ने पीड़ित छात्रा द्वारा दर्ज कराई गई स्नढ्ढक्र को रद्द करने की याचिका दायर की थी।

जस्टिस सांगवान और जस्टिस इदरीसी ने ष्ठक्क मोहसिन खान को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के साथ ही उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में अग्रिम कार्रवाई विवेचना न किये जाने का आदेश दिया है। वकील इमरानउल्ला खां ने अदालत में आईपीएस मोहसिन खान का पक्ष रखा। इस बीच अभियोजन पक्ष ने भी बहस की। जिस के बाद कोर्ट का तरफ से आदेश पारित किया गया। गौरतलब है कि ढ्ढञ्ज कानपुर से शोध कर रही छात्रा ने कानपुर में तैनात रहे ष्ठक्क मोहसिन खान पर रेप का आरोप लगाया था। अब इस मामले में उच्च न्यायालय ने आरोपी एसीपी को बड़ी राहत दी है। उच्च न्यायालय ने मोहसिन खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पीड़िता के अनुसार, एसीपी ढ्ढञ्ज से साइबर क्राइम और क्रिमिनोलॉजी की पढ़ाई कर रहे हैं।

चोरी के 16 मोबाइल जा रहे थे बेचने, पुलिस ने दबोचा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। चोरी के 16 मल्टीमीडिया एंड्रायड मोबाइल फोन बेचने जा रहे तीन शातिर चोरों को लक्ष्मण मेला मैदान के पास से बुधवार रात हजरतगंज पुलिस ने बुधवार को धर दबोचा। तीनों ने मंगलवार को शटर तोड़कर एक दुकान से यह मोबाइल चोरी किए थे। तीनों को सीसी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया है। पूछताछ में पता चला कि चोरी के यह मोबाइल कानपुर के एक दुकानदार को बेचने के लिए यह लोग निकले थे। दुकानदार का एक व्यक्ति इन्हें उन्नाव में मिलना था। मोबाइलों की सिपुर्दगी उसे देनी थी। पुलिस अब व्यापारी के बारे में जानकारी जुटा रही है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक गिफ्तार चोरों में मार्टिनपुरवा गौतमपल्ली का आशीष यादव उर्फ पन्नू है। मूल रूप से बछरावां रायबरेली का है। उसका दूसरा साथी बहराइच रिसिया सलोन का है रहने वाला छोटू और पीडब्ल्यूडी कालोनी हजरतगंज का सत्येंद्र जायसवाल है। सीसी फुटेज के आधार पर तीनों को पकड़ा गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों भागते समय एक सीसी कैमरे में कैद हो गए थे। बरामद मोबाइल में से एक आईफोन भी है। दुकान से मोबाइल और कैश चोरी किए गए थे। आशीष यादव के खिलाफ हजरतगंज समेत कई थानों में चोरी के 13, छोटू के खिलाफ 12 मुकदमे दर्ज हैं। सत्येंद्र का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। तीनों दिन में रेकी कर रात में चोरी करते थे।

24 घंटे में चोरी की घटनाओं का खुलासा

दो चोर गिरफ्तार, गहने और नकदी बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी की गई नकदी और आभूषण बरामद किए गए हैं।

वादी श्री मुसर्रत आलम निवासी गौरव विहार कॉलोनी, चिनहट, ने 19 दिसंबर 2024 को अपने घर का ताला तोड़कर सोने के गहने और नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में थाना चिनहट पर मु0अ0सं0-589/24 धारा 331(4)/305ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

प्रशांत द्विवेदी निवासी चिनहट ने 12 नवंबर 2024 को अपने घर का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में मु0अ0सं0-533/24 धारा 331(4)/305ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसीपी विभूतिखंड के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लौलाई रोड पर किसान पथ के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम करन वर्मा (30), निवासी काशीराम कॉलोनी, हंसखेड़ा, थाना पारा और दूसरे आरोपी का नाम सुशील सोनी (29), निवासी मातन टोला, गौसाईगंज बताया जा रहा है।

बकरा खरीदने के विवाद में बांके से हमला,मीट विक्रेता का सिर फटा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बकरा खरीदने को लेकर दो मीट व्यापारी भिड़ गए। कहासुनी बढ़ी तो एक ने दूसरे के सिर पर बांका मार दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। नरपतखेड़ा स्थित डूडा कॉलोनी की रहने वाली रिजवाना ने बताया कि उसके पति अब्दुल खालिद पुराने पारा थाने के सामने मीट की दुकान लगाते हैं। पति मोहल्ले में ही बकरा खरीदने के लिए किसान के घर गए थे। वहां पर पहले से ही पुराने पारा थाने के सामने सब्जी मंडी में मीट की दुकान लगाने वाला शकील उर्फकल्लू, उसका बेटा रिहान और इमरान मौजूद थे। रिजवाना ने बताया कि दोनों लोग किसान से बातचीत कर रेट तय कर रहे थे। तभी किसी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू हो गई। रेहान ने किसान के घर के बाहर रखा बांका उठाकर उसके पति पर हमला कर दिया। बांका सीधे सिर पर लगा। जिसमें वह लहूलुहान हो गए और बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। इसके बाद भी आरोपी लात घुसों से पीटते रहे। उन्होंने बताया कि पति के सिर और शरीर पर कई जगह गंभीर चोट आई है। परिजनों ने मोहल्ले वालों की मदद से अब्दुल खालिद को बचाकर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। रिजवाना ने पति पर जानलेवा हमले का आरोप लगाकर थाने में बुधवार को तहरीर दी। रिजवाना का आरोप है कि पुलिस ने केस में मामूली धारा लगाकर मुकदमा दर्ज किया। जबकि आरोपियों ने जान से मारने की नियत से बांके से हमला किया था। मामले में इंस्पेक्टर सुरेश सिंह का कहना है कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की जा चुकी है। घायल का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट में गहरी चोट की पुष्टि होने के बाद धारा बढ़ाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राहुल गांधी की नागरिकता पर फैसला टला,गृह मंत्रालय ने हाईकोर्ट से 8 सप्ताह का समय मांगा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई टल गई है। गुरुवार (19 दिसंबर) को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। इस मामले में कोर्ट ने आठ सप्ताह का समय दिया है।

गृह मंत्रालय ने हाई कोर्ट में बताया कि उन्होंने यूके सरकार को पत्र लिखा है। भारतीय नागरिकता रद्द करने के अंतिम निर्णय के लिए उन्हें 8 सप्ताह का समय चाहिए। अगली सुनवाई मार्च के पहले सप्ताह में होगी। चीफ जस्टिस ऑफ उत्तर प्रदेश की बेंच में यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से उपस्थित वकील ने कहा- समय दिया जाए। पूरे मामले में क्या जांच हो रही है। इसकी पूरी रिपोर्ट 8 सप्ताह में हम तैयार करके पेश करेंगे। कोर्ट ने समय दे दिया है। याचिकाकर्ता कर्नाटक निवासी एस. विग्नेश शिशिर ने याचिका में दावा किया है कि राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं। उनकी भारतीय नागरिकता रद्द की जानी चाहिए। याचिकाकर्ता का कहना है कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार के कुछ ईमेल और दस्तावेज जुटाए हैं। ये राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता का सबूत हैं। कोर्ट आज इस पर फैसला सुना सकता है। पिछली सुनवाई 26 नवंबर को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी थी। लेकिन केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल करते हुए कहा था कि पूरे मामले की जांच चल रही है। इससे पहले सुनवाई 24 अक्टूबर को हुई थी, जब जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सूर्यभान पांडेय को केंद्रीय गृह मंत्रालय से जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया था।याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी के निर्वाचन को रद्द करने और उनके खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की है। इस मामले में केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को रोकने का भी आग्रह किया गया था।

पुलिस ने 11 किलो गांजा पकड़ा,3 तस्कर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से 11 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी बाजार कीमत करीब 8 लाख रुपए है। आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर शहर में सप्लाई करते थे। एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से एक बोलेरो और स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद की गई है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी डिफेंस एक्सपो ग्राउंड के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो कार सवार तीन तस्करों लव कुमार, दिलीप पाल निवासी चक मझौना थाना गुरबक्श गंज और अजय सिंह निवासी दसौती जनपद रायबरेली को रोका गया। डीसीपी ने बताया कि दोनों कारों की चेकिंग की गई। इस दौरान गांजा के 11 बंडल बरामद हुए। इनका कुल वजन ग्यारह किलो सौ ग्राम है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर अपने साथी अजय सिंह को बेचते हैं। डीसीपी ने बताया कि अजय लखनऊ के अलग-अलग स्थान पर पुड़िया बनाकर अवैध गांजा बेचने का काम करता है। पूछताछ में तीनों ने बीते करीब तीन चार महीने से गांजा बेचने की बात कबूल की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। डीपी पूर्वी ने तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम को दस हजार रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की है।

पछुआ धीमी, तापमान बढ़ा,हवा में प्रदूषण का स्तर खतरनाक

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गलन का असर कम हुआ है। पछुआ हवा के कमजोर पड़ने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। गुरुवार सुबह शहर का टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का मानना है कि अगले दो-तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

सुबह से ही लखनऊ में धुंध और कोहरे का असर बना हुआ है। इसके बाद मौसम साफ हुआ। इस दौरान अच्छी धूप भी निकल आई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास बना रहेगा।मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पछुवा हवा के कमजोर होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है। सुबह के समय धुंध छाई रही इसके बाद तेज धूप निकलने से तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जाएगा।

बाराबंकी के वृद्ध ने जीपीओ के पास किया आत्मदाह का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। हजरतगंज जीपीओ पार्क के पास गुरुवार दोपहर वृद्ध ने ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगाने का प्रयास किया। आत्मदाह की कोशिश कर रहे वृद्ध को पुलिस कर्मियों ने समय रहते रोक लिया। पूछताछ के लिए उन्हें कोतवाली ले जाया गया। पता चला कि वृद्ध की बाराबंकी में एक जमीन है, जिसका मुकदमा चल रहा है। विपक्षी न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बाद भी कब्जा कर रहे हैं। बाराबंकी तहसील और पुलिस में शिकायत करने पर सुनवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर वृद्ध ने आत्मदाह का प्रयास किया। बाराबंकी घुंघटेर निवासी 75 वर्षीय वृद्ध के मुताबिक घर से सटी हुई एक जमीन है, जिसे लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। इसके बाद भी विपक्षी बजरंग, आरती, राजू, राजेश, मुन्ना व उनके साथी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। रोकने पर गालीगलौज करते हैं। वृद्ध के मुताबिक आरोपितों के खिलाफ शिकायत लेकर वह कई बार बाराबंकी तहसील और घुंघटेर पुलिस के पास गए। उनकी बात नहीं सुनी गई। कोई रास्ता नहीं बचने पर पीड़ित गुरुवार को बाराबंकी से हजरतगज जीपीओ पार्क के पास पहुंचे और ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आत्मदाह का प्रयास किया।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि जीपीओ पार्क के पास पुलिस कर्मी तैनात थे। इन्होंने आत्मदाह का प्रयास कर रहे वृद्ध को पकड़ा। उन्हें सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया। इसके बाद कोतवाली लाकर पूछताछ करते हुए बाराबंकी घुंघटेर पुलिस को जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर हजरतगंज ने बताया कि वृद्ध को बाराबंकी पुलिस के साथ भेजा गया है।

केजीएमयू में मरीजों को नए साल से रोबोटिक सर्जरी का तोहफा

लखनऊ। केजीएमयू में मरीजों को नए साल से रोबोटिक सर्जरी का तोहफा मिलेगा। रोबोट से ऑपरेशन और अधिक सटीक होगा। रोबोट खरीदने के लिए शासन ने बजट आवंटित कर दिया है। जनवरी के आखिरी सप्ताह से मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिलने की उम्मीद है। शताब्दी फेज एक में पीपीपी मॉडल पर रोबोट लगाया जा रहा है।

प्रदेश में करीब 70 मेडिकल कॉलेज हैं। इनमें किसी भी मेडिकल कॉलेज व विश्वविद्यालय में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा नहीं है। सिर्फ पीजीआई में रोबोटिक सर्जरी हो रही है। मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए केजीएमयू में रोबोटिक सर्जरी शुरू की जाएगी। इसके लिए दो रोबोट खरीदे जाएंगे। जिस रोबोट से मरीजों के ऑपरेशन होंगे उसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये है। जबकि देश भर के डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने के लिए रोबोट खरीदा जा रहा है।

रहमान खेड़ा के जंगल में चार दिन बाद वापस लौटा बाघ

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। रहमान खेड़ा के जंगल से ओझल हुए बाघ चार दिन बाद फिर से जंगल में लौट आया। यह सुनकर ग्रामीणवासी फिर से दहशत में आ गए। गुरुवार दोपहर जंगल में घास लेने गए साइकिल सवार राम लखन ने उपोष्ण बागवानी संस्थान जाने वाली सड़क के किनारे बाघ को टहलते देखा। बाघ देखकर किसान सहम गया और साइकिल मोड़कर गांव की तरफ भाग निकला। सूचना पर पहुंची वन विभाग के अधिकारियों को पगचिन्ह मिले। जिसके बाद डब्लूटीआई टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे से पांच किमी. के क्षेत्र में निगरानी की, लेकिन बाघ कहीं नजर नहीं आया। जंगल के आसपास तीन गांव में बाघ के सात नए पगचिन्ह मिलने की पुष्टि हुई है। डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग 8-30 बजे सहिलामऊ जाने वाले खड़ंजा मार्ग एवं मीठे नगर जाने वाले मार्ग पर पुल के पास बाघ के पगचिन्ह मिले थे। वहीं दोपहर में बेहता नाला के किनारे रहमान खेड़ा फार्म की जाली के नीचे से निकलकर जंगल मे आने के पगचिन्ह मिले हैं। तीन गांव में सात जगहों पर नए पगचिन्ह मिले हैं। एसडीओ हरिलाल चौरसिया और बीकेटी रेंजर अनुज प्रताप सिंह एवं लखीमपुर खीरी से रेंजर एके मल्ल व फोरेस्टर नागेंद्र पांडेय ने पगचिन्हों की जांच पड़ताल की। करीब 20 किलोमीटर के दायरे में 15 गांव में चहलकदमी करके बाघ की वापसी जंगल में हो गई है। अंदेशा है कि बाघ भूखा है और शिकार करने वापस जंगल में आया है। अब तक रहमान खेड़ा, उलरापुर, दुगौली, मीठे नगर, हाफिज खेड़ा, बनियाखेड़ा, कटौली, मलहा, मंडौली, करझन, गुरदीन खेड़ा, गोहरामऊ, सहिलामऊ गांव में पगचिन्ह मिले हैं।

कांग्रेस व भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के नाम का राजनीतिक लाभ ले रही: आकाश

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। रॉयल वाल्मीकि आर्मी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी आकाश चंदेल ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा संविधान निमार्ता बाबा साहब बी आर आंबेडकर का चित्र लेकर राजनीतिक लाभ के लिए कुत्सित प्रयास कर रही है। इसी के चलते वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य को आंशिक रूप से प्रस्तुत कर लोगों को गुमराह कर रही है, जो निंदनीय है। कटु सत्य तो यह है कि कांग्रेस ने कभी उन्हें सम्मान नहीं दिया और नेहरू की कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में उन्हें 2 बार हराया। जबकि हमें यह देखना चाहिए कि बाबा साहब ने। गरीब दलित एवं महिला अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उनके सिद्धांतों का कांग्रेस ने विरोध किया जिसके कारण उन्होंने केंद्रीय मंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया। उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान देना उचित नहीं समझा, जबकि स्वयं इंदिरा गांधी ने यह सम्मान लिया। कांग्रेस व भाजपा के लोग झूठ और नौटंकी चाहे जितनी करे पर यह सच कोई नहीं झुठला सकता कि दोनों ही पार्टी अपने मतलब के लिए बाबा साहब आंबेडकर के नाम पर राजनीति कर रही है रॉयल वाल्मीकि आर्मी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी आकाश चंदेल ने कहा कि कांग्रेस ने सदा ही संविधान को तोड़ मरोड़ कर सत्ता बचाने का कार्य किया। कांग्रेस वह भाजपा हमेशा जातिवाद का घिनौना खेल, मजहब के आधार पर तुष्टिकरण कर दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को मुस्लिमों को दिए जाने की गंदी राजनीति की है। जबकि बाबा साहब ने स्वाभिमानी भारत की इबारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बाबा साहब राष्ट्र के अत्यंत सम्माननीय महापुरुष के रूप में जन जन में दिलो में जगह पाए हैं। उनका कृतित्व वंदनीय है। उनके नाम पर राजनीति करने वाले खुद को सम्हाले व राष्ट्रविरोधी राजनीति बंद करे।

दस्तावेजों की कमी बनी एमएसएमई को ऋण मिलने में सबसे बड़ी बाधा

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। सेक्टर-12 स्थित ईशान म्यूजिकल कॉलेज में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन और यूनियन बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के उद्यमियों को बैंकों से जुड़ी वित्तीय योजनाओं और सहायता प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में यूनियन बैंक के चीफ जनरल मैनेजर एवं जोनल हेड दिल्ली संजय नारायण ने कहा, ÷एमएसएमई सेक्टर की सबसे बड़ी समस्या बुक कीपिंग और दस्तावेजों की कमी है। इसके कारण उद्योगों को ऋण प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

हम इस धारणा को बदलना चाहते हैं कि बैंक उद्यमियों की मदद नहीं करते। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार और बैंक दोनों का प्रयास है कि एमएसएमई को अधिक से अधिक सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यूनियन बैंक ने इस समस्या का समाधान करने के लिए उद्योगों और उनके कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की पहल की है। सही बुक कीपिंग से दस्तावेज तैयार होंगे और ऋण प्रक्रिया सरल बनेगी। इससे उद्योगों को कम ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध हो सकेगा।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने जिले के उद्योग जगत के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नोएडा और दादरी जैसे क्षेत्रों में 30,000 से अधिक उद्योग और 2 लाख से ज्यादा त्रस्ज्ञ रजिस्ट्रेशन हैं। उन्होंने मांग की कि बैंकों को अधिक शाखाएं खोलनी चाहिए ताकि उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में आसानी हो। यूनियन बैंक के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि वित्तीय सहायता के बिना उद्योगों का संचालन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि यूनियन बैंक ने उद्यमियों की जरूरतों के अनुसार विशेष योजनाएं तैयार की हैं।

इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक उद्योगों को बैंकों से जोड़ना है। यूनियन बैंक के एजीएम सुशील कुमार, संदीप कुमारी, सुरजीत सिंह, और सेक्टर-16 ब्रांच हेड आलोक जायसवाल ने भी उद्यमियों को वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी।

यूनियन बैंक ने कार्यक्रम के दौरान टेक्सटाइल क्लस्टर स्कीम और आयरन एंड स्टील क्लस्टर स्कीम जैसी योजनाओं की जानकारी साझा की। इन योजनाओं का उद्देश्य विशेष उद्योगों को उनकी जरूरतों के अनुसार सहायता प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के नोएडा अध्यक्ष सचिन राणा, यमुना प्राधिकरण अध्यक्ष रमेश राठौर सहित वरिष्ठ उद्यमी जिसमे हाजी अनवर,समीर सेठ,ष्ट आशीष गुप्ता राज नीरज अग्रवाल, एन पी सिंह ष्ठष्ठत्रङ्क ,पी डी शर्मा, शिव भार्गव,डी पी गोयल, सरदार सुरजीत सिंह, सरदार गुरिंद्र सिंह भिंडर , आर्यन पूरी, डॉक्टर शोभा धवन, विजय भारती, मेहंदी हसन नकवी रघुराज सोलंकी,पी एस सोलंकी, सेलाकोटी, प्रेम शंकर कुशवहा, नसीम खान, आरिज हुसैन, सुनील कुमार शहजाद, वी पी सिंह, मुन्ना लाल, राम तीरथ तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नेहरू युवा केंद्र कासगंज ने कराई ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

कासगंज/एटा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माई भारत नेहरू युवा केंद्र कासगंज द्वारा मोहनपुरा के शिवा इंटर कॉलेज कातौर स्थित कीड़ा स्थल पर ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया ।खेल कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय सहकारी समिति मोहनपुरा के अध्यक्ष डॉ नरेश नंदन ने फीता काटकर किया । और खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी क्रीड़ा स्थल पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा बैडमिंटन कुश्ती दौड़ वॉलीबॉल साइकिल दौड़ कबड्डी की प्रतियोगिता कराई गई। खेल प्रतियोगिता में कासगंज ब्लॉक के बहुत संख्या में आए युवा एवं खेल प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खेलों में विजेता व उपविजेता रहने वाले खेल प्रतिभागियों को आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा (सोनू) और समाजसेवी जय वशिष्ठ ने अपने हाथों से प्रमाण पत्र व शील्ड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । साथ ही खेल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से अधिक से अधिक सरकार द्वारा किए जाने वाले खेल आयोजनों में भाग देने की अपील की। इस अवसर पर पीटीआई देवेंद्र सिंह सोनू शर्मा कुमार दिव्य प्रताप जय वसिष्ठ धीरू अशोक अर्जुन ललित विवेक आयुष अंकित विकास मोनू सुमित देव अक्षय आदि मौजूद रहे।

प्रदूषण का बढ़ता स्तर सेहत के लिए बड़ा खतरा

धुंध और कोहरे के बढ़ते असर से बचाव जरूरी

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। धुंध, कोहरा और प्रदूषण सर्दियों के मौसम में आम समस्याएं बन गई हैं, जो स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालती हैं। इन समस्याओं के कारण वायु गुणवत्ता खराब होती है, जिससे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं।

फेलिक्स अस्पताल के जनरल फिजीशियन डॉ. अंशुमाला सिन्हा कहना है कि धुंध और प्रदूषण के कारण बीमारियां गंभीर रूप ले सकती हैं। धुंध और कोहरा प्राकृतिक घटनाएं हैं, लेकिन जब ये प्रदूषण के साथ मिलते हैं, तो यह स्थिति और भी घातक हो जाती है। इसे स्मॉग कहा जाता है। स्मॉग के कारण वायु में सूक्ष्म कण (पीएम 2.5 और पीएम10) और हानिकारक गैसें, जैसे सल्फर डाइऑक्साइड (एसओटू), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओटू), और ओजोन (ओथ्री), बढ़ जाती हैं। इस कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का खतरा बढ़ता है। हानिकारक कण रक्त प्रवाह में घुसकर हृदय की समस्याएं पैदा कर सकते हैं। धुंध और प्रदूषण आंखों में जलन और त्वचा पर खुजली या रैशेज का कारण बन सकते हैं। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण का मुख्य स्रोत है। फैक्ट्रियों और उद्योगों से निकलने वाले धुएं में हानिकारक गैसें होती हैं। ठंड के मौसम में कचरे और पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। सर्दियों में हवा का कम दबाव और नमी धुंध और कोहरे को लंबे समय तक बनाए रखते हैं। अस्थमा या सांस की दिक्कतों के लिए इनहेलर और ब्रोंकोडायलेटर्स का उपयोग करें। एलर्जी के लिए एंटीहिस्टामिन्स करें। गंभीर मामलों में ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता हो सकती है। नाक और गले की सफाई के लिए भाप लेना फायदेमंद हैं। धुंध, कोहरा और प्रदूषण न केवल हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, बल्कि यह पर्यावरण और समाज के लिए भी चुनौती बनते जा रहे हैं। व्यक्तिगत स्तर पर बचाव और सामूहिक प्रयासों से इन समस्याओं का समाधान संभव है। लोग मास्क पहनें, संतुलित आहार लें और नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। सर्दियों में सुबह या शाम के समय बाहर जाने से बचें, क्योंकि इस समय प्रदूषण का स्तर अधिक होता है। यदि आपको पहले से ही सांस की समस्या है, तो डॉक्टर से नियमित परामर्श करें।

पीएम कुसुम सी 1 योजना से संबंधित गोष्ठी आयोजित

जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पीएम कुसुम सी 1 योजना से संबंधित गोष्टी का आयोजन किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पीएम कुसुम सी 1 योजना से संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न ग्रामों से आए किसान बंधुओ,ग्राम विकास अधिकारी ,ग्राम पंचायत अधिकारी ,विद्युत विभाग के अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी आदि को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रवीण कुमार राय,परियोजना निदेशक डीआरडीए सुरेंद्र कुमार गुप्ता, डीपीआरओ के के चौहान, समस्त खंड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की भी जानकारी सभी को प्रदान की गई।

अध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिए तीन-तीन नामांकन पत्र हुए दाखिल

कोषाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचित होना तय

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के दूसरे दिन गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल प्रक्रिया समाप्त हो गयी। दो दिन तक चली इस नामाँकन पत्र दाखिल प्रक्रिया में अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए तीन-तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामाँकन पत्र दाखिल होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। निर्वाचन अधिकारी रमेश पाल सिंह ने बताया कि गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए विजय कुमार सिंह, रामनिवास यादव एवं रामेश्वर सिंह यादव द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये है। वहीं सचिव पद के लिए सुनील दीक्षित, द्विजेन्द्र सिंह यादव एवं गौरव प्रताप सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामांकन पत्र सुखवीर सिंह द्वारा दाखिल किया गया। अन्य कोई नामांकन पत्र दाखिल नही होने से उनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार अब 20 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच,आपत्ति निस्तारण एवं वापसी की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। वही 28 दिसंबर को आवश्यकता होने पर मतदान कराया जायेगा।

उसी दिन देर शाम नामांकन पत्रों की गिनती एवं घोषणा की जायेगी। इस दौरान चुनाव कमेटी के सदस्य- विष्णु गोपाल दीक्षित, केपी सिंह यादव, शंकरपाल सिंह, प्रमोद कुमार राठी, अध्यक्ष सुनील यादव भी मौजूद रहे।

सूदखोरों से परेशान कारोबारी व उसकी पत्नी ने की आत्महत्या

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में कारोबारी पंकज गुप्ता (51) और उनकी पत्नी रीना (50) ने फ्लैट के अंदर खुदकुशी कर ली। पड़ोस में ही माता-पिता के साथ रहने वाले पंकज के भाई राजकुमार मंगलवार की रात साढ़े दस बजे उनसे मिलने पहुंचे तो इसकी जानकारी मिली।पुलिस को मौके पर एक पेज का सुसाइड नोट मिला। इसमें पंकज ने लिखा है, 50 लाख का कर्ज हो गया है, सूदखोर परेशान कर रहे हैं, अब कोई और रास्ता नहीं बचा है।पंकज के पिता मुकुट लाल और माता उनके फ्लैट से थोड़ी दूर शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में ही रहते हैं। पंकज और रीना सुबह को 12 साल के मानसिक दिव्यांग बेटे को वहां छोड़ जाते थे। इसके बाद पंकज कारोबार पर और रीना ड्यूटी पर चली जाती थीं। परिवार की आर्थिक हालत खराब होने पर वह एक मॉल में नौकरी करने लगी थीं। राजकुमार ने बताया कि भैया और भाभी अपने बेटे को मंगलवार को भी माता-पिता के पास छोड़ गए थे। शाम को उसे लेने नहीं आए तो चिंता हुई। भैया का फोन नहीं मिल रहा था। इसलिए, वह उनके फ्लैट पर चले गए। फ्लैट का गेट अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी कोई गेट खोलने नहीं आया तो उन्हें हाथ देकर अंदर से इसे खोला। अंदर जाते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बरामदे में पंखे से लगे फंदे से भैया का शव लटका था। अंदर गए थो कमरे में भाभी का शव भी फंदे से लटका था। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि सुसाइड नोट में पंकज ने लिखा है कि 50 लाख का कर्ज हो गया है।

अपराध को सहें नहीं, पुलिस से करें शिकायत, मिलेगी मदद

लोकमित्र ब्यूरो

कासगंज/एटा। समाज का स्वरूप तेजी से बदलने के साथ लोगों की मानसिकता भी बदल रही है। वहीं, कुछ शरारती तत्व भी होते हैं, जो दूसरों को परेशान करते हैं। ऐसे लोगों से डरने की जरूरत नहीं है। धैर्य बनाएं रखें और पुलिस से शिकायत करें। पुलिस आपकी हर तरह से मदद करेगी। कासगंज स्थित श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान सीओ सिटी द्वारा किया गया जागरूक।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूल-कालेजों, गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री आंचल चौहान द्वारा श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय में प्राथमिकता के आधार पर छात्राओं को बताया कि समाज का स्वरूप तेजी से बदलने के साथ लोगों की मानसिकता भी बदल रही है। वहीं, कुछ शरारती तत्व भी होते हैं, जो दूसरों को परेशान करते हैं।

ऐसे लोगों से डरने की जरूरत नहीं है। धैर्य बनाएं रखें और पुलिस से शिकायत करें। पुलिस आपकी हर तरह से मदद करेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कासंगज से श्री विजय कुमार थर्ड, अपर जिला जज एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सत्येन्द्र पाल सिंह बैश द्वारा छात्राओं को कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इसके साथ ही महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर अपनी बात या शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए, इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है।

होटल ग्रीन वैली, शहापुर रोड दुहाई में चल रहा था देहव्यापार का धंधा

हिन्दू युवा वाहिनी की सक्रियता से भंडाफोड़

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। दुहाई स्थित होटल ग्रीन वैली में लंबे समय से देहव्यापार का अवैध धंधा चल रहा था स्थानीय लोगों को इस गंदे धंधे के कारण हो रही परेशानियों और माहौल खराब होता देख, इसकी जानकारी हिन्दू युवा वाहिनी को सूचना दी । सूचना मिलते ही हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी सक्रिय हुए और तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने के बाद हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से दो लड़कों और तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले चार लड़कियां होटल से भागने में सफल हो गईं।

हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी मौजूद जिसमें बबलू बंसल, नवनीत,अनिल तोमर,शिव कुमार सैनी,शोभित,उज्जवल अन्य कार्यकर्ता शामिल थे,ने इस पूरे मामले को उजागर कर समाज को एक बड़ा संदेश दिया उनका कहना है कि वे ऐसे अवैध कार्यों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे और समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में हिन्दू युवा वाहिनी के प्रति सराहना देखी गई। वहीं, स्थानीय लोगो का आरोप है पुलिस ने होटल को सील नहीं किया है यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि होटल को सील किया जाए व गोरखधंधा करने वाली लड़कियों की जल्द गिरफ़्तारी हो ऐसे अवैध कार्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। हिन्दू युवा वाहिनी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह समाज में अनैतिक व गलत कार्य नहीं होने देंगे।

असंगठित क्षेत्र में महिला कर्मचारियों का योगदान विषय पर सेमिनार का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। भारतीय रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थान और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में असंगठित क्षेत्र में महिला कर्मचारियों का योगदान विषय पर सेमिनार का आयोजन

एच आर आई टी विश्वविद्यालय, गाज़ियाबाद में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन॥ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल, कुलपति डॉ. डी.के. शर्मा, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एन.के. शर्मा, मुख्य अतिथि सुधीर कुमार सक्सेना (पूर्व न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय), और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, और राष्ट्रगान के साथ किया गया।सेमिनार मे BIRD की चेयरपर्सन डॉ. रत्ना पांडे ने की। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, देश की कामगारों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी में वर्ष 2023-24 में 25त्न की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि यह उत्साहजनक है, लेकिन इसका बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती संख्या से जुड़ा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का अभाव रहता है। पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को वेतन और अवसरों में समानता से वंचित रखा जाता है। उन्होंने सरकार से असंगठित क्षेत्र में महिलाओं के लिए कठोर और प्रभावी नियम बनाने की अपील की।मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना ने अपने वक्तव्य में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और असंगठित क्षेत्र में उनकी सुरक्षा पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को समानता और सुरक्षा प्रदान करना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। भोपाल के प्रोफेसर एस.पी. सिंह ने समान वेतन की अनिवार्यता पर अपने विचार व्यक्त किए।

महाराष्ट्र की घटना को लेकर भीम आर्मी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। महाराष्ट्र की घटना के विरोध में भीम लआर्मी के कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी डॉ विपिन मोरल को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन पत्र सौंपा।

जिसमे घटना के दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गयी है।गुरुवार को भीमआर्मी के जिलाध्यक्ष डॉ समीर अब्बास के नेतृत्व में एसडीएम डॉ विपिन कुमार मोरल को ज्ञापनपत्र सौंपा गया। जिसमे अवगत कराया ग़या कि महाराष्ट्र के परभणी में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमाओं और संविधान रेप्लिका तोड़े जाने की घटना का जिक्र कर हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए शर्मनाक घटना करार दी गयी। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दोषियों की भारतीय मूल की सदस्यता समाप्त करने की गयी। इससे पूर्व भीम आर्मी कार्यकर्ताओ ने तहसील परिसर में जमकर धरना प्रदर्शन किया गया।

दबाव बनाकर नौकरी से मांगा गया इस्तीफा

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। शैलेन्द्र कुमार मिश्रा मकान न-13/1 पॉकेट-7 सेक्टर-82 नॉएडा,-ड्ढ ष्टक्च प्लॉट, न- 274, सेक्टर-29 अरुण विहार नॉएडा में (सीनियर अकाउंटेंट) के रूप में कार्यरत था। इन्होंने बताया कि अपनी पूरी निष्ठा और मेहनत से इस संस्थान में तक सेवा दी। हालांकि, हाल ही में मेरे ऊपर नौकरी से इस्तीफा देने के लिए जबरन दबाव डाला गया। इस दौरान मेरी कार्यशैली में बिना कारण बदलाव किए गए, मेरी शिफ्ट में परिवर्तन किया गया और मेरे कार्यस्थल पर अनुचित व्यवहार किया गया। इन परिस्थितियों ने मुझे मानसिक और शारीरिक तनाव में डाल दिया, जिससे मुझे मजबूरन नौकरी छोड़नी पड़ी। मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरा इस्तीफा एवीआई क्लब के अध्यक्ष कर्नल सुभाष शर्मा मकान न-379 सेक्टर-29 नॉएडा, और उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल आर.के. भूषण मकान न-676 सेक्टर-28 नॉएडा, के द्वारा जबरन कराया गया। उनके प्रबंधन संभालने से पहले मैं एकाउंट्स से संबंधित कार्य कर रहा था। लेकिन उनके आने के बाद मेरी शिफ्ट दिन से रात कर दी गई और मेरा कार्यक्षेत्र भी बदल दिया गया। इन परिवर्तनों के कारण मेरा स्वास्थ्य काफी खराब हो गया, और मैं लगभग 2-3 महीनों तक बीमार रहा। इस दौरान न तो मुझे वेतन दिया गया और न ही मेरी शिफ्ट या कार्यक्षेत्र को पुनः बदलने में कोई सहायता मिली। इन परिस्थितियों ने मुझे गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया। 27 वर्षों तक इस संस्थान की निष्ठापूर्वक सेवा करने के बावजूद, मुझे कोई सहायता नहीं मिली, बल्कि मुझे इस्तीफा देने पर मजबूर किया गया।

अध्यक्ष कर्नल सुभाष शर्मा और उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल आर.के. भूषण ने गाली गलोच देकर जबरन स्तीफा कराने के पश्चात् दिए गए अंतिम निपटान में कई गड़बड़ियां पाई गई हैं। समीक्षा करने पर पता चला कि ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, लंबित वेतन (विशेष रूप से 2020-2021 के लिए), और बोनस (पिछले वर्ष और वर्तमान वर्ष दोनों के लिए) का सही हिसाब नहीं किया गया है।

अब जबकि मेरी सेवा के 8 वर्ष शेष थे, मैं बेरोजगार हूं और अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई का सामना कर रहा हूं।

मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मेरी 8 वर्ष शेष कि ग्रेच्युटी, वेतन, बोनस और अवकाश नकदीकरण के भुगतान में देरी न की जाए और उचित निपटान किया जाए।

यह व्यवहार श्रम कानूनों के खिलाफ है और मेरे साथ अन्यायपूर्ण है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इस मामले की जांच की जाए और मेरे लिए न्याय सुनिश्चित किया जाए मेरा नौकरी अपने पद पर नियुक्त किया जाए या। मेरी लंबित ग्रेच्युटी, वेतन और अन्य लाभों का और अंतिम निपटान में की गई गड़बड़ियां शीघ्र निपटान किया जाए। आवश्यक दस्तावेज़ और जानकारी संलग्न हैं। कृपया इस मामले में उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

संक्षिप्त खबरें

मुकदमे वांछित 6 अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। गुरुवार को उ0नि0 लक्ष्मण सिंह चंदेल थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 340/24 बीएनएस मे वांछित तीन अभियुक्त 1. कृष्ण कुमार पुत्र विन्धा प्रसाद उम्र करीब 50 वर्ष 2. राजा उर्फ हीरालाल पुत्र कृष्ण कुमार उम्र करीब 25 वर्ष 3. अमरेश पुत्र कृष्ण कुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण ग्राम कामापुर मजरे नरसतपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को नवनिर्मित टोल प्लाजा के पास से व मु0अ0सं0 341/24 बीएनएस में वांछित तीन अभियुक्त 1. केशव लाल पुत्र विन्दा प्रसाद उम्र करीब 48 वर्ष 2. हेमराज वर्मा पुत्र विन्दा प्रसाद उम्र करीब 39 वर्ष 3. शिवम वर्मा पुत्र केशव वर्मा उम्र करीब 18 वर्ष निवासीगण कामापुर मजरे नरसतपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को मोहनगंज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

बाइक की टक्कर से सडक पार कर रही स्नातक की छात्रा गम्भीर रूप से घायल

बांगरमऊ,उन्नाव। नगर के उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्थित कोतवाली गेट के सामने तेज रफ्तार बाइक ने पैदल सड़क पार कर रही स्नातक छात्रा के जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम हीरा खेड़ा निवासी केशन लाल की पुत्री सोनम देवी 17 वर्ष गंजमुरादाबाद स्थित अशोक महाविद्यालय में स्नातक की छात्रा है। वह आज महाविद्यालय से हिंदी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देकर किसी साधन से बांगरमऊ लौटी थी। छात्रा गुरुवार की शाम नगर स्थित कोतवाली गेट के सामने पैदल सड़क पार करने लगी। तभी अचानक नौनिहाल गंज बाजार की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने छात्रा के जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद नागरिकों ने उसे लहूलुहान हालत में निकट के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है।

शॉर्ट सर्किट से कबाड़ से भरे ट्रक में लगी आग, हाइवे पर हड़कंप

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के हाइवे पर मंगलवार पूर्वाह्न 8 बजे त्रिभुवनखेड़ा इलाके के निकट एक कबाड़ से लगे ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके बाद देखते ही देखते ट्रक धू धू कर जलने लगा। ट्रक चालक ने किसी तरह ट्रक के बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। सिद्दार्थ नगर से कबाड़ लाद कर लखनऊ से कानपुर जाने के दौरान हुए इस हादसे में आग इतनी भीषण थी कि पीछे से आ रहे वाहनों की रफ्तार में भी ब्रेक लग गई। 112 पर दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने यातायात रोक लगा दी। इसी दौरान जाजमऊ चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। चौकी इंचार्ज ने खास तौर पर सीएनजी वाहनों को ट्रक से दूर करवाया जिससे आग की चिंगारी से कोई और बड़े हादसे से बचा जा सके । पुलिस की सूचना पर उन्नाव से पहुंचे दमकल कर्मियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान कानपुर- लखनऊ हाइवे दो घंटे से ज्यादा यातायात प्रभावित रहा। ट्रक की आग जब पूरी तरह बुझ गई तब पुलिस ने एक एक कर वाहनों को रवाना किया। पुलिस ने कबाड़ से लदे ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई,और बताया की यातायात सामान्य तरह से संचालित हो रहा है। कानून व्यवस्था संबंधित कोई समस्या नहीं है।

भाजपा सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ सभी जाति वर्गों के लिये काम कर रही

देश की एकता व अखण्डता के लिये भाईचारा बनाकर रखना अति आवश्यक है: पूर्व मंत्री मोहसिन रजा

संवाददाता

बांगरमऊ,उन्नाव। उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी इजहार खां %गुड्डू% के आवास पर बीते बुधवार को देर शाम नगर के संभ्रांत नागरिकों से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने नागरिकों से देश ही एकता, अखंडता, भाईचारा व आपसी सौहार्द को कायम रखने की अपील की।

जिले की नगर पंचायत रसूलाबाद, कुरसत व सफीपुर में बुधवार को गरीबों और बेसहारों को भीषण ठंड से राहत हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम के बाद पूर्व मंत्री श्री रजा देर शाम पूर्व पालिका चेयरमैन इजहार खां गुड्डू के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने संभ्रांत नागरिकों से शिष्टाचार मुलाकात कर सभी से मौजूदा राजनीति पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही नागरिकों से देश की एकता, अखंडता, भाईचारा व आपसी सौहार्द को बरकरार रखने पर विशेष बल दिया। उन्होने कहा कि हम सब आपस में भाई-भाई हैं। इसलिए सभी वर्गों के लोगों को हिल-मिलकर रहना चाहिए। उन्होंने सभी धर्मों का सम्मान करने और सबके साथ अच्छा बर्ताव करने की भी सलाह दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कभी किसी भी जाति अथवा वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया है। पार्टी अपने नारा ÷ सबका साथ -सबका विकास÷ पर सदैव कायम रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का संपूर्ण विकास त्वरित गति से हो रहा है। बातचीत के बीच उन्होंने शेरो-शायरी के माध्यम से भी समां बांधा। इस मौके पर इजहार खां गुड्डू, हाफिज इस्लाम, मोहम्मद अहमद, डॉक्टर इरफान, मुनारे प्रधान, समाजसेवी फजलुर्रहमान, अरसलान खान, सभासद मोहम्मद आफाक, इमरान, मोहम्मद हफीज, बबलू खान, रिफाकत अली आदि संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

डा.भीमराव अंबेडकर की हमेशा विरोधी रही है कांग्रेसः रश्मि

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में डा.अंबेडकर को लेकर दिए बयान पर हमलावर कांग्रेस को भाजपा नेत्री और भारत सरकार के सीओआईआर बोर्ड की सदस्य रश्मि सिंह ने करारा जवाब दिया है। अमेठी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रही रश्मि सिंह ने कहा है कि जब तक बाबा साहब जीवित रहे तब तक कांग्रेस ने उनका कदम कदम पर अपमान किया था और आज वोट बैंक की राजनीति के लिए उनके नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है।

भारत सरकार के सौर ऊर्जा निगम की स्वतंत्र निदेशक रश्मि सिंह ने गृहमंत्री के बयान की तारीफ करते हुए कहा कि संसद में देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी ने बाबा साहब का घोर अपमान करने वाली कांग्रेस व उनके नेताओं को तथ्य और तर्कों के माध्यम से उचित आईना दिखाया है। क्षेत्र पंचायत अमेठी की ब्लाक प्रमुख रह चुकी रश्मि सिंह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस आरंभ से ही डा.अंबेडकर की विरोधी रही है। इसीलिए कांग्रेस ने बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया। संसद के सेंट्रल हॉल में कभी उनका चित्र नही लगाया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली में उन्हें जगह तक नहीं दी। रश्मि सिंह ने दावा किया कि बाबा साहब की स्मृति से जुडे एक एक स्थल को सहेजने और संवारने का काम मोदीजी ने किया है। भाजपा कभी भी महापुरुषों का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं करती।

सीडीसी निदेशक प्रोफेसर का कार्यकाल 03 साल बढ़ा

बीघापुर,उन्नाव। तहसील क्षेत्र के उच्च शिक्षा से जुड़े शैक्षिक संस्थानों व संगठनों ने सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर के सीडीसी निदेशक प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी की कार्यकाल 3 वर्ष के लिए विस्तारित किए जाने पर खुशी जाहिर की है तथा प्रोफेसर द्विवेदी द्वारा विगत 3 वर्ष के कार्यकाल में कुलपति प्रो विनय पाठक के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने तथा कॉलेज के उन्नयन के प्रति उनकी सेवाओं की भी सराहना की गई। इनमें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश मंत्री भगवती सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी डीएस त्रिवेदी, जिला उच्च शिक्षा संवर्ग के प्रमुख मनीष दीक्षित, निराला डिग्री कॉलेज के प्रबंध तनुज अवस्थी, रघुराजा रामगोपाल कॉलेज के प्रबंधक जयविन्द सिंह, सरदार पटेल पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, बाबू जयशंकर गया प्रसाद पीजी कॉलेज के प्रबंधक दल बहादुर सिंह, कॉलेज के प्रबंधक आशीष त्रिवेदी ने कार्यकाल विस्तारित किए जाने पर बधाई दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारी बन्धुओं के साथ की गयी गोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, सर्राफा व्यवसायी व व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया । व्यापारी बन्धुओं को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक श्री दिनेश कुमार मिश्र व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

हैण्डबाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता 17 दिसम्बर 2024 को जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के तीसरे दिन अतिथि के रूप में समाजसेवी बृजेन्द्र शुक्ला, परवेज खान, विनीत शुक्ला, अनिल शुक्ला, सूरज सिंह व कमल सिंह एवं प्रधान संजय यादव, बीडी0सी0 अमेठी धीरेन्द्र शुक्ला, मार्केटिंग मैनेजर हिमांशु अग्रहरी सहित राजेश मसाला उपस्थित रहे। इस दौरान तीसरे दिन सीनियर पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता दो टीमों (टीम-ए) व (टीम-बी) के मध्य खेला गया जिसमें चार क्वार्टर फाइनल के तहत क्रमशः प्रथम क्वार्टर फाइनल में झांसी मण्डल ने 22-14 से मीरजापुर मण्डल, द्वितीय क्वार्टर फाइनल में आजमगढ़ मण्डल ने 25-22 से मेरठ मण्डल, तृतीय क्वार्टर फाइनल में अयोध्या मण्डल ने 26-23 से वाराणसी मण्डल तथा चतुर्थ क्वार्टर फाइनल में लखनऊ मण्डल ने 21-11 से गोरखपुर मण्डल को पराजित किया। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक परमेन्द्र सिंह, तौहीद खान, संयुक्त सचिय उ0प्र0 हैण्डबाल संघ अमित पाण्डेय, उपक्रीडाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ व शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में प्रेम प्रकाश, संदीप राय, परमेन्दर सिंह, ब्रिजेश खरवार, पंकज यादव, सचिन शुक्ला, अमित कुमार पाण्डेय, सूर्यभान, जय सिंह, गोविन्द निषाद, विमलेश ध्रुव एवं उज्ज्वल ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

एक बार भूपति मन माहीं भै गलानि मोरें सुत नाहीं

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत सिसवारा स्थित श्री दिगम्बर नाथ मंदिर मे स्वामी विनोदाचार्य दासजी महाराज की अध्यक्षता में चल रहे श्रीरुद्रात्मक हनुमत महायज्ञ एवं मानस वेदान्त संत सम्मेलन अमृत महोत्सव में नेमिषरण से आये कथवाचक अरुण व्यास मानस लहरी ने भगवान राम जन्म कथा में कहा कि अवधपुरी में एक रघुकुलशिरोमणि दशरथ नाम के राजा थे, जिनका नाम वेदों में विख्यात है। इनकी तीन रानियां है। कौश्ल्या , कैकई और सुमित्रा । इनके हृदय में भक्ति भरी हुई है। 3 विवाह हुए है लेकिन दुःख एक बात का है।

एक बार भूपति मन माहीं। भै गलानि मोरें सुत नाहीं ॥ एक बार राजा के मन में बड़ी ग्लानि हुई कि मेरे पुत्र नहीं है।

एक बार माता अरुन्धति , जो वशिष्ठ जी की धर्मपत्नी है उनके गोद में एक बालक है- अपने पुत्र को लेकर राजमहल में आई तो दशरथ जी ने गालों को छुआ दशरथ जी बोले की माँ- मैंने तो धीरे से छुआ। ये रो क्यू रहा है?माता अरुन्धति बोली की इसलिए रो रहा है आपको संतान नही है तो ये बालक किसका गुरु बनेगा। आपकी गद्दी तो सूनी रह जाएगी और परम्परा टूट जाएगी जैसे ही दशरथ जी ने बात सुनी तो उनके मन में ग्लानि आई है।

जैसे ही हृदय में ग्लानि आई है तो गुरु वशिष्ठ जी के चरणों में जाकर चरण पकड़ लिए है। राजा ने जाकर अपना दुःख-सुख गुरु को सुना दिया है। गुरुदेव ने तुरंत आशीर्वाद दिया है। धीरज रखो- आपके 4 पुत्र होंगे।

गुरु की बात सुनते ही हर्ष हो गया है। तुरंत श्रृंगी ऋषि को बुलाया गया है और पुत्रकामेष्टि यज्ञ करवाया गया है। जैसे ही यज्ञ पूर्ण हुआ है। अग्नि देव हाथ में चरु (खीर) लेकर प्रकट हो गए है। वशिष्ठ जी ने कहा है की तीनो रानियों में आप इस प्रशाद को बाँट दीजिये।

आधा हिस्सा पूरा महारानी कौसल्या को दे दिया गया है। अब बाकी बचे आधे के 2 हिस्से किये गए है। उसमे से एक हिस्सा पूरा-पूरा कैकई को मिला है। अब एक हिस्सा जो बचा है उसके भी 2 हिस्से किये गए है। और एक हिस्सा कौसल्या को दिया है और कौसल्या जी ने अपने हाथ से सुमित्रा जी को दिया है जिससे लक्ष्मण जी प्रकट हुए है। और एक हिस्सा केकई जी को दिया है और कैकई ने सुमित्रा को खिलाया है। जिससे शत्रुघ्न प्रकट हुए है।इस प्रकार सभी रानियां गर्भवती हुई है। नौमी तिथि मधु मास पुनीता। सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता ॥ मध्यदविस अति सीत न घामा। पावन काल लोक बिश्रामा पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित् मुहूर्त था। सभी देवता भगवान की स्तुति करके अपने-अपने लोकों में पधारे है। और उसी समय आज अवधपुरी के दिव्य भवन के दिव्य कक्ष में भगवान श्री राम प्रकट हो गए है। इस मौके पर पुजारी शिव कुमार वर्मा,गजेंद्र नाथ वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार वर्मा सुरेन्द्र नाथ वर्मा, महेंद्र वर्मा, दिलीप सहित भारी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी स्कूल व कालेज आफ नर्सिंग को मिला प्रथम ग्रेड

शिक्षण व्यवस्था, सुसज्जित लैब व उच्च कोटि की व्यावस्थाओं का उत्तर प्रदेश राज्य मेडिकल फैकल्टी ने की सराहना

ग्रामीण क्षेत्र में प्रदेश का सबसे अधिक रोजगार देने वाला साबित हो रहा कालेज

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। संजयगांधी अस्पताल मुंशीगंज परिसर स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एंड कालेज ऑफ नर्सिंग उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी विभाग के सचिव ने पत्र जारी कर ग्रेड प्रथम व मेंटोर इंस्टीट्यूट का दर्जा प्रदान किया है। साथ ही पठन-पाठन व सुसज्जित लैब की भी सराहना की है। यहां से शिक्षा ग्रहण कर काफी छात्र कालेज का नाम रोशन कर रहे हैं।

कालेज के प्राचार्य डॉक्टर एस रमेश ने बताया कि स्टेट मेडिकल फैकल्टी विभाग ने टीम बनाकर प्रदेश के सभी संचालित नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज की लैब से लेकर अन्य सुविधाओं की जांच कराई थी ।टीम की रिपोर्ट के बाद उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी सचिव ने पत्र जारी कर इंदिरा गांधी स्कूल एंड कालेज आफ नर्सिंग को ए ग्रेड व मेंटोर इंस्टीट्यूट का दर्जा प्रदान किया गया है। डाक्टर एस रमेश ने बताया कि कालेज में एएनएम जीएनएम पोस्ट बीएससी नर्सिंग बीएससी नर्सिंग में एमएससी नर्सिंग के कोर्स संचालित है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रदेश का उत्तम स्थान पाने वाला पहला कालेज है यहां से पढ़कर हजारों छात्राओं को रोजगार करने का अवसर मिल रहा है व बताते चलें कि संजयगांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा यह कालेज संचालित किया जा रहा है।

हाल ही में अस्पताल प्रशासन ने यहां मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए प्रस्ताव रखा है जो कि वर्षों से लंबित है इस प्रकार की उपलब्धियां को देख लगता है राज्य सरकार को मेडिकल कॉलेज के प्रस्ताव को स्वीकार कर स्वीकृति प्रदान कर सूबे की जनता का कल्याण हेतु एक पहल करनी चाहिए।

दुष्कर्म और पास्को के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी दुष्कर्म और पास्को के आरोपी प्रकाश सूरज निषाद को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि प्रकाश सूरज निषाद के खिलाफ कोतवाली में पॉक्सो और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था और वह इस मामले में फरार चल रहा था। पुलिस पिछले कुछ समय से उसकी तलाश कर रही थी। गुरुवार को पश्चिमी चौकी इंचार्ज कृष्णकान्त को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकाश सूरज निषाद चंपापुरवा में छिपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रकाश सूरज निषाद को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश किया गया है।

महाकुंभ को प्रस्थान किया मौनी महराज ने, हुआ भव्य स्वागत

पांच करोड़ रूद्राक्ष मणियों से द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना हेतु सौंपा चेक

अमेठी। जिले के संग्रामपुर ब्लाक के भावलपुर, बनवीरपुर, चंदेरिया, अम्मरपुर व सहजीपुर ग्राम पंचायतों के सैकड़ों लोगो ने सेना के सेवानिवृत्त जूनियर कमीशंड आफीसर गिरीश चंद्र तिवारी की अगुवाई में महाकुंभ के लिए प्रस्थान कर रहे बाबूगंज सगराश्रम के पीठाधीश्वर बालयोगी अभय चैतन्य मौनी महराज की आरती उतार कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर गिरीशचंद्र तिवारी ने प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित होने वाले पांच करोड़ रूद्राक्ष मणियों से द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना के लिए सहयोग स्वरूप मौनी जी महाराज को चेक के माध्यम से धनराशि सौंपी। गौरीगंज स्थित बाबूगंज सगराश्रम से चल कर प्रयागराज को रवाना हुए मौनी जी महराज का गौरीगंज, ताला, बारामासी, अमेठी, मिश्रौली और ठेंगहा में भव्य स्वागत किया गया। इसी क्रम में सहजीपुर क्रासिंग के पहले भिटहरी मोड़ पर भावलपुर न्याय पंचायत के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने युवा समाजसेवी गिरीश चंद्र तिवारी की अगुवाई में भव्य स्वागत किया। सेना के सेवानिवृत्त जूनियर कमीशन अफसर व समाजसेवी गिरीशचंद्र तिवारी ने सपरिवार मौनी महराज की आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। इस मौके पर श्रद्धालुओं के साथ उन्होंने मौनी महराज के काफिले में शामिल लोगों को मिठाई खिलाकर पानी की बोतलें वितरित की। इस मौके पर रमाकांत तिवारी मुन्ना, धीरेन्द्र मिश्र, जियालाल यादव, विजय तिवारी राजू, शेष नारायण पाठक, राज बहादुर पाल, गिरजा शंकर तिवारी, सूर्य प्रकाश तिवारी, बीड़ी मिश्र, अरूण वर्मा, रवीन्द्र मिश्र, अरूण पाण्डेय, दिनेश पांडेय, वीरेन्द्र सिंह, सुधीर रंजन, राहुल तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राशन कार्ड में नही जुड़ रहा है पात्रों का नाम

लाठी डंडो से लैस सैकड़ो महिलाओं ने किया डीएसओ आफिस का घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले में पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में न जुड़ने से नाराज सैकड़ो की संख्या में लाठी डंडो से लैस महिलाओं ने डीएसओ आफिस का घेराव किया।इस दौरान महिलाओं ने जमकर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।वही महिलाओं के विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसबल को भी तैनात किया गया था। पूरा मामला अमेठी के जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित डीएसओ कार्यालय का है जहाँ गुरुवार को रीता सिंह जन कल्याण समिति की अद्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लाठी डंडो से लैस महिलाएं मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए आफिस पहुँची।महिलाओ का आरोप था कि शासन द्वारा नागरिकों को खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य की आपूर्ति की जाती है।लेकिन विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में नही जुड़ पा रहे है जिसके कारण पात्र व्यक्तियों को राशन नही मिल पा रहा है।

बार बार पात्र व्यक्तियों द्वारा इसकी शिकायत की जा रही है बावजूद इसके कोई कार्यवाही नही हो रही है।महिलाओं ने कहा कि अगर पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में नही जुड़े तो आने वाले समय मे बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।वही महिलाओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिसबल को भी तैनात किया गया था।महिलाओं के प्रदर्शन को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने उनकी बातों को सुनकर जल्द से जल्द कार्यवाही का आदेश दिया है।

नहीं मानते एसडीएम के आदेशों को राजस्व निरीक्षक

धारा 24 की फाइल देने में कर रहे आनाकानी

एक हफ्ते बीतने के बाद भी अशोक कुमार सिंह द्वारा फाइल संबंधित राजस्व निरीक्षक को नहीं दी गई। उनके फाइल न देने से पीड़ित ने इसकी शिकायत एसडीएम से की

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। राजस्व विभाग अपने मनमानी रवैया से बाज नहीं आ रहा है ।राजस्व निरीक्षक एसडीएम के आदेशों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। जिसके कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है ।

मामला जनपद के राजस्व गांव कुरंग से संबंधित है। जहां पर गाटा संख्या 326 बाग के रूप में दर्ज है ।जिसमें राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह द्वारा बिना सीमा के ही पैमाईश किया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित गोकुल प्रसाद यादव ने एसडीएम अमेठी से किया। जिस पर एसडीएम अमेठी द्वारा 22 नवंबर 2024 को राजस्व निरीक्षक विजय प्रताप सिंह और राजेश कुमार को टीम के रूप में गठित कर मौके पर जाकर सही पैमाइश करने के लिए कहा गया।

लेकिन राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के द्वारा धारा 24 की फाइल अपने पास ही रख ली है। उन्होंने फाइल को राजस्व निरीक्षक विजय प्रताप सिंह को नहीं दिया जिसके कारण पैमाईस संभव नहीं हो पा रही है।

इस बारे में जब तहसीलदार अमेठी से शिकायत की गई तो उन्होंने तुरंत अशोक कुमार सिंह फाइल देने के लिए कहा। एक हफ्ते बीतने के बाद भी अशोक कुमार सिंह द्वारा फाइल संबंधित राजस्व निरीक्षक को नहीं दी गई। उनके फाइल न देने से पीड़ित ने इसकी शिकायत एसडीएम अमेठी से की। एसडीएम ने फोन करके अशोक कुमार सिंह को निर्देशित किया कि संबंधित राजस्व निरीक्षक को फाइल ट्रांसफर कर दें। जिससे जमीन की पैमाई सही तरीके से हो सके लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी अशोक कुमार सिंह के द्वारा फाइल नहीं दी जा रही है। इस बारे में जब राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नंबर स्विच ऑफ बताता रहा। सूत्रों से मिली खबर के अनुसार पता चला कि गांव के दबंग और सरहग लोगों के कहने पर फाइल नहीं दी जा रही है। राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह रायबरेली में रहते हैं और हफ्ते में एक ही दिन अमेठी आते हैं। जब अमेठी आते हैं तो उनका फोन ऑन रहता है और जब अमेठी के बाहर होते हैं तो उनका फोन स्विच ऑफ रहता है। विभागीय सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए उन्होंने दूसरा फोन रखा है जिस पर केवल विभाग के लोग ही बात कर सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

खेत की रखवाली करने गए किसान का संदिग्ध अवस्था मे मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

खमरिया-खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के चिकनाजती गांव में खेत की रखवाली करने गए 60 वर्षीय किसान का शव खेत के निकट नदी के नाले के पानी मे बरामद हुआ है। शव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चिकना जती निवासी सियाराम रैदास (60)पुत्र भूप बुधवार को अपने खेत में लगे गेहूं की रखवाली करने गए थे। गुरुवार की सुबह खेत के समीप नदी के नाले के पानी मे संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया।शव की सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

देसी शराब ठेका में ताला तोड़कर हुई चोरी

बीघापुर,उन्नाव। नगर पंचायत सदर बाजार में स्थित देसी शराब ठेका में चोरों ने बुधवार रात ताला तोड़कर दुकान में रखी तीन गत्ता शराब बाद कैश बॉक्स में रखे 35000 रुपए पार कर दिए। सदर बाजार से शराब ठेके के सेल्समैन अरुण त्रिपाठी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बुधवार दुकान बंद कर पड़ोस में किराए के मकान में सोने चले गए सुबह दुकान पर देखा तो ताला तोड़कर दुकान में रखी तीन पेटी शराब कैश बॉक्स मे रखे क35000 गायब थे। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि सेल्समैन की तहरीर पर मौके पर पुलिस को भेजा गया था मामला संदिग्ध प्रतीत होता है मामले की जांच की जा रही है शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

हसनगंज तहसील क्षेत्र में करंट लगने से दो मवेशी की मौत

हसनगंज, उन्नाव। हसनगंज तहसील के गांव पिलखना रसीदपुर कोतवाली क्षेत्र हसनगंज जनपद उन्नाव में जानवरों को महेंद्र सिंह पुत्र मुन्नीलाल चराने गया था तभी रास्ते में नहर का पानी आ रहा था जिसमें दो मवेशी पानी के लिए चले गए उसी पानी के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से पानी में करंट आ रहा था जिसमें दो मवेशी पानी पीने लगे पानी में करंट होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर जाकर जांच की और कार्यवाही करने की बात कही

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन 20 दिसंबर को देंगे सीएमओ कार्यालय पर धरना

गाजियाबाद। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन 20 दिसंबर को सीएमओ कार्यालय पर धरना देंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा व सचिव संजय कुमार शर्मा ने बताया कि कई वर्षो बाद भी संवर्ग की लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा सका है। इसे लेकर डिप्लोमा फार्मेसी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। 20 दिसंबर को धरना देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जिले के सांसद व विधायकों को ज्ञापन दिया जाएगा। तीन जनवरी 2025 को मंडल मुख्यालय पर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के कार्यालय पर एकदिवसीय धरना, 31 जनवरी 2025 को प्रदेश के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा उत्तर प्रदेश लखनऊ पर धरना एवं आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

पलियाकलां नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा बरकरार

लक्ष्मी गुप्ता ने विजय का श्रेय नगर की जनता व संगठन को देते हुए जताया आभार

- विधायक रोमी साहनी व भाजपा संगठन के परिश्रम से मिला जीत का सुखद परिणाम
- पलिया नगरपालिका की अध्यक्ष बनीं भाजपा की लक्ष्मी देवी गुप्ता, 126 मतों से जीता उप-चुनाव
- भाजपा की लक्ष्मी देवी गुप्ता ने उप-चुनाव में 126 मतों से दर्ज की जीत दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। पलियाकलां नगर पालिकाध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने जीत दर्ज की है। उपचुनाव की मतगणना पलिया मंडी समिति में बृहस्पतिवार को सुबह 08 बजे से शुरू हुई। दोपहर करीब 01 बजे के बाद नतीजे घोषित किए गए। स्वर्गीय केबी गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने 126 मतों से जीत हासिल कर नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने का अधिकार प्राप्त किया है। दूसरे नंबर पर सपा प्रत्याशी महमूद हुसैन खान रहे।

पलिया मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना कराई गई। तीन जगह पर चेकिंग के बाद मतदान कर्मियों और अभिकर्ताओं की मौजूदगी में मतपत्रों की गिनती सम्पन्न हुई। दोपहर 01 बजे के बाद उपचुनाव का परिणाम घोषित कर ते हुए भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने 6330 मत पाकर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के महमूद हुसैन खान को 6204 मतों से संतोष करना पड़ा।

तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा रहे जिनको 5594 मत मिले। कांग्रेस के मोइन अहमद जावेदी को 314, निर्दलीय प्रत्याशी अली जान को 224 वही कुंता अग्रवाल को 89 मत, ज्ञान प्रकाश को 24 मतों से संतोष करना पड़ा 12 मत नोटा पर पड़े। कुल 19085 मतों में 18791 मत वैध निकले और बाकी अवैध घोषित किए गए अवैध मतों की संख्या 294 रही। निर्वाचन प्रमाण पत्र ग्रहण करते हुये पालिकाध्यक्षा लक्ष्मी देवी गुप्ता ने अपनी जीत का श्रेय नगर के सम्मानित मतदाताओं को देते हुये भारतीय जनता पार्टी, संगठन सहित समस्त सहयोगियों को देते हुये सभी का आभार व्यक्त किया गया।

एसडीएम की कार्यवाही से मचा हड़कम्प

- पैमाईश के बाद सीमांकन चिन्हो से खुद-बुद करने वालो के खिलाफ कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। क्षेत्र में लंम्बित भूमि विवादो का निपटारा होने व अदालत के आदेश के खिलाफ जाने वाले लोगों पर एसडीएम धौरहरा काफी खफा दिखाई दे रहे हैं। जिससे आहत एसडीएम द्वारा तहसील क्षेत्र के भूमि विवाद का न्यायालय से निपटारा होने के बाद भी सरकारी आदेश को चुनौती देने वालों के खिलाफ चार लोगों पर सरकारी कार्यों में बाधा डालने वालों पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र में कृषि भूमि विवादो के ज्यादातर मामलों का निपटारा आदेश न्यायालय उप जिलाधिकारी धौरहरा न्यायालय से होने के बाद नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक व पुलिस बल की मौजूदगी में संबंधित लेखपालों द्वारा पैमाईश करने व सीमांकन चिन्ह निशानदेही मेड़बन्दी आदि करने के बाद भी दबंगों द्वारा सरकारी पैमाईश को नकारने व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लगाए गए सीमांकन चिन्हो को खुर्द-बुर्द करने से खफा एसडीएम धौरहरा ने सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित संगीन धाराओं में राजकुमारी मोहम्मदापुर की तहरीर पर बिन्द्रा, राजकुमार, पिन्का, दिनेश व शालिनी श्रीवास्तव सुजावलपुर की तहरीर पर उत्तम, संतराम रामखेलावन, बिरज किशोर के खिलाफ खमरिया पुलिस व चंद्र मोहन निवासी उदयपुर सेमरी, जगरानी निवासी नैनापुर की तहरीर पर पदुवा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।जिससे क्षेत्र के दबंगों में भय व्याप्त हो गया है।

इस मामले में एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि राजस्व टीम द्वारा पैमाईश करने के बाद बनाए गए सीमांकन चिन्हो को खुर्द-बुर्द करने वाले चार लोगों पर खमरिया व पदुआ थानों में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है और आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

महादलित परिसंघ ने किया नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्षा का सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

पलियाकलां-खीरी। भाजपा की नव निर्वाचित अध्यक्षा लक्ष्मी देवी गुप्ता पत्नी स्व0 के. बी. गुप्ता चेयरमेन के दिवंगत हो जाने के उपरान्त हुए उपचुनाव में विजयी होने पर वाल्मीकि समाज के नेता चन्दन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ ने लक्ष्मी देवी गुप्ता का सम्मान किया।

लक्ष्मी देवी ने वाल्मीकि समाज का आभार व्यक्त करते हुये वाल्मीकि समाज की समस्याओं को प्राथमिकता पर निपटाने को कहा।

इस दौरान महंत मुन्ना लाल वाल्मीकि, कुंवर विकेंस, वरिष्ठ सफाई नायक सीताराम, राम खेलावन, सुरेश सुभाष, मनोज, बालकिशन राणा जेपी वाल्मीकि, हरिशंकर, सहित अनेक साथी मौजूद रहे।

इसके उपरान्त चन्दन लाल वाल्मीकि ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह और डीसीबी के चेयरमैन विनीत मनार को भी जीत की बधाई दी।

रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र सिंह लाहड़ी, अशफाक उल्लाखाँ व रोशन सिंह के शहीदी दिवस पर श्रृद्धांजलि

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के राष्ट्रीय कार्यालय एफ 10, जगदीश नगर, पटेल नगर पर आज काकोरी कांड के शहीदों शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद रोशन सिंह, शहीद अशफाक उल्लाखाँ, शहीद राजेंद्र सिंह लाहडी जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रृद्धांजलि दी गई। 9 अगस्त 1925 को काकोरी नामक स्थान पर भारतीय क्रांतिकारी दल हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन ने अंग्रेजों का सरकारी खजाना जो ट्रेन से जा रहा था उस ट्रेन को लूटा था, उसे काकोरी कांड का नाम दिया गया। श्रृदांजलि सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक सत्येंद्र यादव ने कहा काकोरी कांड में क्रांतिकारियों को कुल 4601 रुपये प्राप्त हुए इस घटना को काकोरी कांड के नाम से जाना गया, देश के क्रांतिकारियों ने देश को आजाद कराने के लिए हथियारों को खरीदने के लिए इस घटना को अंजाम दिया।

चार करोड़ की फर्जी चेक देकर ग्रामीणों की हड़प ली सात करोड़ की जमीन

- हिंद मजदूर किसान पंचायत ने सीएम से की कार्यवाही की मांग

सुनील बाजपेई

कानपुर। धोखाधड़ी और जालसाजी के माध्यम से करोड़ों की कीमत वाली जमीनों को हड़पने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। खास बात यह भी कि ऐसे अधिकांश मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी अहम भूमिका होती है। ऐसे मामले में वह शिकार हुए पीड़ित व्यक्ति का साथ देने के बजाय पैसे और ऊंची पहुंच से संपन्न उन दबंगों का साथ देते हैं ,जो धोखाधड़ी और जालसाजी से करोड़ों की जमीन हड़पने में सफल रहते हैं। इस तरह के अधिकांश मामलों में वास्तविक भूमि मालिक पीड़ित व्यक्ति अधिकारियों के चक्कर लगाता ही रह जाता है और इसी बीच गैर कानूनी तरीके और धोखाधड़ी से जमीन हड़पने वाले लोग उसे बेचकर करोड़ों के बारे में भी करने में सफल हो जाते हैं।

चर्चा का विषय बना जमीन के लिए धोखाधड़ी और जालसाजी का एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आने के बाद हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने पीड़ित ग्रामीणों के पक्ष में मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर आंदोलन की भी धमकी दी है।

हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने योगी सरकार के नाक के नीचे इन्दिरानगर, लखनऊ में दबंग द्वारा फर्जी व जाली चेको के माध्यम से 7 करोड़ की जमीन 4 करोड़ में लिखाते हुए रजिस्ट्री करा कर उसे बेचने और दाखिल खारिज कराने के प्रयास की घोर निन्दा और एफ आई आर दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए बताया कि अवघराम, संतोष, अरुण चौहान एवं अरविन्द पुत्रगण स्व0 रामचरन, निवासी निजामुद्दीनपुर, फरीदीनगर, सीमैप, लखनऊ ने पूर्वजों की जमीन भूमि खाता सं- 00056, खसरा सं 84, कुल रक्बा 0.9540 हे0 में से रक्बा 0.80725 हे0 यानि 8072.5 वर्गमीटर, स्थित निजामुद्दीनपुर, इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड, लखनऊ चार करोड़ रुपये में पोस्ट डेटेड चेक के माध्यम से व पोस्ट-थौरी, मुसाफिरखाना, जिला अमेठी को विक्रय किया था।

गृह कलह से क्षुब्ध छत से कूदे युवक की इलाज के दौरान मौत

- सात बजे पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने के दौरान सोनू छत पर पहुंचा

लोक मित्र संवाद

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी एक युवक का बीते रविवार शाम पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद युवक ने छत से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए ले गए। जहां बुधवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पोनी रोड गांधीनगर निवासी 30 सोनू गुप्ता का रविवार शाम करीब पौने सात बजे पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने के दौरान सोनू छत पर पहुंचा।

जहां उसने दो मंजिला से नीचे छलांग लगा दी। सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख घर में मौजूद परिजन दौड़े और आनन-फानन उसे इलाज के लिए नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बुधवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मौत पर मां ममता, पिता बसंतलाल और पत्नी आशा समेत सभी परिजन युवक की मौत से सदमे में हैं। दोपहर को जब सोनू का शव घर लाया गया तो घर में कोहराम गया।

उपचुनाव के नीतीजे घोषित, वार्ड 19 में भाजपा तो 21 में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत

गाजियाबाद। नगर निगम पार्षद उपचुनाव में वार्ड 19 से भाजपा प्रत्याशी रंजीत कल्याणी और वार्ड 21 से निर्दलीय प्रत्याशी रीमा गौतम ने जीत हासिल की है। जीत हासिल करने पर भाजपा प्रत्याशी रंजीत कल्याणी ने वर्ल्ड के सभी निवासियों का, विशेष रूप से युवा पीढ़ी, वार्ड के समस्त भाई बहनों का तथा बड़े बुजुर्गों का हृदय से आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि उनका रोम- रोम सभी देव तुल्य वार्ड निवासियों का ऋणी है तथा अपनी उत्कृष्टतम सेवाओं द्वारा वार्ड के निवासियों की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरने के लिए वह हर संभव प्रयास करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

भगवान शिव को जल की धारा व बेलपत्र अत्यन्त प्रिय हैः व्यास

- भगवान शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए भगवान विष्णु ने 1 हजार संख्या में फूल व फलों के साथ नीलकमल के फूल अप्रित करने सोची मगर तय समय में मात्र 999 फूल अर्पित किए जा सके

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। धौरहरा कस्बे के संत फकीर दास स्मारक मठ पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमो के चौथे दिन कथा व्यास गरुज्ध्वज बाजपेई ने मौजूद श्रोताओं को ज्ञानार्जन कराते हुए कहा कि आदि काल से अनन्त काल तक भोलेनाथ भगवान शिव जी को जल की धारा व बेलपत्र सबसे प्रिय है तो वही विष्णु भगवान को अलंकार व आभूषण प्रिय है। सूर्य देवता को अर्घ्य देकर नमस्कार व प्रणाम करना प्रिय है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए भगवान विष्णु ने 1 हजार संख्या में फूल व फलों के साथ नीलकमल के फूल अप्रित करने सोची मगर तय समय में मात्र 999 फूल अर्पित किए जा सके जिससे विष्णु को फल की प्राप्ति नही हो सकी। बाजपेई जी ने धार्मिक प्रवचन के दौरान श्रोताओं से कहा कि संसार में सभी लोग व वस्तूए भगवान ब्रम्हा जी के द्वारा निर्मित है लेकिन कमल फूल उससे पहले से संसार में आ चुका था, उन्होंने चौपाई के माध्यम से बताया कि श्री राम चन्द्र कृपालु भजमन हरण भव भय दारुणम।नव कंज लोचन कंज मुख कर कजं पद कन्जारुणम।

उपरोक्त चौपाई का सारांश बताते हुए कहा कि शिव को कथा से काफी प्रेम था जिसके चलते कालभुसिड द्वारा नीलगिरी पर्वत पर भगवत कथा कहकर पक्षियों को सुना रहे हैं तब शंकर व पार्वती के साथ कथा सुनने गये लेकिन पक्षियों के बीच में बैठकर हंस के रुप में बैठकर कथा का रसपान किया।

ग्रहस्थ जीवन पर आधारित कथा सुनाते हुए शिव जी कैलास पर्वत पर चलते जा रहे हैं और इस दौरान केवल उनकी पत्नी पार्वती है लेकिन भवानी के प्रश्न का उत्तर नहीं मिल सका।87 हजार वर्ष बीतने के बाद भी पार्वती का प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला तो पार्वती ने शंकर जी को समाधि लगाए जाने के कारणो की जिज्ञासा हुई तो शिव जी ने पार्वती को बताया कि संसार में पत्नी को सब जगह आसन बाएं मिलता है मगर पूजा अर्चना के समय दाहिने तरफ का आसन श्रेष्ठ होता है।इसी दरम्यान बाद विवाद के दौरान शिव व पार्वती द्वारा कैलाश पर्वत पर बंटवारा हो गया,भवानी अलग व शिव अलग-अलग रहने लगे,इसी बीच दक्ष प्रजापति ने यज्ञ कार्य करने का निमंत्रण सभी देवताओं को दिया लेकिन शिव को नही दिया जिससे भवानी नाराज हो गई, तपोभूमि नैमिष धाम तपोस्थली से महर्षि दक्षिचि शिव भक्त है शिव को निमंत्रण न मिलने के कारण महर्षि दक्षिचि ने कहा कि दक्ष प्रजापति द्वारा किया जाने वाला ज्ञय शिव द्रोही है धीरे-धीरे सभी देवताओं ने एकजुट होकर कहा कि हम सभी शिव भक्त है, भवानी के नाराज पिता ने भवानी को भी निमंत्रण नही दिया जिससे मन मुटाव बन गया। निमंत्रण न मिलने से नाराज़ पार्वती ने अपने पिता के घर जाकर हो रहे यज्ञ के हवन कुण्ड में आहुति दे दी।व्यास गरुज्ध्वज ने आगे कहा कि जब इस बारे मे शंकर जी को पता चला तो वे अपार क्रोधित हो गए तब प्रथ्वी पर चारों तरफ हाहाकार मच गया।

नारी उत्कर्ष समारोह का वातावरण बना रहा गायत्री परिवार

- मुखलिसपुर गायत्री दीप महायज्ञ में नारी शक्तियों का किया आवाहन

लोकमित्र ब्यूरो

ईसानगर-खीरी। गायत्री परिवार लखीमपुर खीरी द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार की संरक्षक अधिष्ठात्री माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 को लेकर 25 से 29 अक्टूबर 2025 की तिथियों में होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह के लिए व्यापक योजना बनानी शुरू कर दी गई है।

तैयारी के स्वरूप पर व्यापक चर्चा हेतु गायत्री परिवार की जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी लखीमपुर खीरी के गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर 22 दिसंबर रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित की जा रही है। गोष्ठी में कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करने हेतु सोशल मीडिया से लेकर गायत्री परिजनों और शाखों तक व्यक्तिगत संपर्क भी किया जा रहा है। इस क्रम में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी की टीम ने गुरुवार को ईसानगर ब्लाक के मुखलिसपुर गांव में चल रहे नौ कुड़िया गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के दीप महायज्ञ में उपस्थित गायत्री परिवार के व्यापक जन समुदाय को संबोधित कर जिला स्तरीय गोष्ठी के लिए उनका आवाहन किया।

युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया जिला मुख्यालय पर आयोजित हो रहे विराट नारी उत्कर्ष कार्यक्रम की सफलता हेतु गायत्री परिवार द्वारा ईसानगर ब्लॉक में भी एक ब्लॉक स्तरीय नारी उत्कर्ष समारोह कार्यक्रम करने की योजना बनाई का रही है जिसमें गायत्री परिवार ईसानगर द्वारा गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत जिन घरों में गायत्री यज्ञ कराए जा चुके हैं उन घरों की महिलाओं को ब्लॉक स्तरीय नारी उत्कर्ष कार्यक्रम में आमंत्रित कर उन्हें नारी सशक्तिकरण की दिशा दी जाएगी। दीपयज्ञ में क्षेत्र व सुदूर स्थानों से पहुंचे सैकड़ों गायत्री परिजनों ने सबके लिए सद्बुद्धि और सबके लिए उज्वल भविष्य की भावना से दीप जलाए और भाव आहुतियां प्रदान कीं। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के अजय वर्मा, राजकिशोर वर्मा, अनुराग मौर्य, ईसानगर ब्लाक समन्वयक वर्मा, प्रज्ञा मंडल मुखलिसपुर के रजनीश कुमार विजय वर्मा तुंगनाथ वर्मा रमेश वर्मा विकास वर्मा आदि मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी ने किया रेलवे स्टेशन और रेन बसेरे का निरीक्षण

अमेठी। जिले में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने गौरीगंज रेलवे स्टेशन और रेन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों और रेन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन और रेन बसेरे में अलाव जलाने के लिए लकड़ी की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होनी चाहिए। अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि रेन बसेरे में ठहरने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कंबल, बिस्तर, और अलाव की व्यवस्था ऐसी हो कि ठंड से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए हर जगह अलाव की व्यवस्था की जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में दान वितरण कार्यक्रम आयोजित

- जरूरतमन्दों की मदद के लिए अमीर नहीं दयालु हृदय होना जरूरी हैः डॉ. अमरीन फातिमा

लोकमित्र ब्यूरो

कानपुर। शताब्दी फेस 2 की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में रहकर कूड़ा बीनने वाले परिवारों के लिए एक निशुल्क दान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोगों को सर्दियों के कपड़े, जूते, स्वेटर और खाने-पीने का सामान वितरित किया गया। यह पहल औरा ट्रस्ट की संस्थापक डॉ. अमरीन फातिमा ने की।

इस अवसर पर बलरामपुर की कोऑर्डिनेटर डॉ. आसिफ सईद, जॉइंट सेक्रेटरी सौम्या बाजपेई, एडवोकेट बृजेंद्र दुबे, तनवीर फातिमा और संस्था के कानपुर कोऑर्डिनेटर एडवोकेट कमर आलम समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा और इसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की मदद कर सर्दियों में उन्हें राहत प्रदान करना था।

डॉ. अमरीन फातिमा ने इस अवसर पर दयालुता के महत्व पर जोर देते हुए कहाकि दयालुता वह गुण है जो इंसानियत को जिंदा रखती है। किसी भी जरूरतमंद की मदद के लिए अमीर होने की आवश्यकता नहीं है, बस दयालु हृदय और सहयोग की भावना होनी चाहिए। उन्होंने लोगों को इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी इसमें जुड़ना चाहता है वह उनसे (मोबाइल नंबर 88966 30823) संपर्क कर सकता है। औरा ट्रस्ट का यह प्रयास समाज में जागरूकता और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी का फर्ज है कि जरूरतमंदों की मदद कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करें।

सपा नेता हसीब खान ने दिल्ली में अयोध्या सांसद से की शिष्टाचार मुलाकात

पूर्व मंत्री पवन पांडेय एवं अन्य सपा नेता मुलाकात में रहे शामिल, जिले की विभिन्न समस्याओं को सदन में रखने की अपील

बलरामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने दिल्ली में अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की है। सपा नेता ने सांसद से जिले की समस्याओं को अवगत कराते हुए सदन में रखने की अपील की है।

दिल्ली में अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद के आवास पर जिले के वरिष्ठ सपा नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने मुलाकात करते हुए पार्टी नीतियों को जन-जन के बीच रखने के लिए रणनीति बनाई है उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में प्रदेश का जो विकास हुआ है वही ठप पड़ा हुआ है। आज पढ़े लिखे नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं महंगाई चरम सीमा पर है। रोजगार की तलाश में बेरोजगार मां-बाप के सपने को पूरा न कर पाने से अवसाद ग्रस्त होकर आत्महत्या करने को मजबूर हैं सभी विभागों में पद रिक्त होने के बाद भी भर्ती पूरी तरह से बंद पड़ी है यही सपा सरकार थी जब रोजगार के बेहद अवसर बेरोजगारों को दिए गए पुलिस भर्ती लेखपाल भर्ती शिक्षक भर्ती सहित अन्य तमाम क्षेत्र में रोजगार दिए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी जन-जन तक सपा की नीतियों को पहुंचाएं ताकि आने वाले चुनाव में जनमानस को विपक्षी दल भ्रमित न कर पाए। प्रदेश का विकास समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में ही संभव है। भ्रष्टाचार मुलाकात में जिले की समस्याओं सहित अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से सपा नेता ने अयोध्या सासद के सामने रखकर सदन में रखने की अपील की है। इस दौरान जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद ,पूर्व मंत्री पवन पांडे, व अयोध्या जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव रुदौली के सपा नेता आरिफ आदि शिष्टाचार मुलाकात में शामिल रहे हैं।

आत्मविश्वास से मानसिक एवं शारीरिक विकास की होती वृद्धि- शुभम

बलरामपुर। आत्मविश्वास से न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक विकास भी प्रबल होता है, यह बातें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए कही। बीएसए ने कहा कि इस प्रशिक्षण से बालिकाओं में केवल आत्मविश्वास का ही विकास नहीं हुआ है ,बल्कि इसके साथ-साथ उनमें कठिन परिस्थितियों में किस प्रकार से अपने आप को बचाया जा सकता है। यह क्षमता भी प्रशिक्षण में विकसित हुई है। विभाग से निर्देशित 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षिका संध्या गुप्ता ने उच्च प्राथमिक स्तर की बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण दिए । जिसका प्रदर्शन भी मुख्य अतिथि के सामने बालिकाओं ने किया ।

प्रधानाध्यापकों को प्रतिकूल देना प्रविष्टि अव्यवहारिक- धर्मेंद्र

विशिष्ट बीटीसी संघ ने शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

बलरामपुर। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई ने शिक्षक समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को चार सूत्री ज्ञापन दिया है ।ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षकों का डी ए, एरियर एवं बोनस तत्काल भुगतान किया जाए ,अपार आई डी के लिए शिक्षक निरंतर प्रयास कर रहे हैं ,इसके लिए अतिरिक्त समय दिया जाए आदि प्रमुख मांग शामिल है।

संघ जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला एवं मंत्री तुलाराम गिरी की अगुवाई में शिक्षक प्रतिनिधि मंडल बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की है मुलाकात के दौरान 4 सूत्री ज्ञापन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है इनमें मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा विभाग से 16 दिसंबर 2024 को पत्र जारी किया गया कि जिले के विभिन्न शिक्षा क्षेत्र के 44 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक जिनके विद्यालयों में नवंबर 2024 में आईवीआरएस पर 60त्न से कम उपस्थित है उन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रतिकूल प्रविष्टि आदेश दिया गया है जो आव्यावहारिक है। इसके लिए शिक्षक बुलावा टोली एवं स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से छात्र उपस्थिति बढ़ाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। डी ए, एरियर बोनस का भुगतान तत्काल कराया जाए अपार आईडी के लिए शिक्षक नियंत्रण प्रयास कर रहे हैं इसके लिए अतिरिक्त समय दिया जाए मध्यान भोजन प्राधिकरण से संचालित एमडीएम परिवर्तन लागत एवं फल की लागत का भुगतान विद्यालय में समय से भेजा जाए आदि मांग शामिल है। इस दौरान कोषाध्यक्ष मसूद आलम अंसारी, उपाध्यक्ष प्रदीप चौहान, संयुक्त मंत्री विनोद चौहान, शिवाकांत त्रिपाठी, शंकर शुक्ला, नीरज द्विवेदी ,संतोष शुक्ला ,चंद्रेश मिश्र ,आनंद प्रताप सिंह, संदीप शर्मा ,सोनू भारती ,रामानुज वर्मा, विनोद कुमार पांडे ,दिनेश कुमार राजेंद्र प्रसाद गुप्ता आदि शिक्षक संघ पदाधिकारी शामिल रहे हैं।

18 वर्ष से कम आयु के छात्रों को न दे वाहन- मृदुला आनंद

निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य प्रबंधक के साथ डीआईओएस व आरटीओ ने की बैठक

बलरामपुर। बेसिक शिक्षा विभाग कैंपस में संचालित राजकीय जिला पुस्तकालय सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल प्रबंधक प्रिंसिपल की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में प्रबंधक प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को स्कूल में दो पहिया निजी वाहन से न आने दे। अभिभावक से अपील किया गया ,कि स्कूल भेजने के लिए या तो निजी साधन य फिर स्कूल वाहन से ही छात्रों को विद्यालय भेजे।

बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने किया। उन्होंने बैठक में मौजूद निजी स्कूलों के प्रबंधक प्रधानाचार्य को निर्देशित किया है, कि विद्यालय में आए दिन नाबालिक छात्र दो पहिया वाहन लेकर तेज रफ्तार में संचालन करते हैं ,जिससे आए दिन दुर्घटना घटित होती हैं। ऐसे में विद्यालय प्रिंसिपल अभिभावक को मीटिंग करके उन्हें किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों को कोई भी वाहन न दे। इसके साथ-साथ बच्चों को स्कूल भेजने के लिए या तो निजी चार पहिया वाहन से भेजें अथवा विद्यालय के बस ,वैन आदि से सुरक्षितभेजें। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार यादव ने स्कूल प्रबंधक एवं प्रिंसिपल को वाहन शुल्क निर्धारित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आए दिन स्कूल के वाहन शुल्क अधिक होने की शिकायत मिलती है। ऐसे में शासन के गाइडलाइन के अनुसार वाहनों के शुल्क का निर्धारण कियाजाए। बैठक में चार बिंदुओं पर विस्तार से रणनीति बनाई गई है ।इनमें मुख्य रूप से सभी विद्यालयों के बस वैन के अभिलेख में कोई कमी न रहे। विद्यालयों में आने वाले ऐसे वाहन को विद्यालय में सत्य परिषद अनुबंध पंजीकृत कर इसके संपूर्ण मानक पूर्ण करें बिना ड्राइविंग लाइसेंस के छात्र-छात्राओं को मोटरसाइकिल स्कूटी विद्यालय आने-जाने के लिए सत प्रतिशत प्रतिबंधित किया जाए ,स्कूलों में सड़क सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार प्रचार किया जाए आदि बिंदुओं पर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी सहित अंसार अहमद डॉक्टर एमपी तिवारी रीताचौधरी जीडी पांडे आदि निजी स्कूलों के प्रबंधक प्रिंसिपल मौजूद रहे।

मेहंदी, कला ,रंगोली, कलश प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

बलरामपुर मॉडर्न स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुरू

बलरामपुर। गुरुवार को बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों के मध्य कला, मेहंदी, रंगोली एवं कलश प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्त, सचिव मनीष तुलास्यान, प्रबंधक जे. पी. एस. तोमर उपाध्याक्ष विवेक अग्रवाल व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद व रवींद्रनाथ टैगोर चार सदनों में विभाजित विद्यालय के बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइमरी जूनियर व सीनियर संवर्ग के चारो सदनों के प्रतिभागियो ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया।

प्रतिभगियों ने अपने कौशल से निर्णायकों को अपने पक्ष में करने का भरपूर प्रयास किया।

निर्णायकों ने बच्चों की प्रतिभा का परख कर उनका मूल्याकन किया। जूनियर संवर्ग÷ में आदर्श भारती विवेकानंद सदन के, ने प्रथम स्थान, विवेकानंद के ही हुमैरा मिर्ज़ा ने द्वितीय स्थान व रवींद्र नाथ टैगोर सदन की अवनी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर संवर्ग÷ में स्मिता श्रीवास्तव, विवेकानंद सदन की ने प्रथम स्थान, चंद्रशेखर आजाद सदन के अफीफ अलबद्र ने द्वितीय स्थान व विवेकानंद सदन की अंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कलश प्रतियोगिता÷ में ÷प्राइमरी संवर्ग÷ में विवेकानंद सदन की खुशी कसौधन ने प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन के अलीफ़शा ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर सदन के शिव किशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर संवर्ग÷ में चंद्रशेखर सदन की अनन्या ने प्रथम स्थान, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की गार्गी ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर आजाद सदन की सुमैया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर संवर्ग÷ में चंद्रशेखर आजाद सदन की मानसी वर्मा ने प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन की साक्षी तिवारी ने द्वितीय स्थान व रवींद्रनाथ टैगोर सदन की पूनम पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता÷ में जूनियर संवर्ग में विवेकानंद सदन की खनक तिवारी ने प्रथम स्थान, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की जोया अंसारी ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर आजाद सदन की वंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के अलावा बच्चों द्वारा बनाये गये मिट्टी के मॉडल की एक आर्ट गैलरी का भी आयोजन किया गया।निर्णायक की भूमिका में गीता गौतम प्रवक्ता व प्रमोद कुमार मिश्र रहे। मेंहदी, कलश व रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में वंदना अग्रवाल, श्वेता तुलास्यान व किरन अग्रवाल रही। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत कुमार तिवारी ने निर्णायकों को धन्यवाद ज्ञापित कियाकार्यक्रम के आयोजन में डॉ शुचिता चौहान, उमेश चंद्र तिवारी, एस एन त्रिवेदी, बी पी पांडेय, नीतू श्रीवास्तव, ज्योति पांडेय, किरन मिश्रा, प्रदीप्ति जौहरी, शालिनी त्रिपाठी, कृष्णा त्रिपाठी, गरिमा सिंह शिवांक पांडेय पारस नाथ अनिल मिश्रा अवनींद्र त्रिपाठी का विशेष रूप से सहयोग रहा है।

वाद विवाद प्रतियोगिता में उमेश्वर प्रथम झूला को मिला दूसरा स्थान

बलरामपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया में इको क्लब के अंतर्गत बच्चों की विवाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सुख कूड़ा एवं गीला कूड़ा अलग करें या नहीं रहा है। प्रतियोगिता में उमेश्वर सिंह प्रथम झूला द्वितीय एवं नैना तीसरे स्थान पर रहे हैं। विद्यालय प्रधानाध्यापिका रेशू पाण्डेय की अध्यक्षता में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन अनीता श्रीवास्तव ने उपस्थित होकर बच्चों की इको क्लब आयोजित वाद विवाद का अवलोकन किया। इको क्लब प्रभारी अंकुर नोडल हरित शिक्षक रेशू पांडेय कक्षा 6 इको क्लब कैप्टन आनंद तिवारी ,कक्षा 7 के कप्तान झूला एवं आठवीं कक्षा के कप्तान रूपा उपस्थिति रही है। उमेश्वर सिंह ने पक्ष में एवं शुभ सिंह ने विपक्ष में अपने विचार रखे हैं। प्रतियोगिता में झूला ,रूपा, नैना जयंत ,पल्लवी ने अपने-अपने विचार रखें।

पांच साल के मासूम की हत्या, कल हुआ था घर से लापता

सुल्तानपुर। पांच वर्षीय मासूम का शव घर से 100 मीटर दूर खंडहर में मिलने से हड़कंप मच गया है। गला रेतकर उसकी हत्या की गई है। मृतक मासूम बुधवार दोपहर से लापता था। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच करते हुए शव को कब्जे में लिया है। घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के सोनवातारा गांव की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोसाईगंज के सोनवातारा निवासी अरविंद का पांच वर्षीय पुत्र अखिल बुधवार दोपहर 12 बजे घर से लापता हो गया। कुछ देर तक जब बच्चा नजर नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

गुरुवार सुबह घर से सौ मीटर की दूरी पर स्थित श्याम लाल के खंडहर नुमा मकान में उसका शव पाया गया। बच्चे के गले पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुटी हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर गोसाईगंज पुलिस और फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है मृतक मासूम कक्षा एक का छात्र था, उसके पिता परदेस में प्राइवेट नौकरी करता है। उधर सीओ जयसिंहपुर रमेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया जांच कर रहे हैं, शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है। परिजनों से तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। आपको बता के मृत बच्चे के दादा पूर्णवासी की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

कुड़वार थाने में तैनात उपनिरीक्षक की मौत

कुड़वार/सुल्तानपुर। जनपद के थाना कुड़वार में तैनात उपनिरीक्षक मुक्तबुद्दीन की अचानक मौत हो गई। दरोगा की हार्ट अटैक से हुई मौत बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अचानक दोपहर में तबियत बिगड़ने पर साथी पुलिस कर्मी लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कुड़वार थाने के प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि अचानक तबियत खराब होने पर मौत हुई है। हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है।

छात्रों ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का भ्रमण कर साइबर फ्रॉड से बचाव का जाना सच

बलरामपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में चयनित पीएम श्री कंपोजिट स्कूल घुसाह के छात्रों को बैंक संबंधी जानकारी के लिए प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का भ्रमण कराया गया। बैंक पहुंचकर छात्र-छात्राओं को बैंकिंग संबंधी लेनदेन ,लोन, एटीएम कार्ड, खाता खुलवाने एवं अन्य तकनीकी जानकारी दी गई। विद्यालय प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह की निगरानी में 30 छात्रों की टीम प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक घूसाह का भ्रमण किया है ।बैंक के प्रबंधक अमित कुमार पांडेय ने छात्रों को विस्तार से बैंकिंग प्रक्रिया, खातों के प्रकार, एटीएम विभिन्न प्रकार के स्लिप का प्रयोग ,लोन एवं लोन के प्रकार ,लोन के दर के बारे में विस्तार से जानकारी ली है ।छात्रों को फिक्स डिपाजिट एवं रिकरिंग डिपॉजिट के महत्व के बारे में जानकारी दी है। इस जानकारी से भविष्य में बचत के लिए प्रयास किया जा सकता है। छात्रों को क्रेडिट कार्ड ,डेबिट कार्ड में अंतर समझाया गया है। शाखा प्रबंधक ने साइबर फ्रॉड के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर विभिन्न बिंदुओं को साझा किया है ।जिससे वह अपने अभिभावकों को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरुक कर सके। शाखा प्रबंधक ने बेटियों के जिज्ञासाओं को धैर्य से सुनकर उन्हें विस्तार से जानकारी दी है। शाखा प्रबंधक ने विद्यालय की छात्रा मानसी कुरील से बैंक संबंधी बताए गए जानकारी पर प्रश्न पूछा एवं पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली ।जिसका सही जवाब देने पर शाखा प्रबंधक ने पुरस्कृत किया है ।विद्यालय के प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह एवं शिक्षकों की टीम ने शाखा प्रबंधक को बच्चों को बैंकिंग संबंधी जानकारी देने के लिए आभार जताते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की बात की है।

मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों की मदद करेगी 'एलएसयूएम' टीम

सुल्तानपुर। जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज सम्पन्न हो गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को विधिक सेवाएं योजना-2024,पर विभिन्न विद्वानों ने प्रकाश डाला। प्रशिछण कार्यक्रम में जिला न्यायधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। बुधवार को उन्होंने पैनल लायर्स/पैरा लीगल वालेंटियर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए हर एक इंसान को दृण संकल्प करना जरुरी होता है। जिला जज श्री शुक्ल ने उदाहरण देते हुए कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेंद्री पाल, अरुणिमा सिन्हा, माउंटेन मैन दशरथ माझी, बिग बी अमिताभ बच्चन जैसे लोग आज लोगों के लिए रोल मॉडल हैं। जिन्होंने इच्छा शक्ति और मजबूत दृण संकल्प के जरिये मुकाम हांसिल किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति के परिजनों या उसके रिश्तेदारों की सहमति लेने के बाद उसकी मदद करनी चाहिए। मनोचिकित्सक डॉ सहाबुद्दीन अम्मार ने तमाम कानून की जानकारी को देते हुए बताया कि मानसिक रूप से अक्षम लोगों को वही अधिकार और रिजर्वेशन दिए जाने का प्रावधान है। जिससे दिव्यांग व्यक्ति समान जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि छह से आठ साल तक के मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे को मुफ्त में शिक्षा तथा न्यायिक अधिकार और सुविधा पाने का अधिकार है। डॉ अम्मार ने बताया कि विकसित और मानसिक रूप से अक्षम इलाज कर रहे व्यक्ति को पूरा अधिकार है कि उसे उसकी बीमारी की विस्तृत जानकारी दी जाए।मेंटल रोगी को उसी तरह इलाज मिलने का प्रावधान है जैसे शारीरिक बीमार व्यक्ति को। उन्होंने कहा कि कोई भी भर्ती मरीज अस्पताल में जिसे मिलाने से मना कर सकता है। चाहे मिलने वाले व्यक्ति को मन कर सकता है।चिकित्सक सहाबुद्दीन अम्मार ने जोड़ा कि आज मानसिक रोगी को कुछ विशेष परिस्थितियों को छोडकर करंट (ईसीटी) देना बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि मेंटल हेल्थ केयर एक्ट में 18 साल से कम उम्र के बच्चे को करंट देना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि 21 डिसेबिलिटी की केटेगरी चिन्हित हैं जिसमें एसिड अटैक पीड़ित/पीड़िता भी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कानूनी प्रावधानों में दिव्यांग व्यक्ति को आम इंसान जितने अधिकार प्राप्त हैं। इनसे छुआछूत की भावना नहीं रखनी चाहिए। चीफ एलएडीसी तारकेश्वर सिंह ने कहा कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत असक्षम ,दिव्यांग व्यक्तियों को राष्ट्रीय लीगल सर्विस अथॉरिटी नाल्सा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए बताया गया। सहायक एलईडीसी अंजलि कुमारी ने योजना क्रियान्वयन हेतु गठित समिति के सदस्यगण के लिए मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं व योजना पर जानकारी साझा किया। बताया कि वालेंटियर्स और ÷एलएसयूएम÷ कार्यान्वयन के लिए कानूनी सेवा प्रदाताओं की भूमिकाएं और उनकी जिम्मेदारियाँ क्या रहेंगी। इस मौके पर चेयरपर्सन सीडब्लूसी आर.पी शुक्ला, राम नेवल यादव, संगम राय, पैनल लॉयर अमित कुमार पांडे, सूरसेन, पैरा लीगल वालेंटियर योगेश यादव, विपिन सिंह, बबिता, कल्पना, सोनाली मिश्रा, अर्चना सहित एलयूएसएम स्टाफ उपस्थित रहे।

छात्र हित में महाविद्यालय को दिया दो लाख इक्यावन हजार की पुस्तके

कादीपुर/सुलतानपुर। स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर में सत्यपथ फाउंडेशन के सीईओ विवेक तिवारी द्वारा दो लाख इक्यावन हजार की पुस्तके महाविद्यालय को उपहार स्वरूप प्रदान की गई। महाविद्यालय में आयोजित एक समारोह में इन पुस्तकों को विवेक तिवारी एवं प्रबंधक द्वारा छात्रों के हित में लोकार्पित की गई। बीए,एमए, बी एड, एम एड, बीएएससी, एमएससी, बीकॉम, एम कॉम आदि से संबंधित ये पुस्तकें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। लोकार्पण के इस अवसर पर सर्वेश मिश्रा, राम विनय सिंह, विजयधर मिश्रा, डॉ रत्नेश त्रिपाठी, रितेश दुबे, डॉ एस बी सिंह, डॉक्टर मदन मोहन, डॉक्टर करुणेश प्रकाश प्रकाश भट्ट, डॉ विजय नारायण तिवारी, डॉ रविंद्र मिश्रा, डॉ सुरेंद्र तिवारी ,दीपक तिवारी, संजय मिश्रा आज समेत महाविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने विवेक तिवारी के प्रति आभार ज्ञापित किया एवं इस योगदान पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

धड़ल्ले से चल रहा है खनन, रात दिन हो रहा अवैध खनन पुलिस बनी मूकदर्शक

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। प्रतापगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अहिमाने रेलवे क्रासिंग के किनारे हफ्तों से धड़ल्ले से अवैध खनन चल रहा है। अवैध खनन करने वाले मालिकों की माफ़ियागिरी का बोलबाला है। क्षेत्र के कुछ लोग नाम ना छापने की शर्त पर बताया की ट्रैक्टर ट्राली की आवाज से दिनभर खेती किसानी करने के बाद में रात का सोना भी दुश्वार बना हुआ है। दिन का आलम यह है कि रास्ते पर इतनी मिट्टी उड़ रही है कि चलना भी दुश्वार हो गया है। अवैध खनन माफ़ियाओं के हौसले बुलंद हैं। कार्रवाई ना होने की दर से रात दिन मिट्टी की खुदाई कर रहे है।

खनन माफ़ियाओं द्वारा पुलिस से मिलकर अवैध खनन का कार्य कराया जा रहा था। सूचना देने पर पुलिस तो पहुंचती है, लेकिन कार्रवाई नही की जाती है। रोड पर गिरी मिट्टी का से बाइक से निकलना भी दुर्लभ बना हुआ हैं। कहीं ना कहीं अवैध खनन माफ़ियाओं के हौसले सातवें आसमान पर दिखाई दे रहे है। यह घटना इस बात को उजागर करती है कि प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद, अवैध खनन माफ़िया अपनी गतिविधियों को पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से अंजाम दे रहे हैं, जो कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाता है।

पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लंभुआ/सुल्तानपुर। प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर में बृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री अजय सिंह जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अब विद्यालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए बच्चों को हाईटेक माध्यम से पढ़ाया जाएगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्री केदार नाथ दुबे ने कहा कि विद्यालय स्तर पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से बच्चों को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। ए आर पी धर्मेंद्र पांडेय ने पी एम श्री विद्यालय के बारे में सभी अभिभावकों को जानकारी प्रदान किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत रंगोली, नाटक, खेलकूद, कविता, गीत, प्रश्नोत्तरी, टीएलएम व नृत्य गान आदि कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राम जी मिश्रा ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक श्री योगेश पांडेय ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों, सभी सम्मानित अभिभावकों, आदि का आभार प्रकट किया स कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक श्री शशि प्रकाश शुक्ल ने किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक उत्कर्ष द्विवेदी, सुशांत मिश्रा, आशीष कुमार यादव, सुचित्रानंद चतुर्वेदी, रन्नू यादव आदि ने वार्षिकोत्सव के सफल संचालन में महती भूमिका निभाई।

संक्षिप्त खबरें

लिटिल चैंप टीम ने जीता क्रिकेट मैच

बांदा। स्पोटर्स स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट लीग (लिटिल चैंप) का शुभारंभ स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि अपर ज़िला जज छोटेलाल यादव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके और टॉस कराकर मैच की शुरुआत कराई। पहले बल्लेबाजी करते हुए लिटिल चैंप बांदा हीरोज ने 20 ओवरों में 6 विकेट खो कर 140 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लिटिल चैंप बांदा किंग्स ने 18 ओवर एक गेंद में चार विकेट खोकर लक्ष्य को पूरा कर लिया। छह विकेट से जीत हासिल की। मैच में प्रियंकुश सिंह ने 55 नॉट आउट, कृष्णा सिंह ने 24 गेंद में 46 रन बना कर अपनी टीम को विजय दिलाई। लिटिल चैंप हीरोज की तरफ से कनिष्क अरुण ने 29 गेंद में 35, गौरव ने 25 गेंद में 28 रन बनाए। कृष्णा सिंह को 46 रन और एक विकेट लेने के कारण मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच लिटिल चैंप बांदा वॉरियर्स वर्सिज लिटिल चैंप बांदा लाइंस के मध्य खेला गया, जिसमें पहली पारी में लिटिल चैंप बांदा लाइंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें शिवांश सिंह ने 70 रनों का योगदान दिया द्य वहीं विपक्षी वॉरियर्स की टीम 126 रन में सिमट गई। मैच के दौरान बांदा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रमौली भारद्वाज, सीनियर खिलाड़ी अनिल अवस्थी, क्रीड़ा सचिव राममिलन गुप्ता, स्पोर्ट्स स्टेडियम के कोच शिवप्रताप सिंह, पुष्कर दिवेदी प्रदीप गुप्ता, संदीप नामदेव, मोहम्मद अहमद, करण सिंह, सुनील सक्सेना,नवीन प्रकाश, मोहित सिंह, मनोज मिश्रा, अजय कुमार, दीपांक मेहरा, विनय श्रीवास्तव अबरार फारूकी और स्कंद भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

जल प्रहरी सम्मान से नवाए गए मुख्य विकास अधिकारी

बांदा। नीति आयोग, जलशक्ति मंत्रालय और सरकारी टैलीकॉप की ओर से न्यू महाराष्ट्र सदन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश को जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया। सीडीओ ने अविरल जल अभियान के अंतर्गत बांदा की बूंद बांदा के नाम कार्यक्रम को संचालित करते हुए इस वर्ष विभिन्न ग्राम पंचायत में 57 तालाबों का निर्माण कराया। 3070 कृषकों के खेतों में मेड बंदी का कार्य कराया गया। इस वर्ष 720 कृषकों के निजी भूमि पर खेत तालाब निर्माण करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई और कृषकों को चिन्हित करके उनके खेतों में तालाब निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से जनपद में 1115 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई का साधन उपलब्ध हो सकेगा। इसके अतिरिक्त लघु सिंचाई विभाग के माध्यम से विभिन्न नालों पर 21 चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। इन चेक डैम का निर्माण के बाद 350 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की सुविधा बढ़ जाएगी।

जनपद में 95 ग्राम पंचायत में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों पर 95 रेन वाटर हार्वेस्टिंग के यूनिट बना दिए गए हैं, जिससे जल संरक्षण का कार्य तेजी से हो रहा है। जनपद में विगत 3 वर्षों में 38390 हेक्टेयर भूमि में कृषि अच्छादन क्षेत्रफल की वृद्धि हुई है तथा खाद्यान्न उत्पादन में 53693 कुंतल उत्पादन भी बढ़ा है। चेकडैम के निर्माण के लिए ऐसे दुर्गम स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां पर कृषकों के लिए पूर्व से कोई सिंचाई का साधन उपलब्ध नहीं था। इन चेक डेमो के निर्माण से जहां एक और वाटर रिचार्जिंग करके भूगर्भ जल में सुधार होगा। वहीं दूसरी तरफ कृषकों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। पैलानी क्षेत्र में एक चेक डैम का निर्माण हो रहा है, जिसमें चेक डैम और रपटा दोनों का निर्माण एक साथ किया जा रहा है। यह इस क्षेत्र का पहला इस प्रकार का निर्माण है जहां चेक डैम भी होगा और रपटा का निर्माण भी होगा, क्योंकि यह ऐसा नाला है जिसके कारण कई मजरों का आवागमन बरसात के दिनों में रुक जाता था। इस चेकडैम भी के निर्माण से लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता भी मिलेगा और सिंचाई के लिए और वाटर रिचार्जिंग के लिए पानी भी उपलब्ध हो सकेगा। जनपद में किए गए इन नवीन प्रयोगों के लिए मुख्य विकास अधिकारी को जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार वितरण केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने दिया। इस मौके पर सांसद एवं सदस्य जल शक्ति मंत्रालय उमेश नाथ महाराज, पद्मश्री लक्ष्मण सिंह, अमीय साठे डायरेक्टर अनिल सिंह सागर, जल प्रहरी अवार्ड कमेटी की अध्यक्ष न्यायमूर्ति संगीता ढींगरा सिंघल, उमाशंकर पांडे पद्मश्री व जल योद्धा उपस्थित रहे।

दुपट्टे से फंदा लगाकर छात्रा ने कर ली खुदकुशी

बांदा। छात्रा ने कमरे के अंदर छत के छल्ले पर दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी 13 वर्षीय अनामिका पुत्री सुरेश ने बुधवार की शाम कमरे के अंदर छत पर दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। कुछ देर बाद दरवाजा खोलकर मौके पर पहुंचे छोटे भाई अंश और चचेरे भाई सचिन ने देखा तो वह फंदे पर लटक रही थी। शव देखते ही वह लोग चीख पड़े। शोर गुल सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पार पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

मृतक के पिता ने बताया कि अनामिका गांव के इंटर कालेज में कक्षा 9 में पढती थी। उसका पांच माह से मानसिक संतुलन ठीक नही था। उसका इलाज भी करवाया लेकिन फायदा नही हुआ। इसी से परेशान होकर उसने यह घटना अंजाम दी। अचानक हुई इस घटना से मां कृष्णकुमारी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

उप चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर विवेकानंद को मिली जीत

समाजवादी पार्टी की प्रतिद्वंदी बसदेइया को 1422 वोट मिले

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा/बबेरू/अतर्रा। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उप चुनाव में मतदान के बाद गुरुवार केा जेपी शर्मा इंटर कालेज में मतगणना की गई। उप चुनाव में डॉ. विवेकानन्द गुप्त ने 4709 वोट प्राप्त करते हुए विजय हासिल की। जबकि प्रतिद्वन्दी सपा की बसदेइया 1422 वोट से हराया। बसदेइया को 3287 मत मिले। मतगणना परिणाम घोषित होने के साथ ही भाजपाइयों की बाछें खिल गई। विजेता विवेकानंद को फूलमालाओं से लाद दिया गया।

जेपी शर्मा इंटर कालेज मे चल रहे अध्यक्ष पद के उप चुनाव में भाजपा के डॉ. विवेकानंद ने 4709 मत पाकर सपा बसदेइया यादव को 1422 मतों से हराया। बसदेइया यादव को 3287 वोट मिले। इसके अलावा कांग्रेस के रामनरेश मिश्रा को 2142 मत मिले वह तीसरे नंबर पर रहे। आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी फूलचन्द्र सोनी को 519, निर्दलीय शिवप्रसाद को 499, निर्दलीय प्रत्याशी रामफल त्यागी को 407, मोहनलाल को 102, सन्तोष कुमार को 23, अरविन्द कुमार 16, दीपिक को छह वोट मिले। नोटा में सात वोट पड़े। 4902 मतपत्र अनबैलेट रहे। मतगणना के लिए 6 टेबिलें लगाई गई थीं। पांच चक्रों में मतगणना कराई गई। सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम नमन मेहता, सीओ सौरभ सिंह, कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह, कस्बा इंचार्ज कौशल सिंह समेत पुलिस बल लगा रहा। विजयी प्रत्याशी विवेकानंद को आरओ राजेश कुमार ने प्रमाण पत्र दिया। विजयी प्रत्याशी विवेकानन्द गुप्ता को कार्यकर्ताओ ने फूलमालाओं से लाद दिया। इसके बाद जुलूस के साथ ढोल नगाड़ों के साथ माँ मढी दाई मंदिर पहुंच कर मत्था टेका। इस दौरान पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल, जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल,सन्तोष गुप्ता, जगराम सिह राजकुमार राज,विजयपाल सिह,अजय पटेल, प्रताप सचान,सुकदेव प्रसाद वर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, राकेश अग्रहरि सुधीर अग्रहरि, प्रशान्त अग्रहरि, सौरभ शिवहरे, मधु गुप्ता, मनीष कुमार, किशू सुधीर कुशवाहा,पंकज द्विवेदी, सहित समर्थक मौजूद रहे। इधर, अतर्रा में नगर पालिका अतर्रा के वार्ड नंबर 4 सुदामापुरी में रिक्त सदस्य पद का उपचुनाव की मतगणना नगर पालिका परिषद में हुई। सुबह 9 बजे शुरू हुई मतगणना दो घंटे में पूरी हुई।

निर्वाचन अधिकारी अखिल कुमार ने समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कांति देवी को 58 वोटों से विजयी घोषित किया। उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। परिणाम घोषित होने के बाद सपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। सपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन कुशवाहा, नगर अध्यक्ष सनी गुप्ता, राजबहादुर कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि रामधनी यादव, जुगुल किशोर जाटव, सहित अन्य नेता मतगणना स्थल पर मौजूद रहे।

सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स तैनात रही। शहर के स्वराज कालोनी में अंशू वर्मा ने सभासद पद पर विजय हासिल की। मालुम हो कि इसके पूर्व अंशू वर्मा की मां सभासद थीं, लेकिन उनका निधन हो गया था।

ई-रिक्शा पलटने से दबकर युवती की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। ई-रिक्शा पलटने से युवती की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा बिहारी गांव निवासी राकेश ई रिक्शा चलाता है। गुरूवार की सुबह वह सवारी लेकर मुरवल गांव जा रहा था। तभी दरिया बाबा मोड़ पर ई रिक्शा आनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। इसमे सवार पारा बिहारी गांव निवासी 19 वर्षीय संतोषिया देवी पुत्री कलुआ कोटार्य की दब कर मौत हो गई। ई रिक्शे में बैठे पांच लोग चोटहिल हो गए। रिक्शा चालक राकेश को गंभीर चोटे आई। सूचना पाकर समाजसेवी पीसी पटेल समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सभी घायलो को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका संतोषिया देवी दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसका पिता मजदूरी करता है। वह मुरवल सामान लेने जा रही थी। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित हुए सुरेश

राजधानी दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जल संरक्षण के लिए समर्पित सुरेश रैकवार को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा ÷जल प्रहरी सम्मान÷ से सम्मानित किया गया। तहसील अंतर्गत ग्राम तेंदुरा निवासी सुरेश रैकवार को यह सम्मान 18 दिसंबर बुधवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने प्रदान किया। सुरेश रैकवार पिछले 25 वर्षों से जल संरक्षण और नदियों को बचाने के कार्य में जुटे हुए हैं। वे जलपुरुष राजेंद्र सिंह के साथ राजस्थान के अलवर और जयपुर ग्रामीण क्षेत्रों में जोहड़, तालाब, फार्म पॉन्ड और वॉटर टैंक निर्माण कर वर्षा जल संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही वे स्कूली बच्चों, किसानों और युवाओं को जल बचाने के लिए प्रेरित करते हैं। वर्तमान में वे तरुण भारत संघ के साथ जयपुर में वर्षा जल को बचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद सुरेश रैकवार ने कहा कि यह सम्मान प्रकृति को बचाने और उन्हें प्रेरित करने वाले सभी लोगों का है। उन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और जीवन भर जल संरक्षण में जुटे रहने का संकल्प लिया। इस सम्मान समारोह में जलपुरुष राजेंद्र सिंह, पद्मश्री लक्ष्मण सिंह, उमाशंकर पांडेय, राज्यसभा सांसद योगी उमेशनाथ, जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारी, देश के अलग अलग जिलों के कलेक्टर, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह आयोजन सरकारी टेलीविजन और जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से संपन्न हुआ।

चर्च में गरीब महिला पुरुषों को वितरित किए गए कंबल

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। शीतलहरी के दौरा गरीबों को ठंड से बचाने के लिए लोगों ने कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। गरीबों को गर्म कपड़े और कंबलों के वितरण का सिलसिला शुरू हो गया है। ताकि कोई भी गरीब ठंड की वजह से अकाल मौत का शिकार न हो। इन दिनों रात में नौ डिग्री न्यूनतम तक तापमान पहुंच रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए अब गरीबों की मदद का सिलसिला शुरू हो गया है।

अतर्रा कस्बे के बदौसा रोड स्थित आर.बी. मार्टिन पास्टर बेथेल चर्च में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अगुवाई पास्टर संतोष सिंह ने की। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से अधिक असहाय, गरीब, और बुजुर्ग महिलाओं-पुरुषों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए गए। पास्टर संतोष सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस बार भी बेथेल चर्च चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से आयोजित किया गया है। कंबल वितरण के दौरान कहा गया कि गरीबों को ठंड से बचाने के लिए उनको गर्म कपड़े और कंबल का वितरण करना जरूरी है।

छात्राओं को बताए गए आपातकालीन नंबर, किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। कंपोजिट स्कूल ग्राम बंडे में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबर 112, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 से अवगत कराया। वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध और उनसे बचने के बारे में जानकारी दी। साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 से अवगत कराया। विशेष तौर पर छात्रों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। छात्राओं से उनकी समस्याएं पूछीं गईं। इस दौरान गिरवां थाने के उप निरीक्षक केसरी सिंह, महिला उप निरीक्षक नीतू सिंह, महिला कांस्टेबल कविता, कांस्टेबल अजय यादव और रमेश आदि मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में लगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी, थिरके बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बरईमानपुर महुआ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति पर दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक समेत दर्शक भी थिरकते रहे। खंड शिक्षा अधिकारी महुआ विनोद कुमार पटेरिया ने अध्यक्षता की। बच्चों ने मनमोहक, नाटक, गीत, नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह ने सुंदर आयोजन की सराहना की। उन्होंने शिक्षक विधायक निधि से विद्यालय में एक फ्रिज एवं वाटर कूलर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष खंड शिक्षा अधिकारी महुआ विनोद पटेरिया ने पीएम श्री विद्यालय में चल रही योजना के बारे में अभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान योगेंद्र गिरि एसएससी अध्यक्ष संतोष कुमार, सूचना प्रभारी राजकुमार पांडे ,संजय चौरसिया विद्यालय स्टाफ संध्या, कोमल पुरवार, पुनीता श्रीवास्तव, अर्चना शर्मा ,अभिषेक शर्मा, उमा चौरसिया, मीना, संगीता, समाजसेवी मैकूलाल चौरसिया, लक्ष्मी चौरसिया उपस्थित रहे।

संचालन एआरपी जयनारायण श्रीवास ने किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा गुप्ता ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में फिजा माही ,आयुषी, स्नेहा, खुशबू ,चांदनी, प्रिया, रुनझुन, ऋषिका, अहम, अंश, श्रेयांश, तेजस, नैतिक आदि बच्चों की प्रस्तुतीकरण सराहनीय रही।

निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य समय से पूरा करें - आयुक्त

50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की आयुक्त ने की प्रगति समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने गुरुवार केा 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य समय से पूरा किया जाए। इसके साथ ही जिन परियोजनाओं के कार्य पूरे होने की स्थिति में हैं, उन कार्यों को शीघ्र पूरा कराकर संबंधित विभागों को हस्तांरित किया जाए। प्रगति समीक्षा के दौरान आयुक्त श्री त्रिपाठी ने संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से कार्य को पूर्ण करने, निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त सामग्री का प्रयोग करते हुए मैन पावर को बढ़ाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए पड़री के स्वास्थ्य उपकेंद्र के विद्युत कनेक्शन का कार्य शीघ्र कराये जाने और बरईमानपुर के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड मानिकपुर के ग्राम ददरीमाफी के सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य तेज गति से आगामी माह फरवरी तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये जाने व मानिकपुर मारकुण्डी हुडैला मार्ग को इस माह के अंत तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को थाना सुमेरपुर में हास्टल व बैरक के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य माह जनवरी तक पूर्ण हो जायेगा। यूपी सिडको द्वारा आईटीआई राठ हमीरपुर के निर्माण कार्य को तेज गति एवं गुणवत्ता से जनवरी पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। जनपद महोबा के नवीन जिला कारागार के निर्माण कार्य को कार्य में तेजी लाते हुए वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिये। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली तथा बस स्टेशन कार्यशाला राठ और पैलानी तहसील के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए तहसील के भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मानिकपुर रोड से रमपुरवा संम्पर्क मार्ग के कार्य मे देरी होने पर सम्बन्धित ठेकेदार से शीघ्र कार्य पूर्ण कराये जाने की बात कही। उन्होंने बेंदा घाट से जलालपुर रोड का निर्माण कार्य और बदौसा से पौहार रोड के निर्माण में तेजी लाते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द कुमार सहित संबंधित कार्यदायी संस्थाओं व लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पंचतत्व में विलीन हुए हिन्दुस्तानी एकेडेमी के पूर्व अध्यक्ष हरिमोहन मालवीय

विभिन्न संगठनों, साहित्यिक संस्थाओं एवं हिंदुस्तानी अकादमी में शोक सभा का आयोजन

प्रयागराज। वरिष्ठ साहित्यकार हरिमोहन मालवीय का 91 वर्ष की उम्र में बुधवार रात्रि लखनऊ में निधन हो गया। पत्नी की मृत्यु के बाद से मालवीय जी अपने पुत्र गौरव (मनु) के साथ लखनऊ में रहते थे। पिछले कुछ दिनों से उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।

हरिमोहन मालवीय का जन्म 16 सितम्बर, 1933 में इलाहाबाद में हुआ था। आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिन्दी मे एमए और चित्रकला में डिप्लोमा किया था। एक दशक से अधिक समय तक आपने हिन्दी साहित्य सम्मेलन के साहित्य विभाग में अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। 1991 में उत्तर प्रदेश शासन से हिन्दुस्तानी एकेडेमी के सचिव नियुक्त हुए। 1998 में अध्यक्ष नामित हुए और एकेडेमी की त्रैमासिक पत्रिका हिन्दुस्तानी के सम्पादन का दायित्व कुशलतापूर्वक सम्भाला।मालवीय जी ने साहित्य जगत में अपनी एक अलग पहचान बनायी। हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं उन्नयन में मालवीय जी ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मलवीय जी प्रायः कहते थे- ÷संस्थाएं अनुदान से नहीं अनुराग से चलती हैं।÷ हिन्दी साहित्य के पाठालोचन एवं सम्पादन कार्य में हरिमोहन मालवीय सिद्धहस्त माने जाते थे। वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन में निदेशक के रूप में रहकर ब्रज साहित्य में आपने विशेष शोध किया। तानसेन की कृति %रागमाला% का आपने सम्पादन किया। श्री पथरचट्टी रामलीला स्मारिका का चार दशक तक सम्पादन किया। श्वेता प्रकाशन द्वारा आपकी पुस्तक %हिन्दी साहित्य सृजन और चिन्तन% दो वर्ष पूर्व प्रकाशित हुई, जिसका लोकार्पण पं. केशरी नाथ त्रिपाठी ने किया था। आकाशवाणी और दूरदर्शन से अनेक रूपक एवं वार्ताएं प्रसारित हुई। हरिमोहन मालवीय को अनेक सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हुए।

हरिमोहन मालवीय के निधन की सूचना मिलते ही साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। आपकी कमी हिन्दी साहित्य जगत में हमेशा अनुभव की जाती रहेगी। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेरम्ब चतुर्वेदी, सरस्वती के सम्पादक रविनन्दन सिंह, सतीश चन्द्र टण्डन, पत्रकार रतिभान त्रिपाठी, कवि यश मालवीय, डॉ. धनन्जय चोपड़ा, अजामिल, डॉ पी एस मालवीय, उत्कर्ष मालवीय, नरेश सहगल, अरविन्द मालवीय, वरिष्ठ पार्षद आनन्द घिल्डियाल %आनू%, स्नेह मधुर सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया।

हरिमोहन मालवीय का पार्थिव शरीर मालवीय नगर स्थित उनके आवास पर रखा गया, जहाँ लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद ककहरा घाट पर सायंकाल अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र गौरव मालवीय ने दी।श्री मालवीय के निधन पर हिंदुस्तानी अकादमी में अभी शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में वक्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि %हरिमोहन मालवीय जैसे वरिष्ठ एवं अनुभवी रचनाकार का जाना निश्चित तौर पर शहर को साहित्यिक- सांस्कृतिक दृष्टिकोण से और सूना कर गया है। आपका साहित्यिक सांस्कृतिक योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अशेष-विशेष पूँजी है। हम सभी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं एवं ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा परिवारीजन को दुःख सहने की शक्ति।प्रदान करें।% सभा के अन्त में हरिमोहन मालवीय को स्मरण करते हुये उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। शोक सभा में एकेडेमी के प्रशासनिक अधिकारी गोपालजी पाण्डेय, रतन पाण्डेय, संतोष कुमार तिवारी, अंकेश कुमार श्रीवास्तव, अनुराग ओझा, सुनील कुमार, समस्त एकेडेमी परिवार एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

महिला और युवती से अभद्रता करने पर तीन नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंघलदीप गांव में तीन युवकों ने मिल कर खेत में काम कर रही महिला और एक युवती के साथ अभद्रता की। विरोध करने पर मारा पीटा। पुलिस मामले में तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। सिंघलदीप की एक महिला का आरोप है कि वह अपने आलू के खेत में पहुंची तो वहां पहले से मौजूद गांव के सुनील कुमार, राहुल व वीरेंद्र ने उसको पकड़ लिया। विरोध करने पर मारा पीटा और अश्लील हरकत की। मौके पर मौजूद एक युवती बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी अश्लीलता की गई। युवकों ने कपड़े फाड़ दिए इज्जत लूटने की कोशिश की। थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर पर सुनील कुमार, राहुल कुमार और वीरेंद्र कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं और मामले की जांच की जा रही हैं।

पुलिस के हत्या चढ़े तीन शातिर चोर

सवा दो लाख कैश और ज्वेलरी बरामद

प्रयागराज। यमुना नगर के नैनी कोतवाली पुलिस और एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम ने गुरूवार को चोरी के तीन मामलों का खुलासा किया। तीनों चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित तीन चोंरों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से एक टार्च, सोने चांदी के आभूषण और 2,21,770 रूपये कैस के अलावा घटनाओं में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।एसीपी करछना वरुण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बबलू उर्फ नसीर (49) पुत्र रफी निवासी शाहगंज थाना शाहगंज प्रयागराज हालपता काशीराम कालोनी एडीए नैनी, फिरोज अहमद (33) पुत्र हामिद अली निवासी रतनगंज थाना कोतवाली कट्टा जनपद मिर्जापुर और रामजी उर्फ गुड्डू (26) पुत्र कमलेश भारतीय निवासी पुरेखगना बगवाना थाना घूरपुर हैं। टीम ने इन्हें नैनी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान तीनों ने क्षेत्र में तीन चोरियों को कारित करना स्वीकार किया। जिनमें चकगरीब दास मामा भांजा (जुलाई 2024) में सोने-चांदी के आभूषण और ₹35,000 की चोरी की थी। उसके बाद पुरा फतेह मोहम्मद (दिसंबर 2024) में घर का ताला तोड़कर जेवर और ₹30,000 की चोरी की और इसी मोहल्ले में ₹35,000 नकद और आभूषणों की चोरी अगली दिन की। इनके पा से सोने चांदी के जेवर, लॉकेट, अंगूठियां, पायल, नाक की कील समेत लांखों के गहने बरामद किए गए हैं। इसके अलावा इनके पास घटनाओं में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिलें पैशन प्रो रंग काला व पैशन प्रो रंग लाल की भी बरामद की गई हैं। दोनों मोटरसाइकिलें भी चोरी की हैं। बबलू उर्फ नसीर ने पूछताछ में बताया कि 7 दिसंबर की रात में बास्को स्कूल के पीछे पूरा फतेहमोहम्मद और 9 दिसंबर को बेथनी स्कूल के पीछे एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी किया था। वहां से जो गहने चोरी किया उसे सुनील उर्फ नगीना सोनार के यहां ले जाकर गलवा दिया था। उसने बताया कि सारा आभूषण सुनील उर्फ नगीना के पास है। फिरोज ने बताया कि इन चोरियों में जो कैस मिला था, उसमें 9000 रुपए एक व्यक्ति को हिस्सा मिला था। पूछताछ में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है।

रिटायर्ड शिक्षक के निधन पर शोक

थरवई । पण्डिला गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक लक्ष्मी नारायण शर्मा 75 वर्ष की इलाज के दौरान मंगलवार शाम मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई बुधवार को पण्डिला गांव में क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों की बैठक कर दो मिनट का मौन रखकर उनके मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई इस मौके पर शिव चंद्र यादव ललित शर्मा कृष्ण कुमार गिरी ग्राम प्रधान राम अचल यादव जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार अतुल शर्मा दीप नारायण सिंह जय मेजर सिंह संदीप शर्मा राजेश पाल सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

शैक्षिक उन्नति से ही पूरी होगी गांव बने स्मार्ट योजना- शशांक मिश्र

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत महपूरा में गुरुवार को पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा सरस्वती वंदन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस मौके पर प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा महपूरा गांव में जो पीएम श्री विद्यालय खोला गया है। इसमें सरकार द्वारा बच्चों शैक्षिक और बौद्धिक विकास के लिए अनेकों प्रकार की सुविधा दी जाएगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध हैं कि अपने-अपने बच्चों को समय से विद्यालय पढ़ने के लिए भेजें। जिससे बच्चे पढ़ लिखकर समाज व देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने अंत में कहा कि सरकार की योजना है कि हर गांव स्मार्ट बने। यह तभी संभव है जब लोग शैक्षिक रूप से सुदृढ़ होंगे। वार्षिकोत्सव में ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार शुक्ला,प्रधानाध्यापक महपूरा सैय्यद जिया हुसैन, दिनेश कुमार मौर्य, मोहम्मद तसलीम, राजेश मौर्य, सविता तिवारी, सोनम कोस्टा, कोमल मौर्य, मनीलाल, अली तनवीर, प्रधानाध्यापक मीरकपुर चंद्र प्रकाश शुक्ल, मोहम्मद आमिर, संदीप मौर्य, रविंद्र कुमार सिंह ,सतीश, श्याम, लक्ष्मी शंकर, सायरा खातून, शैलेंद्र राठौर, शशिकांत, रामचंद्र यादव, संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान फूला देवी के अलावा बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

सरोज विद्या शंकर इंटर कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। सरायतकी झूंसी स्थिति सरोज विद्या शंकर इंटर कालेज में गुरुवार से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक डॉ दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी और खेल प्रमुख आयुष कुमार श्रीवास्तव ने श्रीफल अर्थात् नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर शुभारंभ किया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन 100 मी,200 मी और 400 मी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 बालक वर्ग में आशीष सरोज ने प्रथम स्थान आदित्य यादव ने द्वितीय स्थान कौशल शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शिवम यादव प्रथम स्थान ऋतिक पाल द्वितीय स्थान आदित्य कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता

कक्षा 6 से 8 बालिका वर्ग में शिवांगी पाल ने प्रथम स्थान अंजलि प्रजापति द्वितीय स्थान सौम्या यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 बालिका वर्ग में प्रज्ञा मिश्रा प्रथम स्थान वैष्णवी शुक्ला ने द्वितीय स्थान और सृष्टि यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 बालक वर्ग में आकाश गिरी प्रथम स्थान रेवती रमन सिंह द्वितीय स्थान मयंक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 बालक वर्ग के 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सर्वेश कुशवाहा प्रथम स्थान आयुष कुशवाहा ने द्वितीय स्थान अभिनेश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता मानसिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों और खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रदर्शन का एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में शारीरिक विकास के साथ खुद से मुकाबला करके सफलता प्राप्त करने का जज्बा पैदा होता है।खेल प्रमुख आयुष कुमार श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों को खेल से संबंधित नियम व अनुशासन के साथ सफलता प्राप्त करने के गुण सिखाए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव, प्रवीण कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार त्रिपाठी ,विभव प्रजापति, शशांक त्रिपाठी, कमलेश प्रसाद यादव, अमित कुमार जैन, नीतीश कुमार, आकाश कुमार गुप्ता ,जयद्रथ श्रीमुख ,प्रिय राज दुबे ममता मिश्रा, मीना धुरिया ,अनामिका तिवारी, रीना तिवारी, दिव्या त्रिपाठी ,खुशबू यादव आदि उपस्थित रहे।

मेला क्षेत्र में जनसुनवाई शुरू, आ रहीं शिकायतें

प्रयागराज। महाकुम्भ नगर बनने के बाद यहां पर स्थायी शहर की तरह जनसुनवाई भी हो रही है। रोजाना होने वाली जनसुनवाई में स्थायी नगरी से कम लोग नहीं आ रहे हैं। रोजाना अस्थायी कार्यालय में एडीएम महाकुम्भ दयानंद इन शिकायतों की सुनवाई कर रहे हैं।अस्थायी कार्यालय के सभागार में दोपहर 12 बजे से जनसुनवाई हो रही है। गुरुवार को अग्नि अखाड़े, बड़ा उदासीन अखाड़े और आचार्यबाड़ा के संत यहां पर पहुंचे और अपनी समस्या बताई। संतों ने बताया कि प्लाट तो मिल गया है, लेकिन अब तक न तो पानी मिला है और न ही टायलेट और प्रकाश का प्रबंध हुआ है। इसके कारण रोजाना परेशान होना पड़ रहा है। मेला छावनी में हजारों की संख्या में संत पहुंच चुके हैं और व्यवस्था न होने से परेशान हो रहे हैं।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट बंद करा दी

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। तहसील में वकालत कर रहे अधिवक्ता रामचंद्र यादव एडवोकेट के बड़े पिता के देहांत की खबर पाकर तहसील में शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कार्य बहिष्कार किया। जबकि इसी बीच एसडीएम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। कुछ वकीलों ने सुनवाई बंद करके शोक व्यक्त करने और कार्य बहिष्कार हेतु एसडीएम को बताया। परंतु इसको अनसुना कर दिया गया। इसी बीच पूर्व अध्यक्ष एसपी तिवारी, यू के अवस्थी आदि भी पहुंचे और एसडीएम से सुनवाई बंद करने को कहा तो कथित रूप से एसडीएम झुझलाहट में फाइलें दर किनार करके चलते बने। अंततः वकीलों ने मृतक की आत्मा को शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांवों में नहीं जाते ग्राम पंचायत सचिव

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज) ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के देखरेख व ग्रामीणों की समस्या समाधान के लिए अधिकारी गांव में नहीं जाते हैं । ग्रामीणों को अपनी छोटी- छोटी समस्याओं को लेकर ब्लाक व जिला मुख्यालय पर दौड़ लगानी पड़ती है । ग्राम प्रधान के साथ मिलकर गांवों की समस्याओं के समाधान का जिम्मा जिनके कंधे पर सरकार ने दिया है । वो ग्राम पंचायत सचिव दिन भर ब्लाक में ही समय बिताते रहते हैं । समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है । कहीं हैंडपंप पानी नहीं दे रहा है । तो किसी को परिवार रजिस्टर में नाम चढ़ावाना है । किसी को जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत है । तो कोई पेंशन बंद होने की समस्या से ग्रसित हैं ।

ऐसे एक - एक काम के लिए गांव के लोगों को ब्लाक व जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है । ग्राम पंचायत में तैनात सचिवों के गांव में नहीं जाने के कारण अधिकतर ग्रामीण उन्हें पहचानते भी नहीं । आए दिन ऐसी शिकायतों पर आला अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं।इससे ग्रामीणों की परेशानी उठानी पड़ती है । सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ लोगों को गांव में मिल सके । इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन का निर्माण कराकर वहां पंचायत सहायक की तैनाती भी गई है । ताकि लोगों को आवश्यक जानकारी के अभाव में भटकना न पड़े । मगर न तो गांव में पंचायत सहायक मौजूद रहते हैं । न तो ग्राम पंचायत सचिव गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनना मुनासिब समझते हैं । पंचायत सचिव पूरा समय ब्लाक , मुख्यालय पर बिता दे रहे हैं। ऐसे में सरकार का उद्देश्य नहीं पूरा हो रहा है ।

ग्रामीण ब्लाक मुख्यालय पर किसी समस्या के समाधान के लिए जाते हैं । तो अपने गांव के पंचायत सचिव को खोजने में समय बर्बाद करना पड़ता है । वीडियो मनोज सिंह ने बताया कि ब्लाक व जिला मुख्यालय पर बैठक न होने की दशा में सभी ग्राम पंचायत सचिवों को गांव जाकर समस्याओं के समाधान का निर्देश है` रोस्टर तैयार कराकर इसका पालन कराया जाएगा । सत्यापन की दशा में अनुपस्थित मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

गोष्ठी के माध्यम से किसानों को किया गया जागरुक

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खण्ड बहरिया के अन्तर्गत ग्रामसभा भरेहता के मजरा गांव सारंगपुर में प्रसार निदेशालय शुआट्स प्रयागराज द्वारा एक किसान गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया । जिसमें कृषि वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किसानों को अगैती आलू की खेती में झुलसा रोग से निपटने के गुर बताये । आलू में झुलसा रोग से बचाव के लिये डाईथेन एम0-45 अथवा कापर आक्सी क्लाराइड का छिड़काव करें । दवा की मात्रा 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिला कर करें । इसी दवा को दुबारा 15 दिन बाद छिड़काव करें । पाला का प्रकोप होने पर खेतां में हल्की सिंचाई करें या खेतों के मेड़ों पर घास-फूस जला कर धुआं करें ।

फलदार वृक्षों के लिये भी 3 ग्राम सल्फर प्रति ली0 पानी में मिला कर छिडकाव पत्तियों पर करें । पलाइनोफिक्स दवा को 4 मिली ग्राम दवा को 9 ली0 पानी में मिलाकर छिड़काव करने से फूल-पत्ती झड़ने की समस्या से निजात मिलेगा । डा0 सरवेन्द्र कुमार ने गेंहू एवं रबी की फसलों के बारे में भी जानकारी दी । सहायक विकास अधिकारी कृषि कुंवर शोभित मिश्र ने कृषि विभाग की चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया । प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र तिवारी, बब्लू, सुनील मिश्र व सतीश तिवारी समेत काफी किसान लोग रहे।

सरसों की फसल में लगने लगा चेप रोग

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। ठंड का प्रकोप अब बढ़ने लगा है । सुबह कोहरा पढ़ने से ठिठुरन आ गई है । इससे सब्जियों की फसल नुकसान की आशंका पैदा हो रही है । सरसों में कोहरा से चेपा रोग लगने लगा है। इससे अन्नदाता चिंता में डूब गए हैं । क्षेत्र में इस समय खेतों में आलू , टमाटर, बैगन व गोभी आदि की फसलें लगी है।

वातावरण में छाए कोहरा से सब्जियों के नुकसान की आशंका बनी हुई है` । इसके साथ ही काफी किसान नए सिरे से टमाटर की पौधे लगाने में व्यस्त है । लेकिन कोहरा को देखकर उनके हौसले पस्त हो रहे हैं । सुबह अन्नदाता खेतों में पहुंचते हैं तो फसलों के पत्ते हरे के बजाय

सफेद मिलते हैं । इससे सब्जियों की फसलों में काफी नुकसान की आशंका हो रही है । हालांकि गुनगुनी धूप से कोहरा पानी बनकर बह जाता है ।

किसानों कहना है कि सुबह के समय फसलों पर इसका जमाव होने से नुकसान की आशंका बढ़ गई है । आशुतोष कुमार द्विवेदी का कहना है कि उन्होंने फसलों का मुआयना किया है । अभी कोहरा से नुकसान नहीं है । लेकिन यह जारी रहता है` । तो फिर प्रकृति के प्रकोप से बचना भी मुश्किल है। उन्होंने बताया कि जो लोग अभी टमाटर की पौधा खेतों में लगा रहे हैं। उन्हें इसके तुरंत बाद हल्की सिंचाई कर देना चाहिए।जो दूसरी फसलें खेतों में खड़ी है । उनमें भी हल्की सिंचाई के बाद कोहरा का प्रभाव कम हो जाएगा।

फिज़िओथेरपी विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। शुआट्स के स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के फिजिओथेरपी विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के संचालक एवं फिज़िओथेरपी के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने सभी अतिथिगण एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो जोनाथन लाल, प्रति कुलपति शुआट्स रहे। प्रो लाल ने फिज़िओथेरपी को उभरता हुआ पेशा बताया और इस बारे में अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला का मुख्य विषय शरीर के जोड़ों से संबन्धित समस्याओं के लिए फिज़िओथेरपी की आधुनिक

तकनीक के बारे में जानकारी देना है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ जे बी मिश्रा हैं जो कि एक मूवमेंट वैज्ञानिक होते हुए फिज़िओथेरपी के क्षेत्र में 20 साल से महत्वपूर्ण शोध एवं योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। डॉ सुरभि श्रीवास्तव, डॉ आशिता तिवारी, डॉ रजनीश तोमर, डॉ आशीष पांडे , श्री शहीद एज़ाज एवं श्री ग्लेडविन मसीह ने इस कार्यक्रम के सुसंचालन में सहयोग किया। विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने इस कार्यशाला में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन डॉ शेखर ने कार्यशाला के आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी।

गोली कांड में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । क्षेत्र के शीतल पुर चौराहे पर बीते शाम गोली कांड में मनजीत सिंह पुत्र हर्ष सिंह निवासी शीतलपुर की तहरीर पर रोहित यादव ऐश्वर प्रताप सिंह दीपू यादव एक अन्य पर एक राय होकर वादी मनजीत सिंह के भाई रजीत सिंह के पेट में रोहित यादव ने गोली मार दी जिससे रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया घायल के भाई मंजीत सिंह की तहरीर पर चार लोगों पर थरवंई पुलिस ने मुकदमा लिखा है। ज्ञात हो कि रजीत सिंह गांव में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक हैं रजीत सिंह वं दूसरे पक्ष के रोहित यादव के बीच वर्चस्व को लेकर कुछ दिन पहले झड़प गाली गलौज हुई थी बुधवार की शाम दोनों पक्ष आमने-सामने होने पर फिर से वाद विवाद बढ़ा और गोलीबारी शुरू हो गई जिसमें रजीत सिंह के पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल है डॉक्टरो की टीम ने पेट का ऑपरेशन कर दिया है पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में लगी थी जिसमें नाम जद दो आरोपियोंको पुलिस पकड़ कर घटना की जांच कर रही है।प्रभारी निरीक्षक अरविंद गौतम ने बताया कि पकड़े गए नामजद दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेजा जाएगा।

केपीयूसी हॉस्टल में छापा, निकाले गए 43 अवैध अंतःवासी

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के केपीयूसी छात्रावास में अभियान चलाकर अवैध अंतःवासियों से कमरे खाली कराए गए। इविवि एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी चले दो घंटे के अभियान में 22 कमरों से 43 अवैध छात्रों को बाहर किया गया है। खाली कराए गए कमरों में हॉस्टल प्रशासन ने अपना ताला लगा दिया है।गुरुवार दोपहर दो बजे हॉस्टल में कार्रवाई के लिए पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन जुटा। हॉस्टल अधीक्षक हौसला सिंह ने बताया कि चार बजे तक अभियान चला। इस दौरान 43 अवैध अंतः वासियों को बाहर किया गया। यह वह छात्र हैं जो स्नातक के बाद परास्नातक में प्रवेश नहीं लिया और हॉस्टल में रह रहे थे। अभियान में 22 कमरों को खाली कराए गए। अब इन कमरों में स्नातक के नव प्रवेशियों को हॉस्टल में कमरे आवंटित किए जाएंगे।इस अभियान का नेतृत्व कुलानुशासक प्रो. राकेश सिंह ने किया। उनके साथ अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण प्रो. हर्ष कुमार, सहायक कुलानुशासक डॉ. अतुल नारायण सिंह, डॉ. आशीष धर त्रिपाठी, डॉ. सर्वेश सिंह, और डॉ. शिव कुमार यादव आदि मौजूद रहे। प्रो. राकेश सिंह ने कहा, छात्रावासों में अनुशासन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यह कार्रवाई किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्र हित और विश्वविद्यालय की मर्यादा बनाए रखने के लिए की गई है। हम सभी छात्रों से अपील करते हैं कि वे नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।

11 रुपए के लिए रॉड से पीटा,दो नामजद, 20 पर केस; सिगरेट के रुपए के लिए हुआ बवाल

प्रयागराज। कर्नलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात सिगरेट पीने के बाद 11 रुपये की उधारी को लेकर हुए बवाल में दो युवकों को नामजद कर 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। महज 11 रुपये के विवाद में गाड़ियों से भरकर आए युवकों ने मारपीट, तोड़फोड़, दुकान पलटने, घर पर हमला कर हंगामा मचा दिया।

महाकुंभ की सुरक्षा के दौरान शहरी इलाके में गुंडई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद करते हुए 20 लोगों पर केस दर्ज किया है। 7 युवक हिरासत में लिए गए हैं लेकिन सड़क मारपीट, बवाल का यह वीडियो सुरक्षा पर सवाल उठा रहा है।

घटना शहर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ईश्वर शरण ऊंटखाना इलाके की है। यह वह इलाका है जहां ज्यादातर प्रतियोगी छात्र रहते हैं। ऊंटखाना के रहने वाले विनोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह तिराहे पर पान सिगरेट व अन्य सामान की दुकान लगाता है। बुधवार रात 9.30 बजे दो लोग उज्ज्वल और गोपाल उसकी दुकान पर आए। दोनों ने 22 रुपये की सिगरेट पी। पैसे मांगने पर ऑनलाइन पेमेंट महज 11 रुपये किए। बाकी रुपये मांगने पर मारपीट करने लगे। हंगामे के बाद करीब 10 बजे 20 लोग अलग अलग गाड़ियों से पहुंचे और बवाल करने लगे और पूरी दुकान पलट दी। तोड़फोड़ करने के बाद जमकर मारपीट की। यहां तक की घर पर हमला कर तोड़फोड़ की। सड़क पर हंगामे, बवाल के दौरान कहीं भी पुलिस नजर नहीं आई। जबकि पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया गया। इस मामले में पुलिस देर से जागी लेकिन दो लोगों को नामजद करते हुए 20 अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

धीमी कार्य प्रगति पर चिंतित है मेलाधिकारी, शासन को भेजी रिपोर्ट

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ में चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति से मेला अधिकारी विजय किरन आनंद चिंतित हैं। मेलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के पांच अधिशासी अभियंताओं के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी है। इन्हें 20 दिसंबर तक काम पूरा करने या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है।

मेलाधिकारी ने प्रमुख नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान को भी इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि पांटून पुलों और चकर्ड प्लेट सड़कों का निर्माण अत्यंत धीमा होने से साधु-संतों में रोष व्याप्त हो रहा है। इससे मेला प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है।

पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड तीन, चार, पांच, छह और प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंताओं को लिखी चिट्ठी में मेलाधिकारी ने कहा है कि पीडब्ल्यूडी का काम अत्यंत धीमा होने से मेले की बसावट प्रभावित हो रही है। इससे प्रयागराज मेला प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। यह अत्यंत खेदजनक है कि मेले के महत्वपूर्ण मार्ग यानी संगम लोवर, हर्षवर्धन, मुक्ति मार्ग, अन्नपूर्णा मार्ग, शंकराचार्य मार्ग और तुलसी मार्ग पर काम अत्यंत कम हुआ है।

इसके अलावा त्रिवेणी, काली, महावीर, अक्षयवट, मोरी, ओल्ड जीटी, नागवासुकि, हरिश्चंद्र, भरद्वाज, अनंत माधव, बजरंग दास, कैलाशपुरी और संकटमोचन मार्गों पर काम भी या तो धीमा है या जहां हुआ भी है तो गुणवत्तापूर्ण नहीं है। इन मार्गों पर बिना क्लैंपिंग के चकर्ड प्लेट फेंक देना भी आम बात है। यह स्थिति कतई स्वीकार्य नहीं है।

महाकुंभ-2025 में बनाए जाने वाले 30 पांटून पुलों में से अब तक सिर्फ पांच पुल ही बन पाए हैं, जो लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये को परिलक्षित करता है। कई बार बैठकों में उल्लेख करने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। मेलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को चेताया है

महाकुम्भ में नावों का किराया 50 फीसदी बढ़ाने पर मेला प्रशासन सहमत

सभी प्रमुख घाटों और पार्किंग में लगाई जाएंगी नाव के किराए की लिस्ट

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जनवरी 2025 से त्रिवेणी के तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ के पहले योगी सरकार की तरफ से संगम के नाविकों के लिए अच्छी खबर आई है। मेला प्रशासन ने नाविकों की जीविका और सुरक्षा को देखते हुए महाकुम्भ में कई लाभ देने का फैसला किया है।

महाकुम्भ की शुरुआत के पहले कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से संगम के नाविकों को कई रियायत देने का ऐलान किया गया है। नावों का किराया बढ़ाने पर मेला प्रशासन की सहमति बन गई है।

एडीएम महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी के मुताबिक संगम में चलने वाली नावों के किराए में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। लंबे समय नाविकों की नाव का किराया बढ़ाने की मांग की जा रही थी। प्रयागराज जिला नाविक

संघ और मेला प्रशासन के बीच हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है।

प्रयागराज जिला नाविक संघ के अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है। पप्पू लाल निषाद का कहना है महंगाई में बढ़ोत्तरी के बावजूद कई बरसों से नावों के किराए में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई थी। इसे देखते हुए प्रशासन का फैसला नाविकों के हित में है।

नावों के किराए में की गई बढ़ोत्तरी के बाद अब यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी श्रद्धालु से तय किए गए किराए से ज्यादा किराया न लिया जाय। इसके लिए पूरी

स्नान पर्व के दिन भी मौसम और भीड़ की स्थिति को देखते हुए तय होगा नावों का संचालन

प्रयागराज। महाकुंभ में स्नान पर्वों के दिन त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण पहलू है। इसे ध्यान में रखते हुए पर्व पर नाव संचालन का निर्णय लिया गया है। एस डी एम महाकुंभ अभिनव पाठक बताते हैं कि स्नान पर्व में मौसम और भीड़ की स्थिति को देखते हुए नाव संचालन का निर्णय लिया जाएगा।

नाविकों को मिलेगा बीमा कवर का लाभ

प्रयागराज के संगम में इस समय 1455 नावों का संचालन हो रहा है। महा कुम्भ के समय आसपास के जिलों से नावों के आने के बाद इनकी संख्या 4000 पार सकती है। इन सभी नाविकों की नावों का बोट टेस्ट करने के बाद इन्हें लाइसेंस जारी होगा। उन्हें लाइफ जैकेट प्रदान की जाएंगी। सभी नाविकों को 2 लाख का बीमा कवर का लाभ भी मिलेगा।

पारदर्शिता बरतने के लिए नाव के किराए की नई सूची भी तैयार की जा रही है। एडीएम मेला के मुताबिक सभी घाटों और पार्किंग स्थल में इस लिस्ट को चस्पा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रमुख स्नान पर्व पर भी नावें संचालित की जा सकेंगी, सिर्फ मोटर बोट प्रतिबंधित रहती है।

जूना अखाड़े के पहले दलित जगद्गुरु पहुंचे महाकुंभ क्षेत्र

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जूना अखाड़े में सबसे कम उम्र में जगद्गुरु की उपाधि पाने वाले महामंडलेश्वर महेंद्रानंद गिरि ने गुरुवार को संगम तट पर डेरा डाल दिया। महेंद्रानंद इस क्षेत्र में भूमि पूजन कर शिविर की शुरुआत करने वाले जूना अखाड़े के पहले दलित संत हैं। शिविर में इस बार सामाजिक रूप से पिछले लोगों को संत दीक्षा देकर सनातन धर्म की अगली पंक्ति में लाने का काम किया जाएगा।पिछले दिनों जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरि ने दलित महामंडलेश्वर महेंद्रानंद गिरि को जगद्गुरु बनाया था। उन्हें गुजरात की जगद्गुरु

गर्गाचार्य पीठाधीश्वर महेंद्रनंद गिरि की उपाधि दी गई थी। जगद्गुरु महेंद्रानंद गिरि ने बताया कि इस बार शिविर से सामाजिक समरसता का संदेश देने का काम किया जाएगा। यहां पर समाज के पिछले तबके के ऐसे लोगों को संत दीक्षा दी जाएगी जो किसी न किसी कारण से धर्म से अलग हो रहे हैं। हमारा प्रयास है कि सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हो। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस सामाजिक समरता का चिंतन कर रहे हैं, हम सभी संत मिलकर उसे आगे बढ़ाएं। भूमि पूजन में जूना अखाड़े के अध्यक्ष महंत प्रेम गिरि सहित तमाम साधु संत मौजूद रहे।

कायस्थ पाठशाला क्रिकेट आज से

प्रयागराज। कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार से केपी कॉलेज मैदान पर शुरू हो रही हैं। आयोजन सचिव सोमेश्वर पाण्डेय के अनुसार यह प्रतियोगिता लीग कम नाकआउट के आधार पर खेली जाएगी, जिसमें सात टीमों को प्रवेश दिया गया हैं। इनमें कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब, जय सेल्स वारियर्स, दौलत हुसैन इंटर कॉलेज, चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब, श्री सहायक क्रिकेट, विराट स्पोर्ट्स क्लब, फाफामऊ क्रिकेट क्लब प्रवेश दिया गया हैं। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैत्री पूर्ण मैच इंजीनियर एकादश व डॉक्टर एकादश के बीच होगा। जिसका उद्घाटन डॉ ऋतुराज श्रीवास्तव सलाहकार कायस्थ पाठशाला प्रातः दस बजे करेंगे।

वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक समरजीत वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा आईटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित आयुष निवासी देवीगंज थाना कड़ाधाम को रसीदमई नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

पांच वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक विनोद सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी विजय कुमार, सन्तोष कुमार, अशोक निवासीगण ग्राम गरई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी बजरंग निवासी शादीपुर नासिरपुर फरीदगंज थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक विमल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी सूर्यभवन निवासी बाबा का पुरवा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 119 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में सात गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना कारीर से 04, थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना पिपरी से 01, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

विद्याज्ञान की प्रारंभिक परीक्षा में सलोनी कुशवाहा ने मारी बाजी

प्रधानाध्यापिका ने छात्रा की सफलता पर जताई खुशी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे कक्षा पांच के छात्र व छात्राओं के लिए विद्याज्ञान प्रवेश के प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया है। एक दिसंबर को आयोजित हुई इस परीक्षा में शामिल 508 छात्रों में 12 छात्र व 514 छात्राओं में से 24 छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इस तरह विद्याज्ञान की प्रवेश परीक्षा में कुल 36 छात्र छात्राएं प्रथम चरण में सफल हुए हैं। विद्याज्ञान की यह परीक्षा शिवनाडर फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। शिव नाडर फाउंडेशन संस्था के उत्तर प्रदेश के सीतापुर और बुलंदशहर में दो विद्याज्ञान विद्यालय हैं। जहां देशभर के परिषदीय विद्यालयों से चयनित होनहारों को अंग्रेजी माध्यम से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा मुफ्त दी जाती है। विद्या ज्ञान की इस परीक्षा में सफल छात्र अब मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे जिसमे अंतिम रूप से सफल छात्र छात्राओं का प्रवेश विद्यालय में सत्यापन के पश्चात होगा। जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे यह छात्र और छात्राएं सफल हुए है। प्राथमिक विद्यालय राघवपुर की छात्रा सलोनी कुशवाहा ने परीक्षा पास कर परचम लहराया है। छात्रों की इस सफलता पर प्रधानाध्यापिका आफरीन बेगम ने बधाई दी, और कहा कि वह छात्रा की सफलता से बहुत खुश है और आगे की परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने की शुभकामनाएं दी है।

भरवारी रेलवे फाटक के हाइट गेज में फंसा तेज रफ्तार पिकअप

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर स्थित दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर बने रेलवे फाटक से पहले लगे हाइट गेज में बृहस्पतिवार की दोपहर में जैसे ही फाटक खुले रेलवे लाइन पार करने के लिए पिकअप चालक ने रफ्तार तेज कर दिया जिसके चलते पिकअप हाइट गेज में फंस गया जिसके चलते आधे घंटे तक एक तरफ जाम की स्थिति बनी रही वही गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ नहीं तो कई लोग चोटिल हो सकते थे, वही आधे घंटे बाद पिक अप चालक आगे पिछे करके पिकअप को निकाल कर चला गया।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका इन्टर मीडिएट कॉलेज भरवारी में जाकर, थाना संदीपन घाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे

भ्रमण कर, थाना मोहब्बतपुर पाइसा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे ,महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

सैनी प्रधान प्रतिनिधि को मिली धमकी, शिकायत

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के सैनी प्रधान प्रतिनिधि ने पंचायत भवन की भूमि पर कब्जा करने का विरोध करने पर गांव के कुछ लोगों ने धमकी दी है जिसके बाद प्रधान प्रतिनिधि ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी निवासी श्रवण कुमार पुत्र धीरेंद्र सिंह ग्राम पंचायत सैनी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि है। श्रवण कुमार ने गुरुवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि पंचायत भवन के पास बैठा था तभी गांव के कुछ लोग मजदूर लगाकर कब्जा कर रहे थे जिसका विरोध करने पर उसे गाली गलौच करते हुए धमकी देने लगे।

मामले में प्रधान प्रतिनिधि ने कार्यवाही की मांग की है।

नेवादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई विशेष बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, (कौशाम्बी)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में गुरुवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 ललित सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संघर्षशील आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रशिक्षण बैठक में एच.ई.ओ., प्रतिभा गुप्ता (ए.आर.ओ.), उत्सव सुधाकर, संजय यादव (बी.पी.एम.), और अतिनाश (बी.सी.पी.एम.) द्वारा गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. की चार प्रमुख जांचों, एच.आर.पी. (उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं), ड्यू लिस्ट, एच.बी.एन.सी., और एच.बी.वाई.सी. जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, कुपोषित बच्चों की ट्रैकिंग, आशा डायरी के रखरखाव, ई-कवच सर्वे, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, और आभा आईडी के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। टीम वर्क से मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी का लक्ष्य प्रभारी चिकित्साधिकारी ने निर्देश दिए कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सामूहिक रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों की सूची दोनों के पास होनी चाहिए ताकि उनकी उचित निगरानी और देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इस समन्वित प्रयास से मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायता मिलेगी।बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की ओर कदम बैठक का मुख्य उद्देश्य मातृ और शिशु स्वास्थ्य में सुधार करना और कुपोषण के खिलाफ प्रभावी कदम उठाना था। प्रतिभागियों ने इस दिशा में अपने दायित्वों को निभाने की प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक के सफल आयोजन ने स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है।

ट्रेन से टकराया मवेशी, घंटों खड़ी रही ट्रेन

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। दिल्ली हावड़ा के बीच चलने वाली जम्मू तवी एक्सप्रेस से बृहस्पतिवार को सिराथू रेलवे स्टेशन के नजदीक मवेशी टकरा गया। मवेशी के टकराने से ट्रेन खड़ी हो गई। हादसे की वजह से ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही। प्रयागराज के सूबेदारगंज से चलकर जम्मू तवी जाने वाली 14033 जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन बृहस्पतिवार की सुबह 10:40 पर सूबेदारगंज से रवाना हुई थी, ट्रेन जैसे ही सिराथू रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंची तभी रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर पहले लगभग 11:30 मिनट पर ट्रेन के इंजन में मवेशी टकराकर फंस गया जिसके बाद ट्रेन रुक गई , ट्रेन के गार्ड और चालक ने देखा तो किसी तरह ट्रेन को सिराथू स्टेशन लेकर पहुंचे और फंसे मवेशी को इंजन से निकालकर ट्रेन का निरीक्षण करके लगभग एक बजे ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

अनस ने डीएसए क्लब को जिताया

प्रयागराज। अनस अहमद के हरफनमौला खेल (73 रन, 36 गेंद, छह चौके, पांच छक्के एवं दो विकेट) की बदौलत डीएसए क्लब ने ब्लू इलेवन को 109 रन से हराकर चैलेंजर का क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में डीएसए क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 269 रन

अनस अहमद

(अनस अहमद 73 नाबाद, विशेष आनंद 51, सत्यम सागर 36, फरहान अंसारी 33, दिव्यांशु सिंह 24, शाश्वत उपाध्याय 21, आदित्य पांडेय 2/38, विराट सिंह 2/38) बनाकर ब्लू इलेवन को 25.2 ओवर में 160 रन (विराट सिंह 47, अनुज जायसवाल 25, शाश्वत उपाध्याय 3/16, अनस अहमद 2/32, विशेष आनंद 2/47) पर समेट दिया। अनस अहमद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

अटल बिहारी बाजपेई जयंती सप्ताह पर धर्मा देवी में आयोजित हुई प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपाई के जयंती सप्ताह के उपलक्ष्य में विकास खंड कड़ा के केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, एकल काव्य व निबंध लेखन का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में धर्मा देवी इंटर कॉलेज की तान्या सिंह को प्रथम, डी.डी. कॉन्वेंट की साक्षी मिश्रा को द्वितीय तथा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कड़ा की जिकरा खातून को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज,कड़ा की सुमैरा को प्रथम, धर्मा देवी इंटर कॉलेज की शेफा फात्मा को द्वितीय स्थान तथा उदय श्याम इण्टर कॉलेज

की पत्रिका सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की अंजली देवी को प्रथम, श्री मान सिंह इण्टर कॉलेज के गौरव कुमार को द्वितीय स्थान, डी. डी. कॉन्वेंट के हिमांशु कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही क्विज प्रतियोगिता में धर्मा देवी इंटर कॉलेज के सिद्धार्थ सिंह को प्रथम स्थान, डी. डी. कॉन्वेंट के अक्षय द्विवेदी को द्वितीय स्थान तथा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कड़ा की दीपांजलि साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान स्थान प्राप्त छात्रछात्राओं को विद्यालय द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र और उपयोगी पुस्तकें देकर सम्मानित दिया गया। निर्णायक मण्डल में गांधी मेमोरियल इण्टर कॉलेज के लाल चंद्र सोनकर, जी.जी.आई. सी. कड़ा की सुषमा चौधरी व दुर्वविजय सिंह से.नि.उप प्रधानाचार्य, रश्री मान सिंह इण्टर कॉलेज के रंजीत कुमार व जी.आई.सी. देवखर पुर के आलोक रंजन रहे। प्रतियोगिता में सिराथू तहसील के 18 विद्यालय के छात्रछात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमान सिंह इण्टर कॉलेज अलीपुर जीता के प्रधानाचार्य लाल बहादुर , कुलदीप कुमार, वरुण प्रकाश जोशी, राम शंकर सिंह, आदित्य कुमार द्विवेदी, ललित कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी ने आए हुए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

एसडीएम व एएसपी ने किया पैदल मार्च

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर व महिला थाना पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर अतिक्रमण न करने की अपील की गयी।

जिलाध्यक्ष के अगुवाई में कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कांग्रेस पार्टी के द्वारा विधानसभा घेराव को लेकर लखनऊ में पुलिस बर्बरता के कारण युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पांडे की दुखद मृत्यु हो गई थी। जिसके संदर्भ में आज जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के सभी पदाधिकारी के साथ एचपी पेट्रोल पंप चरवा से शाहिद चंद्रमणि शहीद स्थल तक कैंडल मार्च निकालकर कांग्रेस के सिपाही को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कांग्रेस के सिपाही को शत-शत नमन करते हैं और जिस प्रकार से योगी सरकार की पुलिस के द्वारा हमारे परिवार के एक सदस्य की मृत्यु हुई है

उसकी मृत्यु हम सभी कांग्रेस जन्म यूं ही नहीं जाने देंगे सत्ता में बैठी सरकार से जब तक हमारे युवा कांग्रेस के साथी को न्याय नहीं मिल जाता तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव हंजला उस्मानी ने कहा की युवा कांग्रेस के हमारे साथी की शहादत बेकार नहीं जाएगी हमारे साथी की मृत्यु नहीं हुई है शहादत हुई है हम उसको नमन करते हैं और योगी सरकार की पुलिस को यह बताते हैं कि अब सड़के सूनी नहीं रहेगी जब तक हमारे साथी को नया नहीं मिल जाएगा।

पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा युवा कांग्रेस के साथी की बीबीयोगी सरकार के पुलिस के द्वारा हत्या की गई है हमारे साथी की हत्या का एक-एक हिसाब लेंगे। कैंडल मार्च में उपस्थित जिला संगठन मंत्री दीपक पांडे बाबूजी, निक्की पाण्डेय, सुरेंद्र शुक्ला, अलकमा उस्मानी, फूल चंद्र कुशवाहा, सत्य प्रकाश पाण्डेय, अशोक पाण्डेय सभासद, रोहित पंडित, कैलाश केशरवानी, सुनील, दयाराम, राकेश पासी, बड़का रैदास, रवि यादव, राकेश पाल, अनिल पासी, गुडु रैदास, अनिल सेन, सूरज दुबे, मथाई पासी, सिंघल पासी, शिव दत्त मिश्रा, छवि नाथ पाण्डेय, अनिल यादव, महेंद्र मिश्रा, राकेश मौर्य, लवकुश पाण्डेय, प्रदीप लगभग सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

रोजगार मेले में 201 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

प्रयागराज। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा लाल बहादुर शास्त्री राजकीय पॉलीटेक्निक माण्डा खास, मेजा, प्रयागराज परिसर में आज को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 201 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 277 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशिलेश सिंह,रजनीश उपाध्याय, लाल बहादुर , मेजा, प्रयागराज तथा सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीसीएस परीक्षा को लेकर तहसीलदार ने एसएवी कालेज में बैठक कर तैयारियों का लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। तहसीलदार सिराथू ने सैनी में स्थित एसएवी इंटर कॉलेज में कॉलेज के शिक्षकों के साथ बैठक कर रविवार को होने वाली पीसीएस परीक्षा को लेकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शासन के निर्देश पर आगामी 22 दिसंबर को पीसीएस की परीक्षा होनी है , परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है। गुरुवार को तहसीलदार सिराथू अनंत राम अग्रवाल ने सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी में स्थित एसएवी इंटर कॉलेज में कॉलेज स्टॉफ के साथ बैठक कर पीसीएस परीक्षा को लेकर तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र शुक्ल, डॉ0 राम धीरज, विवेक शुक्ल, रवि कुमार, ऋषभ तिवारी, संजय कुमार, लाल चंद्र, नीतू देवी आदि शिक्षक मौजूद रहें।

दिनेश कुमार बाजपेई अझुवा वार्ड नंबर 10 के बने सभासद 56 मतों से हुए विजयी

जीत का प्रमाणपत्र लेकर नगर पहुंचे नवनिर्वाचित सभासद का जोरदार स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

अझुवा कौशांबी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 8 सभासद पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना मंगलवार को 8ः00 बजे से तहसील सभागार में संपन्न हुई 9ः30 बजे तक मतगणना खत्म हो गई मतगणना के बाद दिनेश कुमार बाजपेई को 56 मतों से विजई घोषित किया गया । वार्ड नंबर 8 गांधीनगर नगर सभासद पद के उपचुनाव में 3 प्रत्याशी मैदान में थे इनमें से विजय श्री हासिल करने वाले प्रत्याशी दिनेश कुमार बाजपेई को 688 मतों के सापेक्ष 268 मत उनके निकटतम प्रतिद्वंदी विवेक कुमार अग्रहरी को 212 मत जीशान को 165 मत प्राप्त हुए। विजई प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया ।मतगणना के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे ।बता दें की वार्ड

नंबर 8 गांधी नगर के सभासद कृष्ण कुमार बाजपेई की कैंसर बीमारी से असमय मौत हो गई थी जिस पर उपचुनाव के बाद आज मतगणना सम्पन्न हुई ।कृष्ण कुमार बाजपेई के निधन से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव कराया गया था जिसमें उनके छोटे भाई ने विजय प्राप्त की है। विजय का प्रमाण पत्र लेकर कृष्ण कुमार बाजपेई नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष शांती देवी कुशवाहा और उनके प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा और समर्थकों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य से मुलाकात कर धन्यवाद देते हुए काफिले के साथ नगर में प्रवेश किया जहां उनके समर्थकों ने माला फूल,ढोल नगाड़े ,आतिश बाजी कर स्वागत किया ।काफिले के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से करन सिंह,सुरेश मौर्य सभासद,बड़े लाल केसरवानी,सत्येंद्र कुशवाहा,गुड्डू दराना सहित तमाम सम्मानित जन मौजूद रहे ।वहीं सराय अकिल वार्ड नंबर 10 के उपचुनाव में नसीम फात्मा की एकतरफा जीत हुई है उन्होंने कुल 481 मतों में 341 मत प्राप्त कर विजय हासिल की है कादिर अहमद को 99 मत,जितेंद्र कुमार चौरसिया को 15 मत वहीं जगदीश वधिक को 4 मत प्राप्त हुए हैं।

जिला जज ने एडीजे डीएम एसपी के साथ जेल का किया निरीक्षण

निरीक्षण के बाद जेल परिसर में किया पौधारोपण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला जज अनुपम कुमार ने एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पूर्णिमा प्रांजल ,डीएम मधुसूदन हुल्गी,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ बुधवार को जेल का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जेल में साफ सफाई आदि व्यवस्था सही मिली,जेल के अन्दर कोई भी प्रतिबंधित वस्तु नहीं मिली,निरीक्षण के बाद सभी ने पौधारोपण भी किया।

डीएम मधुसूदन हुल्गी व जिला जज अनुपम कुमार ने जिला कारागार में बंदियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना,साफ सफाई देखकर डीएम और जिला जज बहुत खुश हुए निरीक्षण के बाद डीएम व जिला जज ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया।इस दौरान सीएमओ व समाज कल्याण अधिकारी, एएसपी राजेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

कौशांबी में बड़े स्तर पर पत्रकार सम्मेलन कराने की बनी रणनीति

लोकमित्र ब्यूरो

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पत्रकारों की एक बैठक भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले बुधवार को आयोजित हुई जहां पत्रकारिता के विषय पर पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया बैठक में सर्वसम्मत से तय हुआ है कि भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले एक बड़े स्तर पर कौशांबी में सम्मेलन कराया जाए समस्त पत्रकारों ने इस बात का समर्थन किया इसके लिए जनवरी महीने का समय निर्धारित किया गया है बैठक के दौरान पत्रकारिता के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई इस मौके पर पत्रकारों ने खबर कवरेज करने के दौरान आने वाली तमाम समस्याओं की चर्चा की और बताया कि सत्य खबर प्रकाशन करने में तमाम दिक्कतों से जूझना पड़ता है पत्रकारिता का रास्ता बड़ा कठिन हो गया है इस मौके पर सुशील केसरवानी सुबोध केसरवानी गणेश साहू सुशील मिश्रा अरविंद कुमार राजू सक्सेना विष्णु सोनी धर्मेंद्र सोनकर मुन्ना सिंह यादव उत्तम कुमार मिश्रा शैलेंद्र कुमार मौर्य पुष्पेंद्र कुमार तिवारी नेता अजीत कुशवाहा रजनीश कुमार शमसुल हसन अशोक कुमार मौर्य सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

कलयुगी बेटे ने माँ की बेरहमी से की पिटाई,शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के चकसहाब उद्दीनपुर गांव के बृहस्पतिवार को सुबह कलयुगी बेटे ने अपनी माँ को मरी हुई बकरी को गाड़ने को लेकर बेरहमी से पिटाई कर दी।पीड़िता ने अपने बेटे के खिलाफ शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।पुलिस जाँच में जुट गई।

करारी थाना क्षेत्र के चक सहाब उद्दीनपुर गांव की शांति देवी पत्नी राम राज रैदास ने बताया कि मेरी बकरी मर गई थी। जिसे लेकर मैंने अपने बेटे राहुल पुत्र रामराज को मरी हुई बकरी को गड्ढा खोद कर गाड़ने के लिये बोला तो बेटा राहुल व बहु गायत्री देवी पत्नी राहुल दोनों मिलकर मुझे गाली गलौज करने लगे।विरोध

करने पर बेटे व बहु में पीड़िता को लात घूसों व डंडो से मारने लगे। जिस पर पीड़िता को गम्भीर चोट आ गई। पीड़िता ने स्थनीय थाने में बेटे व बहु के खिलाफ शिकायत की।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू कर कारवाही का भरोसा दिया।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मां बेटे जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू । सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार मां बेटे गंभीर रूप से जख्मी हो गए , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है ।बताया जाता है कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नंबर 4 निवासी राजकुमार पुत्र स्व राम हरत 27 वर्ष अपनी मां दुलारी मौर्या 65 वर्ष के साथ बाइक से पथरांवा गांव रिश्तेदारी में मुंडन संस्कार में शामिल होने गए थे । राजकुमार गुरुवार को मां दुलारी को बाइक में बिठा कर वापस घर लौट रहा था जैसे ही वह सिराथू कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ,हादसे बाइक सवार मां बेटे सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए मौके पर रहे राहगीरों ने परिजनों और पुलिस को खबर करते हुए दोनों घायलों को सिराथू सीएचसी इलाज हेतु पहुंचाया है जहां राजकुमार की गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है , सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

इमरान सैय्यद के नेतृत्व में अधिवक्ता दिखायेंगे दम-ख़म

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मैदान से इतर क्रिकेट के मैदान पर अपना कौशल दिखायेंगे। इमरान सैय्यद के नेतृत्व में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं की टीम 27वें अखिल भारतीय अधिवक्ता क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने चेन्नई जा रही है। उक्त प्रतियोगिता चेन्नई अधिवक्ता क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चेन्नई में 21 से 26 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है।

टीम इस प्रकार -इमरान सय्यद (कप्तान), राहुल सिंह, शिवम यादव, सैफ अहमद, आजाद खान, आकाश मिश्रा, अजय पाण्डेय, नीलेश त्रिपाठी, मोहित सिंह, मनीष दिवाकर, विपिन सिंह, नितिन सोनकर, शैलेन्द्र सिंह, हर्ष द्विवेदी,व रमन यादव हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन उच्चतम न्यायालय एवं मद्रास उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्तिगणों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्तागण शक्ति स्वरुप निगम, तरूण अग्रवाल, प्रशान्त मिश्रा, प्रखर सरन श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा एवं अश्विनी मिश्रा ने अपने साथियों का उत्साहवर्धन करते हुये प्रतियोगिता में विजयी प्रदर्शन हेतु शुभकामनायें दी है।

सचिवालयों में लटक रहे ताले झोले में सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। ग्रामीणों को आय , जाति या अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील , ब्लाक या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए शासन ने हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर पंचायत भवन का निर्माण कराया । पंचायत सहायक भी नियुक्त किए गए । लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है । अधिकतर ग्राम पंचायत में ताले लटक रहे हैं । ग्राम प्रधान अपने साथ झोले में मोहर और अन्य का कागजात रखते हैं । और जरूरत पड़ने पर किसी का भी प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं। मंगलवार को ब्लाक के चार ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों की पड़ताल गई तो ऐसे ही सच्चाई सामने आई । जहां से विकास विभाग की योजनाएं चलाई जा रही है । उन भवन में ही ताला लगता मिला । देईबाध , करपिया, चैलारी व बघोल ग्राम पंचायत के लोग अपने कार्य के लिए ब्लाक और तहसील का चक्कर लगाते हैं । ब्लाक में कई ऐसे ग्राम पंचायतें हैं । जहां पंचायत भवन हमेशा बंद रहता है । इससे सरकार की छबि धूमिल हो रही है` । एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा का कहना है कि पंचायत भवनों का निर्माण ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए कराया गया है । छोटे-छोटे काम के लिए ग्रामीणों को ब्लाक , तहसील व का चक्कर न लगाना पड़े । इसके लिए पंचायत भवनों में व्यवस्थाएं कराई गई है । पंचायत भवन में बंद मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

हमलावर सांड से भयभीत हैं लेड़ियारी के लोग

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। लेड़ियारी के ग्राम पंचायत धोबहट क्षेत्र में घूम रहे एक सांड के हमले से लोग भयभीत हैं।उन्हें देख लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते हैं। इस सांड से निजात दिलाने की प्रशासन से कई बार गुहार भी लगाई जा चुकी है । इसके बावजूद हमलावर सांड की धरपकड़ कर के लिए किसी ने ध्यान नहीं दिया है । लेड़ियारी निवासी विशाल केशरी ने बताया कि रात में खेतों की रखवाली करने के लिए जाने पर सांड हमलावर होकर दौड़ा लेते है । सांड खेती भी खराब हो रहा है । हमलावर सांड ने गुरुवार को देर रात गांव के ही एक युवक को पर हमला कर दिया । जिससे वह

घायल हो गया । लेड़ियारी निवासी दिनबंधू बिद लगभग 11ः00 बजे अपने घर के बाहर खड़ी दो बाइक के बीच में सांड को खड़ा देखा बाइक न गिरे इसलिए दिनबंधू सांड को भगाने पहुंचे गए । सांड ने देखते ही दिनबंधू पर हमला कर दिया । दिनबंधू जब तक कुछ समझ पाता तब तक सांड ने दिनबंधू को गिरा दिया । दिनबंधू के चिल्लाने पर परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे । तब जाकर सांड भागा । आए दिन यह सांड किसी न किसी को अपना शिकार बना रहा है । लोगों को आशंका है कि वह किसी जान के लिए खतरा न बन जाए ।

मानक के विपरीत चौड़ीकरण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवीण कुमार धुन्नू के नेतृत्व में इलाहाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मिलकर शहर में मानक के विपरीत चौराहा का चौड़ीकरण किया जा रहा उसके के विरोध में ज्ञापन दिया।

ज्ञापन के माध्यम से उपाध्यक्ष से बताया कि शहर में जो जाम लग रहा है इसका सबसे बड़ा कारण है चौराहों को तोड़-फोड़। उसके कारण सड़के छोटी हो गई है। शहर में आए दिन जाम रहता है। इनकी जांच कर कर चौड़ाई कम कर कर शहर वासियों को जाम से निजात दिलाया जा।ए इसी के साथ शहर की जन समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन देने वालों में श्रीश चंद्र दुबे.पूनम सिंह पटेल आदि शामिल रहे।

देईबाध पूर्व माध्यमिक विद्यालय कायाकल्प योजना से कोसों दूर

लेड़ियारी (प्रयागराज)। एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के तहत सब पढ़ें सब - बढ़े के गांव - गांव प्रचार - प्रसार करने के लिए लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं आज भी पूर्व माध्यमिक विद्यालय देईबाध कायाकल्प से कोसों दूर है।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय ने बताया कि इस परिसर में मिट्टी भराई के लिए शासन द्वारा धन निर्गत किए गए थे। लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा एक वर्ष पूर्व को खाते से धन निकालकर डकार लिए। जिससे बच्चों को खेलने कूदने में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं विद्यालय परिसर में बने शौचालय जर्जर हालत में लावारिस की तरह पड़ा हुआ है। जबकि ग्राम प्रधान ने मरम्मत कार्य के लिए आया धन को डकार लिए जाने से विद्यालय के छात्र - छात्राओं को खुले में शौच जाने से मजबूर होना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालयों में टाइल्स लगाने का ग्राम प्रधान के खाते में धन उपलब्ध कराया गया है। जबकि दो कमरों में लगाकर उसे छोड़ दिया गया। जिससे आज भी कच्ची जमीन पर बच्चों को बैठना पड़ रहा है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप यादव ने बताया कि हमारे यहां कक्षा छह से आठ तक बच्चों की संख्या 107 है। अकेले शिक्षक है। बरसात के दिनों में परिसर में पानी का जलभराव होने से दिक्कत उठानी पड़ती है। इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान से अवगत कराया गया लेकिन अभी तक मिटटी नहीं डलवाया गया। जिससे बच्चों को खेलकूद करने में काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। शौचालय जर्जर हालत में है। खराब होने से इसकी रगाई पोताई भी नहीं किया जा रहा है। अभिभावकों ने जिला अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

'अल्पसंख्यक अधिकार दिवस' का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज मदरसा इस्लामिया निस्वां इन्दलपुर महेवा प्रयागराज में ÷अल्पसंख्यक अधिकार दिवस÷ का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा0 अशफाक अहमद द्वारा की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रयागराज रहे। उक्त अवसर पर मदरसा दीनी दर्सगाह निस्वां महेवा, मदरसा मोहम्मदिया महेवा, फिरदौसुल इस्लाम निस्वां बहादुरगंज सहित जनपद के प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यकों में शिक्षा के स्तर मे सुधार लाने तथा उ0प्र0 अल्पसंख्यक विभाग से जुड़ी योजनाओं के विषयं मे जानकारी दी गयी।

गोष्ठी मे श्रीमती बिरजीस अन्जुम, फहीम अख्तर, मो0 अमजद, जुनैद अहमद, अहमद रजा आदि द्वारा विचार व्यक्त किये गये। गोष्ठी का संचालन श्री सै0 जावेद असगर रिजवी द्वारा किया गया।

पानी की आस में नहर ताक रहे किसान

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीफ की फसल कटाई के बाद अब रवि की फसल बुवाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निजी संसाधन से जुड़े ज्यादातर किसान खेत को समय से तैयार कर रवि की फसल बुवाई भी कर लिए हैं।

लेकिन नहर से जुड़े ज्यादातर किसान पानी की आस में नहर ताक लगाए बैठे हैं।

नहर में समय से पानी न छोड़े जाने से रवि सीजन के खेती का कार्य पिछड़ रहा है। कालू का पूरा गांव के किसान परमानंद पटेल, अन्तहिया गांव के किसान देवी प्रसाद मिश्रा ने बताया कि करछना क्षेत्र के विभिन्न नहरों में विभाग के द्वारा समय पर पानी कभी नहीं छोड़ा जाता।

जब किसानों को पानी की अधिक दरकार होती है उसे समय विभाग कुंभकरनी नींद में सो रही होती है। किसान किसी प्रकार से जमा पूंजी इकट्ठा कर फसल उगा लेता है तब विभाग ओवरफ्लो नहर में पानी छोड़कर किसनों की जमा पूंजी डूबाने

का काम करती है। नहर विभाग की उदासीनता के चलते सरकार के किसनों की दुगनी आय करने का दवा खोखला साबित होकर रह जाता है। नहर में पानी न छोड़े जाने से ताक लगाए बैठे किसानों में मायूसी है।

देईबांध गांव मे शौचालय में छत बनाना भूल गए जिम्मेदार

लेड़ियारी (प्रयागराज) विकास खंड कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा देईबांध में बने शौचालय निर्माण कार्य बंदर बांट किए जाने से आज भी सैकड़ों लोगों के घरों में बने शौचालय में छत न होने से आसपास के घरों तक दुर्गंध से लोगों को जीना दुश्वार हो गया है। जबकि इसके जिम्मेदार इस कार्य को कराना भूल गए।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत देईबांध वर्ष 2016 - 17 में ग्राम प्रधान व ठेकेदार के मिली भगत से पात्रता के घरों में शौचालय निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन इतना घटिया सामग्री लगाने में कुछ लोगों का ध्वस्त हो गया। जो शेष बचे है उनमें आज भी अधूरा पड़ा हुआ है । जबकि बने टैंक और छत नहीं लगने से लोगों को खुले में शौच करने जाने

से मजबूर होना पड़ रहा है।

गांव के मणिंद्रिका प्रसाद, बृजभान चौहान, हरिशंकर, तौलन वर्मा, लोलर कोल आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान के द्वारा एक ठीकेदार को ठेका देकर सौ लोगों का शौचालय निर्माण कार्य कराया गया था। जबकि आज तक न तो टैक एवं छत का काम नहीं कराएं जाने से मजबूर होकर खुले में जाना पड़ रहा है। जबकि महिलाओं को रात में घर के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जबकि दिन में अगर कोई घर की शौच पड़ने पर उन्हें काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय, नाजुक पांडेय, अभिषेक कुमार पांडेय, शशि पांडेय ने कई दफा तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन आज तक इस ओर किसी अधिकारी ने मुड़ कर देखा तक नहीं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

क्षेत्र पंचायत बहरिया की बैठक आज

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। क्षेत्र पंचायत बहरिया की बैठक शुक्रवार 20 दिसंबर को दिन में 11 बजे से ब्लॉक मुख्यालय पर आहूत की गई है। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा करेंगे। बैठक में 2025- 2026 की कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी बहरिया देव कुमार ने दी।

मदन मोहन मालवीय पार्क का होगा सौंदर्याकरण

प्रयागराज। महाकुम्भ के तहत वन विभाग की ओर से यमुना बैंक रोड स्थित महामना मदन मोहन मालवीय पार्क का सौंदर्याकरण किया जाएगा। पार्क में महामना की प्रतिमा लगाई जाएगी। डीएफओ अरविंद यादव के अनुसार पार्क में नया प्रवेशद्वार बनाया जाएगा। बच्चों के ज्ञानवर्धन और मनोरंजन के लिए वन्य जीवों की कलाकृतियां लगाई जाएंगी। पार्क में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए महिला और पुरुष शौचालय भी बनाए जाएंगे। सौंदर्याकरण का कार्य 13 जनवरी से पहले पूरा हो जाएगा। पार्क का सौंदर्याकरण प्रदेश सरकार की ओर से राष्ट्रीय संस्कृति के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों के सम्मान के तहत किया जा रहा है। महामना ने अंग्रेजी हुकूमत में महाकुम्भ की सनातन परंपरा को खंडित नहीं होने दिया था।